सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 29 अगस्त, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 233, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


**सेंसेक्स में 706 अंकों की गिरावट**

अमेरिका में भारतीय उत्पादों के आयात पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लागू हो जाने से स्थानीय शेयर बाजारों में तगड़ी गिरावट देखने को मिली। } 14

**जन-धन योजना ने लोगों को अपना भाग्य लिखने की दी शक्ति**

प्रधानमंत्री जन-धन योजना के 11 साल पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इस योजना ने लोगों को अपना भाग्य खुद लिखने की शक्ति दी है। } 16



## काशी-मथुरा में आंदोलनों का समर्थन नहीं करेगा संघ

### आरएसएस और सरकार के बीच कोई मतभेद नहीं : मोहन भागवत

एजेंसी



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि राम मंदिर एकमात्र ऐसा आंदोलन था जिसका संघ ने समर्थन किया था और वह काशी और मथुरा सहित ऐसे किसी अन्य अभियान का समर्थन नहीं करेगा।

यहां विज्ञान भवन में अपनी तीन दिवसीय व्याख्यान शृंखला के अंतिम दिन सवालों के जवाब में, भागवत ने स्पष्ट किया कि आरएसएस के स्वयंसेवक ऐसे आंदोलनों में शामिल होने के लिए स्वतंत्र हैं। उन्होंने कहा राम मंदिर एकमात्र ऐसा आंदोलन रहा जिसका आरएसएस ने समर्थन किया है, वह किसी अन्य आंदोलन में शामिल नहीं होगा, लेकिन हमारे स्वयंसेवक इसमें शामिल हो सकते हैं। काशी-मथुरा में आंदोलनों का संघ समर्थन नहीं करेगा, लेकिन स्वयंसेवक इसमें भाग ले सकते हैं। यह व्याख्यान शृंखला राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित की गई थी।

**❍ स्वयंसेवक ले सकते हैं भाग**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने इस आम धारणा को पूरी तरह गलत बताते हुए खारिज कर दिया कि उनका संगठन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए सब कुछ तय करता है। उन्होंने कहा कि सुझाव पार्टी को दिए जाते हैं, लेकिन फैसले पार्टी लेती है। भागवत ने यह भी कहा कि भाजपा के नए प्रमुख के चयन में आरएसएस की कोई भूमिका नहीं है। विज्ञान भवन में आयोजित तीन दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला के अंतिम दिन सवालों के जवाब में भागवत ने कहा कि आरएसएस और भाजपा नीत सरकार के बीच कोई मतभेद नहीं है, चाहे वह केंद्र में हो या पार्टी द्वारा शासित राज्यों में। क्या संघ भाजपा के लिए हर चीज तय करता है, यहां ...शेष पृष्ठ 14 पर

## यूपी में सुगम होगा व्यापार, 13 राज्य अधिनियमों के 99% आपराधिक कानून होंगे समाप्त

### बड़े औद्योगिक व श्रम सुधारों की ओर बढ़ रहा उत्तर प्रदेश, श्रमिकों का हित होगा सुरक्षित : योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के मंत्र के अनुरूप आगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में औद्योगिक व श्रम सुधारों की दिशा में बड़े कदम बढ़ा दिए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य में उद्योग और व्यापार से जुड़े 13 राज्य अधिनियमों में लगभग 99 प्रतिशत आपराधिक प्रावधान समाप्त करने की तैयारी हो रही है। शीघ्र ही उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बनने जा रहा है, जो व्यावहारिकता के दृष्टिकोण से इतने बड़े पैमाने पर आपराधिक प्रावधानों को गैर-आपराधिक श्रेणी में परिवर्तित करेगा।

गुरुवार को आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को और सशक्त बनाने के लिए नए कदम उठाना समय की मांग है। साथ ही यह भी उतना ही आवश्यक है कि औद्योगिक विकास के साथ श्रमिकों की सुरक्षा और सुविधा की गारंटी सुनिश्चित हो। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के श्रमेव जयते के भाव को आत्मसात करते हुए हमें ऐसे सुधार करने होंगे, जो उद्यमियों और श्रमिकों; दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध हों। मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य सरकार शीघ्र ही सुगम्य व्यापार (प्राविधानों का संशोधन) विधेयक, 2025 लाने जा रही है। इसके अंतर्गत आबकारी अधिनियम, शीरा अधिनियम, वृक्ष संरक्षण अधिनियम, राजस्व संहिता, गन्ना अधिनियम, भूगर्भ जल अधिनियम, नगर निगम अधिनियम, प्लास्टिक कचरा अधिनियम,



सिनेमा अधिनियम तथा क्षेत्र व जिला पंचायत अधिनियम सहित कई कानूनों को अधिक व्यावहारिक स्वरूप दिया जाएगा। इनमें जहां पहले कारावास की सजा का प्रावधान ...शेष पृष्ठ 14 पर

## कांग्रेस-आरजेडी के मंच से पीएम मोदी पर अभद्र भाषा का प्रयोग निंदनीय : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिहार के दरभंगा के अतरबेल में कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल की रैली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ प्रयोग की गई बेहद अभद्र भाषा की कड़ी निंदा की है। यह कार्यक्रम बिहार यूथ कांग्रेस के नौशाद द्वारा कराया गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे लोकतांत्रिक मयार्दा और भारतीय संस्कृति पर सीधा प्रहार बताया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि कांग्रेस और आरजेडी के नेताओं द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के प्रति इस्तेमाल की गई अपमानजनक भाषा न केवल प्रधानमंत्री का अपमान है, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कृत्य है। योगी आदित्यनाथ ने लिखा, कांग्रेस और आरजेडी के मंच से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए प्रयुक्त अभद्र भाषा अत्यंत निंदनीय एवं राजनीतिक मयार्दा का पतन है। यह कृत्य सिर्फ प्रधानमंत्री जी का नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतवासियों की भावनाओं का अपमान है। उन्होंने आगे कहा कि एक साधारण मां ने अपने संघर्ष और संस्कारों से ऐसे पुत्र को गढ़ा, जिसने स्वयं को राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित कर दिया और आज वह ...शेष पृष्ठ 14 पर

**संक्षेप**

### यूपी के आठ जिलों में पटाखा बनाने पर रोक

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन करते हुए एनसीआर और आसपास के 8 जिलों में पटाखों का निर्माण, भंडारण और बिक्री पर प्रतिबंध लगाया है। यह प्रतिबंध मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर (नोएडा), बुलंदशहर, हापुड़, बागपत, शामली, मुजफ्फरनगर में प्रभावी होगा। यदि कोई व्यक्ति या संस्था आदेश का उल्लंघन करता है तो उसे पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986 की धारा-15 के तहत सजा और जुर्माने से दंडित किया जाता है। जानकारी के मुताबिक आदेश का उल्लंघन करने पर 5 साल तक की सजा, एक लाख रुपये तक का जुमार्ना अथवा दोनों हो सकते हैं। सजा सुनाए जाने के बाद भी इसकी अवलेहना करने पर हर दिन 5 हजार रुपये तक का अतिरिक्त जुमार्ना लगाया जाएगा। प्रदेश पुलिस ने जनता से अपील की है कि यदि कहीं पटाखों के विनिर्माण, संग्रहण, विक्रय (आनलाइन ...शेष पृष्ठ 14 पर

# संभल हिंसा पर आयोग ने सौंपी रिपोर्ट

### जांच आयोग ने मुख्यमंत्री योगी को सौंपी 450 पन्ने की रिपोर्ट, अब अगले एक्शन की तैयारी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। संभल में पिछले साल 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के मामले की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग ने बृहस्पतिवार को अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंप दी।

गृह विभाग के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने बताया कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश देवेंद्र कुमार अरोड़ा की अध्यक्षता में गठित तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग ने मुख्यमंत्री को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। आयोग के सदस्य अरोड़ा, 1979 बैच के सेवानिवृत्त भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी अरविंद कुमार जैन और सेवानिवृत्त आईएएस अमित मोहन प्रसाद ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की और 24 नवंबर, 2024 को संभल में अपनी रिपोर्ट सौंपी। संजय प्रसाद ने रिपोर्ट के विवरण के बारे में पूछे जाने पर कहा कि रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद हम इस बारे में कुछ बता सकेंगे। आयोग का गठन 28 नवंबर 2024 को किया गया था। उसके बाद उसने एक दिसंबर को पैनल ने पहली बार गवाहों के बयान दर्ज करने के लिए हिंसा प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया था। न्यायिक आयोग में शामिल उत्तर प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक ए के जैन ने बताया कि हमने अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंप दी है। यह एक विस्तृत रिपोर्ट है। जैन ने रिपोर्ट को गोपनीय करार देते हुए उसमें शामिल की गयी बातों का खुलासा करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कुछ रिपोर्टों की प्रामाणिकता के बारे में पूछे गए सवालों का भी



जवाब नहीं दिया, जिनमें दावा किया गया था कि रिपोर्ट में जनसांख्यिकीय बदलाव का जिक्र किया गया है जिसके मुताबिक संभल में हिंदुओं की आबादी घट रही है।

कुछ कथित रिपोर्टों के अनुसार न्यायिक पैनल ने अपनी लगभग 450 पृष्ठों की रिपोर्ट में इस बात का भी जिक्र किया है कि संभल में कैसे हिंदू आबादी अब घटकर लगभग 15 से 20 प्रतिशत ही रह गई है। यह पहले की तुलना में आधी से भी कम है। हालांकि, जैन ने यह कहते हुए खुलकर बात नहीं की कि पैनल को रिपोर्ट की विषय-वस्तु का खुलासा करने का अधिकार नहीं है। जैन ने आगे कहा कि यह रिपोर्ट कैबिनेट और बाद में उत्तर प्रदेश विधानसभा में भी एक प्रक्रिया के तहत पेश की जाएगी। न्यायिक पैनल ने अपने गठन के बाद से चार बार संभल का दौरा किया है। इसने पहली बार एक दिसंबर 2024 को संभल का दौरा किया था। उसके बाद 21 जनवरी 2025 को गवाहों के बयान दर्ज करने के लिए एक बार फिर दौरा किया। संभल की शाही जामा मस्जिद बनाम हरिहर मंदिर मामले को लेकर पिछले साल 19 नवंबर को हिंदू पक्ष की ओर से अधिवक्ता हरिशंकर जैन और विष्णु शंकर जैन सहित आठ लोगों ने संभल की जिला अदालत में याचिका दायर की थी। इसमें अदालत के आदेश पर 19 नवंबर को ही शाही जामा मस्जिद का सर्वे किया गया था। उसके बाद 24 नवंबर को एक बार फिर टीम सर्वे करने पहुंची। इस दौरान व्यापक हिंसा हुई और गोली लगने से चार लोगों की मौत हो गयी तथा 29 पुलिसकर्मी घायल हो गये।

इस मामले में पुलिस ने सपा सांसद जियाउर्हमान बर्क और शाही जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष जफर अली समेत कई नामजद और 2750 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। भाजपा के राज्यसभा सदस्य और उत्तर प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक बृजलाल ने बताया कि उन्हें विश्वास है कि रिपोर्ट निश्चित रूप से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के इस शहर में जनसांख्यिकीय बदलाव को उजागर करेगी। उन्होंने गैरभाजपा सरकारों पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि मैं खुद एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी रहा हूं और हकीकत जानने के लिए राज्य भर में विभिन्न पदों पर काम कर चुका हूं। हिंदू आबादी में उल्लेखनीय गिरावट का संकेत देने वाली रिपोर्ट्स में जरूर इसका जिक्र होगा। इतनी स्पष्ट बात कैसे नजरअंदाज की जा सकती है। दिलचस्प बात यह है कि जहां न्यायिक पैनल के सदस्यों ने बताया कि रिपोर्ट गोपनीय है, वहीं सत्तारूढ़ भाजपा के कुछ सदस्य इस बात को लेकर बेहद आश्वस्त दिखे कि न्यायिक पैनल द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में ...शेष पृष्ठ 14 पर

### अनुशासनहीन व गैरहाजिर 10 डॉक्टरों पर गिरी गाज

लखनऊ। अनुशासनहीन व बिना सूचना लगातार गैरहाजिर 10 चिकित्सकों पर गाज गिरी है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के निर्देश पर लखनऊ के चार डॉक्टरों समेत 10 डॉक्टरों को बर्खास्त कर दिया गया है। एक डाटा इंट्री ऑपरेटर को भी नौकरी से हटा दिया गया है। बाकी छह चिकित्सकों के खिलाफ बर्खास्तगी की कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

राजधानी के नीलमथा अबर्न पीएचसी की डॉ. शिल्पी गुप्ता, कल्लन खेड़ा अर्बन आयुष्मान मंदिर की डॉ. कीर्ति राय, चौपटिया के डॉ. मोहसिन रजा, कटरा विजनवेग के डॉ. मुस्तकुल आफरीन कुरैशी व डाटा इंट्री ऑपरेटर सरिता कुमारी को बर्खास्त कर दिया गया है। हाथरस में एनस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. शालिनी गुप्ता, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. मीनल अग्रवाल की अनुशासनहीनता और बिना बताए गैरहाजिर रहने की शिकायत हुई थी। शिकायत के आधार पर जून 2023 में चिकित्सकों को निलंबित कर दिया गया था। विभागीय जांच के आदेश दिए गए थे। जांच में आरोप सही पाए गए। दोनों डॉक्टरों को ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता ने उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान को पुष्प गुच्छ और मोमेंटो देकर किया सम्मानित

# बीबीडी परिसर में गणेश महोत्सव के दूसरे दिन भक्तिरस में डूबे श्रद्धालु

### ❍ डॉ. बबीता सिंह चौहान ने महाआरती में लिया भाग ❍ सुप्रसिद्ध गायिका श्रीमती मालविका हरिओम ने अपनी गायिकी से सबका मन मोहा













फोटो : अमित वर्मा

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। बीबीडी शैक्षणिक परिसर में हो रहे गणेश महोत्सव 2025 के दूसरे दिन सुप्रसिद्ध गायिका मालविका हरिओम कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना 'पहिला पूजन तोहार हो गौरी के ललनवा' से की, जिसे सुनकर पूरा पण्डाल भक्तिमय हो गया, इसी शृंखला में उड़ जाऊं रे सुगनवा गंगा पार, गोदना गोदे गोदनहार, इसी दम पे गुलुबंद बनवाई दे बालमा, बाजन बाजे दुआर, रंगीला दूल्हा ब्याहन आया, हमरे चरखे के टूटे न तार, गाड़ी हौले चलाओ, झूला कदंब की डरिया, चलत मुसाफिर मोह लियो रे पिंजरे वाली मुनिया आदि भोजपुरी लोकगीतों को सुनकर पंडाल में उपस्थित श्रोता भावविभोर हो उठे और झूमने लगे।

बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता ने कार्यक्रम की मुख्य अतिथि और उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं मोमेंटो देकर किया। तत्पश्चात सांयकालीन महाआरती में मुख्य अतिथि एवं बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता, बी.बी.डी. एजुकेशनल ग्रुप के मुख्य अधिशासी निदेशक आर.के. अग्रवाल ने भाग लिया और महाप्रभु श्री गणेश जी की आरती की। आज इस महोत्सव में बी.बी.डी. एजुकेशनल ग्रुप के छात्र-छात्राओं एवं आसपास के गांवों से आये हजारों लोगों ने भजन संध्या का भरपूर आनंद लिया। महाआरती के बाद भक्तों को लड्डू एवं खील-बतासे का प्रसाद का वितरण किया ...शेष पृष्ठ 14 पर

# होमगार्डों के रिक्त पदों पर नए एनरोलमेंट की प्रक्रिया तत्काल शुरू करें : सीएम

विशेष संवाददाता (vol)

- आपदा मित्रों को होमगार्ड स्वयंसेवकों के रूप में तैनाती देने के लिए जनपदवार कार्यवाही आगे बढ़ाई जाये
- समयबद्ध, पारदर्शी और निष्पक्ष एनरोलमेंट के लिए पुलिस भर्ती एवं प्रशिक्षण बोर्ड की मदद से गठित होगा नया बोर्ड

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में होमगार्डों के रिक्त पदों पर नए एनरोलमेंट की प्रक्रिया तत्काल प्रारम्भ करने के निर्देश दिए हैं। बदलते समय और बढ़ते दायित्वों को देखते हुए होमगार्ड एनरोलमेंट से जुड़े नियमों में संशोधन पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने समयबद्ध, पारदर्शी और निष्पक्ष एनरोलमेंट सुनिश्चित करने के लिए पुलिस भर्ती एवं प्रशिक्षण बोर्ड के सहयोग से नया बोर्ड गठित करने के भी निर्देश दिए हैं।

गुरुवार को आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने कानून-व्यवस्था, यातायात नियंत्रण तथा आपदा की परिस्थितियों में होमगार्ड स्वयंसेवकों की भूमिका की सराहना की। बैठक में अवगत कराया गया कि प्रदेश में वर्तमान में 1,18,348 स्वीकृत पदों के विरुद्ध 71,155 होमगार्ड सक्रिय हैं। अगले दस वर्षों में लगभग 38,000 स्वयंसेवक सेवानिवृत्त होंगे, जबकि मौजूदा बल में पचास वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 51 प्रतिशत से अधिक स्वयंसेवक कार्यरत हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को अधिक अवसर देने और सेवा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए पात्रता, परीक्षा और चयन से संबंधित प्रावधानों में सुधार किया जाना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि बल को और अधिक युवा स्वरूप देने के लिए एनरोलमेंट की अधिकतम आयु 30 वर्ष हो। साथ ही, चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा अनिवार्य की जाए, पात्रता मानकों को समयानुकूल बनाया जाए और परीक्षण प्रणाली को सुदृढ़ किया जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि आपदा प्रबंधन से संबंधित अनुभव या प्रशिक्षण प्राप्त लोगों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नई एनरोलमेंट व्यवस्था शीघ्र तैयार की जाए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि रिक्तियों की पूर्ति से उत्तर प्रदेश का होमगार्ड संगठन और अधिक प्रशिक्षित, सक्षम और जनसेवा के प्रति समर्पित स्वरूप में सामने आएगा। बैठक में विभागीय अधिकारियों ने बताया कि होमगार्ड्स की सेवाएं पुलिस प्रशासन, यातायात प्रबंधन, शैक्षणिक संस्थान, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन, खनन, नगरीय निकायों, दूरदर्शन, आकाशवाणी, एफसीआई और विकास प्राधिकरणों सहित विभिन्न क्षेत्रों में ली जा रही हैं। हाल ही में हुए लोकसभा व विधानसभा चुनावों, विभिन्न राज्यों के निर्वाचन कार्य तथा महाकुंभ-2025 जैसे आयोजनों में भी होमगार्ड्स ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि विभाग की समस्त प्रक्रियाओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाया जा रहा है। ड्यूटी आवंटन, भत्तों का भुगतान, अनुग्रह राशि और पेंशन जैसी व्यवस्थाएं अब पूरी तरह ऑनलाइन हो चुकी हैं। होमगार्ड मित्र ऐप जैसी पहल ने कार्यप्रणाली को और अधिक सरल व पारदर्शी बनाया है। प्रशिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए एक केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान और 12 मंडलीय प्रशिक्षण केंद्र सक्रिय हैं, जहां प्रतिवर्ष 15,000 से अधिक स्वयंसेवकों को नियमित और उन्नत प्रशिक्षण दिया जाता है। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि नई नामांकन व्यवस्था लागू होने के बाद उत्तर प्रदेश का होमगार्ड बल और अधिक पेशेवर बनेगा तथा जनता की सेवा में पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करेगा।

## भूतपूर्व सैनिकों व दिव्यांगों को भी मिलेगा स्टाम्प शुल्क छूट का लाभ : मुख्यमंत्री

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिलाओं को दी जा रही स्टाम्प शुल्क में छूट को भूतपूर्व सैनिकों और दिव्यांगजनों तक विस्तार देने का निर्णय लिया है।

गुरुवार को स्टाम्प एवं पंजीकरण विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने विभाग को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 05 जनपदों में पायलट प्रोजेक्ट के तहत प्राप्त सकारात्मक अनुभवों के आधार पर अब सभी जनपदों में 20 हजार रुपये से अधिक के निबंधन शुल्क के लिए ई-भुगतान अनिवार्य किया जाए।

मुख्यमंत्री ने विभाग की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए कहा कि फजीर्वाड़े पर अंकुश लगाने के लिए आधार प्रमाणीकरण की सुविधा लागू की जानी चाहिए। इसी प्रकार, प्राधिकरणों के आवंटियों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाते हुए सिंगल विंडो प्रणाली के माध्यम से ई-पंजीकरण व्यवस्था लागू की जाए।

उन्होंने विभाग को निर्देश दिया कि रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाए, ताकि कार्यकुशलता और सेवा

- 20 हजार से अधिक निबंधन शुल्क पर अनिवार्य होगा ई-भुगतान
- फजीर्वाड़े पर रोक के लिए आधार प्रमाणीकरण होगा लागू

की गुणवत्ता बढ़ सके।

स्टाम्प विक्रय के अन्य विकल्पों पर विचार कर वेंडरों के कमीशन को भी तार्किक बनाने की जरूरत बताई, साथ ही कहा कि 10 वर्ष तक की अवधि वाले लघु एवं मध्यम वर्ग के किराएनामे पर स्टाम्प शुल्क और पंजीकरण शुल्क में छूट दी जानी चाहिए। बैठक में विभागीय मंत्री रवींद्र जायसवाल भी उपस्थित थे। बैठक में जानकारी दी गई कि वर्ष 2002 से 2017 तक के पंजीकृत विलेखों का 99 प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य पूरा हो चुका है और अब अगले चरण की कार्रवाई चल रही है। वर्तमान में 98 प्रतिशत से अधिक निबंधन कार्य ई-स्टाम्प के माध्यम से हो रहे हैं। इसके अलावा, विभिन्न जिलों में मूल्यांकन सूची का पुनरीक्षण कर विसंगतियों को दूर किया गया है। उप-पंजीकरण कार्यालयों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं।

## उत्तर प्रदेश ने तोड़े सभी रिकॉर्ड, उद्योग वृद्धि में बना देश का चैम्पियन राज्य

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने औद्योगिक विकास के क्षेत्र में नया इतिहास रच दिया है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (टडरढक) भारत सरकार द्वारा जारी वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण (अरक) 2023-24 के ताजा आंकड़े बताते हैं कि प्रदेश ने कारखानों की संख्या, कार्यरत कर्मियों और सकल मूल्य संवर्धन (एएसआई) तीनों ही मोर्चों पर देश के सभी बड़े औद्योगिक राज्यों को पछाड़ दिया है। औद्योगिक विकास के इस रिकॉर्ड प्रदर्शन ने साबित कर दिया है कि योगी सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश अब देश की नई औद्योगिक राजधानी बनने की ओर अग्रसर है। वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण 2023-24 रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश का सकल मूल्य संवर्धन वर्ष 2022-23 के 1.34 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2023-24 में 1.67 लाख करोड़ रुपये हो गया, यानी इसने 25.03% की ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की है। यह दर अखिल भारतीय औसत (11.9%) से दोगुने से भी अधिक है। इस तरह उत्तर प्रदेश इस मामले में देश में प्रथम स्थान पर है। रिपोर्ट में बताया गया है कि प्रदेश में कारखानों की संख्या 19,102 (2022-23) से बढ़कर 22,141 (2023-24) हो गई है, जो 15.91% की वृद्धि दर्शाती है। यह वृद्धि राष्ट्रीय औसत (2.7%) से लगभग 7 गुना अधिक है। इसी तरह, कार्यरत कर्मियों की संख्या भी 14.86 लाख से बढ़कर 16.26 लाख तक पहुंच गई है, यानी 9.37% की वृद्धि जो देश की औसत वृद्धि (5.9%) से बहुत आगे है।

## पीएम के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग करना ओछी राजनीति : भूपेंद्र चौधरी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने दरभंगा में कांग्रेस व राजद की सभा में प्रधानमंत्री के लिए अभद्र भाषा के प्रयोग की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे कांग्रेस की ओछी राजनीति, राजनैतिक मूल्यों का पतन और देश के 140 करोड़ लोगों का अपमान बताया।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि राहुल गांधी की बिहार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा उनकी माता के संबंध में प्रयोग की गई अभद्र भाषा के मूल में राहुल गांधी हैं। राहुल गांधी लगातार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा देश की संवैधानिक संस्थाओं पर हमला कर रहे हैं। राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री को तू कहकर संबोधित करना शिष्टाचार और राजनैतिक मर्यादा की घोर अवहेलना है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में संवाद और असहमति का होना स्वभाविक है लेकिन इस तरह की भाषा का प्रयोग आदर्श लोकतांत्रिक परम्पराओं का अनादर है। उन्होंने कहा कि आज स्थिति चिंताजनक है, क्योंकि भाषा की मयार्दा तार-तार हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के 140 करोड़ भारतीयों के प्रधानमंत्री हैं और यह अमर्यादित भाषा देशवासियों का अपमान है। उन्होंने कहा कि मेरा देश अहंकार और अमर्यादित भाषा को स्वीकार नही करता है। देश की जनता इस अहंकारी भाषा का जवाब कांग्रेस को देगी। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की राजनीति तुष्टीकरण से गाली- गलौज और अपमान तक पहुंच गई है। यही महागठबंधन और इंडी अलायंस का असली चरित्र है और यही उनकी राजनैतिक ट्रेनिंग है। कांग्रेस के पास कोई सकारात्मक ऐंजेंडा नही है और यही कारण है कि भाषा की मर्यादा तोड़कर लगातार पीएम और जनता का अपमान कर रहे है। प्रधानमंत्री के लिए जिस तरह से गंदी भाषा का प्रयोग किया गया उसके लिए राहुल गांधी को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। चौधरी ने कहा कि कांग्रेस आज तथाकथित नकली गांधी परिवार की पार्टी है। जिसमें अहंकार कूट-कूटकर भरा हुआ है। उन्हें ऐसा लगता है भारत में सत्ता बने रहने का उनका अधिकार है और जब उन्हें राजनैतिक सत्ता नहीं मिलती है तो वे लोकतांत्रिक रूप से चुने हुए नेताओं से गद्दी छोड़ने की मांग करते हैं और उनके लिए अपमानित भाषा का प्रयोग करते हैं।

## धार्मिक मेले सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन का अभिन्न हिस्सा : सीएम धामी

### धामी ने पिथौरागढ़ में आयोजित 'मोस्टामानू महोत्सव' का किया वर्चुअली शुभारंभ

प्रमुख संवाददाता (vol)

**देहरादून/पिथौरागढ़।** धार्मिक मेले हमारी आस्था, विश्वास, और समृद्ध परंपराओं का प्रतीक है। यह केवल एक धार्मिक या पारंपरिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारे सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन का एक अभिन्न हिस्सा है, जो कृषि और पशुपालन से जुड़े हमारे ग्रामीण जीवन की विशिष्टताओं को भी दर्शाता है। ऐसे आयोजन हमारी समृद्ध परंपराओं को संजोये रखते हुए उन्हें आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने में भी सहायक सिद्ध होते हैं।

यह विचार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पिथौरागढ़ में आयोजित मोस्टामानू महोत्सव को वर्चुअली सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पिथौरागढ़ के अंतर्गत 62 करोड़ रुपये से अधिक की लागत की 15 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। इसके अंतर्गत स्वास्थ्य, शिक्षा,



पेयजल एवं पर्यटन से जुड़ी विभिन्न विकासपरक योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हो रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में उत्तराखंड के समग्र विकास के साथ-साथ धार्मिक स्थलों के पुनर्निर्माण और हमारी पहचान को सुरक्षित रखने के लिए राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। केदारखंड की भांति मानसखंड में स्थित कुमाऊं के पौराणिक मंदिरों के भी पुनरुत्थान एवं सौंदर्यीकरण के कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस पवित्र स्थल के सौंदर्यीकरण के लिए लगभग एक करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न कार्य कराए गए हैं। छह करोड़ से अधिक की लागत से गंगोलीहाट में हाट कालिका मंदिर के सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है। 43 करोड़ रूपए की लागत से बजेटी शनि मंदिर, हनुमान मंदिर तथा लक्ष्मी नारायण मंदिर के समीप आधुनिक पार्किंग स्थलों का निर्माण भी किया जा रहा है। सरकार विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से पिथौरागढ़ जनपद सहित संपूर्ण क्षेत्र के समग्र विकास को सुनिश्चित करने हेतु पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि साढ़े सात सौ करोड़ रूपये से अधिक की लागत से पिथौरागढ़ मेडिकल कॉलेज के भवन का निर्माण किया जा रहा है। मेडिकल कॉलेज पिथौरागढ़ में लगभग 21 करोड़ की लागत से 50 बेड के क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निर्माण कार्य भी कराया जा रहा है। 25 करोड़ रुपए की लागत से अस्कोट, गंगोलीहाट और धारचूला में नए बस स्टेशनों के निर्माण के साथ ही पिथौरागढ़ में रोडवेज वर्कशॉप का निर्माण कार्य भी कराया गया है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 327 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से क्षेत्र में विभिन्न सड़कों का निर्माण कार्य भी गतिमान है। पिथौरागढ़ को हल्द्वानी, देहरादून और दिल्ली से हवाई सेवा द्वारा जोड़ा है। पिथौरागढ़ हवाई अड्डे को 450 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक स्वरूप में विकसित करने के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी और राज्य सरकार के बीच एमओयू किया चुका है, जिस पर शीघ्र ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से आह्वान किया है कि सभी भारतवासी स्वदेशी उत्पादों का अधिक से अधिक उपयोग करें, जिससे आत्मनिर्भर भारत का संकल्प और भी सशक्त हो सके। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि इस मेले में हमारे स्वदेशी उत्पादों के कई स्टॉल लगे हैं, जिसमे हमारे स्थानीय कारीगरों, शिल्पकारों, किसानों और महिला समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है।

## सुभासपा के महासचिव इजहार अली ने दिया इस्तीफा

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) प्रमुख ओम प्रकाश राजभर को उनकी ही पार्टी के महासचिव इजहार अली ने तगड़ा झटका दिया है। इजहार अली ने गुरुवार को पार्टी की सदस्यता और महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने राजभर पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि राजभर ने मुस्लिम और यादव वोटों के दम पर जीत हासिल की, लेकिन अब मंत्री बनने के बाद इन समुदायों को गाली दे रहे हैं। इजहार अली ने अपने इस्तीफे में पार्टी में बढ़ते परिवारवाद और राजभर के व्यवहार को कारण बताया। उन्होंने कहा कि ओम प्रकाश राजभर मुस्लिम और यादव वोटों से जीते थे, लेकिन अब अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बनने के बाद वे इन्हीं समुदायों को अपमानित कर रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सुभासपा में परिवारवाद हावी है, जहां राजभर के दोनों बेटे और बहुएं सिक्योरिटी में घूमते हैं। उन्होंने शायराना अंदाज में तंज कसते हुए कहा, पहले आपका जिंदाबाद किया, फिर बेटों का जिंदाबाद किया, अब पोते का जिंदाबाद करने की स्थिति आ गयी है। इजहार ने अपने इस्तीफे में लिखा, अगर आंधियों को जिद है बिजलियां गिराने की, तो हमें भी जिद है वहीं आशियाना बनाने की। उन्होंने पार्टी में अपनी मजबूत स्थिति का हवाला देते हुए कहा कि वह बिहार संगठन के प्रभारी भी थे, लेकिन अब वह कार्यकर्ताओं से राय लेकर भविष्य का फैसला करेंगे। बता दें कि इजहार अली ने अपना राजनीतिक करियर बसपा से शुरू किया था और मुलायम सिंह यादव को अपना राजनीतिक गुरु मानते हैं। वह समाजवादी पार्टी में भी रह चुके हैं। 2021 में उन्होंने सुभासपा की सदस्यता ली थी और पार्टी में महासचिव के साथ-साथ बिहार संगठन के प्रभारी की जिम्मेदारी संभाली थी।

## 57694 ग्राम पंचायतों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी शुरू

### 37 जनपदों में आंशिक पुनर्गठन से सम्बन्धित समस्त कार्यवाही पूर्ण कर विवरण शासन को उपलब्ध करा दिया गया है

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** निदेशक पंचायतीराज अमित कुमार सिंह ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन की प्रक्रिया आरम्भ हो चुकी है। पंचायती राज विभाग की ओर से वर्ष-2021 में सम्पन्न निर्वाचन के उपरान्त संघठित ग्राम पंचायतों के कार्यकाल समाप्ति संबंधी प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया है।

वर्ष 2021 में निर्वाचित त्रिस्तरीय पंचायतों प्रतिनिधियों क्रमशः का कार्यकाल ग्राम पंचायत प्रधान 26 मई 2026 व क्षेत्र पंचायत प्रमुख 19 जुलाई 2026 एवं जिला पंचायत अध्यक्षों 11 जुलाई 2026 को समाप्त हो रहा है। शासन स्तर से निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न होने तक नगरीय निकायों के सृजन/सीमा विस्तार पर रोक लगाये जाने सम्बन्धी शासनादेश जारी किया गया है।

वर्ष 2021 में पंचायत निर्वाचन सम्पन्न होने के उपरान्त नगरीय निकायों के सृजन, सीमा विस्तार के कारण प्रभावित ग्राम पंचायतों, राजस्व ग्रामों के आंशिक पुनर्गठन किये जाने सम्बन्धी शासनादेश 23 मई, 2025 को निर्गत किया गया है। ऐसी 37 जनपदों में आंशिक पुनर्गठन से सम्बन्धित समस्त कार्यवाही पूर्ण कर विवरण शासन को उपलब्ध करा दिया गया है। इस प्रक्रिया में पूर्व में विद्यमान 58195 ग्राम पंचायतों में से 512 ग्राम पंचायतें के नगर निकायों के सीमा विस्तार के फलस्वरूप समाप्त होने एवं 09 ग्राम पंचायतें नव सृजित होने तथा 02 वन टंगिया ग्रामों को ग्राम पंचायतों के रूप में अधिसूचित किये जाने के कारण वर्तमान में प्रदेश में 57694 ग्राम पंचायतें अस्तित्व में है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार आंशिक पुर्नगठन के फलस्वरूप प्रभावित ग्राम पंचायतों एवं क्षेत्र पंचायतों (विकास खण्ड) की श्रेणीवार संशोधित जनसंख्या सम्बन्धी आंकडे जनपदों के जिलाधिकारी की ओर से उपलब्ध करा दिया गया है। त्रिस्तरीय पंचायतों के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों (वार्डों) का आंशिक प्रभावित ग्राम पंचायतों के परिसीमन किये जाने सम्बन्धी दिशा-निर्देश शासनादेश दिनांक 15 व 16 जुलाई, 2025 निर्गत किये गये हैं। इसके सापेक्ष आंशिक प्रभावित वार्डों के परिसीमन की कार्यवाही पूर्ण कर 03 से 05 अगस्त, 2025 तक आपत्तियां प्राप्त कर उनके निस्तारण उपरान्त प्रभावित वार्डों के गठन की कार्यवाही की जा रही है। नगरीय निकायों के सृजन, सीमा विस्तार के फलस्वरूप आंशिक रूप से प्रभावित 39 जनपदों में परिसीमन की कार्यवाही निर्धारित समय-सारणी अनुसार पूर्ण कर वांछित सूचना पंचायती राज निदेशालय को 12 अगस्त, 2025 तक उपलब्ध कराये जाने सम्बन्धी दिशा-निर्देश समस्त जिलाधिकारियों को निर्गत किये गये हैं, जिसमें अब तक 47 जनपदों से परिसीमन सम्बन्धी अभिलेख प्राप्त हो गये हैं। शेष 28 जनपदों आगरा, औरैया, बागपत, बहराइच, बलिया, भदोही, बंदायू, फिरोजाबाद, गाजियाबाद, झांसी, कानपुर देहात, कासगंज, कौशाम्बी, कुशीनगर, महाराजगंज, मऊ, मिजार्पुर, मुरादाबाद, पीलीभीत, प्रतापगढ, प्रयागराज, रायबरेली, रामपुर, सहारनपुर, सन्तकबीरनगर, सीतापुर, सोनभद्र, सुलतानपुर से परिसीमन सम्बन्धी अभिलेख प्राप्त किया जाना है।

## डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से मिले संजय निषाद

### दोनों नेताओं की तरफ से बतायी गयी शिष्टाचार भेंट, निकले राजनैतिक मायने

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह क्षेत्र गोरखपुर में भाजपा को लेकर एक ऐसा बयान दिया जो प्रदेश की राजनीति में चर्चा का विषय बन गया। कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने गोरखपुर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा से नाराजगी जाहिर की और गठबंधन तोड़ने की भी बात की। अब भाजपा से नाराजगी के बीच कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने गुरुवार को उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मुलाकात की है। हालांकि राजनीतिक हलकों में इस मुलाकात के राजनैतिक मायने निकाले जा रहे है।

कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से मुलाकात की तस्वीरें सोशल साइड सहित अपने ग्रुप पर भी शेयर की हैं। एक्स पर किए पोस्ट में संजय निषाद ने लिखा कि आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से शिष्टाचार भेंट कर प्रदेश की समृद्धि, विकास एवं जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। आज का नया उत्तर प्रदेश प्रगति पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। संयुक्त प्रयास से हमें देश में अपने प्रदेश को हर क्षेत्र में नंबर एक पर लाना है।

वहीं डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने भी इस मुलाकात को लेकर एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि आज आवास पर मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार डॉ. संजय निषाद से शिष्टाचार भेंट कर प्रदेश की समृद्धि, विकास एवं जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। आज का नया उत्तर प्रदेश प्रगति पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। संयुक्त प्रयास से हमें देश में अपने प्रदेश को हर क्षेत्र में नंबर एक पर लाना है।

बता दें कि गोरखपुर में प्रेस कॉनफ्रेंस करते हुए संजय निषाद ने कहा था कि भाजपा को लगता है कि हम लोगों से फायदा नहीं मिल रहा है, तो गठबंधन तोड़ दें, बाहरी नेताओं से क्यों हम लोगों को उल्टा-सीधा बुलवाते हैं। उन्होंने कहा कि साल 2024 के चुनाव में हमें कुछ नहीं मिला लेकिन, अब देखते हैं कि 2027 में क्या होता है, हमें भीख मांगने की जरूरत नहीं है। वहीं उनका कहना है कि निषाद समाज की नाराजगी के कारण भाजपा को 43 सीटों का नुकसान हो सकता है, उन्होंने भाजपा से अपने सहयोगियों पर विश्वास और सम्मान बनाए रखने को कहा।

## चुनाव में भाजपा के बूथ प्रबंधन से विपक्ष होगा परास्त : धर्मपाल

विशेष संवाददाता (vol)




लखनऊ। भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने गुरूवार को कहा कि भाजपा चुनाव में बूथ प्रबंधन से विपक्ष के झूठ, फरेब को परास्त करेगी। निश्चित विजय और संगठन विस्तार का फॉमूर्ला प्रभावी बूथ प्रबंधन ही है। पंचायत चुनाव से पहले माइक्रो मैनेजमेंट से बूथ प्रबंधन का कार्य पूरा करना है। उन्होंने कहा कि मंडल अध्यक्ष, शक्तिकेन्द्र संयोजक और बूथ अध्यक्षों पर बूथ प्रबंधन की बड़ी जिम्मेदारी है। हमें सजगता और सक्रियता से सतत कार्य करने का स्वभाव विकसित करना होगा, जो हमें विपक्षी दलों के षड़यंत्र को ध्वस्त करने तथा पार्टी को मजबूत करने में सहायक होगा। धर्मपाल सिंह हरदोई में जिले के मंडल अध्यक्षों व शक्तिकेन्द्र संयोजकों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने शक्तिकेन्द्र संयोजक की संगठनात्मक भूमिका पर चर्चा करते हुए कहा कि शक्तिकेन्द्र संयोजकों को बूथ समिति के साथ मिलकर सम्पर्क व संवाद की संगठनात्मक परम्परा के अनुरूप काम करना होगा। विचार परिवार, सहकारिता से जुडे.लोगों के साथ पार्टी के पुराने नेता एवं कार्यकर्ता तथा भाजपा से जुडे.नए कार्यकर्ता व नेताओं से संपर्क करके उन्हें सक्रिय रूप से पार्टी के कार्यक्रमों और अभियानों से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि मंडल अध्यक्ष तथा शक्तिकेन्द्र संयोजको पर बूथ को सतत सक्रिय रखने की बड़ी जिम्मेदारी है। बूथों पर पार्टी के सभी प्रभावी कार्यक्रम, नियमित मासिक बैठक, मंडल अध्यक्ष, शक्तिकेन्द्र संयोजक तथा बूथ अध्यक्षों में डायरी मेंटेन करने की आदत, मन की बात कार्यक्रम से प्रत्येक बूथ पर स्थानीय नागरिकों को जोड़ना तथा बूथ के प्रत्येक मतदाता तक नियमित संपर्क व संवाद से ही मजबूत व प्रभावी बूथ समिति का निर्माण होता है। बूथ पर केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार की योजनाओं एवं नीतियों तथा ऐतिहासिक निर्णयों के साथ बार-बार और हर बार संवाद का स्वभाव विकसित करना होगा। धर्मपाल सिंह ने कहा कि बूथ समिति की सक्रियता में ही संगठन की मजबूती निहित है और मजबूत संगठन ही जीत का आधार है। उन्होंने कहा कि आगामी समय में पंचायत चुनाव और विधानसभा चुनाव के लिए हमें पूर्व तैयारी और पूर्ण तैयारी की नीति पर काम करना है।

## अब और सरलता से मिलेंगी परिवहन विभाग की सुविधाएं

### टोल फ्री नम्बर 1800-1800-151 के साथ 149 भी 247 हुआ सक्रिय

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में जनहित को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग की ओर से छोटा व याद रखने में आसान हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था। इस पर दूरसंचार मंत्रालय भारत सरकार ने शॉर्ट कोड 149 स्वीकृत कर लागू कर दिया है।

अब परिवहन विभाग की हेल्पलाइन दोनों नंबरों—पूर्व से संचालित टोल-फ्री 1800-1800-151 और नया 149—पर 247 उपलब्ध रहेगी। इसका उद्देश्य हर नागरिक को एक ही कॉल में त्वरित, विश्वसनीय और पारदर्शी सहायता दिलाना है।

**इन सेवाओं के लिए करें कॉल :** ड्राइविंग लाइसेंस (ऊछ), पंजीकरण प्रमाणपत्र (फउ), परमिट, फिटनेस, रोड टैक्स, प्रदूषण प्रमाणपत्र, BH-सीरीज पंजीकरण, ई-वी सब्सिडी, आरवीएसएफ (स्क्रैप), एटीएस, एडीटीसी, ई-चालान, ई-डीएआर तथा संबंधित ऑनलाइन पोर्टलों/सेवाओं की जानकारी, स्थिति और शिकायत-निवारण 149 या 1800-1800-151 पर कर सकते हैं।

> नागरिक सुविधा को केंद्र में रखकर छोटा और यादगार नंबर 149 उपलब्ध कराने का हमने अनुरोध किया था, जिसे भारत सरकार ने स्वीकृत कर लागू कर दिया है। अब 149 और 1800-1800-151 दोनों पर 247 सहायता मिलेगी। हमारा लक्ष्य स्पष्ट है। सुरक्षित सड़कें, सरल सेवाएँ और संतुष्ट नागरिक, हेल्पलाइन की नियमित समीक्षा से शिकायत-निवारण समयबद्ध और प्रभावी बनाया जाएगा।
>
> **ब्रजेश नारायण सिंह**
> परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश

**ऐसे कर सकेंगे इस्तेमाल :** डायल करें: मोबाइल/लैंडलाइन से 149 (या 1800-1800-151)।

**सेवा चुनें:** वांछित विषय (डीएल, आरसी, परमिट, फिटनेस, टैक्स/पीयूसी व ईवी इत्यादि) चुनें और आवश्यक विवरण दें। इसके बाद संबंधित जानकारी, लिंक, स्थिति का संदेश आपके मोबाइल पर प्राप्त होगा।

शिकायत दर्ज होने पर तुरंत शिकायत संख्या दे दी जाएगी। https://upgovsport पर नई शिकायत दर्ज करें, शिकायत की स्थिति देखें विकल्प उपलब्ध है।

## 2027 का विधानसभा चुनाव यूपी के भविष्य का चुनाव : अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा है कि 2027 का विधानसभा चुनाव उत्तर प्रदेश के भविष्य का चुनाव है। भाजपा लोकतंत्र और संविधान के लिए खतरा है। लोकतंत्र के खिलाफ भाजपा की साजिश से सावधान रहना है। लोकतंत्र तभी सुरक्षित रहेगा, जब भाजपा सत्ता से बाहर जाएगी।

अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी को हर बूथ पर बीएलए बनाना है। बीएलए लिस्ट पर कार्यकर्ता कार्य करते रहें। बूथ पर काम करते रहना है। बूथ को मजबूत करना है। पार्टी नेताओं, कार्यकताओं को बहुत काम करना होगा। वोट बनवाना, वोट बचाना, वोट पड़वाना और वोट गिनवाना हर काम में सक्रिय रूप से शामिल होना होगा। उन्होंने भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा है। हर विभाग, हर कार्य में भ्रष्टाचार हो रहा है। प्रदेश में अवैध प्लाटिंग का धंधा जोरो पर है। भाजपा के लोग गरीबों की जमीन, तालाब और अन्य सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा कर रहे है। भाजपा भूमाफिया पार्टी बन गयी है। प्रदेश में कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। कानून-व्यवस्था पर जीरो टालरेंस का दावा जीरो हो चुका है। भाजपाई और उनके साथी सहयोगी कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ा रहे है। लोगों के साथ अन्याय कर रहे है। भाजपा सरकार में किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। लोग अन्याय, अत्याचार से त्रस्त है। प्रदेश में दर्जनों जिलों के सैकड़ों गांव बाढ़ से घिरे है। बड़ी आबादी बाढ़ की विभिषिका झेल रही है लेकिन उसे कोई मदद नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि आबादी के हिसाब से आरक्षण, जातीय जनगणना और सामाजिक न्याय के राज की स्थापना के लिए सपा की सरकार जरूरी है। समाजवादी सरकार बनने पर सभी को न्याय और सम्मान मिलेगा। प्रदेश में विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। किसानों को उनकी फसलों की सही कीमत मिलेगी और नौजवानों को नौकरी और रोजगार मिलेगा।

# सीएम ग्रिड्स फेज-2 का शिलान्यास, 98 करोड़ से संवरेंगी दो सड़कें

## विभूति खंड और चिनहट क्षेत्र में होगा समेकित विकास, महापौर ने रखा करोड़ों की परियोजनाओं का शिलान्यास पत्थर



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (अर्बन) सी.एम. ग्रिड्स के अंतर्गत गुरुवार को करोड़ों की परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत पूजा-अर्चना कर शिलान्यास पत्थर रखकर की और नगरवासियों के लिए इन परियोजनाओं को ऐतिहासिक बताया।

इस मौके पर क्षेत्रीय पार्षद शैलेंद्र वर्मा, नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, जीएम जलकल कुलदीप सिंह समेत अन्य लोग भी उपस्थित रहे। साथ ही यूआरआईडीए के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) महेंद्र बहादुर और डिप्टी सीईओ अरविंद श्रीवास्तव भी विशेष रूप से मौजूद रहे। महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा है कि लखनऊ को आधुनिक और सुदृढ़ सड़क अवसंरचना के साथ एक स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जाए। सी.एम. ग्रिड्स फेज-2 के अंतर्गत प्रस्तावित कार्यों से न केवल यातायात सुगम होगा बल्कि नागरिकों को सुरक्षित एवं बेहतर आवागमन की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

### प्रमुख परियोजनाएं और उनकी लागत

इस योजना के तहत जोन-4 क्षेत्र में दो बड़ी परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया है। इनमें विभूति खंड क्षेत्र का समेकित विकास एवं उन्नयन कार्य होगा। इस परियोजना के अंतर्गत मंडी परिषद कार्यालय के बगल से टेक्नो टावर के सामने तक, पिकप भवन के पीछे से डॉ. चन्द्रा क्लीनिक तक, पी.एन.बी. ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के बगल से बस डिपो तक, आई.जी.पी. चौराहे से मारुति शोरूम तक तथा एल्डिको एलीगेन्स से डी.एल.एफ. माईपैड होते हुए समिट बिल्डिंग तक सड़क विकास कार्य किए जाएंगे। इस परियोजना पर 61,37,48,154.69 रुपये खर्च होंगे। इसके अलावा मोती महल मार्ग एवं चिनहट द्वितीय वार्ड का समेकित विकास होगा। इस परियोजना के अंतर्गत महात्मा गांधी राणा प्रताप मार्ग (मोती महल मार्ग) तक समेकित विकास एवं उन्नयन कार्य किए जाएंगे। साथ ही चिनहट द्वितीय वार्ड के अंतर्गत सर्विस मार्ग, विशाल मेगा मार्ट से अवध बस स्टेशन तक सड़क सुधार एवं उन्नयन कार्य किए जाएंगे। 37.25 करोड़ में यह कार्य होगा। दोनों परियोजनाओं की कुल लागत लगभग 98.63 करोड़ रुपये है।

### जाम की समस्या कम होगी, दुर्घटनाओं पर अंकुश लगेगा

महापौर ने कहा कि यह परियोजनाएं लखनऊ के नागरिकों को सीधे तौर पर राहत देंगी। विभूति खंड और चिनहट क्षेत्र आईटी और व्यावसायिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हैं, जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में वाहन और नागरिक आवाजाही करते हैं। अब इन क्षेत्रों में सड़कें चौड़ी और व्यवस्थित होंगी, जिससे जाम की समस्या कम होगी और दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम लगातार जनता की सुविधा के लिए कार्य कर रहा है। पहले चरण में हुए कार्यों को नागरिकों से सराहना मिली और अब फेज-2 से विकास की गति और तेज होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और निर्धारित समयसीमा में कार्य पूरे किए जाएं।

### विकास की दिशा में बड़ा कदम

- नगर आयुक्त गौरव कुमार ने कहा कि इन परियोजनाओं से राजधानी के व्यस्ततम क्षेत्रों में सड़क अवसंरचना बेहतर होगी। साथ ही पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास को भी ध्यान में रखते हुए कार्य किए जाएंगे। गुरुवार का यह शिलान्यास कार्यक्रम नगर निगम के लिए विकास की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हुआ है, जिससे शहरवासियों को आने वाले दिनों में बेहतर और सुरक्षित यातायात की सौगात मिलेगी।

# एलडीए ने 10 अवैध प्लाटिंग पर चलाया बुलडोजर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर शहर में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ लगातार चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरूवार को प्रवर्तन टीम ने बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान बीबीडी, गोसाईंगंज, सैरपुर व काकोरी थानाक्षेत्र में 70 बीघा से अधिक क्षेत्रफल में चल रही 10 अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाया गया। जिसमें निजी विकासकर्ताओं द्वारा स्थल पर अवैध रूप से विकसित की गयी सड़क, नाली, बाउन्ड्रीवॉल व साइट ऑफिस आदि को ध्वस्त कर दिया गया।

प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी प्रभाकर सिंह ने बताया कि बीबीडी थानाक्षेत्र के नूरपुर बेहटा में सुनील, अशोक, रिंकू सिंह व अन्य की ओर से एक जगह 08 बीघा व दूसरी जगह 10 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था। इसके अलावा परमानंद, अनूप कुमार (मेसर्स नन्दगांव) व अन्य की ओर से गोसाईंगंज के ग्राम-ढ़कवा में लगभग 04 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। लगभग 22 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही इन तीनों अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया गया। प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी विपिन कुमार शिवहरे ने बताया कि काकोरी के मेंहदीनगर में सीपी सिंह, छत्रपाल व अन्य की ओर से एक जगह 08 बीघा व दूसरी जगह 03 बीघा क्षेत्रफल में प्लाटिंग का कार्य कराया जा रहा था। वहीं, मिथलेश यादव द्वारा काकोरी के ग्राम-बहरू में लगभग 06 बीघा और अतुल कुमार एवं संजय की ओर से ग्राम-गहलवारा में लगभग 20 बीघा क्षेत्रफल में अनधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। कुल 37 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही इन चारों अवैध प्लाटिंग को अभियान चलाकर ध्वस्त कर दिया गया। प्रवर्तन जोन-4 की जोनल अधिकारी संगीता राघव ने बताया कि सैरपुर के ग्राम-पलहरी में रमेश चन्द्र, मो. मिर्जा बेग व अन्य की ओर से लगभग 04 बीघा, राम मिलाप यादव की ओर से लगभग 04 बीघा व अगर सिंह यादव की ओर से लगभग 05 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था।

# सीबीए को सरोजनीनगर विधायक ने दी सौगात

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने गुरुवार को सेंट्रल बार एसोसिएशन, लखनऊ के पदाधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल से शिष्टाचार भेंट की। एसोसिएशन के अध्यक्ष अखिलेश जायसवाल के नेतृत्व में आए प्रतिनिधि मंडल ने अधिवक्ताओं की समस्याओं एवं आवश्यकताओं पर विधायक से चर्चा की।

- 2.5 लाख से बनेगी लाइब्रेरी

बैठक के दौरान डॉ. सिंह ने बार एसोसिएशन को लाइब्रेरी स्थापना के लिए 2.5 लाख रुपये की सहयोग राशि भेंट की। उन्होंने आश्वस्त किया कि एसोसिएशन की आवश्यकताओं के अनुरूप एयर कंडीशनर एवं कंप्यूटर उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही कचहरी परिसर के निकट वाहन पार्किंग की सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित कराने और प्रदेश के सभी अधिवक्ताओं को चिकित्सा लाभ उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से विशेष अनुरोध करने का भी आश्वासन दिया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बैठक की जानकारी देते हुए डॉ. सिंह ने लिखा कि, सरोजनीनगर का प्रतिनिधित्व करने के साथ-साथ अधिवक्ता परिवार का सदस्य होने के नाते, अधिवक्ताओं से उनका संबंध केवल औपचारिक नहीं, बल्कि आत्मीय और पारिवारिक है। इसलिए उनकी समस्याओं और अपेक्षाओं को गहराई से समझता हूँ। प्रतिनिधि मंडल में उपाध्यक्ष आशीष शुक्ला, महामंत्री अवनीश दीक्षित हनी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष सौरभ वर्मा एवं वरिष्ठ कार्यकारी सदस्य सहदेव सिंह उपस्थित रहे।

# गोमती नगर विस्तार में 28.72 करोड़ से सुधरेगी पेजयल व सीवर समस्या

## मेयर, वित्त मंत्री व विधायक ने 14 परियोजनाओं का किया शिलान्यास

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर निगम लखनऊ के जलकल विभाग द्वारा गुरुवार को गोमती नगर विस्तार, सेक्टर-4 स्थित ओएचटी परिसर, हेल्थ सिटी चौराहा पर भव्य शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला उपस्थित रहे। तीनों जनप्रतिनिधियों ने लखनऊ विकास प्राधिकरण से नगर निगम को हस्तांतरित गोमती नगर विस्तार की विभिन्न परियोजनाओं का विधिविधानपूर्वक पूजन कर शिलान्यास किया। इस अवसर पर पार्षद, अफसर व भाजपा नेता समेत बड़ी संख्या में गणमान्य उपस्थित रहे।

सुरेश कुमार खन्ना ने कहा राज्य सरकार का लक्ष्य है कि लखनऊ को आधुनिक और सुसज्जित नगर के रूप में विकसित किया जाए। इन परियोजनाओं से गोमती नगर विस्तार में जलापूर्ति तंत्र मजबूत होगा और नागरिकों को बुनियादी सुविधाएँ बेहतर रूप से मिलेंगी। सरकार और नगर निगम मिलकर हर क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित कर रहे हैं।

महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा गोमती नगर विस्तार शहर का महत्वपूर्ण और तेजी से विकसित होने वाला क्षेत्र है। यहां की जनता को स्वच्छ पेयजल और बेहतर सीवरेज व्यवस्था उपलब्ध कराना हमारी पहली प्राथमिकता है। इन 14 परियोजनाओं के पूरा होने से नागरिकों को जलापूर्ति और सीवरेज संबंधी परेशानियों से बड़ी राहत मिलेगी। नगर निगम सभी कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा कराएगा।

**इन 14 परियोजनाओं का हुआ शिलान्यास (लागत 28.72 करोड़) :** सेक्टर-1 अवर जलाशय परिसर में 660 किलोलीटर क्षमता के सीडब्ल्यूआर का निर्माण 410 लाख, सेक्टर-6 अवर जलाशय परिसर में 660 किलोलीटर क्षमता के सीडब्ल्यूआर का निर्माण 410 लाख, सेक्टर-4 जुराखनपुरवा/सीएमएस शहीद पथ स्थित अवर जलाशय परिसर में 660 किलोलीटर क्षमता का सीडब्ल्यूआर 410 लाख, सेक्टर-4 सीवरेज पम्पिंग स्टेशन के पास अवर जलाशय परिसर में 660 किलोलीटर क्षमता का सीडब्ल्यूआर 410 लाख, सेक्टर-5 रामकथा पार्क के पास अवर जलाशय परिसर में 660 किलोलीटर क्षमता का सीडब्ल्यूआर 410 लाख, हेल्थ सिटी विस्तार हॉस्पिटल के पास स्थित सीवरेज पम्पिंग स्टेशन का जीर्णोद्धार 326.38 लाख, सेक्टर-4 मखदूमपुर गांव पार्क में नया नलकूप 68.56 लाख, सेक्टर-4 सरस्वती अपार्टमेंट के पास नया नलकूप 68.56 लाख, सेक्टर-1 मखदूमपुर में नया नलकूप 68.56 लाख, सेक्टर-6 पीली कॉलोनी पार्क के पास नया नलकूप 68.56 लाख, सेक्टर-1 सुलभ आवास पम्प नं. 3 के पास नलकूप की रिबोरिंग 55.50 लाख, सेक्टर-4 जुराखनपुरवा ओएचटी के पास नलकूप की रिबोरिंग 55.50 लाख, सेक्टर-5/84 के पास नलकूप की रिबोरिंग 55.50 लाख, सेक्टर-6 ईदगाह के पास नलकूप की रिबोरिंग 55.50 लाख रुपये।

# ई ब्लॉक मार्केट में बनेगी सीमेंटेड सड़क

**लखनऊ।** गुरुवार को ई ब्लॉक मार्केट में पार्षद गौरी सवारिया व पूर्व पार्षद शिवपाल सवारिया ने तिवारी फास्ट फूड से एस-18 सिंह किचन तक नाला सुंदरीकरण व सीमेंटेड पॉकेट बनाने के कार्य का उद्घाटन किया जिसमे व्यापार मंडल के सभी पदाधिकारी व अध्यक्ष ऋषभ गुप्ता शामिल रहे। पूर्व पार्षद ने बताया काफी दिनों से मार्केट का यह पॉकेट जर्जर पड़ा हुआ था। व्यापार मंडल की मांग पर पार्षद गौरी सवारिया ने शिलान्यास किया। जल्दी ही ये कार्य पूरा हो जाएगा।

# इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी ने 29 टीबी मरीजों को बांटा पुष्टाहार

**लखनऊ।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी शाखा की ओर से गुरुवार को कैसरबाग स्थित कार्यालय में 29 क्षय रोग (टीबी) से पीड़ित मरीजों को पुष्टाहार की इस वर्ष की चौथी किट वितरित की गयी। सोसाइटी के चेयरमैन ओम प्रकाश पाठक ने इस अवसर पर मरीजों को पौष्टिक आहार के महत्व एवं नियमित दवा सेवन के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान सोसाइटी के सचिव अमरनाथ मिश्र ने मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया और उन्हें बीमारी से शीघ्र स्वस्थ होने के लिए उचित जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के सचिव रामानन्द कटियार उपस्थित रहे। उन्होंने मरीजों को प्रदेश की तरफ से मास्क उपलब्ध कराये। यह पहल समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने एवं टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से की गई। कार्यक्रम में मुख्यरूप से ओ पी पाठक, अमरनाथ मिश्र, रमानन्द कटियार, चारू मिश्र, ऋतुराज रस्तोगी, कृतिका माथुर, संजय जायसवाल, मजीद अली, नफीस, रजनीश शर्मा आदि उपस्थिति रहे।

# नेशनल पीजी कॉलेज में लगा ब्लड डोनेशन कैंप

**लखनऊ।** नेशनल पीजी कॉलेज में प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना, लायन इंटरनेशनल और रोवर रेंजर्स के द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया, जिसमें 38 छात्र-छात्राओं ने ब्लड डोनेशन किया तथा 57 छात्र-छात्राओं ने अपना पंजीकरण कराया। इस आयोजन में लायन मनोज रुहेला, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, लायन विशाल सिंह, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन, लायन रजत रस्तोगी अध्यक्ष, राजीव अग्रवाल जोन चेयर पर्सन, संदीप सचदेवा लायन शैलेंद्र, लायन स्टेला, एसके मुखर्जी तथा लायन के अन्य सदस्यों ने सहभागिता की।

# वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए बीकेटी में जमीन चिन्हित

**लखनऊ, विधि संवाददाता।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच की सख्त टिप्पणियों के बाद राजधानी में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए जमीन का चिन्हीकरण कर लिया गया है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा न्यायालय के समक्ष उपस्थित हुए, जिलाधिकारी विशाख जी ने बताया कि बख्शी का तालाब के नगवामऊ गांव में 4.597 हेक्टेयर की जमीन प्रस्तावित की गई है और चूंकि यह जमीन नगर निगम की सीमा से बाहर है इसलिए नगर निगम के एनओसी की भी कोई आवश्यकता नहीं है। इस पर न्यायालए ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 15 अक्टूबर की तिथि नियत की है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति मनीष कुमार की खंडपीठ ने उत्कर्ष सेवा संस्थान की ओर से दाखिल वर्ष 2016 की जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया। याची के अधिवक्ता मोतीलाल यादव ने बताया कि शहर के कई इलाकों में पीने के पानी की समस्या पर वर्तमान याचिका दाखिल की गई है। सुनवाई के दौरान न्यायालय को जल निगम के एमडी रमाकांत पांडेय ने बताया कि अब इस मामले में सेंट्रल वाटर कमीशन व सिंचाई विभाग को आवश्यक तकनीकी चीजें देखनी हैं। इस पर न्यायालय ने सेंट्रल वाटर कमीशन व मुख्य अभियंता, सिंचाई विभाग को पक्षकार बनाने का आदेश दिया। वहीं न्यायालय ने प्रमुख सचिव नगर विकास को भी पक्षकार बनाने का आदेश देते हुए, उनसे हलफनामा तलब किया है।

# बड़े टैक्स बकाएदारों की सम्पत्तियां सील

**लखनऊ।** नगर निगम ने शहर में हाउस टैक्स बकाए की वसूली के लिए बड़ी सम्पत्तियों पर सघन कर वसूली अभियान चलाया। अभियान के दौरान जोन-1 में कई बड़े भवनों पर कार्रवाई की गई। स्टेशनरी शॉप पांच सम्पत्तियों को बकाया कर न चुकाने पर सील कर दिया गया। इसी प्रकार जोन-2 क्षेत्र में भी कड़ी कार्रवाई की गई। यहां तीन संपत्तियों को सील किया गया। वहीं दो भवनों से 30,000-30,000 रुपये की वसूली की गई। इसी क्षेत्र में ओमप्रकाश से 85,000 रुपये की वसूली की गई। जोन-3 में शहनाई गेस्ट हाउस समेत बड़े बकाएदारों से वसूली की गई। नगर निगम के इस विशेष अभियान में तीनों जोनों से कुल तीन लाख 66 हजार रुपये की वसूली की गई। जिन भवन स्वामियों ने बार-बार नोटिस मिलने के बाद भी कर का भुगतान नहीं किया, उनकी संपत्तियों को सील कर दिया गया है।

# आईआईएम से नैमिष नगर के लिए बनेगी 24 मीटर चौड़ी कनेक्टिंग रोड

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण की नैमिष नगर योजना आईआईएम से 24 मीटर चौड़े मार्ग के जरिए कनेक्ट होगी। योजना के काम को गति देने के लिए सैरपुर व पलहरी गांव में 02 नये साइट ऑफिस बनेंगे। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने गुरूवार को स्थल निरीक्षण करके अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिये।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि नैमिष नगर योजना के लिए बीकेटी तहसील के 18 गांवों की लगभग 1084 हेक्टेयर भूमि ली जाएगी। इसमें ग्राम-भौली, लक्ष्मीपुर, पूरब गांव, पुरवा, सैरपुर, फरूखाबाद, कोड़री भौली, कमलाबाद, कमलापुर, पलहरी, गोपरामऊ, बारूमऊ, धतिंगरा, सैदापुर, पश्चिम गांव, धोबैला, उमरभारी व दुग्गौर शामिल हैं। योजना के लिए भूमि जुटाने को लेकर एलडीए की टीम लगातार क्षेत्र के किसानों के बीच जा रही है। जिसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं और अभी तक 65 से अधिक किसान सहमति पत्र जमा करा चुके हैं। गुरूवार को निरीक्षण के दौरान सैरपुर, पलहरी, उमरभारी, पुरवा आदि गांवों का मौका मुआयना किया गया। जिसमें योजना के काम में तेजी लाने के लिए 02 नये साइट ऑफिस बनाने के निर्देश दिये गये। उपाध्यक्ष ने बताया कि सीतापुर-रैथा रोड पर प्रस्तावित इस योजना की कनेक्टिविटी को और अधिक सुगम बनाने के लिए इसे आसपास के क्षेत्रों से कनेक्ट किया जाएगा। इस क्रम में आईएमएम की तरफ से नैमिष नगर योजना के लिए 24 मीटर चौड़ी कनेक्टिंग रोड बनायी जाएगी। जिसके लिए अधिकारियों व कंसल्टेंट को निर्देशित कर दिया गया है।

**अवैध प्लाटिंग पर तेज होगी कार्रवाई :** नैमिष नगर योजना के दायरे में आ रही सभी अवैध प्लाटिंग को उपाध्यक्ष ने जीआईएस तकनीक के माध्यम से चिन्हित कराया है। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने इन अवैध प्लाटिंग पर की जा रही कार्रवाई की भी समीक्षा की। इसमें पाया गया कि प्रवर्तन जोन-4 की टीम द्वारा मौके पर लगातार कार्रवाई की जा रही है, लेकिन स्टॉफ की कमी के चलते प्रवर्तन कार्य की प्रगति धीमी है। इस पर उपाध्यक्ष ने प्रवर्तन जोन-4 में 02 अन्य अवर अभियंताओं व सहयोगी स्टॉफ की तैनाती करने के निर्देश दिये।

**कपूरथला कॉम्पलेक्स का होगा कायाकल्प :** अलीगंज के सेक्टर-जी में लगभग 8,000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बने व्यावसायिक कॉम्पलेक्स को री-डिजाइन किया जाएगा। इस दो मंजिला कॉम्पलेक्स में कुल 08 ब्लॉक बने हैं और काफी पुराना निर्माण होने की वजह से भवन की हालत जर्जर है। इसी तरह लगभग 6,000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में निर्मित कपूरथला कॉम्पलेक्स को भी अपग्रेड किया जाएगा। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने गुरूवार को इन दोनों कॉम्पलेक्स का निरीक्षण करके कार्ययोजना पर काम शुरू कराने के निर्देश दिये।

# नये उद्योगों को मिलेगा प्रोत्साहन : विजय किरण

विशेष संवाददाता (vol)

- इन्वेस्ट यूपी के सहयोग से एमएसएमई की समस्याओं का होगा निवारण : आईआईए

**लखनऊ।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (एमएसएमई) का प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को इन्वेस्ट यूपी सीईओ विजय किरण आनंद से मिलकर एमएसएमई से जुड़े लंबित मामलों एवं शिकायतों पर विस्तृत रिपोर्ट के साथ अपना मत स्पष्ट किया। जिस पर सीईओ ने संज्ञान लेते हुए सम्बंधित टीम को प्रस्तुत समस्त मामलों एवं सुझावों को सूचीबद्ध कर जल्दी ही समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में सीईओ ने गोरखपुर विकास प्राधिकरण से सम्बंधित लंबित मामले, ओडीओपी के प्रोत्साहन, एमएसएमई डेवलपमेंट पार्क, टूरिज्म एवं बेयर हाउस सेक्टर में कार्य सरलता, निर्यात भण्डारण में अधिक मजबूती एवं वैश्विक व्यापार पुनर्गठन के सम्बन्ध में ओडीओपी उत्पादों के लिए बाजार तक पहुंच की सुविधा, इंसेंटिव भुगतान के लंबित मामलों में पालिसी अनुरूप आहर्ता में संशोधन, औद्योगिक निवेश और रोजगार प्रोत्साहन नीति 2017 के अंतर्गत स्टाम्प ड्यूटी के प्रतिपूर्ति भुगतान, चमड़ा एवं जूते उद्योग पालिसी 2025 के अतर्गत सूक्ष्म और लघु स्तर के उद्योगों को शामिल करने का सुझाव, चावल और रोलर आटा मिलों के लिए पूंजीगत सब्सिडी, खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए मंडी शुल्क छूट नीति में व्यावहारिक सुधार की आवश्यकता, ओपन एक्सेस कनेक्शन सीमा 100 किलोवाट करने सम्बन्धी प्रस्ताव गंभीरता से सुने। इसके साथ ही सीईओ से मुजफ्फर नगर में स्टील प्लांट के विस्तारीकरण में आवश्यक 132 किलोवाट की ट्रांसमिशन लाइन निर्माण में हो रहे अवरोध एवं उत्तर प्रदेश के गुड एवं खंडसारी उद्योग से जुडी इकाइयों की मंडी शुल्क समाधान योजना से सम्बंधित आवश्यक सूचना देते हुए आवश्यक सुझावों पर बातचीत भी हुई।

# यूपी में 43 जनपदों में रहा नदियों का प्रकोप, सरकार बनी ढाल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बढ़ते जलवायु परिवर्तन के इस दौर में नदियों का कोप बढ़ने लगा है। इस वर्ष उत्तर प्रदेश में मानसून के दौरान बरसात और नदियों के प्रकोप ने प्रदेश के 43 जिलों को प्रभावित किया। बावजूद इसके योगी सरकार अपनी जनता के लिए ढाल की तरह खड़ी रही। राहत आयुक्त कार्यालय से जारी आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष अबतक 116 तहसीलें, 2673 ग्राम और 123 वार्ड जलभराव से प्रभावित हुए हैं।

बाढ़ की चपेट में कुल 9,55,654 से अधिक लोग आए हैं। इस आपदा से निपटने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राहत और बचाव कार्य तेजी से संचालित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और अधिकारियों को लगातार निर्देशित कर रहे हैं। बीते दिन उन्होंने सभी प्रभारी मंत्रियों को आदेशित किया कि वे अपने-अपने जिलों में बाढ़ राहत कार्यों की कमान खुद संभालें। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि इस संकट की घड़ी में सरकार हर नागरिक के साथ खड़ी है। राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी के मुताबिक अब तक प्रदेश में 1796 बाढ़ चौकियां स्थापित की गईं हैं और 1273 मेडिकल टीमों का गठन किया गया है। 3579 नाव एवं मोटरबोट बचाव कार्य में लगाए गए।

- इस वर्ष 9.55 लाख जनसंख्या आई बाढ़ की चपेट में

वहीं, 1391 बाढ़ शरणालय बनाए गए जिनमें से 557 वर्तमान में संचालित हैं, जहां 79,958 लोग आश्रय लिए हुए हैं। अब तक 1,00,404 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है। सरकार ने प्रभावितों को राहत सामग्री उपलब्ध कराने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी है। अब तक 1,82,216 खाद्यान्न पैकेट और 10,30,534 लंच पैकेट वितरित किए जा चुके हैं। 774 मकान क्षतिग्रस्त हुए, जिनमें से 637 को सहायता राशि दी गई है, बाकियों को भी जल्द से जल्द सहायता राशि प्रदान करने की कवायद चल रही है।

पशुओं के लिए 14,740 क्विंटल भूसा, पीने के पानी की शुद्धता के लिए 92,020 क्लोरीन टैबलेट और स्वास्थ्य की दृष्टि से 3,58,555 ओआरएस पैकेट वितरित किए गए हैं।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में विषैले जीव-जंतुओं से बचाव के लिए एंटी स्नेक वैनम और एंटी रैबिज टीकों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध कराया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना है कि ह्यआपदा की इस घड़ी में सरकार हर पीड़ित के साथ खड़ी है और किसी को भी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

### इस वर्ष बाढ़ प्रभावित जिले

बलिया, बहराइच, बदायूं, चंदौली, फरुर्खाबाद, गोंडा, गाजीपुर, हरदोई, कानपुर नगर, कासगंज, लखीमपुर खीरी, मेरठ, मीरजापुर, मुजफ्फरनगर, प्रयागराज, शाहजहांपुर, उन्नाव, वाराणसी, मऊ, औरैया, अमरोहा, बस्ती, बांदा, बाराबंकी, कन्नौज, हापुड़, बिजनौर, संभल, संत कबीर नगर, गौतमबुद्ध नगर, गोरखपुर, मुरादाबाद, कानपुर देहात, फतेहपुर, अयोध्या, जालौन, आगरा, इटावा, चित्रकूट, हमीरपुर, भदोही, मथुरा और श्रावस्ती समेत 43 जिले शामिल रहे।

**आज तक की स्थिति :** फिलहाल प्रदेश में बाढ़ प्रभावित जिलों की संख्या घटकर 18 रह गई है, इनमें- बलिया, बहराइच, बदायूं, चंदौली, फरुर्खाबाद, गोंडा, गाजीपुर, हरदोई, कानपुर नगर, कासगंज, लखीमपुर खीरी, मेरठ, मीरजापुर, मुजफ्फरनगर, प्रयागराज, शाहजहांपुर, उन्नाव और वाराणसी शामिल हैं।

# खेल आत्मबल भी विकसित करते हैं : रजनी तिवारी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खुन खुन जी गर्ल्स पीजी कॉलेज मे कॉलेज, विज्ञान फाउंडेशन, सखी वन स्टॉप सेंटर, मिनिस्ट्री ऑफ वुमन एंड चाइल्ड डेवलपमेंट, जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल के संयुक्त तत्वावधान मे लखनऊ में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लखनऊ, प्रयागराज, चित्रकूट, अलीगढ़ और श्रावस्ती जिलों की बस्तियों से आई किशोरियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य किशोरियों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना, उनमें आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास करना था।

लखनऊ के अलग-अलग महाविद्यालयों प्रमुख कॉलेज खुन खुन जी गर्ल्स पीजी कॉलेज, अवध गर्ल्स पीजी कॉलेज, एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज, नगर निगम पीजी कॉलेज, यूनिटी कॉलेज और गुरु नानक गर्ल्स डिग्री कॉलेज ने अपनी-अपनी छात्राओं की टीम भेजकर आयोजन में सक्रिय भूमिका निभायी।

गुब्बारे उड़ाकर एवं दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का उद्घाटन उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने किया। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक रूप से हमें सशक्त बनाते हैं, बल्कि यह मानसिक दृढ़ता, अनुशासन और आत्मबल भी विकसित करते हैं। इस प्रकार के आयोजन किशोरियों को एक सकारात्मक मंच प्रदान करते हैं, जहां वे अपनी प्रतिभा को पहचान सकती हैं और आगे बढ़ने की प्रेरणा ले सकती हैं। राज्य सरकार हमेशा ऐसी पहलों को प्रोत्साहन देती रही है और देती रहेगी। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एससीपीसीआर) की पूर्व सदस्या सुचिता चतुर्वेदी ने भी उपस्थित होकर कार्यक्रम की सराहना की। खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान प्रथम दिन रेस, लांग जंप, कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट, कैरम जैसे खेलों में किशोरियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के पहले दिन के समापन अवसर पर खुन खुन जी गर्ल्स पीजी कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अंशु केडिया ने कहा, हमारे कॉलेज के परिसर में जो ऊर्जा, आत्मविश्वास और खुशी की लहर दौड़ी, वह अविस्मरणीय है। इस आयोजन ने यह सिद्ध किया कि हमारी बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। उन्होंने न केवल खेल में अपनी प्रतिभा दिखाई, बल्कि अनुशासन और सहयोग का भी उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर खेल कूद का एक लोगो क्रियान्यम का भी मंत्री द्वारा उद्घाटन किया गया।

# अब तक 95,815 कुत्तों की नसबंदी, नवंबर में होगा नया सर्वे

**लखनऊ।** लखनऊ नगर निगम की ओर से संचालित श्वानों की जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिल रही है। पीपुल फॉर एनिमल्स की सदस्य और एनिमल बर्थ कंट्रोल मॉनिटरिंग कमिटी की सदस्य गौरी मुलेखी ने नगर निगम के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि लखनऊ नगर निगम ने पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू कर अन्य नगर निगमों के लिए एक मिसाल कायम की है। उच्चतम न्यायालय ने भी अपने हालिया आदेश में लखनऊ नगर निगम के प्रयासों की विशेष रूप से सराहना की। न्यायालय ने कहा कि श्वानों की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण तथा मानव-श्वान संघर्ष में कमी लाने के लिए नगर निगम लखनऊ ने उल्लेखनीय कार्य किया है। बता दें कि लखनऊ नगर निगम ने ह्यूमन वर्ल्ड फॉर एनिमल्स संस्था के साथ मिलकर सितंबर 2019 से श्वान जनसंख्या नियंत्रण का कार्यक्रम शुरू किया था।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# साइबर फ्रॉड करने वाले दो शातिर ठग गिरफ्तार, कई दस्तावेज बरामद




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इंश्योरेंस पालिसी धारक को यूनिट वैल्यू से अधिक मेच्योरिटी एमाउंट दिलाने का झांसा देकर साइबर फ्राड करने वाले दो शातिर ठग को एसटीएफ की टीम ने धर दबोचा है। एक ठगी को लेकर साइबर थाना में एफआईआर दर्ज भी करायी गयी थी।

एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक विशाल विक्रम सिंह ने बताया कि डा लाल सिंह गंगवार वैज्ञानिक भारतीय गंन्ना अनुसंधान संस्थान, के साथ 14 मार्च 2025 से लगातार 24 मार्च 2025 तक फोन व व्हाटसएप पर वार्ता करने के मध्य उनको कूटरचित व फर्जी जीबीआई बांड पेपर भेजकर उनके लाइफ इंश्योरेंस में यूनिट वैल्यू से अधिक मैच्योरिटी एमाउंट दिलाने का प्रलोभन देकर ठगी किया। जिसको लेकर साइबर क्राइम थाना में एफआईआर दर्ज है। एसटीएफ की छानबीन में सटीक जानकारी मिलने पर टीम ने आफिस नंबर-440 चौथी मंजिल क्लाउड 9 वैशाली, गाजियाबाद से दो लोगों को धर दबोचा। पकड़े गए अभियुक्तों ने अपने नाम दीपक तिवारी पुत्र स्व गणेश तिवारी निवासी सी- 707 चार्मस कैसल सोसाइटी, राजनगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद और बादल वर्मा पुत्र दिनेश कुमार वर्मा निवासी 4/7 गली नंबर 07 दुर्गा इंक्लेव ओल्ड हैबतपुर चिपयाना, थाना बिसरख, गौतमबुद्धनगर बताया। जिनके कब्जे से सात मोबाइल फोन, लैपटॉप, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्टर व अन्य दस्तावेज बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्त दीपक तिवारी ने बताया कि पूर्व में वह 2012 से 2015 तक दा विजन लाइफ इंश्योरेंस ब्रोकर नोयडा में टैलीकालिंग का काम कर चुका है। 2016 से 2020 तक विभिन्न आफिसों में रेंट पर कम्प्युटर लगाने का काम करता था। कोविड के समय पर इस व्यापार में उसका घाटा हो गया। वर्ष 2022 में उसने राजनगर एक्सटेंशन में भैयाजी नाम से रेस्टोरेंट खोला, पर इस व्यापार में भी उसका घाटा हुआ और काफी लोन हो गया। दिसंबर 2024 में उसकी मुलाकात प्रेम चौधरी से हुई। प्रेम चौधरी ने बताया कि एक आफिस ले लो हम लोग इंश्योरेंस में साइबर फ्राड का काम करेंगें। इसके बाद दीपक तिवारी ने जनवरी 2025 में वैशाली गाजियाबाद में एक आफिस लिया। जहां पर करन शर्मा, बादल वर्मा, प्रेम चौधरी व दीपक तिवारी इंश्योरेंस में साइबर फ्राड का काम करने लगे।

**गूगल सर्च से सरकारी कर्मचारियों का डॉटा लेते:** यह लोग गूगल सर्च से सरकारी संस्थानों में पोस्ट लोगों का डेटा प्राप्त कर खुद को इंश्योरेंस कम्पनी का अधिकारी बताकर ठगी करते थे। ये उन्हें यूनिट वैल्यू से अधिक मैच्योरिटी रकम दिलाने का प्रलोभन देकर ठगी करने लगे। एजेंट कोड हटवाना के लिए फीस 20 हजार से 90 हजार तक लेते थे। यह बैंक खाते 20 प्रतिशत कमीशन पर करन शर्मा व प्रेम चौधरी द्वारा लिए जाते थे। जब कस्टमर द्वारा यह जमा कर दिया जाता था तो इन लोगों द्वारा अलग-अलग आईजीएमएस, एनपीसीआई व आरबीआई अधिकारियों के नाम के कूटरचित आईडी कार्ड व दस्तावेज भेजकर पालिसी सटेलमेंट चार्ज, एफीडेबिट चार्ज, सीआरएस लेटर चार्ज, सर्विस चार्ज आदि तरीके से साइबर फ्राड करते थे और ठगी से आये रुपए को आपस में बांट लेते थे।

## एटीएम से छेड़छाड़ कर ठगी करने वाले तीन को एसटीएफ ने पकड़ा

- लोगों के खातों से निकाल लेते थे भारी रकम
- यूपी, मध्य प्रदेश व अन्य राज्यों में दिये घटना को अंजाम

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** एटीएम बूथ के भीतर व बाहर व्यक्तियों को गुमराह कर एटीएम स्वैप करके उनके खाते से रुपए निकालने वाले अन्तर्राज्यीय गैंग के तीन सदस्यों को एसटीएफ की टीम ने धर दबोचा। जिनके कब्जे से 39एटीएम कार्ड व अन्य सामान बरामद किया गया।

एसटीएफ एसएसपी सुशील घुले ने बताया कि एटीएम बूथ मशीन में छेडछाड कर व कार्ड बदलकर लोगों को धोखा देकर उनके खाते से पैसे निकालने वाले गिरोहों के बारे में जानकारी मिल रही थी। जिसके बाद एसटीएफ की टीम ने मड़ियांव के आईआईएम रोड से तीन लोगों को धर दबोचा। पकड़े गए अभियुक्तों ने अपने नाम परवेज खान पुत्र उस्मान निवासी शकूहाबाद थाना लीलापुर प्रतापगढ़, साहिल पुत्र साईद अहमद निवासी नागापुर तिलोरी, थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ और मुक्तदीर पुत्र समीम निवासी चंघईपुर थाना देल्हूपुर प्रयागराज बताया। जिनके कब्जे से 39 एटीएम कार्ड, तीन मोबाइल फोन, 6510 रूपए की नगदी बरामद हुई। अभियुक्तों ने बताया कि हम लोगों का एक संगठित गिरोह है, जो यूपी, मध्य प्रदेश, मुंबई, हरियाणा, दिल्ली एनसीआर आदि राज्यों में दर्जनों घटना को अंजाम दिया है।

**कैश ट्रे में फेवीक्विक निकालते थे रूपये:** अभियुक्तों ने पूछताछ में खुलासा किया कि एटीएम बूथ के अंदर वायरिंग पत्ती को एटीएम के कैश ट्रे के बराबर काट लेते है तथा उसमें डबल साइड टेप में फेवीक्विक लगाकर चिपका देते है। उसके बाद यह लोग बूथ से दाहिने बायें हो जाते है। जब कोई व्यक्ति वहां पर पैसा निकालने के लिए आता है तो अपना एटीएम लगाता है तब पैसे निकलते तो है लेकिन पैसे कैश ट्रे में अंदर ही फस जाते है। व्यक्ति को यह लगता है कि मेरे पैसे एटीएम से नहीं निकले है और वह वहां से चला जाता है। उसके बाद यह लोग बूथ में जाकर कैश-ट्रे में उँगली डालकर पैसे निकल लेते है।

**एटीएम कार्ड बदलकर निकालते थे रकम:** अभियुक्तों ने कबूला कि लोगों को गुमराह कर, उनके एटीएम कार्ड बदलकर भी लोगों के खातों से पैसे निकल लेते है। एटीएम मशीन में एटीएम लगाने वाले स्थान पर फेवीक्विक डालकर पैसा निकालने आये व्यक्ति के एटीएम को उसमें चिपकवा देते है तथा चुपके से उसके द्वारा पासवर्ड डालते समय पासवर्ड को नोट कर लेते है जब व्यक्ति परेशान होकर चला जाता है तो प्लास की मदद से एटीएम निकलकर पैसे निकाल लेते है।

## लखनऊ के एयरपोर्ट से करोड़ों की ड्रग्स बरामद

**लखनऊ।** लखनऊ में चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से भारी मात्रा में ड्रग्स जब्त की गई है. राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने एक विशिष्ट सूचना के आधार पर ये कार्रवाई की. बताया जा रहा है कि दो यात्रियों के पास से ये ड्रग्स बरामद की गई है, जिसकी कीमत करोड़ों में आंकी गई है. दोनों यात्री बैंकॉक से ड्रग्स तस्करी करके लखनऊ लाए थे, इसी दौरान जब उनकी तलाशी ली गई तो उनके बैग से ड्रग्स बरामद हुई. जानकारी के मुताबिक . राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) को खूफिया जानकारी मिली थी कि बैंकॉक से लाई जा रही है. सूचना मिलने के बाद ऊक्के अधिकारियों ने उड़ान संख्या एयर इंडिया एक्सप्रेस क 105 से बैंकॉक से लखनऊ आए दो यात्रियों को चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रोक लिया और उनके सामान की तलाशी ली गई. इस दौरान यात्रियों के बैग से भारी मात्रा में ड्रग्स बरामद हुई। पूछताछ के दौरान दोनों यात्रियों ने अपने चेक-इन सामान में भारी मात्रा में बैंकॉक से तस्करी करके लाई गई हाइड्रोपोनिक वीड (गांजा) होने की बात कबूल की. दोनों यात्रियों के सामान की तलाशी ली गई, जिसके परिणामस्वरूप 23.935 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक वीड (गांजा) बरामद हुआ. बरामद 23.935 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक वीड (गांजा) का अवैध बाजार मूल्य लगभग 24 करोड़ रुपए है। हाइड्रोपोनिक वीड (गांजा) को एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों के तहत जब्त कर लिया गया और दोनों यात्रियों को एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## गर्लफ्रेंड से विवाद के बाद बीटेक छात्र ने फांसी लगाकर दे दी जान



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** दुबग्गा में गोरखपुर से एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटेक करने आये छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। उसका शव कमरे में लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि छात्र का अपनी गर्लफ्रेंड से झगड़ा हुआ था। दोनों एक ही घर में किराए पर रहते थे। दोनों अलग-अलग कमरों में रहते थे। झगड़े के बाद छात्र ने अपने कमरे में फांसी लगा ली।

मूलरूप से गोरखपुर के पीपीगंज गांव का रहने वाला रजनीश सिंह दुबग्गा स्थित एमसी सक्सेना इंजीनियरिंग कॉलेज में बीटेक द्वितीय वर्ष का छात्र था। वह यहां बालागंज निवासी श्रीकृष्ण पटेल के मकान में किराये पर रहता था। बताया जा रहा है कि रजनीश ने मंगलवार को ही हॉस्टल छोड़ा था और बालागंज निवासी श्रीकृष्ण पटेल के घर में किराए पर कमरा लिया था। साथ में उसकी गर्लफ्रेंड भी थी। उसकी गर्लफ्रेंड कंचन उसी के गांव की है और दोनों एक ही कॉलेज में पढ़ते हैं। दोनों किराए पर रहने आए तो मकान-मालिक ने उन्हें अलग-अलग कमरों में रहने के लिए कहा। दोनों साथ रहना चाहते थे। इसी बात पर दोनों के बीच झगड़ा हो गया। झगड़े के बाद रजनीश ने बुधवार को कमरे में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। उसकी गर्लफ्रेंड कमरे में पहुंची तो उसकी चीख निकल गई और वो बेहोश होकर गिर गई। वहां पहुंचे अन्य छात्र रजनीश को एक प्राइवेट अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रजनीश के परिवार और पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में पुलिस ने छात्रों के बयान दर्ज कर लिए हैं। परिवार के आने पर शव सौंप दिया गया। मामले में जांच जारी है।

## मासूम बालिका की सर्प दंश से मौत

**लखनऊ।** माल में बुधवार को विकास खंड के बहिर गांव निवासी रिंकू रावत की दस वर्षीय बेटी को सर्प ने काट लिया था। परिवारीजन बेटी की झाड़ फूंक कराते रहे। जिससे बेटी की आकस्मिक मौत हो गयी। माल के बहिर गांव में बुधवार दोपहर बाद लगभग तीन बजे रिंकू की दस वर्षीय बेटी माही घर के पास खेल रही थी। जहां पास में केरेड लगे थे, जिसमें से सर्प निकल कर काट लिया। घर वाले बेटी को झाड़ फूंक कराने ले गये। जहां निराशा हाथ लगी। फिर दूसरी जगह ले गए लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। अंत में बेटी ने देर रात दम तोड़ दिया। जिसके बाद लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया।

## मासूम हत्याकांड में करीबी के शामिल होने का शक

- आधा दर्जन संदिग्धों से पूछताछ में जुटी पुलिस
- पीएम के बाद हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** गुडम्बा में मासूम वीरू की दम घुटने से पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद पुलिस ने हत्या की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर लिया है। प्रकरण के खुलासे में स्थानीय पुलिस के अलावा तीन अलग टीमों को लगाया गया है। वहीं पुलिस आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

सादामऊ गांव के बबलू रावत के बेटे वीरू के मौत के मामले में उसकी मां से पुलिस ने अकेले में बातचीत की। जहां गांव के ही सुनील से किसी बात को लेकर विवाद होने की बात कही। जिस पर पुलिस ने गांव के ही सुशील के अलावा आधा दर्जन संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पुलिस की टीमें हत्या के पीछे कुकर्म को लेकर भी जांच कर रही है, लिहाजा स्लाइड परीक्षण के लिया भेजा गया है। सूत्रों की मानें तो आशंका है कि कहीं वीरू ने कुछ ऐसा देख लिया, जिससे किसी की बदनामी हो सकती थी। संभावतः लाज बचाने के लिए इस मासूम की मार डाला। हत्या की घटना छुपाने के लिए उसे तालाब में फेंक दिया गया। ताकि लोगों को लगे कि वीरू की डूबने से मौत हुई है। वहीं पुलिस अफसरों की मानें तो घटना में किसी करीबी के शामिल होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। जिसको लेकर पुलिस की टीमें छानबीन कर रही है। उम्मीद है जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जायेगा। उल्लेखनीय है कि गुडम्बा के सादामऊ गांव के रहने वाले बबलू रावत लकड़ी की ठेकेदारी करता है। उसका आठ वर्षीय बेटा वीरू मंगलवार की देर शाम से लापता था। बुधवार को उसका शव गांव के बाहर तालाब में मिला। उसके माथे, दाढ़ी व मुंह पर चोट के निशान थे। जिससे प्रतीत हो रहा था कि हत्या करने के बाद शव को फेंका गया था।

## बंद मकानों की रैकी कर चोरी की घटना को देते थे अंजाम

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** विभिन्न राज्यों से राजधानी में मजदूरी करने आने वाले कुछ लोग शहर में चोरी की घटना करते थे। दिन में मैकेनिक व अन्य कार्य कर बंद मकानों की रैकी करके चोरी की घटना को अंजाम देते। ऐसे ही गैंग के चार सदस्यों को एक नाबालिग समेत पांच लोगों को मडियांव पुलिस ने गिरफ्तार कर चोरी की कई घटना का खुलासा किया है। जिनके पास से भारी मात्रा में सफेद व पीली धातु के आभूपण व 4000 रूपए बरामद किये है।

मडियांव पुलिस को यह कामयाबी नौबस्ता मोड़ के पास से मिली है। जहां पुलिस ने घेराबंदी करके एक नाबालिग समेत पांच लोगों को घर दबोचा। पकड़े गए अभियुक्तों ने अपने नाम मड़ियांव के अलीनगर गौसिया निवासी असगर पुत्र मोहम्मद कासिम, अलीनगर निवासी अदनान, गौसिया मस्जिद निवासी गुलाम अहमद राज उर्फ अफरीदी और रिजवान अहमद पुत्र मुश्ताक बताया। इनके साथ एक 15 वर्षीय नाबालिग किशोर को भी गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से भारी मात्रा में ज्वैलरी, नगदी और अन्य सामान बरामद हुआ। प्रभारी निरीक्षक का कहना कि ये लोग बिहार व अन्य राज्यों से शहर में आकर मैकेनिक, टाइल्स लगाने व अन्य कार्य करते है। दिन में बंद मकानों की रैकी करके चोरी की घटना को अंजाम देते थे। इन लोगों ने विभिन्न क्षेत्रों में हुई कई चोरी की धटना का खुलासा किया है। जिनके बारे में जानकारी की जा रही है।

**सोने की चार जोड़ी बाली लेकर युवक फरार:** पुराने लखनऊ में ज्वैलरी शोरूम में चोरी या फिर कारीगारों द्वारा ज्वैलरी लेकर भागने का मामला थम नहीं रहा है। ठाकुरगंज में एक ज्वैलरी शॉप में ग्राहक बनकर आया एक युवक चार जोड़ी बाली लेकर भाग खड़ा हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की मदद से संदिग्ध की तलाश में जुटी है।

ठाकुरगंज के नेवाजगंज में मनोज कुमार का मनोज ज्वैलर्स के नाम से शोरूम है। मामला बुधवार की देर शाम का बताया जा रहा है। मनोज अपनी शॉप पर बैठा था। तभी एक युवक आया और सोने की बाली मांगी। जिस पर मनोज ने सोने की कई बाली ट्रे में रखकर सामने रख दी। तभी मौका मिलते ही युवक चार जोड़ी बाली लेकर भाग खड़ा हुआ। यह देख मनोज काउंटर से कूद कर बाहर आया और शोर मचाते हुए पीछे-पीछे भागा लेकिन वह गलियों से होते हुए भाग खड़ा हुआ। युवक के भाग जाने के बाद वह वापस दुकान पर लौटा और मनोज ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे से संदिग्ध के फुटेज लेकर छानबीन में जुटी है। इस मामले में तहरीर मिलने पर एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जायेगा।

## अंग्रेजी शराब शॉप में चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के खुजौली में चार दिन पहले अग्रेंजी शराब की दुकान में हुयी चोरी की घटना का खुलासा करते हुये पुलिस ने तीन शातिर चोरो को गिरफ्तार किया। पुलिस ने चोरों के पास से 57,950 रुपए की नगदी समेत घटना में प्रयुक्त लोहे का राड व हथौड़ी बरामद की।

एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के खुजौली में अग्रेंजी/बियर की कम्पोजिट शराब की दुकान में 24-25 अगस्त की मध्यरात्रि चोरो ने शटर तोड़कर गल्ले में रखी नगदी चुरा ले गये थे। दुकान मालिक राधा अवस्थी निवासी परेहटा थाना गोसाईगंज की तहरीर पर अज्ञात चोरों पर मुकदमा दर्ज कर घटना के अनावरण के लिये टीम को लगाया गया था। पुलिस टीम ने घटना वाले रूट पर लगे सौ से अधिक सीसीटीवी कैमरो की फुटेज खगांलने के साथ ही टेक्निकल साक्ष्यों की मदद से गुरूवार को तीन संदिग्ध को घेराबंदी कर हिरासत में लिया। पकड़े गए लोगों ने अपना नाम मुकेश, ललित रावत, मोहित निवासीगण शिवढरा थाना मोहनलालगंज बताया। मुकेश ने बताया शराब की दुकान में चोरी की घटना को अजांम देने से पहले उसने अपने साथी के साथ कई दिनो तक दुकान पर शराब लेने के बहाने जाकर रैकी की थी।

जिसके बाद उसने अपने साथियों ललित व मोहित के साथ 24 अगस्त की देर रात पैदल खेतों के रास्ते शराब की दुकान पर आकर शटर तोड़कर चोरी की घटना को अजांम दिया। जिसके बाद वह खेतो के रास्ते ही भाग निकले थे। इंस्पेक्टर ने बताया कि तीनों चोरों की निशानदेही पर शराब की दुकान से चोरी 57,950 रुपए की नगदी समेत घटना में प्रयुक्त लोहे की राड व हथौड़ी बरामद किया गया।

**सूचना**
मैंने अपना नाम मासूम बेग से बदल कर मासूम बैग रख लिया है भविष्य में मुझे मासूम बैग के नाम से जाना जाये। **मासूम बैग पुत्र मकसूम बैग 154 हरी गंज कालपी जालौन यूपी 285204**

**सूचना**
मैंने अपना नाम आयशा से बदलकर आयशा बेगम रख लिया है भविष्य में मुझे आयशा बेगम के नाम से जाना जाये। **आयशा बेगम पत्नी मासूम बेग 154 हरगंज कालपी जालौन यूपी 285204**

**सूचना**
सूचित करना है मेरे ड्राइविंग लाइसेन्स संख्या-यू.पी. 4120040031976 में मेरा नाम जमाल पुत्र अकबर दर्ज है। जोकि गलत है। सही नाम जमाल अहमद पुत्र अकबर अली है। जमाल अहमद पुत्र अकबर अली निवासी-ग्राम टांडा, पोस्ट व थाना मोहम्मदपुर खाला, बाराबंकी।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का नाम भूमिका सिंह जन्म प्रमाण पत्र में अंकित है। प्रार्थी अपनी पुत्री का नाम भूमिका सिंह से स्वर्णा सिंह परिवर्तित करना चाहता है। अब से मेरी पुत्री का अब सही नाम स्वर्णा सिंह है व इसी नाम से जानी पहचानी जाए। सत्येंद्र सिंह पुत्र रामशरण चौधरी निवासी वार्ड नंबर एक मोहल्ला दक्षिण चमरहिया बछरावां रायबरेली पिन कोड 229301

## प्लॉट दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

- बिहार समेत कई राज्यों के लोगों से की थी ठगी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मोहनलालगंज व गोसाईगंज क्षेत्र में प्लाटिंग के नाम पर सेना के जवानों व रिटायर्ड सैनिकों समेत भोले-भाले लोगों को जाल में फंसाकर करोड़ों की ठगी की गयी। जिस पर मोहनलालगंज पुलिस ने ठगी करने वाली एचके इंफ्राविजन प्लाटिंग कंपनी के प्रतिनिधि को गिरफ्तार कर लिया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि पीड़ित अभिषेक सिंह निवासी भुलौली जिला सीवान, बिहार समेत अन्य दर्जनों लोगों ने मुकदमा दर्ज कराया था। पीड़िता का आरोप था कि एचके इंफ्राविजम लाटिंग कंपनी का खुद को प्रतिनिधि बताकर ओमकार नाथ पांडे निवासी राजागांव खरौनी थाना बांसडीह जनपद बलिया फंसाकर विभिन्न साइड पर प्लाट दिलवाता था। जिसमें वह खुद रजिस्टी में गवाह भी बनता था। विवेचना के दौरान प्रतिनिधि ओमकार नाथ पांडे की संलिप्ता पाने जाने पर एसएसआई यशवंत सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी को बलिया स्थित गांव से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को गुरूवार को न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## शहर भर में अतिक्रमण हटाओ चला अभियान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने को लेकर गुरूवार को विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान मुख्य मार्गो, चौराहों व सड़कों के किनारे हुए अतिक्रमण को हटाने का अभियान चलाया गया। इस दौरान भारी पुलिस बल के साथ डीसीपी भी टीम के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में निकले।

शहर भर में अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत गुरूवार की दोपहर हजरतगंज पुलिस ने एसीपी के नेतृत्व में अशोक मार्ग, हजरतगंज चौराहा, नरही बाजार व अन्य स्थानों से अतिक्रमण हटाया गया। इसके अलावा थाना मदेयगंज में पुलिस बल ने खदरा चुंगी व पक्का पुल से डालीगंज के बीच अतिक्रमण हटाया गया। वहीं उत्तरी इलाके में पुलिस टीम ने नगर निगम टीम के साथ अतिभयान चलाते हुए नौबस्ता मोड़ से मोहबिल्ला रोड तक अतिक्रमण हटाया गया जबकि माल पुलिस ने थाना क्षेत्र से इटौंजा मार्ग तक अतिक्रमण हटवाया। इसके अलावा पीजीआई पुलिस ने शनि मंदिर व साउथ सिटी, गोसाईगंज पुलिस ने कस्बा गोसाईगंज, सरोजिनीनगर पुलिस ने अमौसी मेट्रो स्टेशन के आसपास, नादरगंज, मोहनलालगंज पुलिस ने बाबूखेड़ा रोड, कृष्णानगर पुलिस ने फिनिक्स मॉल और निगोंहा पुलिस ने कस्बा इलाके से अतिक्रमण हटवाया। वहीं पुलिस ने अफसरों ने गुरूवार को चलाये गए अभियान में समझाबुझा कर लोगों को हटाया लेकिन यह भी चेतावनी दी कि यदि दोबारा अतिक्रमण किया तो जुर्माना के साथ एफआईआर भी की जायेगी।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **19.09.2025** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 09302025 दिनांक 27.08.2025 |
| 2 | निविदा संख्या | 16/ Sr.DEN-I/LKO/2025-26 |
| 3 | कार्य का नाम : लखनऊः सहायक मण्डल इंजीनियर/मुख्यालय/लखनऊ के अधीन वरि० खण्ड अभियन्ता/कार्य/चारबाग/लखनऊ के खण्ड में चारबाग रेलवे स्टेशन पर लखनऊ में नए रेलवे दावा न्यायाधिकरण (आरसीटी) की स्थापना के लिए बुनियादी ढांचे का प्रावधान। | |
| 4 | अनुमानित लागत | रु० 2,75,91,915.97 |
| 5 | धरोहर राशि | रु० 2,88,000.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह |
| 7 | निविदा डालने की प्रारंभ तिथि | 05.09.2025 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 19.09.2025 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट :- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। 2609/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


गणेश उत्सव के पूजा पंडाल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार


बप्पा के दरबार में मुख्य अतिथि को सम्मानित करते पदाधिकारी


गणेश उत्सव में सजी मनमोहक झांकी

फोटो–समीर भटनागर

# बप्पा को चढ़ाया 51 किलो का गजरा, भजन सुन भक्त हुए भाव विभोर

## गणेश उत्सव के दूसरे दिन गणपति भगवान की विधि-विधान से हुई पूजा-अर्चना व श्रृंगार, पंडालों में देर शाम तक बही भजनों की बयार





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भक्तों के जीवन से करते हैं दुखों का नाश, अपनी कृपा से पूर्ण करेंगे हम सबके काम... इन भावनाओं के साथ गजानन के पंडालों में गुरुवार को भक्तों की भीड़ उमड़ी। मंगलकर्ता के उत्सव में चार चांद लगाने के लिए राजधानी के पंड़ालों में दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों, भजन संध्या, नृत्यनाटिका, मनमोहक झांकियों संग जवाबी कीर्तन का आयोजन किया गया। पंडालों में सुबह प्रभु का श्रृंगार कर महाआरती की गई वहीं सूरज ढलते ही लाइटों से जगमगाते पंड़ालों की आभा सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दोगुनी हो गई। सबके अराध्य और प्रथम पूजनीय प्रभु को खुश करने के लिए कहीं भक्तों ने उन्हें लड्डुओं का भोग लगाया तो कहीं बप्पा का श्रृंगार किया गया। दानपात्र में भक्तों ने अपनी मनोकामना की चिठ्ठी भी प्रभु के नाम लिखी। पूजा पंडालों में सुबह से ही भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। हर कोई विघ्नहार्ता से अपनी सुख समृद्धि की कामना कर रहा था। वहीं रंगबिरंगी लाइटों से जगमगाते पंड़ालों की आभा सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दोगुनी हो गई। सबके अराध्य और प्रथम पूजनीय प्रभु को खुश करने के लिए कहीं भक्तों ने उन्हें मोतीचूर के लड्डुओं का भोग लगाया तो कहीं बप्पा को गजरा चढाया।

### गिरिजा के लाल रखियो मेरी लाज रे..

**लखनऊ।** श्री गणेश प्राकट्य कमेटी की ओर से झूलेलाल वाटिका में चल रहे 20वें श्री गणेश महोत्सव के दूसरे दिन गुरूवार को अयोध्या वाराणसी के आचार्यों द्वारा मंत्रों के साथ मंगलमूर्ति की पूजा अर्चना की गई। शाम को आयोजित सांस्कृतिक संध्या में कोलकाता के भजन गायक संजय शर्मा ने श्री गणेश के चरणों में भजनों की श्रंखला पेश की। संजय ने भजन गिरिजा के लाल रखियो मेरी लाज रे.... उसके बाद पग पग पर जिसने मुझे संभाला कोई और नहीं मनोतियो के राजा..., बाद में बिन पानी के नाव खेल रहा है वह नसीबों से ज्यादा दे रहा है..., सुनाया। उसके बाद नृत्य नाटिका का मंचन किया गया। कमेटी के संरक्षक भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि आज कमेटी द्वारा बप्पा को 51 किलो का फूलों से तैयार किया गया गजरा चढाया गया। उस दौरान संजय शर्मा ने गणपति बप्पा ने आज पहरावा का गजरा..., भजन सुनाया। इसी क्रम मे उन्होंने हो गजरौ लाया जी बप्पा जी थारो गजरो लाया जी थारो जी... उस समय कमेटी के घनश्यामदास अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, शरद अग्रवाल, योगेश बंसल, अखिलेश बंसल, पार्षद रंजीत सिंह, महिलाओं में संध्या बंसल, अंजू गुप्ता, उषा अग्रवाल, कविता अग्रवाल, रुक्मणी अग्रवाल, अंशु बंसल, वीमी बंसल, नेहा बंसल, नीरजा सिंह, अनुराधा गोयल आदि लोग झूमने लगे। संरक्षक भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि 29 अगस्त दिन शुक्रवार को सिंदूरा अभिषेक मध्यान्ह 12:00 बजे होगा। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम में बीकानेर से प्रसिद्ध भजन गायक प्रवेश शर्मा का भजन संध्या का कार्यक्रम शाम 7 बजे होगा। भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि मनौतियों के राजा के दरबार में रोजाना सुबह 10 बजे से शाम 6:00 तक मनौतियों के राजा श्री गजानन के नाम चिट्ठी लिखी जाती हैं। इसमें कोई भी भक्त चिट्ठी लिख सकता है।

**विधि-विधान से हुई मंगलमूर्ति की पूजा:** श्री गणेश प्राकट्य कमेटी की ओर से झूलेलाल वाटिका मे चल रहे श्री गणेश महोत्सव मे गुरुवार को दिन में मंत्रों के साथ मंगलमूर्ति की पूजा अर्चना की गई। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम कोलकाता के संजय शर्मा और लखनऊ के सिद्धू महाराज के निर्देशन में हुये। भजन की शुरुआत संजय शर्मा ने गणपति का दरबार प्यारा लगता है..., सुनाया तो बप्पा के जयकारे गूंज उठे। भजन के अगले क्रम में जब उन्होंने सेठों की गुलामी तेरी नींद उड़ा देगी, गणपति की गुलामी तेरे काम बना देगी, सुनाया तो पंडाल में उपस्थित लोग घूमने लगे। इसी क्रम मे उन्होंने एक और भजन महामंत्र गणपति का जपने से आते हैं गणराज, इसको जपने से बन जाते हैं सारे काज सुनाया।

**नृत्य नाटिका का मंचन:** सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य नाटिकाका मंचन किया गया। इस नृत्य नाटिका में राम और हनुमान के का वर्णन है। दिखाया कि हनुमान जी के हृदय में प्रभु राम किस तरह बसते हैं उनके अंग में राम नाम ही समाया है। बाद में सिद्धू महाराज के निर्देशन में नृत्य कार्यक्रम हुआ। नृत्य निर्देशन श्रीमती अनुपमा श्रीवास्तव भातखण्डे गुरु वासन्ती सुबहह्मणियम और लक्ष्मीश्रीवास्त के निर्देशन में किया। अनुपमा जी के निर्देशन में उनके शिष्य गणेश वन्दना, शिव ताण्डव, चामुण्डा और हनुमान चालीसा की प्रस्तुति दी। कलाकार भानवी श्रीवास्तव, (कथक) समृद्धि श्रीवास्तव, स्वर्णिमा, वशिंका, आरोही, अलका, अनामिका, संचयिता, मीमांसा, श्रुती, आरध्या सिंह मंच पर थी।

**बप्पा को लिखें चिट्ठी, पूरी होगी मनोकामना:** गणेश चतुर्थी पर्व की शुरूआत हो गई है। विघ्नहर्ता गणेश देवा की स्थापना सभी घरों में हो चुकी है। अपने बप्पा को लोग अपने-अपने घर लेकर आ चुके हैं। इसी बीच उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में झूलेलाल वाटिका का गणेश उत्सव लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। वजह यह है कि यहां पर एक बॉक्स लगाया गया है। इस बक्से के पास पत्र रखे हुए हैं, जिसमें 108 बार गणपति का मंत्र लिखने के बाद उसके नीचे भक्त अपनी मनोकामना लिखकर उसे बॉक्स में डाल सकते हैं। यह पत्र पूरी तरह से फ्री है। भक्तों की मनोकामना के इस पत्र को अंतिम दिन गणेश भगवान के साथ ही विसर्जित कर दिया जाता है। चिट्ठी, पेन और बॉक्स सब कुछ कमेटी की ओर से पंडाल में रखा गया है।

**अक्षरधाम मंदिर की तर्ज पर की गई स्थापना:** दरअसल झूलेलाल वाटिका में अक्षरधाम मंदिर की तर्ज पर ही मूर्ति की स्थापित की गई है। खास बात यह है कि यहां पर गौरी पुत्र गणेश को मनौतियों के राजा का नाम दिया गया है। यानी जो सभी की मनोकामना को पूर्ण करते हैं। इस बार झूलेलाल वाटिका में श्री गणेश प्राकट्य कमेटी की ओर से भक्तों के लिए बड़ी संख्या में चिट्ठियां रखी गई हैं। कमेटी के संरक्षक भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि इस बार गणपति बप्पा का जो पंडाल बनाया गया है इसे साउथ इंडियन का टच दिया गया है। इसके अलावा मंदिर का पूरा पंडाल वाटरप्रूफ है। बप्पा की मूर्ति 8 फीट की है। एक महल का रूप इस पूरे पंडाल को दिया गया है। उन्होंने बताया कि पहले भी यहां पत्र रखे जाते थे और लोग प्रतिदिन 5000 पत्र उनके नाम लिखते थे, इसलिए इस बार पूरा बॉक्स लगा दिया गया है, जिसमें पत्र लिखकर लोग डाल देंगे और सभी पत्रों को विसर्जित अंतिम दिन कर दिया जाएगा।

**भजन संध्या का आयोजन:** लाटूश रोड स्थित शिवाजी मार्ग पर ऑस्कर योग साईं कृपा केंद्र सेवा संस्थान की ओर से गणेश पूजन में श्रृंगार आरती के साथ रिंकी बाजपेई, सुषमा ने पूजा अर्चना की। उसके बाद सहस्त्रनाम पाठ विश्व कल्याण हेतु के बाद कुमुदिनी तिवारी, पूजा सिंह, सावित्री आदि ने गणेश अभिषेक किया। शाम की महाआरती के बाद भजन संध्या का आयोजन किया गया। तुलसी का पौधा और बालकों को कर्तव्य की पुस्तक भेंट की गई।

**भजन गाये और मंगल आरती की:** राजधानी के श्रृंगार नगर में श्री गणेशोत्सव के दूसरे दिन बप्पा की विधि-विधान पूजा अर्चना की गयी। संस्था के संयोजक और अध्यक्ष ने बताया कि देर शाम सुंदरकांड पाठ में लोग मंत्रमुग्ध हो गए। आलमबाग स्थित त्रिमूर्ति हनुमान मंदिर में भगवान गणेश जी की पूजा अर्चना पुरोहित राजमणि मिश्रा ने की। महिला मंडल ने भजन गाए और मंगल आरती की। नगर निगम जोन पांच आलमबाग दफ्तर में गणेश जी विराजमान हुए। दूसरे दिन जोनल अधिकारी सुजीत श्रीवास्तव ने मंगल आरती की। पूजा.अर्चना के बाद शीश नवाकर आशीर्वाद मांगा। डालीगंज के राजीव गांधी नगर में गणेश प्रतिमा स्थापना के बाद पवन तलवार ने बताया कि पूजन के बाद से भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया जा रहा है।

**मेले में जमकर हुई मस्ती:** मेले मे महिला एवं बच्चों के लिए विशेष प्रकार के झूले लगाए गए हैं। इसके अलावा फूड जोन, किड्स जोन, गेम जोन, शापिंग जोन, लाइव प्रोग्राम नृत्य नाटिका एवं भजन, सिंगर सेलेब्रिटी मुख्य आकर्षण है। महामंत्री सतीश अग्रवाल ने बताया कि श्रंगार एवं आरती प्रतिदिन प्रातः 10 बजे एवं सायं 6:00 बजे होगी। इसमें सभी श्रद्धालु भाग ले सकते हैं। इसके अलावा प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे एवं 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक तक मनौतियों के राजा के दर्शन होंगे। विगत वर्षो की भांति इस बार भी मनोतियों के राजा श्री गजानन के नाम चिट्ठी प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 6:00 बजे तक श्रद्धालु लिख सकते हैं।



## अलीगंज के राजा को लगाया गया 56 भोग





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गुलाब वाटिका अपार्टमेंट' नेहरू बाल वाटिका पार्क के पास, अलीगंज में चल रहे गणेश पूजा पंडाल में तीर्थराज प्रयाग से पधारे झांकी कलाकार जितेन्द्र बजरंगी ने जब हनुमान जी का सिंदूरी स्वरूप धारण करके पांडाल में प्रवेश किया तो उपस्थित श्रद्धालुओं के मन में साक्षात हनुमान जी का दर्शन करने की अनुभूति हुई और वे भावविभोर होकर श्री राम धुन में झूमने और नाचने लगे।

कुछ याद करो अपना पवनसुत वो बालपन, झूम झूम नाचे देखो वीर हनुमाना एवं बजाए जा तू प्यारे हनुमान चुटकी इत्यादि सुप्रसिद्ध भजनों पर जब जितेन्द्र बजरंगी ने अपनी प्रस्तुति देनी शुरू की तो उपस्थित श्रद्धालुओं की भीड़ ने भी उत्साहित होकर झुमना और नाचना शुरू कर दिया। पूरा माहौल भक्तिमय और आनंदमय हो गया। झांकी से पहले 105 भक्तों ने 56 भोग गणपति को भेंट किया।

इस मौके पर संरक्षक राज कुमार सिंघल, महेश अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, मनोज मिश्रा, अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, महामंत्री शरद तिवारी मौजूद रहे। मीडिया प्रभारी मनीष गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार को प्रातः 9:00 बजे श्रृंगार, पूजन और अभिषेक का कार्यक्रम होगा। शाम 7 बजे से भजन संध्या होगी और भक्तों द्वारा बप्पा को गजरा भेंट किया जाएगा।

**गोदी में उठा लो मेरी मां गजानन छोटे हैं...:** ओ गौरा के लाल गजानन आ जाना..., गौरा तेरा लाला बड़ा प्यारा लगे..., जैसे भजनों से माहौल भक्तिमय हो गया। मौका था पल्टन छावनी सेक्टर - ए सीतापुर रोड योजना कालोनी में चल रहे सात दिवसीय पांचवें श्रीगणेश उत्सव के दूसरे दिन गुरुवार शाम आयोजित भजन कीर्तन का। बप्पा के दरबार में महिलाओं ने गोदी में उठा लो मेरी मां गजानन छोटे हैं..., मेरे बन जाएं बिगड़े काम, गजानन चले आना..., आओ तो सुनाएं हाल अपना, हम कैसे गुजारा करते हैं..., पकड़ लो हाथ जगदम्बे... सहित अन्य भजनों को प्रस्तुत किया। इस मौके पर किरण पाल, कीर्ति, सुंदरी, सुधा, शालू पाल, पूजा, संगीता, रेखा, कृष्णावती, गीता, शिखा, मीरा सहित काफी संख्या में भक्त मौजूद थे।

# नैतिकता और लालच की एक दिलचस्प कहानी 'ऑरेंज जूस'

## संगीत नाटक अकादमी में नाटक का मंचन



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नाटक ऑरेंज जूस मृत्यु के बाद चिकित्सा अनुसंधान, शिक्षा या प्रत्यारोपण के लिए अपने शरीर या उसके अंगों का दान करने को प्रोत्साहित करता। यह निस्वार्थ कार्य संभावित रूप से जीवन बचा सकता है और जरूरतमंद लोगों को अंग या ऊतक प्रदान करके दूसरों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार कर सकता है।

नाटक पूरी तरह मनोरंजन से भरपूर है। नाटक का उद्देश्य मनोरंजन के साथ-साथ देह दान जैसे महान कार्य के लिए लोगों को प्रोत्साहित करना है।

नाटक ऑरेंज जूस नैतिकता और लालच की एक दिलचस्प कहानी है। एक संपन्न राणावत परिवार के मुखिया की दोनों किडनी खराब हो जाती है और वह डायलिसिस पर है, डॉक्टर उन्हें किडनी ट्रांसप्लांट के लिए कहते है, जब टेस्ट कराने की बात आती है तो सभी कुछ न कुछ बहाने देनें लगते है, बड़े बेटे की किडनी मैच कर जाती है तो वह घबराकर घर से भाग जाता है, फिर एक डोनर की तलाश की जाती है। एजेंट के माध्यम से मिले डोनर प्रवीण में उम्मीद की किरण दिखाई देती है, जो एक बेसहारा ग्रामीण है और मदद के लिए तैयार है। लेकिन जैसे-जैसे प्रवीण उनके परिवार की दुनिया को समझता जाता है, उसके नखरे बढ़ते जाते है और वह अपनी डिमांड पे डिमांड रखता जाता है। उसकी डिमांड के चलते जिस घर में कभी लहसुन प्याज तक नहीं आया होता है उस घर की रसोई में चिकन तक बनाया जाता है।

धीरे-धीरे उसके इरादे बदलते जाते हैं, जिससे विश्वास, चाहत और धोखे का एक रहस्यमयी खुलासा होता है। हद तो तब पार होती है जब उसकी नियत घर की बड़ी बहु मंजरी पर बिगड़ जाती है और घर के मुखिया की जान बचाने के लिए राणावत परिवार मंजरी को उसके लिए विवश करते है। ऑरेंज जूस मानव स्वभाव की जटिलताओं और हमारे फैसलों के अप्रत्याशित परिणामों की गहराई से पड़ताल करता है और अन्त में नाटक देह दान जैसे पवित्र और महान काम को प्रोत्साहित करता हुआ समाप्त होता है। नाटक में अहम भूमिका शीलू मलिक, जूही कुमारी, पूजा सिंह, गिरिराज किशोर, अभिषेक सिंह, प्रणव श्रीवास्तव, चंद्रभाष सिंह और अभय प्रताप सिंह ने निभायी।

# आज जारी होगा बीएनए में भर्तियों के साक्षात्कार का परिणाम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भारतेंदु नाट्य अकादमी (बीएनए) में चार पदों के लिए बीते शुक्रवार को हुए 21 अभ्यर्थियों के साक्षात्कार का परिणाम अब 29 अगस्त को जारी होगा। परिणाम आने की तिथि दो बार बदली जा चुकी है। अरसे बाद बीएनए में रंगमंडल में खाली चार सीटों के लिए कलाकारों से तीन अलग-अलग श्रेणियों में आवेदन मांगे गए थे। कुल 23 आवेदन आए, लेकिन साक्षात्कार देने 21 अभ्यर्थी ही पहुंचे। बीएनए के निदेशक बिपिन कुमार ने बताया कि पहले उसी दिन परिणाम घोषित करने की तैयारी थी, लेकिन बाद में किन्हीं कारणों से इसकी तारीख 25 अगस्त कर दी गई। नालंदा विश्वविद्यालय के साथ बीएनए के एमओयू के कारण बिपिन नालंदा चले गए। वह बुधवार को लौटे हैं। उम्मीद जताई कि 29 तक चयनितों के नामों की घोषणा कर दी जाएगी। मालूम हो कि अ श्रेणी के लिए दो कलाकारों की नियुक्ति होनी है। इसके लिए 14 आवेदन मिले थे। स श्रेणी के एक पद के लिए आठ आवेदन मिले थे। अप्रेंटिस के लिए अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के लिए एक पद आरक्षित है।

# नाथ मत का केन्द्र योग और तप है जबकि गुरमति ने सेवा को अपनाया है

- उ.प्र.पंजाबी अकादमी ने आयोजित की गुरमति और नाथ मत के तुलनात्मक विश्लेषण विषयक संगोष्ठी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी की ओर से ₹गुरमति और नाथ मत तुलनात्मक विश्लेषण विषयक एक संगोष्ठी का आयोजन गुरुवार 28 अगस्त को अशोक मार्ग स्थित इन्दिरा भवन परिसर में किया गया। संगोष्ठी में संदेश दिया गया कि नाथ मत मुख्यतः योग और तपस्या की ओर उन्मुख रहा, वहीं गुरमति ने भक्ति, सेवा और समता के आदर्शों को अपनाया। संगोष्ठी के समापन पर अकादमी निदेशक ओम प्रकाश सिंह ने संगोष्ठी में उपस्थित विद्वानों को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया।

संगोष्ठी में वरिष्ठ पंजाबी विद्वान दविन्दर पाल सिंह बग्गा ने कहा कि नाथ संप्रदाय का विकास भारत की प्राचीन योग परम्पराओं से जुड़ा है जबकि गुरमति विचारधारा गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं पर आधारित एक सामाजिक-धार्मिक आंदोलन बनकर उभरी। नाथ मत मुख्यतः योग और तपस्या की ओर उन्मुख रहा, वहीं गुरमति ने भक्ति, सेवा और समता के आदर्शों को अपनाया। नाथ मत आत्म साक्षात्कार के लिए हठयोग और कुण्डलिनी जागरण को मार्ग मानता है, जबकि गुरमति में नाम सिमरन और गुरु की वाणी को आत्मा की मुक्ति का साधन बताया गया है।

वरिष्ठ पंजाबी विद्वान नरेन्द्र सिंह मोंगा ने कहा कि 15वीं शताब्दी में उदित गुरुनानक का 'गुरुमत' 9वीं शताब्दी में सृजित नाथमत के उत्तरोत्तर विकास का ही परिणाम था। तमाम समानताओं के बावजूद दोनों में भिन्नताएं भी विद्यमान थीं। नाथ मत एक आत्म केंद्रित त्यागमय, शरीर-साधना का मार्ग था। इसका लक्ष्य अपनी चेतना को संसार से अलग करके व्यक्तिगत मुक्ति प्राप्त करना है। इसके विपरीत गुरमति एक प्रभु-केंद्रित, गृहस्थ मार्गी, सेवा और सिमरन का पंथ है। इसका लक्ष्य अपने सभी के भले के लिए संसार में सक्रिय रहते हुए अहंकार को मिटाकर गुरु की कृपा से, उस सर्व-व्यापी, कृपालु कर्ता पुरुष में विलीन होना है।

नवयुग कन्या महाविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष मेजर मनमीत कौर सोढी ने कहा कि गुरमत्ति गुरु नानक देव जी से आरंभ हुआ, जिसका मूल उद्देश्य ईश्वर की भक्ति, मानवता की सेवा, समानता और नैतिक आचरण पर आधारित समाज का निर्माण करना है, गुरमति में स्वीकार किया गया है कि सच्चा योग संसार से भागना नहीं बल्कि प्रभु स्मरण करते हुए धर्मपूर्ण जीवन जीना है। नाथ मत मध्यकालीन भारत की एक महत्वपूर्ण साधन परंपरा है जिसकी नींव गोरखनाथ जी ने रखी थी। इसमें परम तत्व को योग और ध्यान से अनुभव करने की बात कही गई है।

वरिष्ठ विदुषी डॉ.रश्मि शील ने गुरमति की सामाजिक चेतना के संदर्भ में कहा कि गुरु नानक देव जी ने जातिवाद, ऊंच-नीच और धार्मिक आडम्बर का विरोध किया, वहीं नाथ योगी सामाजिक व्यवस्था से अलग रहकर साधना करते रहे। कार्यक्रम में अरविन्द नारायण मिश्र मीना सिंह, महेन्द्र प्रताप वर्मा, रवि यादव, अंजू सिंह उपस्थित रहीं।

# ब्लॉक दिये जाने के कारण नियंत्रित होकर चलेंगी कई ट्रेनें




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मण्डल पर स्थित पिलखुआ-डासना स्टेशनों के मध्य ऑटोमेटिक सिगनलिंग के कमीशनिंग हेतु ब्लाक दिये जाने के कारण गाड़ियों का पुनर्निर्धारण एवं नियंत्रण किया जायेगा।

पुनर्निर्धारण के तहत आनन्द विहार टर्मिनस से 16 सितम्बर को चलने वाली 12558 आनन्द विहार टर्मिनस-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस आनन्द विहार टर्मिनस से 75 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी। काठगोदाम से 16 सितम्बर को चलने वाली 15036 काठगोदाम-दिल्ली एक्सप्रेस काठगोदाम से 150 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी। रामनगर से 16 सितम्बर को चलने वाली 25036 रामनगर-मुरादाबाद एक्सप्रेस रामनगर से 150 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी। आनन्द विहार टर्मिनस से 16 सितम्बर को चलने वाली 12584 आनन्द विहार टर्मिनस-लखनऊ जं0 एक्सप्रेस आनन्द विहार टर्मिनस से 90 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी।

नियंत्रण के तहत काठगोदाम से 12 सितम्बर को चलने वाली 15036 काठगोदाम-दिल्ली एक्सप्रेस मार्ग में 45 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। डिब्रूगढ़ से 10 सितम्बर को चलने वाली 15909 डिब्रूगढ़-लालगढ़ एक्सप्रेस मार्ग में 45 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी।
डिब्रूगढ़ से 14 सितम्बर को चलने वाली 15909 डिब्रूगढ़-लालगढ़ एक्सप्रेस मार्ग में 150 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी।

**बदले मार्ग से चलेंगी कई ट्रेन:** रेलवे प्रशासन द्वारा उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल के गाजियाबाद-टुण्डला रेल खण्ड पर स्थित गाजियाबाद-चिपियाना बुजुर्ग स्टेशनों के मध्य पुल संख्या-228 ए पर इंजीनियरिंग कार्य हेतु ब्लाक दिये जाने के कारण गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन निम्नवत किया जायेगा। आनन्द विहार टर्मिनस से 22 नवम्बर को चलने वाली 05306 आनन्द विहार टर्मिनस-छपरा विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग गाजियाबाद-हापुड़-खुर्जा के रास्ते चलाई जायेगी। कटिहार से 20 नवम्बर को चलने वाली 15707 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग खुर्जा-मेरठ सिटी-सहारनपुर-अम्बाला के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव गाजियाबाद-दिल्ली शाहदरा-दिल्ली-सोनीपत-पानीपत-करनाल-कुरूक्षेत्र स्टेशनों पर नही रहेगा। दरभंगा से 21 नवम्बर को चलने वाली 02569 दरभंगा-नई दिल्ली विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग बाराबंकी-लखनऊ-मुरादाबाद-गाजियाबाद के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव, ऐशबाग एवं कानपुर सेण्ट्रल स्टेशनों पर नही रहेगा।

## सांसद प्रतिनिथियों ने एनईआर की बैठक में डीआरएम को दिये अनेक सुझाव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबन्धक गौरव अग्रवाल की अध्यक्षता में आज प्रातः 11:30 बजे मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय में मण्डल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई। उपरोक्त बैठक में रेल मंत्रालय (विशेष हित), चैम्बर ऑफ कॉमर्स बस्ती, इण्डियन एसोसिएशन ऑफ पर्सन्स विथ डिसएबिल्टीज के प्रतिनिधियों तथा लखनऊ मंडल सेवित क्षेत्र के माननीय संसद सदस्यों द्वारा नामित प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिसमें किशन कुमार लोधी प्रतिनिधि राजनाथ सिंह केन्द्रीय रक्षा मंत्री भारत सरकार, अशोक कुमार वर्मा प्रतिनिधि उत्कर्ष वर्मा मधुर सांसद (लोकसभा) लखीमपुर खीरी, अवनीन्द्र कुमार दीक्षित प्रतिनिधि आनन्द भदौरिया सांसद (लोकसभा) धौरहरा, अवधेश कुमार श्रीवास्तव (रेल मंत्रालय विशेष हित), रमेश कुमार अवस्थी (रेल मंत्रालय विशेष हित), मृदुराम गोयल प्रतिनिधि इण्डियन एसोसिएशन ऑफ पर्सन्स विथ डिसएबिल्टीज एवं आशीष कुमार तिवारी (रेल मंत्रालय विशेष हित), मनोज कुमार यादव प्रतिनिधि चैरिटेबल ट्रस्ट बस्ती आदि सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक आशुतोष गुप्ता ने सभी सदस्यों का स्वागत एवं परिचय कराया। मण्डल रेल प्रबन्धक गौरव अग्रवाल ने अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि आपके साथ होने वाली बैठक रेल प्रशासन के लिए यात्री सुविधा के अन्तर्गत अत्यंत उपयोगी है। मण्डल में यात्री सुविधाओं एवं स्टेशनों के विकास का कार्य अधिकांशतः पूर्ण हो चुका है एवं विभिन्न स्तरों पर कार्य चल भी रहा है जिसका सीधा फायदा रेल यात्रियों, उपभोक्ताओं एवं व्यापारियों को होगा। मैं आपको विश्वास दिलाता हूॅ कि आपके महत्वपूर्ण सुझावों पर रेल प्रशासन गम्भीरता से विचार करेगा।

इसके पश्चात वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक आशुतोष गुप्ता ने मण्डल के यात्री सुविधा के कार्यो एवं उपलब्धियों को सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया। इसके उपरांत माननीय सदस्यों ने अपने सुझाव रखे। जिसमें किशन कुमार लोधी प्रतिनिधि राजनाथ सिंह केन्द्रीय रक्षा मंत्री भारत सरकार ने लखनऊ जं0 एवं ऐशबाग जं0 स्टेशन प्लेटफार्मो पर शेड का विस्तार कराने का सुझाव प्रदान किया। अशोक कुमार वर्मा प्रतिनिधि उत्कर्ष वर्मा मधुर सांसद (लोकसभा) लखीमपुर ने लखनऊ-मैलानी होते हुए दिल्ली, हरिद्वार, आगरा तथा पंजाब राज्य के स्टेशनों के लिए यात्री टेज्न चलाने, ओयल और रजागंज हाल्ट को क्रासिंग स्टेशन बनाने का सुझाव दिया। अवनीन्द्र कुमार दीक्षित प्रतिनिधि आनन्द भदौरिया सांसद (लोकसभा) धौरहरा ने लखनऊ से शाहजहॉपुर तक (वाया नेरी, सीतापुर) एक्सप्रेस टेज्न चलाने का सुझाव प्र्दान किया। अवधेश कुमार श्रीवास्तव (रेल मंत्रालय विशेष हित) ने बढ़नी-गोरखपुर के मध्य चलने वाली सवारी गाड़ियों में बदलाव, गोरखपुर से नौतनवा तथा बढ़नी के लिए दैनिक यात्रियों के द्दष्टिगत प्रातः नई गाड़ी चलाने के लिए एवं कृषक एक्सप्रेस का मार्ग विस्तार लालकुंआ तक किये जाने का सुझाव प्रदान किया। रमेश कुमार अवस्थी (रेल मंत्रालय विशेष हित) ने बादशाहनगर रेलवे चिकित्सालय में उन्नत कैंटीन की सुविधा, अवैध वैण्डरों पर कानूनी कार्यवाही करने का सुझाव दिया। आशीष कुमार तिवारी (रेल मंत्रालय विशेष हित) ने यात्रा के दौरान ट्रेनों एवं स्टेशनों पर बिकने वाले भोजन एवं पेय पदार्थो की गुणवत्ता में सुधार और यात्री फीडबैक के लिए क्यूआर कोड आधारित प्रणाली को विकसित किये जाने का सुझाव दिया। मनोज कुमार यादव प्रतिनिधि चैरिटेबल ट्रस्ट बस्ती ने गोरखपुर-पनवेल एक्सप्रेस टेज्न को सप्ताह में एक दिन वाया बस्ती, गोण्डा चलाये जाने तथा अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत बस्ती में किये जा रहे विकास कार्यो को जल्द कराये जाने का सुझाव दिया। मृदुराम गोयल प्रतिनिधि गोयल इण्डियन एसोसिएशन ऑफ पर्सन्स विथ डिसएबिल्टीज ने स्टेशनों पर दिव्यांग जनो के अनुरूप यात्री सुविधाओं को और बेहतर करने का सुझाव दिया। मण्डल रेल प्रबन्धक महोदय ने सभी सदस्यों के सुझावों को गम्भीरतापूर्वक सुना एवं उनके निष्पादन का आश्वासन दिया। उन्होंने सभी सदस्यों को बैठक में उपस्थित होने के लिये धन्यवाद देते हुए कहा कि आशा करता हॅू कि आप अपने बहुमूल्य सुझावों से हमें अवगत कराते रहेगें तथा रेल उपयोगकताओं की समस्याओं के निवारण में अपना पूर्ण सहयोग देते रहेगें। इस अवसर पर अपर मण्डल रेल प्रबन्धक (इंफ्रा) भुवनेश सिंह, अपर मण्डल रेल प्रबन्धक (परिचालन) रजनीश गुप्ता एवं शाखाधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे ।

## दशलक्षण पर्व के प्रथम दिन उत्तम क्षमा की हुई पूजा




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जैन धर्म का दशलक्षण पर्व गुरुवार से जैन मन्दिरों मे शुरू हुआ। पहले दिन उत्तम क्षमा धर्म की पूजा हुई। इन्दिरा नगर जैन मन्दिर मे सर्वप्रथम भगवान का अभिषेक करने का सौभाग्य संचित जैन को प्राप्त हुआ। विश्व शांति की कामना से भगवान की शांतिधारा करने का सौभाग्य आकाश जैन, अभिषेक जैन ने प्राप्त किया। दशलक्षण पर्व के शुभारंभ पर एक मंगल कलश भी स्थापित किया गया जो कि 10 दिनों तक चलने वाले इस अनुष्ठान में मंत्रों द्वारा अभिमंत्रित किया जाएगा एवं विधान के उपरांत आशी जैन सिद्धार्थ जैन के निवास पर स्थापित किया जाएगा। मध्यप्रदेश से पधारी ब्रह्मचारिणी रूबी दीदी द्वारा भगवान की भक्ति एवं आराधना की गई एवं उत्तम क्षमा धर्म के विषय में प्रवचन सुनाया। उन्होंने कहा कि क्षमा विरास्य भूषणम , क्षमा वीरों का आभूषण है । बलवान व्यक्ति ही क्षमा कर सकता है कायर नहीं । जैन समाज के महामंत्री अभिषेक जैन ने बताया कि आज से बहुत से भक्तों के 10 दिनों का निर्जल उपवास कुछ के 5 दिन अथवा 3 दिनों के भी उपवास प्रारंभ हुए हैं । सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला में भगवान की आरती भक्ति एवं 60 सेकेंड शो का भी आयोजन किया गए । इस अवसर पर पवन जैन अरविंद मनोज ऋषभ अनुरोध आयुष भारत दिव्य सहित अनेकों लोग उपस्थित हुए ।

## दादी-नानी की कहानी सुन बच्चों ने लिया संकल्प

- बहादुरी से करेंगे हर मुश्किल का सामना
- स्टोरीमैन जीतेश ने सुनाई राजू ठठेरा की कहानी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** बच्चों को नैतिक शिक्षा देने के उद्देश्य से लोक सस्कृति शोध संस्थान की श्रृंखला दादी-नानी की कहानी के 72वें आयोजन में स्टोरीमैन जीतेश श्रीवास्तव ने राजू ठठेरा की कहानी सुनाई। गुरुवार को राजकीय हाईस्कूल मस्तेमऊ के यूथ एवं इको क्लब में कहानी के माध्यम से बच्चों में स्वयं की क्षमता पहचानने, बुद्धिमता, मेहनत और लगन से कठिनाईयों पर विजय पाने जैसे प्रेरणात्मक सन्देश दिये गये। बच्चों ने कहानी सुनकर बोधात्मक प्रश्नों के उत्तर भी दिये

कार्यक्रम की शुरूआत में बच्चों से उच्चारण अभ्यास कराया गया। कहानी का मूल पात्र राजू ठठेरा बर्तन बनाने व उनकी मरम्मत का काम करता था। अपनी लगन और मेहनत से धन अर्जित करने तथा डकैतों के चंगुल में फंसने पर उन्हें अपनी चतुराई से परास्त कर पकड़वाने का काम करते हुए राजू ने परेशानियों पर विजय पाई। कहानी शुरू होने के पहले राजकीय हाईस्कूल मस्तेमऊ की प्रधानाचार्य डॉ. कुसुम वर्मा ने कथा प्रस्तोता जीतेश श्रीवास्तव, लोक संस्कृति शोध संस्थान की सचिव डॉ. सुधा द्विवेदी, संरक्षक राजनारायण वर्मा एवं डॉ. एस.के. गोपाल का स्वागत किया। आयोजन में विद्यालय के बच्चों के साथ ही अध्यापकगण सर्वश्री अशोक यादव, सुनीता सिंह, सपना सिंह, अर्चना, माया देवी एवं लिपिक शिवम कश्यम आदि मौजूद रहे।

## वोटर अधिकार यात्रा से होगा बिहार में सत्ता परिवर्तन : लोकदल



**लखनऊ।** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा कि राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा बिहार की धरती पर जनजागरण का कार्य कर रही है। इस यात्रा से जनता में नई ऊर्जा और बदलाव की लहर उठी है। बिहार में लंबे समय से जनता महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी से त्रस्त है, अब जनता बदलाव चाहती है। उन्होंने कहा कि बिहार में सत्ता परिवर्तन निश्चित है और नीतिश सरकार का जाना तय है। जनता लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा और संविधान की मूल भावना को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन के साथ खड़ी है। लोकदल अध्यक्ष ने भरोसा जताया कि आने वाले चुनाव में बिहार की जनता गठबंधन को भारी समर्थन देकर नई राजनीति और नए बिहार की नींव रखेगी। सुनील सिंह ने कहा कि राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा ने बिहार की राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी है। जनता अब बदलाव चाहती है, महंगाई-भ्रष्टाचार और बेरोजगारी से परेशान बिहारवासी नीतिश सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार हैं। सुनील सिंह ने साफ कहा कि नीतिश सरकार का जाना तय है, सत्ता परिवर्तन अब अटल है।

## पीएचडी कराने का अधिकार न मिलने पर लुआक्टा का धरना




**लखनऊ।** लविवि संबद्ध महाविद्यालय शिक्षक संघ (लुआक्टा) ने गुरुवार को महाविद्यालयों से पीएचडी अधिकार छीने जाने का आरोप लगाते हुए विरोधस्वरूप लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर की सरस्वती वाटिका पर धरना दिया। साथ ही विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा यूजीसी रेगुलेशन, 2022 के नाम पर मनमाने तरीके से महाविद्यालय के शिक्षकों को शोध अधिकार से वंचित किये जाने के साजिश का आरोप लगाया। यह प्रदर्शन चार घंटे तक चला।

लुआक्टा के अध्यक्ष डॉ. मनोज पांडेय का कहना है कि लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक स्तर के शिक्षकों के शोध निर्देशक बनाये जाने का अधिकार राज्य सरकार द्वारा दिया गया है और बड़े होशियारी से विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा पीजी शिक्षकों का भी अधिकार हेड ऑफ डिपार्टमेंट की कमेटी की संस्तुति के आधार पर दिये जाने का नियम बना, जिसे पिछले दरवाजे से छिनने का भी प्रयास किया गया। शिक्षकों को शोध निर्देशक न बनाये जाने संबंधित तीन बार वार्ता हुई लेकिन सभी वार्ता में विश्वविद्यालय ने अपनी हठधर्मिता जारी रखी। लुआक्टा द्वारा अकादमिक कौंसिल के दिन भी भारी बारिश के बीच धरना दिया था।

लुआक्टा कार्यकारणी के निर्णय के अनुसार गुरुवार को धरना दिया गया। साथ ही राजभवन मार्च भी प्रस्तावित था किंतु राजभवन द्वारा लुआक्टा प्रतिनिधि मण्डल को वार्ता के लिए आमंत्रित किया गया एवं राजभवन द्वारा इस विषय पर वार्ता किया। वार्ता मे विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि के रूप में कुलसचिव लखनऊ विश्वविद्यालय, डीन आकादमिक प्रो गीतांजलि मिश्रा, प्रो पंकज माथुर एवं विश्वविद्यालय के विधिक सलाहकार प्रो आनंद विश्वकर्मा उपस्थित रहे। लुआक्टा द्वारा विश्वविद्यालय की मनमानी से राजभवन को अवगत कराया गया। यह भी बताया गया कि यह रेगुलेशन अभी तक राज्य सरकार द्वारा अंगीकृत नहीं किया गया है और यूजीसी की संस्तुतिया आदेशात्मक नहीं होती, ये केवल सुझाव होती है तथा जब तक राज्य सरकार द्वारा अंगीकृत नही किया जाता है, तब तक विश्वविद्यालय को इसे लागू करने का अधिकार भी नही है।

साथ ही बताया गया कि वर्तमान कुलपति अल्पकालिक है और इन्हें नीतिविषयक निर्णय लेने का अधिकार नही है, जिसे राजभवन द्वारा स्वीकार किया गया। वार्ता में राजभवन द्वारा अवगत कराया गया कि यह संशोधन किसी एक विश्वविद्यालय का नही है और राजभवन द्वारा इस विषय पर राज्य सरकार को पत्र लिखने पर सहमति बनी और राजभवन द्वारा यह आश्वासन दिया गया कि यदि लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा अध्यादेश पारित कर राजभवन को प्रेषित किया जाता है तो ऐसे मंजूरी नही दी जायेगी, जबतक राज्य सरकार द्वारा इसे स्वीकार नहीं किया जाता है।

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**17वां (वि./यां.) वृत्त, लो.नि.वि., लखनऊ**

**पत्रांक : 2127/7 (1) CBW-17E/M/2025** **दिनांक : 26/08/2025**

**जेम कस्टम बिड ई-निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल, उ.प्र. की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु आईटम दर के आधार पर ऑनलाइन जेम कस्टम बिड ई-निविदा GEM Custom Bid ID No- GEM / 2025 / B / 6508462 Dt. 26-08-2025 के माध्यम से दो बिड पद्धति के अंतर्गत दिनांक 30/08/2025 से दिनांक 10/09/2025 दोपहर 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 10/09/2025 अपरान्ह 12.30 बजे ऑनलाइन जेम पोर्टल पर खोली जायेंगी। कार्यालय बंद होने अथवा छुट्टी होने की दशा में तकनीकी बिड अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है-

| सं. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लगत (रु. लाख में) | धरोहर धनराशि (रु. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र मूल्य (रु.) | निविदा की पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | राजभवन परिसर के विद्युत अधिष्ठापनों के विद्युत आपूर्ति हेतु स्थापित विद्युत एल.टी. पैनल का वार्षिक कॉम्प्रेहेंसिव अनुरक्षण का कार्य। (सामग्री सहित) | 5.19+ 18% G.S.T. | 25950.00 | 365 Days | शून्य | लो.नि.वि. में 'ए' श्रेणी में विद्युत कार्यों हेतु पंजीकृत ठेकेदार |

शासनादेश संख्या-1/2018/3070/78-2-2018/42आई.टी./2017 (22), दिनांक 03/01/2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरांत निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानो के अनुरूप कार्यवाही की जायेंगी।

निविदा से सम्बंधित नियम/शर्तें तथा विवरण वेबसाइट https://gem.gov.in पर उपलब्ध है।

**(पारितोष सिंह)**
**कार्य अधीक्षक**
**अ. वि. नि.ई. (वि./ यां.) लो.नि.वि., लखनऊ**

**(आर. एम. श्रीवास्तव)**
**अधीक्षण अभियंता**
**17वां (वि./यां.) वृत्त लो.नि.वि., लखनऊ**

**UPID-237300 Date: 28.08.25 Website : www.upgov.nic.in**

## लविवि में दीक्षारंभ ने बीएससी नवागंतुकों को दी नयी प्रेरणा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के तत्वावधान में स्नातक बीएससी प्रथम सेमेस्टर के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए वार्षिक ओरिएंटेशन कार्यक्रम दीक्षारंभ का आयोजन गुरुवार को मालवीय हाल में हुआ। यह कार्यक्रम कुलपति प्रो. मनुका खन्ना के संरक्षण में संपन्न हुआ, जिसका आयोजन विज्ञान संकाय की अधिष्ठाता प्रो. शीला मिश्रा ने किया तथा कार्यक्रम संयोजक के रूप में प्रो. एनके पांडे ने भूमिका निभाई।

सीबीएमआर, लखनऊ के निदेशक डॉ. आलोक धवन मुख्य अतिथि एवं सीएसआईआर-एनबीआरआई, लखनऊ के निदेशक डॉ. अजीत कुमार शशनी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। छात्रों का स्वागत करते हुए अधिष्ठाता प्रो. शीला मिश्रा ने कहा कि ओरिएंटेशन केवल औपचारिकता नहीं बल्कि एक पवित्र अवसर है, जो विद्यार्थियों को अंधकार से प्रकाश की ओर–अज्ञान से ज्ञान की ओर ले जाने वाली दीपशिखा है। उन्होंने तकनीक और सोशल मीडिया के इस युग में शिक्षा की चुनौतियों पर चर्चा करते हुए कहा आज ध्यान ही नई मुद्रा है और हर कोई उसे पाने की कोशिश कर रहा है। स्वामी विवेकानंद का उद्धरण देते हुए उन्होंने कहा जिस कार्य को तुम पूरी एकाग्रता से कर रहे हो, उसमें सफलता निश्चित है। मुख्य अतिथि डॉ. आलोक धवन ने अपने प्रेरक संबोधन में विद्यार्थियों को जिज्ञासा, रचनात्मकता और नवाचार को अपने शैक्षिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. अजीत कुमार शशनी ने अपने प्रेरक वक्तव्य में भारतीय शास्त्रों और जीवन से जुड़ी कहानियों के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

विज्ञान संकाय के सभी विभागाध्यक्षों ने अपने-अपने विभागों का परिचय दिया और विभाग की सुविधाओं, गौरवशाली परंपराओं एवं अवसरों की जानकारी साझा की। कार्यक्रम को विद्यार्थियों ने बेहद सफल और प्रेरणादायी बताया। नवप्रवेशी छात्रों ने संकाय के प्रयासों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम ने न केवल उन्हें विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक और सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों से परिचित कराया, बल्कि उनमें जिज्ञासा, एकाग्रता, नवाचार, नैतिकता और जिम्मेदारी जैसे जीवन मूल्यों का संचार भी किया–जो उन्हें भविष्य का वैज्ञानिक और राष्ट्र का नेतृत्वकर्ता बनाने की दिशा में सहायक सिद्ध होंगे।

## सरकार दृढ़संकल्पित है हर युवा को मिले रोजगार : अवनीश अवस्थी

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** हर युवा को रोजगार मिले, सरकार द्वारा सरकारी गैर सरकारी संस्थानों में रोजगार के अवसर सृजित किये जा रहे है। इसी क्रम में लखनऊ स्थित इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में तीन दिवसीय रोजगार महाकुंभ का आयोजन किया जा गया था, जो गुरुवार को संपन्न हो गया है।

इस अवसर पर बतौर विशिष्ट अतिथि सलाहकार, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, अवनीश अवस्थी ने कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रदेश का हर युवा किसी न किसी रोजगार से जुड़कर अपना जीवन स्तर ऊंचा उठाये। इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा देश व विदेश में रोजगार के अवसर तलाश कर युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का विजन प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हुए प्रति व्यक्ति आय को भी आगे बढ़ाना है और यह तभी संभव है, जब हमारे प्रदेश में अधिक से अधिक फैक्ट्रियां स्थापित हो, अत्याधुनिक तकनीक में सहभागिता हो, हर युवा के हाथों रोजगार हो। उन्होने तीन दिवसीय रोजगार महाकुम्भ में सेवायोजित हुए युवाओं को सलाह दी की वह जिस भी संस्थान अथवा कम्पनी में जाये, जहां उन्हे जॉब मिला है, मेहनत से काम करें और अपना व अपने प्रदेश का नाम रोशन करें, साथ ही उन्होने मोबाइल का आवयश्यकतानुसार ही प्रयोग करने की सलाह दी तथा पुस्तकों को अधिक से अधिक पढ़ने को कहा। सलाहकार मुख्यमंत्री केवी राजू ने कहा कि ऐसे आयोजन सभी जनपदों में हो, ताकि स्थानीय युवाओं को इसका अधिक से अधिक लाभ मिल सके और सरकार की मन्शा, हर युवा को रोजगार, को सकार किया जा सके। प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन एमकेएस सुंदरम ने बताया कि तीन दिवसीय संपन्न हुए इस रोजगार महाकुंभ के अंतर्गत 10 हजार युवाओं को देश व विदेश में रोजगार के अवसर प्रदान किये जाने का लक्ष्य था लेकिन इस महाकुम्भ में कुल 16897 युवाओं को विभिन्न संस्थानों एवं कम्पनियों के माध्यम से चयन किया गया है। उन्होने बताया कि ऐसे आयोजन अब प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी आयोजित किये जायेगे, ताकि स्थानीय युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार उपलब्ध हो सके। उन्होने महिलाओं को भी इसमें भागीदारी देने की बात कही और कहा कि कक्षा 08 से आगे तक प्राप्त शिक्षा के अनुसार उन्हे प्राथमिकता के अनुसार जॉब उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होने इस महाभियान में संस्थान कम्पनी तथा श्रम एवं सेवायोजन के कार्मिकों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिनके सौजन्य से यह कार्यक्रम सफल हुआ।

इस अवसर पर निदेशक सेवायोजन नेहा प्रकाश ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि रोजगार महाकुम्भ जैसे कार्यक्रमों के द्वारा युवाओं को एक मंच देना है, जहां पर जाब देने एवं पाने वाले दोनो एकत्रित हो और अधिक से अधिक युवाओं के हाथ रोजगार उपलब्ध कराया जा सके। इस अवसर पर अपर निदेशक सेवायोजन प्रमोद पुंडीर, निदेशक बीसीएस अभिषेक भारती सहित अन्य अधिकारी व कम्पनी व संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## भाषा विवि में हुई बेंच प्रेस और टेबल टेनिस प्रतियोगिता



**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर गुरुवार को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के तहत बेंच प्रेस (पुरुष) तथा टेबल टेनिस (पुरुष एवं महिला) वर्ग की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अनुशासन, प्रतिस्पर्धा और उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय दिया। बेंच प्रेस (पुरुष) प्रतियोगिता के विजेता में प्रथम स्थान मोहम्मद तालिब, द्वितीय स्थान जीशान, तृतीय स्थान सचिन शुक्ला और टेबल टेनिस (महिला) वर्ग के विजेता में प्रथम स्थान रितिका मिश्रा, द्वितीय स्थान साक्षी पांडे, तृतीय स्थान वरीशा अंजुम रहे जबकि टेबल टेनिस (पुरुष) वर्ग में तृतीय स्थान एमन सिद्दीकी ने प्राप्त किया। प्रथम एवं द्वितीय स्थान के लिए मुकाबला 29 अगस्त को खेला जाएगा। कार्यक्रम का संचालन शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा किया गया, जिसमें विषय प्रभारी डॉ. मोहम्मद शारिक एवं डॉ. हसन मेहंदी की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम में डॉ. नीरज शुक्ला, उपाध्यक्ष, क्रीड़ा परिषद भी विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे।

संक्षेप

## 30 वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**देवरिया।** अपर पुलिस महानिदेशक, गोरखपुर जोन के निदेशानुसार पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार सिंह तथा समस्त क्षेत्राधिकारीगण के कुशल पर्यवेक्षण में देवरिया पुलिस ने अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा न्यायालयों से वांछित/वारंटी अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित कराने हेतु को प्रातः 6 बजे तक विशेष अभियान ऑपरेशन धर-पकड़ चलाया गया।अभियान के अंतर्गत थाना कोतवाली ने 2 वारंटी, रामपुर कारखाना ने 1 वारंटी, तरकुलवा ने 2 वारंटी व 1 वांछित, बघौचघाट ने 1 वारंटी, रुद्रपुर ने 3 वारंटी, गौरीबाजार ने 2 वारंटी, मदनपुर 2 वारंटी, लार ने 3 वारंटी, खुखुन्दू ने 1 वारंटी, भटनी 1 वारंटी, भाटपाररानी ने 2 वारंटी, बनकटा ने 1 वारंटी, खामपार ने 2 वारंटी, मईल ने 3 वारंटी, भलुअनी ने 3 वारंटी और सुरौली पुलिस ने 2 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

# डीआरएम ने किया भटनी-छपरा रेल खण्ड का निरीक्षण




**भटनी(देवरिया।** मंडल रेल प्रबंधक,वाराणसी आशीष जैन ने अपने एक दिवसीय निरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आज दिनांक 28 अगस्त 2025 को वरिष्ठ मंडलीय अधिकारियों के साथ रेल परिचालन में संरक्षा,सतर्कता एवं स्टेशनों की स्वच्छता हेतु भटनी-छपरा रेल खण्ड का विन्डो ट्रेलिंग निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उनके साथ अपर मंडल रेल प्रबंधक( इन्फ्रा) अजय सिंह, वरिष्ठ मंडल वरिष्ठ मंडल इंजीनियर प्रथम विकास कुमार सिंह,मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर (गोरखपुर) अमित मणि त्रिपाठी , सहायक मंडल वाणिज्य प्रबंधक

दिनेश कुमार सिंह,सहायक मंडल विद्युत इंजीनियर(कर्षण) शिशिर श्रीवास्तव, सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी अभिषेक कुमार, जनसंपर्क अधिकारी श्री अशोक कुमार समेत वरिष्ठ पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

### भाजपा मण्डल अध्यक्ष ने ट्रेनों के ठहराव सहित स्टेशन की समस्याओं का पत्रक सौपा

भटनी(देवरिया)स्थानीय रेलवे स्टेशन पर आये मण्डल रेल प्रबन्धक वाराणसी आशीष जैन को भाजपा मण्डल अध्यक्ष रोहित मिश्र भाजपा के युवा नेता दीपक वर्मा ने ट्रेन के ठहराव सहित खराब रेलवे की सडक ठीक कराने उत्तरी रेलवे कालोनी की सडक व पानी टंकी के पानी की हो रही पानी की क्षरण को रोकने सम्बंधित माँगो पत्रक सौपा।

पत्रक मे मुख्य रुप से रेलवे के दक्षिणी कालोनी पर लगे सडक के किनारे लगे विद्युत के पोल पर बल्ब लगाने की व्यवस्था करने जिससे रात को सडक मार्ग पर स्टेशन आने वाले रेल यात्री प्रकाश मे आ सके रेलवे कालोनी के क्वार्टर मे लगे पानी की टंकी भर जाने पर भी टंकी का पानी बन्द न करने से पानी का क्षरण होता रहता है।इस सडक से उत्तर प्रदेश व बिहार के रेल यात्री आते व जाते है।केवडा की खराब सडक को बनवाने की माँग करते हुए इसी कालोनी मे स्थित दुर्गा मन्दिर पर रेल यात्री विश्राम करतें है।जिसके अगल -बगल गन्दगी का अम्बार लगा हुआ है।

उत्तरी रेलवे कालोनी की सडक को बाईपास सडक मे जोडने की माँग किया।इसी क्रम मे गोरखपुर - लखनऊ इण्टरसिटी से गोरखपुर के बजाय भटनी से चलाने सहित अन्य मांग की गईपत्रक देने वालो मे भाजपा मण्डल अध्यक्षरोहित मिश्र मण्डल उपाध्यक्ष दीपक वर्मा महामंत्री कृष्णदत्त मिश्र सत्यप्रकाश श्रीवास्तव संजय प्रसाद अवधेश यादव शेषनाथ कुशवाहा प्रमुख रुप मे उपस्थित रहे।

### शिक्षक समस्याओं को लेकर माशिसं(पाण्डेय गुट) ने दिया धरना, सौंपा ज्ञापन

**देवरिया।**माध्यमिक शिक्षक संघ (पांडेय गुट)ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर शिक्षा शिक्षक एवं शिक्षार्थी की समस्याओं के समाधान हेतु धरना दिया और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन डीआईओएस को सौंपा। इस दौरान बोलते हुए संघ के वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष कामेश्वर पांडेय ने कहा कि प्रदेश की सत्ता संभालते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का दूसरा कार्यकाल चल रहा है। परंतु शिक्षा शिक्षक एवं शिक्षार्थी से जुड़ी ज्वलन समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है। जिससे शिक्षकों में आक्रोश है।

प्रदेश मंत्री दिग्विजय नाथ सिंह ने कहा कि शिक्षकों को जो कुछ मिला है। वह संघर्ष का परिणाम है। पुरानी पेंशन योजना जब तक लागू नहीं होती तब तक संगठन का संघर्ष जारी रहेगा। अध्यक्षीय संबोधन में बैकुंठ नाथ कुशवाहा ने कहा की जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में शिक्षकों की एनपीएस, एरियर, चयन वेतनमान, प्रोन्नत वेतनमान आदि समस्याएं लंबित हैं। जिसका समाधान न होने पर जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। धरना को अरुण कुमार सिंह, रविंद्र पांडे, गोपाल प्रसाद, डॉक्टर विनय कुमार तिवारी, अपरवाल यादव ने भी संबोधित किया।

## प्रारंभिक अर्हता परीक्षा पेट 6 और 7 सितंबर को आयोजित होगी

**देवरिया।** अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन/नोडल अधिकारी-परीक्षा जैनेन्द्र सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा 06 और 07 सितंबर 2025 को प्रदेश के 48 जनपदों में प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (ढएळ-2025) आयोजित की जाएगी। परीक्षा प्रतिदिन दो पाली में आयोजित होगी झ पहली पाली सुबह 10 बजे से 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक सभी संबंधितों से अनुरोध किया गया है कि इन तिथियों पर अपने नियंत्रणाधीन विश्वविद्यालय, संस्थान और विद्यालयों में कोई अन्य परीक्षा न कराई जाए। इसके साथ ही, 06 सितंबर को जिन परीक्षा केंद्रों पर ढएळ-2025 आयोजित हो रही है, वहाँ के छात्रों के लिए शैक्षणिक अवकाश घोषित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर साइकिल रैली का आयोजन

**देवरिया।** क्रीड़ाधिकारी अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार मेजर ध्यानचन्द्र जी के जन्मदिवस (29 अगस्त) के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय खेल दिवस के तहत खेल संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस अंतर्गत 31 अगस्त 2025 को शाम 4 बजे रविन्द्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम, देवरिया से साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदर सांसद श्री शशांक मणि त्रिपाठी उपस्थित रहेंगे।

## दो दिवसीय संस्कार गीत एवं नृत्य समारोह भलुअनी में आज से

**बरहज,देवरिया।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से सांस्कृतिक संस्था स्वर गुंजन द्वारा दो दिवसीय संस्कार गीत एवं नृत्य समारोह का आयोजन 29 एवं 30 अगस्त को दिन में 12 बजे से 3 बजे तक भलुअनी गांधी चौक स्थित मां भगवती पैलेस में होगा। समारोह में स्वर गुंजन की प्रस्तुति के साथ श्रीकृष्ण पब्लिक स्कूल भलुअनी एवं गर्ग इंटर कालेज के बच्चों द्वारा संस्कार गीत एवं नृत्य की विविध मनोहारी प्रस्तुतियां होंगी। कार्यक्रम की जानकारी देते स्वर गुंजन के अध्यक्ष एवं अंतर्राष्ट्रीय लोकगायक राकेश उपाध्याय ने बताया है कि संस्कृति मंत्रालय द्वारा ग्रामीण अंचल में इस प्रकार के समारोह कराने का उद्देश्य है कि संस्कार गीत एवं पारम्परिक नृत्य कला संस्कृति को संवर्धन एवं संरक्षण प्रदान किया जा सके। ग्रामीण प्रतिभाओं को मंचीय प्रस्तुति के द्वारा अधिक से अधिक अवसर प्रदान किया जा सके। राकेश उपाध्याय ने बताया कि कार्यक्रम के प्रथम दिवस 29 अगस्त को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक बरहज दीपक मिश्र शाका,जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश तिवारी,ब्लाक प्रमुख भलुअनी छट्ठू यादव, विजयेश्वरी सिंह वत्स बिजौली है। दूसरे सत्र में 30 अगस्त को गोरखपुर की पूर्व महापौर डॉक्टर सत्या पांडेय ,विश्व भोजपुरी सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष सिद्धार्थ मणि त्रिपाठी खण्ड विकास अधिकारी भलुअनी तारकेश्वर तिवारी रहेंगे। सेवानिवृत्त गुरु विक्रमा सिंह, धर्मराज विश्वकर्मा का सम्मान किया जाएगा।कार्यक्रम कासंचालन गीतकार एवं रचनाकार रमेश सिंह दीपक निभाएंगे।

## जिला पंचायत की बैठक 30 को

**देवरिया।** जिला पंचायत की बैठक 30 अगस्त दिन शनिवार को समय 12:30 बजे दिन को जिला पंचायत सभागार में आहुत की गयी है। उक्त जानकारी देते हुए अपर मुख्य अधिकारी अर्जुन सिंह ने सभी सदस्यगण से समय से आने की अपील की है। साथ ही उन्होंने बताया है कि शासनादेशानुसार बैठक में सदस्य के अतिरिक्त किसी के प्रतिनिधि बैठक में प्रतिभाग नही कर सकते।

# मच्छर जनित बीमारी है डेंगू, रहे सतर्कः डॉ. अजीत

**देवरिया।** आरोग्य भारती के तत्वावधान में देवरिया विकास खंड के ग्राम सिगही में बरसात के दिनों में मच्छरों के पनपने से मच्छर जनित रोगों का होना स्वाभाविक है। इसमें डेंगू जैसी बीमारी काफी खतरनाक है। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष व आरोग्य भारती के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. अजीत नारायण मिश्र ने कहा कि डेंगू बीमारी जानलेवा है। इससे बचने के लिए एकमात्र उपाय मच्छरों से मच्छरों से बचना है और उचित सावधानी बरतना हैं। यह बीमारी एडीज मच्छर से फैलता है। यह मच्छर दिन में काटते हैं। इस मच्छर जनित बीमारी से बचने के लिए मच्छरों पर नियंत्रण जरूरी है। इसलिए पानी को एकत्रित न होने दे, आसपास सफाई रखे। उन्होंने बताया कि इस बीमारी में रक्त जांच में प्लेटलेट की कमी और कमजोरी महसूस होती है। आयुर्वेद मताअनुसार इसे दंडक ज्वर कहते हैं। इसमें प्लेटलेट की कमी को पूरा करने के लिए पपीते का सेवन पपीते के पत्ते का स्वरस, ओआरएस, गिलोय घनवटी और कालमेघ, कूटकी और पर्याप्त मात्रा में पानी और विटामिन सी युक्त भोज्य पदार्थ का सेवन लाभप्रद है। इसमें बुखार तेजी से चढ़ता है और हड्डियों में भयानक दर्द होता है। कभी-कभी उल्टी और उल्टी में रक्त का आना शरीर पर लाल चकत्ते पड़ जाना इसके लक्षण है। डेंगू पर अपनी बात रखते हुए डॉक्टर बी एल विश्वकर्मा ने कहा कि डेंगू के मच्छर ऐडीज के काटने से होता है।

इसमें आवश्यक सावधानी बरतते हुए तरल पदार्थ का सेवन और प्लेटलेट बढ़ाने वाले खाद्य पदार्थों का सेवन करें। आयुर्वेदिक उपचार में गिलोय घनवटी, बकरी का दुध और गोदंती भस्म महालक्ष्मी विलास रस, पपीते के पत्ते का स्वरस लाभप्रद है।

संचालन आरोग्य भारती के पंकज कुमार ने किया। इस अवसर पर डॉ अनिल मणि. श्वेता त्रिपाठी, डॉ रामप्रवेश, डॉ अमरनाथ पांडेय, डॉ उपेंद्र कुमार गिरी, रुद्रांश कुमार, सूर्यांश कुमार, अभिषेक, सुप्रिया आदि उपस्थित रहे।

# मतदाता पुनरीक्षण एवं पंचायत चुनाव पर भाजपा की बैठक

**देवरिया।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव और मतदाता पुनरीक्षण कार्य को लेकर पालिटेक्निक स्थित सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी के आवास पर सम्पन्न जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं की बैठक की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि हमारे कार्यकर्ता हर अभियान में बढ़ चढ़ कर भाग लेते हैं और इस अभियान में भी कार्यकर्ता पूरे मनोयोग से लगकर वैध मतदाताओं को मतदाता सूची से जोड़ने का कार्य करेंगे। बूथ से लेकर शक्ति केंद्र और मंडल स्तर तक के मतदाताओं को जोड़ना है। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ लोकतंत्र में हर मतदाता को उनका अधिकार मिलना चाहिए, किसी भी कीमत पर कोई भी मतदाता छूटने नहीं चाहिए।

जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि 1 सितंबर से विधानसभा की पुनरीक्षण सूची के लिए विशेष अभियान चलाकर हर मंडल, शक्तिकेंद्र और बूथ स्तर पर 18 वर्ष से अधिक की उम्र के मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम



जुड़वाने का कार्य हम सभी को करना है। शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर जिला पंचायत के सभी 51 वार्डों के प्रभारी बनाए जाएंगे। जहां भी बूथ पर कोई समस्या आती है तो उसके लिए संबंधित जिम्मेदारों से संपर्क कर समस्या का समाधान कराया जाएगा। अभियान के जिला संयोजक व जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि त्रिपाठी ने कहा कि इस बार पंचायत चुनाव में हमे कठिन परिश्रम और पूरी निष्ठा के साथ अधिक से अधिक सीटें जीतकर रिकॉर्ड कायम करना है। बैठक का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष अभिषेक राय अंकुर ने किया। बैठक के दौरान सांसद प्रतिनिधि के रूप में प्रिंस चतुर्वेदी, पूर्व महामंत्री कृष्ण नाथ राय, पूर्व नगर अध्यक्ष संजय पांडे, नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा, जिला मंत्री अरविंद पांडे बबुना, जिला मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि बैतालपुर प्रभाकर राय, पवन जायसवाल, आदित्य सिंह, सुधीर मद्धेशिया, विपिन यादव, अनुसूचित के जिलाध्यक्ष गोविंद चौरसिया मनीष मल्ल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डोल मेला में कलाकार की मौत, पुलिस जांच में जुटी

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** स्थानीय कस्बे में आयोजित डोल मेले के एक अखाड़े द्वारा निकाले गए झांकी में भगवान शंकर का किरदार निभा रहे एक कलाकार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की जानकारी के बाद हरकत में आई तमकुहीराज पुलिस मृतक कलाकार के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना को लेकर आयोजकों में हड़कंप की स्थिति रही। बुधवार को तमकुहीराज कस्बे में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत डोल मेला का आयोजन धूमधाम से आयोजित किया गया था। डोल मेले में आयोजकों द्वारा झांकी सहित तमाम तरह की प्रदर्शनी एवं नृत्य का आयोजन कर उसका प्रदर्शन किया जा रहा था। इसी दौरान तमकुहीराज के धुरिया ईमिलिया के छत्रपति शिवाजी महाराज अखाड़ा वन पल्स द्वारा निकाले गए झांकी में कसया थानाक्षेत्र के बेलवा निवासी रामबहाल पुत्र गिरधारी 21 जो भगवान शंकर का किरदार निभा रहा था, अचानक मूर्छित होकर नीचे गिर गया। आनन फानन में उसके सहयोगी कलाकार एवं आयोजक मंडल के सदस्य पुलिस की मदद से मूर्छित कलाकार को लेकर सीएचसी तमकुहीराज पहुंचे। जहां जांच पड़ताल के बाद चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर एसडीएम आकांक्षा मिश्र, सीओ रामप्रकाश सिंह, थानाध्यक्ष सुशील शुक्ला पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना को लेकर आयोजकों द्वारा डीजे साउंड में उतरे करंट के कारण मौत होना बताया जा रहा था। जबकि सीएचसी के चिकित्सको का कहना था कि मृतक के शरीर पर प्रथम द्दष्टया करंट लगने के कोई निशान नहीं थे। इस संबंध में थानाध्यक्ष तमकुहीराज सुशील कुमार शुक्ला ने बताया कि कलाकार के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने पर घटना की सही एवं सटीक जानकारी मिल पाएगी। मामले में आवश्यक कारवाई की जा रही है।

# स्कूल वैन संचालन पर डीएम सख्त,: मानक के विरुद्ध वाहन चलाने पर होगी कार्रवाई

**देवरिया।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने गुरुवार को जिले के विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधकों के साथ बैठक कर स्कूल वैन एवं बच्चों को ले जाने वाले वाहनों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ह्रस्कूल बच्चों के वाहन और सेफ्टी जिम्मेदारीह्न विद्यालय प्रबंधन की है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि यदि कोई वाहन सुरक्षा मानकों के विपरीत पाया जाता है या नियमों का पालन नहीं करता है तो संबंधित विद्यालय प्रबंधक और वाहन संचालक के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में विद्यालय प्रबंधक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने निर्देश दिया कि सभी वाहनों की फिटनेस अनिवार्य रूप से मान्य होनी चाहिए। ओवरलोडिंग कदापि न हो तथा ड्राइवर एवं कंडक्टर निर्धारित ड्रेस कोड में रहें। फिटनेस खराब पाए जाने वाले वाहनों को तत्काल बंद करने के आदेश दिए गए।

सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक विद्यालय में रोड सेफ्टी नोडल टीचर अनिवार्य रूप से नामित किया जाए। साथ ही प्रतिदिन प्रार्थना सभा में बच्चों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई जाए, ताकि बचपन से ही यातायात नियमों के पालन की आदत विकसित हो डीएम ने विद्यालय प्रबंधकों से कहा कि वे बच्चों की सुरक्षा को अपने बच्चों की तरह समझें। बच्चों के जीवन से खिलवाड़ करने वालों को हर हाल में बख़्शा नहीं जाएगा।

# रोटरी के पदाधिकारियों ने साइकिल राइडर वाशू सैन का किया स्वागत

कुशीनगर। स्टॉप पॉल्यूशन सेव अर्थ और सामाजिक सद्भाव का संदेश लेकर बुद्ध स्थली कुशीनगर पहुंचे युवा राइडर वाशू सैन का स्वागत रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने किया।55% शारीरिक दिव्यांग होने के बावजूद अब तक लगभग 45 हजार किलोमीटर की साइकिल यात्रा कर चुके युवा राइडर वाशू सैन का स्वागत और सम्मान नेशनल हाईवे 28 कसया स्थित होटल कलश में रोटरी क्लब कुशीनगर की मासिक बैठक में किया गया। वाशू सैन को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह व 2100 रुपए की सहायता राशि प्रदान किया गया। रोटरी क्लब अध्यक्ष अजय कुमार सिंह और सचिव विजय कुमार गुप्ता ने कहा कि वाशू सैन का यह अभियान युवाओं और समाज के लिए अनुकरणीय है।

विशेष अतिथि कसया चौकी प्रभारी विवेक पाण्डेय ने कहा कि रोटरी क्लब का यह प्रयास समाज में जागरूकता और एकता को बढ़ावा देने वाला है। संचालन सह संरक्षक जनाब वाहिद अली ने किया। स्वागत कार्यक्रम में दिनेश यादव, दुर्गेश चतुर्वेदी, विजय कृष्ण द्विवेदी, अखिलेश शर्मा, डॉ. जेके पटेल, अमित श्रीवास्तव, गोपीचंद कसौधन, सदरे आलम, सरवरे आलम, विजय सिंह, विशाल शर्मा, हेमंत गर्ग, आशीष अग्रवाल, राजीव तिवारी, मोनू तिवारी, मनीष सिंह, अश्विनी कुमार जायसवाल, राजू जायसवाल, संदीप




रौनियार, रंजीत श्रीवास्तव, सत्येंद्र राय, इम्तियाज अहमद, डॉ. रिजवान आलम, डॉ. सुनील सिंह, अरुण कुमार वर्मा, विनोद वर्मा, शशि कुमार सिंह, आलोक जायसवाल, आनंद जायसवाल, शिवजी जायसवाल, दीपेश कुमार सिंह तथा एडवोकेट विनोद कुमार गुप्ता, सहित बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

## मनोविज्ञान के प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों का हुआ स्वागत



**कुशीनगर।** बुद्धा पीजी कॉलेज, कुशीनगर के मनोविज्ञान विभाग द्वारा आयोजित ₹संदर्शन 2025₹ कार्यक्रम में स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर के छात्रों और प्राध्यापकोंद्वारा प्रथम सेमेस्टर के नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत किया गया।बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, कविताएँ एवं मनोविज्ञान विषय से जुड़े प्रेरक संवाद प्रस्तुत किए।मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो विनोद मोहन मिश्र, प्राचार्य ने नए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मनोविज्ञान न केवल एक शैक्षणिक विषय है बल्कि यह जीवन को समझने और समाज में सकारात्मक योगदान देने का मार्ग भी है। यह आयोजन नवप्रवेशियों के लिए विषय एवं पाठ्यक्रम के प्रति उन्मुखता प्रदान करेगा। प्राचार्य उदित नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय पड़रौना प्रो ममता मणि त्रिपाठी ने बताया कि इस महाविद्यालय में मनोविज्ञान के शिक्षक और विद्यार्थी पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के लिए जाने जाते हैं। सचिव प्रबंध समिति वीरेंद्र सिंह अहलूवालिया ने भी संबोधित कर विद्यार्थियों को उनकी जिम्मेदारी का स्मरण भी कराया। अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष मनोविज्ञान विभाग प्रो राम भूषण मिश्र ने अतिथियों का स्वागत एवं आभार ज्ञापित किया। इस दौरान प्रो अमृतांशु शुक्ल, प्रो सीमा त्रिपाठी, डॉ सत्य प्रकाश, डॉ रीना मालवीय, डॉ वीरेंद्र साहू एवं डॉ विशेषता मिश्र ने भी अपने विचार रखे। विद्यार्थियों अमरेंद्र, अमृता, सुमन, जतिन, शमशुद्दीन, अंजलि, प्रांजल, रानी, पंकज, रितिका, लाडली आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

# जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक संपन्न

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

स्वास्थ्य समिति की बैठक में संस्थागत प्रसव, आशा बहुओं के भुगतान, बच्चों के टीकाकरण, गर्भवती माताओ की जांच, मंत्रा पर डाटा फीडिंग, मातृ मृत्यु, शिशु मृत्यु रिपोर्टिंग, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जन्म पंजीकरण, गर्भवती मां के उपचार की स्थिति आदि पर समीक्षा हुई।



बैठक में आशा बहुओं के कार्यों की मॉनिटरिंग, कौन आशा कार्य करती है कौन नहीं करती है के संबंध में गहन पुछ ताछ कर कहा क्या एम वाई सी कंट्रोल नहीं कर पा रहे है ऐसी गैर जिम्मेदाराना रवैया पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई।जिलाधिकारी द्वारा समीक्षा दौरान तमकुहीराज में पंजीकृत हॉस्पिटल की जानकारी लेते हुए पूछा गया कि क्या 2 ही हॉस्पिटल पंजीकृत हैं, उन्होंने सीएमओ को निर्देशित किया कि अगले दस दिनों में जनपद अंतर्गत संचालित पंजीकृत हॉस्पिटल, अपंजीकृत हॉस्पिटल, तथा पंजीकरण हेतु किए गए आवेदन संबंधित हॉस्पिटल, तीनों की सूची प्रस्तुत करें। उन्होंने निर्देशित किया कि सीएससी वाइज उक्त तीनों प्रकार के हॉस्पिटल की सूची एम वाई सी द्वारा तैयार की जाएगी, यदि कोई छूट ता है तो उसकी जिम्मेदारी एम वाई सी की होगी। उन्होंने कहा कि आए दिन अवैध हॉस्पिटल द्वारा किसी न किसी की डेथ संबंधी खबरें आती हैं इस संबंध में विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है, उन्होंने सभी अवैध अस्पतालों को चिन्हीकरण करते हुए प्रभावी कार्यवाही किए जाने का निर्देश दिए। मेडिकल कॉलेज/जिला अस्पताल से रेफर किए जाने वाले मरीजों के संबंध में डॉ0 रोहित द्वारा विस्तृत जानकारी देते हुए अनुरोध किया गया कि सब सेंटरों पर डिलेवरी की संख्या में कमी लाना आवश्यक है, क्योंकि सब सेंटर पर हर प्रकार की सुविधाओं का अभाव है, इस बिंदु पर सुझाव भी दिए गए। आभा आईडी बनाने में खराब प्रगति वाले को कार्यों में सुधार लाने का निर्देश दिए गए, तथा आशा व एन एम की जो जिम्मेदारी है वो सभी कार्य पूर्ण होने उपरांत ही उनका वेतन जारी किए जाने का निर्देश संबंधित को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जब फसल का बीमा हो सकता है फिर गर्भ में पल रहे बच्चे का क्यों नहीं, उन्होंने कहा कि आशा द्वारा प्रथम सूचना दिए जाने के बाद ही बीमा हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस पर होमवर्क होना चाहिए यदि गाइड लाइन में व्यवस्था नहीं है तो इस संबंध में शासन को पत्र भेजा जाय।

जनपद के 04 ब्लॉकों में मैनपावर की कमी के द्दष्टिगत चिकित्सक/एएनएम तथा अन्य स्टाफ के स्थानांतरण के संबंध में उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि कमेटी बनाकर आवश्यकतानुसार सूची फाइनल कर ली जाय तथा किसी के दबाव में आकर फाइनल सूची में किसी प्रकार का संशोधन नहीं होना चाहिए।इसी प्रकार चिकित्सकों की भर्ती के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल में हो रहे अल्ट्रासाउंड के संबंध में पुछ ताछ के बाद निर्देशित किया कि यदि मरीजों/अल्ट्रासाउंड कराने वालों की संख्या अधिक है तो दो शिफ्टों कराई जाय। जिला अस्पताल में बिचौलियों/दलालों के संबंध में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि इसे चिन्हित कर प्रभावी कार्यवाही कार्यवाही करें अन्यथा इस कार्य में जो भी चिकित्सक/स्टाफ सम्मिलित हैं उनके खिलाफ मेरी ओर से कड़ी कार्यवाही की जाएगी।इसके अतिरिक्त प्राइवेट प्रैक्टिस संबंधित बैठक आयोजित किए जाने का निर्देश भी दिए गए। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में आयुष्मान कार्ड, आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने, संस्थागत प्रसव में सुधार करने, सभी पीएचसी एवं सीएचसी पर आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा सभी चिकित्सीय भवनों को चिकित्सीय उपकरणों से लैश कर सुविधाकृत कर जनपद में स्वास्थ्य व्यवस्था को उत्कृष्ट बनाने हेतु सभी एम.ओ. आई.सी. को निर्देशित किया गया। इस दौरान अटेंडेंस मैनेजमेंट सिस्टम तथा ई संजीवनी के माध्यम से ऑनलाइन वीडियो कंसलटेंसी की प्रगति, पीएचसी के अनटाइड फंड, ई कवच,की भी समीक्षा की। बैठक के दौरान मंत्रा पर फीडिंग के सापेक्ष आधार प्रमाणीकरण की प्रगति की समीक्षा भी की। सभी सीएचसी में एक बड़ा रुम,शौचालय सहित तैयार किए जाने एक एक लाख रुपए मुहैया कराए जाने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ब्रजनंदन, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, व एडिशनल सीएमओ एस एन त्रिपाठी, पीडी पीयूष सिंह,जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक प्रियदर्शी, समस्त एमओआईसी, स्वास्थ्य विभाग के सभी संबंधित अधिकारी, कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## मनमाने रवैये का पार्षदों ने किया विरोध

ललितपुर। नगर पंचायत तालबेहट में अध्यक्ष के विरोध में पार्षदो ने मोर्चा खोल दिया है। बता दे कि नगर पंचायत तालबेहट में 12 पार्षद है एवं एक अध्यक्ष निर्वाचित होकर जनता की सेवा हेतु आए हैं। किंतु खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि अध्यक्ष द्वारा पूर्णतरू मनमाने ढंग से कार्य कराए जा रहे हैं। स्वयं के चहेते ठेकेदारों के माध्यम से केवल चहेते वार्डों में ही विकास कार्य करा रहे हैं, जबकि अधिकांश पार्षदों के प्रस्तावों को जानबूझकर दरकिनार किया जा रहा है। पार्षदों के वार्डों में नाली, सड़क एवं अन्य विकास कार्य न कराकर अनावश्यक और बिना औचित्य के कार्यों में नगर पंचायत का कीमती बजट पानी की तरह बहाया जा रहा है। इतना ही नहीं, नगर पंचायत के आउटसोर्सिंग कर्मचारी भी कार्यों में सीधी दखलअंदाजी करते हुए पार्षदों की गरिमा और सम्मान को ठेस पहुंचा रहे हैं।

खुला अपमान है। सभी 9 पार्षदो ने भगवान के समक्ष सौगन्ध खाई की उन्हें उनका सम्मान पंचायत के किसी भी कार्यक्रम व नगर पंचायत द्वारा लगाए गए मेले का विरोध करेंगे।

## एमवी एक्ट में किया चालान

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर के निर्देशन में यातायात प्रभारी गुलाब सिंह मय यातायात पुलिस द्वारा दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु अभियान चलाकर दोपहिया वाहनों पर बिना हेलमेट, बिना ड्राइवरी लाइसेंस व तीन सवारी चलने वालों तथा मालवीय रोड, सुभाष चौक, बस स्टैंड पर सड़क पर गाड़ी खड़ा कर सवारी भरने वाले अनुबंधित बस, नो पार्किंग में खड़े किये गये कार, मोटरसाइकिल, ऑटो एवं ई-रिक्शा वाहनों पर एम वी एक्ट में चालान एवं सीज की कार्यवाही की गयी।

संक्षेप

## भगवान बुद्ध की मूर्ति अराजकतत्वों ने की खंडित

सीतापुर। हरगांव थाना क्षेत्र के एक ग्राम पंचायत में अंबेडकर पार्क में लगी गौतम बुद्ध की मूर्ति को खंडित कर क्षेत्र में अमन शांति में खलल डालने की, की गई नाकाम कोशिश को क्षेत्राधिकारी सदर एवं थाना हरगांव की पुलिस ने सक्रियता दिखाकर नाकाम कर दिया। जानकारी के अनुसार जिले के विकास खण्ड हरगांव क्षेत्र के ग्राम पंचायत गुरधपा के अम्बेडकर पार्क में लगी तथागत गौतम बुद्ध की मूर्ति को बीती रात अज्ञात अराजक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर शांति व्यवस्था भंग करने की नाकाम कोशिश की। जिसे सक्रियता दिखाते हुए क्षेत्राधिकारी सदर एवं थाना हरगांव की पुलिस ने नाकाम कर दिया। मूर्ति तोड़े जाने की सूचना पाकर तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी सदर ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर मामला शांत किया। हरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम गुरधपा में स्थित अंबेडकर पार्क में भगवान बुद्ध की मूर्ति लगी हुई है। मंगलवार की देर रात अज्ञात अराजक तत्वों ने भगवान बुद्ध की मूर्ति के आशीर्वाद देने वाले हाथ को खंडित कर दिया। क्षेत्राधिकारी सदर विशाल गुप्ता व थाना हरगांव के प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार पाण्डेय मय पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझा बुझाकर मामले को शांत करते हुए मूर्ति दूसरी लगवाने को कहा।

# बाघ की ड्रोन के जरिए मिली लोकशन

जिला संवाददाता

सीतापुर। विकासखंड महोली इलाके में अलग-अलग जगह पर किए गए बाघ के हमले के बाद वन विभाग ने थर्मल ड्रोन के जरिए बाघ की लोकेशन को पता लगा लिया है। वन विभाग के अधिकारियों का दावा है कि अब जल्द ही दूसरा पिंजरा स्थापित कर उसे पकड़ने में कामयाबी हासिल हो जाएगी। बुधवार को अलग जगहों पर नीलगाय और एक गाय के हमले से

- वन विभाग का दावा, शीघ्र ही बाघ को पकड़ लिया जाएगा

ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। मालूम हो कि वन विभाग ने कांबिंग के दौरान क्षेत्र के रघुवरदयालपुरवा और पासिगवां गांव तक बाघ के पगचिन्ह मिले है।

यहां टीम ने दूसरे पिंजरे को मंगवाकर स्थापित करवा दिया है। वन विभाग ने ऑटो ई रिक्शा पर लाउडस्पीकर लगवाकर प्रभावित गांवों में लोगों को जागरूक करने के लिए ऐलान करवा रहा है। बीते शुक्रवार को किसान की मौत के बाद वन विभाग ने पीएचसी नरनी में कमांड सेंटर बना रखा है। पीएचसी में बनी पानी की टंकी करीब 60 फिट ऊंचाई को वन विभाग ने मचान के रूप में प्रयोग करते हुए बाघ की चहलकदमी की निगरानी की जा रही हैं। इसके साथ पगचिह्न मिलने वाली दो अन्य जगहों पर भी बल्लियों की मचान बनाकर उसके नीचे दो मवेशी बांधकर बाघ को ट्रेंकुलाइज करने की तैयारी है। वन राज्यमंत्री के निर्देश के बाद वन विभाग ने बाघ की चहलकदमी को देखने के लिए ट्रैप कैमरे बढ़वाने के निर्देश के बाद अब इलाके में 10 ट्रैप कैमरे संचालित किए गए है। हालांकि अभी तक महज बाघ की लोकेशन ट्रेस हुई है उसे पकड़ने के लिए वन विभाग हर जोर आजमाइश करने में जुटा हुआ है। डीएफओ नवीन खंडेवाल का कहना है कि ग्रामीणों को घबराने की जरूरत नहीं है बाघ की लोकेशन पर टीम काम कर रही है।

## तालाब में दिखा विशलकाय मगरमच्छ

सीतापुर। लहरपुर नगर क्षेत्र में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया जब मोहल्ला शाहकुलीपुर स्थित तालाब में अचानक एक विशालकाय मगरमच्छ दिखाई दिया।

तालाब में मगरमच्छ के देखे जाने की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। हर कोई इस नजारे को देखने के लिए उत्सुक था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोपहर के समय तालाब में नहाने और मछली पकड़ने गए लोगों ने अचानक पानी में हलचल देखी।

करीब जाकर पता चला कि यह कोई साधारण जीव नहीं बल्कि एक विशालकाय मगरमच्छ है। लोगों ने इसकी जानकारी आसपास के मोहल्लेवासियों को दी। कुछ ही देर में तालाब के चारों ओर भीड़ जमा हो गई। मगरमच्छ भीड़ देख कर पानी में छिप गया, जिससे लोग सहम गए। स्थिति को देखते हुए मोहल्ले के मछुआरे आगे आए। उन्होंने तालाब में जाल बिछाया और काफी मशक्कत के बाद मगरमच्छ को पकड़ने में सफलता हासिल की। मछुआरों ने मगरमच्छ को बांधकर तालाब से बाहर निकाला। जैसे ही मगरमच्छ को बाहर लाया गया, मौके पर और भीड़ इकट्ठा हो गई। लोग आश्चर्य से इस नजारे को देखते रहे और फोटो खींचते नजर आए।वन विभाग को दी गई सूचना स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मगरमच्छ को अपने कब्जे में ले लिया। बताया जा रहा है कि मगरमच्छ को सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाएगा। ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है क्योंकि मगरमच्छ के तालाब में होने से बच्चों और पशुओं के लिए खतरा बना हुआ था।

# पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे विधायक



सीतापुर। पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे विधायक ज्ञान तिवारी सकरन थाना क्षेत्र सकरन के ग्राम किरतापुर निवासी ओमप्रकाश उर्फ अंजनी जायसवाल 23 अगस्त को बिसवां खाद गोदाम यूरिया लेने गया था। शाम तक ओम प्रकाश लाइन में लगा रहा यूरिया नहीं मिली। जिससे निराश होकर पैदल अपने घर के लिए चल पड़ा। पुरैनी और भोलागंज के बीच में प्रधान ढाबा के पास ओमप्रकाश बैठकर सस्ताने लगा। बैठे-बैठे उसको नींद आई और वहीं पर लेट गया। ओमप्रकाश के गांव के ही कुछ लोग बिसवां खाद गोदाम यूरिया लेने के लिए गए थे। वापसी में देखा कि ओमप्रकाश यहां पर लेटा है तो मौके पर जाकर ओमप्रकाश को जगाने का प्रयास किया। लेकिन ओमप्रकाश ने आंखें नहीं खोली। इस दर्दनाक घटना की सूचना बिसवां कोतवाली पुलिस को हुई थी। कोतवाली पुलिस मौके पर जाकर ओमप्रकाश के परिजनों को इस संबंध में जानकारी दी थी। ओमप्रकाश के परिजन मौके पर पहुंचे और शव को अपने घर ले गए थे। इस दर्दनाक घटना की सूचना सकरन थाना प्रभारी नवनीत मिश्रा को हुई थी। सकरन थाना प्रभारी अपने हमराही बल के साथ मौके पर पहुंचकर शोकाकुल परिवार से मिले थे और पूरी मदद करने का आश्वासन दिया था। ओमप्रकाश के परिजनों ने थाना प्रभारी से ओम प्रकाश के शव का पीएम कराने की इच्छा जाहिर की थी। सकरन थाना प्रभारी ने गांव के संभ्रांत व्यक्तियों के समक्ष पंचनामा भरवा कर शव को पीएम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया था। क्षेत्रीय विधायक ज्ञान तिवारी पीड़ित परिवार से मिलकर आश्वासन दिया कि शासन प्रशासन द्वारा जो भी आर्थिक मदद हो सकती है उसको दिलवाया जाएगा।

## उद्योग बंधु की बैठक में जलभराव का उठा मामला

अयोध्या। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक आयोजित की गई।

## शिक्षक ने रेम्स इंटर कॉलेज मे मासूम को बेरहमी से पीटा



नवाबगंज, उन्नाव। स्कूल मे होमवर्क न पूरा करने पर अध्यापक ने कक्षा 6 के दस वर्षीय छात्र को बेरहमी से पीटा शिक्षक द्वारा पिटाई इतनी निर्ममता से की गई के मासूम की पीठ पर जख्म उभर आये। जिसकी जानकारी होने पर परिजनों द्वारा आक्रोश प्रकट किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार नवाबगंज विकासखंड के दुर्गा मंदिर के करीब स्थित रेम्स इंटर कॉलेज मे नवाबगंज के केवाना गांव निवासी संतोष गौतम के 3 बच्चे रेम्स इंटर कॉलेज में पढ़ने जाते है। सम्मान कक्षा 8 में, अरमान कक्षा 6, और बेटी शिक्षा कक्षा 1 में पढ़ती है। वही शिक्षण कार्य कर रहे अध्यापक द्वारा छात्र को दिये गये होमवर्क को पूरा न किये जाने पर स्वास्थ्य खराब होने के चलते छात्र अरमान द्वारा न पूरा न कर पाने पर टीचर ने उसको बेरहमी से पीट दिया। छात्र की पिटाई से आहत माँ ने कॉलेज मे इसकी शिकायत की लेकिन संतोष जनक जवाब न मिलने पर कोतवाली अजगैन में शिकायती प्राथना पत्र दिया गया। माँ उमा द्वारा दिये गये कोतवाली मे प्रार्थना पत्र की जानकारी होने पर प्रबंधन द्वारा कॉलेज की गरिमा प्रभावित होने का हवाला देते हुये टीचर को निकाल देने की बात कहकर पीड़ित छात्र के परिजनों से सुलह पत्र लिखवा लिया।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर की नियुक्ति हो



पुरवा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पासाखेडा मे फार्मासिस्ट के सहारे ही सारा कार्य हो रहा है। डाक्टर अंजली का ट्रान्सफर हो जाने के बाद अभी भी डाक्टर की कुर्सी खाली पड़ी है। बुखार से पीड़ित मरीज झोलाछाप डॉक्टर से जान जोखिम में डालकर दवा ले रहे हैं। गांव के लोगों जैसे कि आनन्द शर्मा, हरिकृष्ण शुक्ल, रोहित, रामखेलावन आदि ने डाक्टर नियुक्ति की मांग जिला के अधिकारियों से की।

## प्राथमिक विद्यालय में अभिभावक शिक्षक बैठक आयोजित



सीतापुर। विकासखंड कसमंडा के प्राथमिक विद्यालय चैड़िया प्राचीन में गुरुवार 28 अगस्त को अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाचार्य अनूप कुमार शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में शिक्षक और अभिभावकों के मध्य बच्चों की आदतों, शिक्षा आदि पर बातचीत की गई। इन बैठकों से बच्चोंके अभिभावकों से शिक्षकों के बीच आदान प्रदान होता रहता है। जो बच्चों के प्रत्येक क्षेत्र के विकास में सहायक होता है। इस अवसर पर सहायक अध्यापिका उमा यादव, पूनम रानी, शिक्षामित्र अंजू शुक्ला, अनीता देवी, फूलकुमारी, अभिभावक गण एवं रसोइया मौजूद रहे।

## शैक्षिक महासंघ की बैठक सम्पन्न

सीतापुर। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की एक महत्वपूर्ण बैठक हेडगेवार भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष मनोज गोंड ने की। जिला महामंत्री कृष्ण मोहन गुप्ता ने बताया कि बैठक का मुख्य एजेंडा श्हमारा विद्यालय-हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम की तैयारियां हैं। जिला मीडिया प्रभारी देवर्षि प्रताप सिंह के अनुसार इस कार्यक्रम को जनपद के 35 स्कूलों में आयोजित किया जाएगा। इसके लिए तहसील प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। बैठक में जिला संगठन मंत्री राजेश सिंह, संयुक्त महामंत्री राजकुमार वर्मा और जिला उपाध्यक्ष अनूप श्रीवास्तव समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। इनमें जिला सह संयोजक मनीष शाक्य, विवेक तिवारी, नितिन और अर्जुन सिंह शामिल थे। साथ ही कीर्त कुमार, जय प्रकाश और जगदीश दीक्षित भी उपस्थित रहे। जिला मंत्री राजेंद्र शुक्ला, संतोष सिंह और पुनीत वर्मा के अलावा जिला संयुक्त मंत्री राजेश कुमार राजू और अमित गुप्ता ने भी बैठक में हिस्सा लिया। कार्यालय प्रमुख नीरज गौतम और लेखा परीक्षक आशीष सिंह चंदेल सहित अन्य आमंत्रित सदस्यों ने भी बैठक में भाग लिया।

## जिला सैनिक बन्धु की बैठक 1 सितम्बर को

सीतापुर। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कमाण्डर राजीव कुमार पाठक ने बताया कि 1सितम्बर को अपरान्ह 12.30 बजे स्थान कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु की बैठक का आयोजन किया गया हैं। जिला सैनिक कल्याण पुनर्वास अधिकारी कमाण्डर राजीव कुमार पाठक (अ०प्रा०) ने आग्रह किया है कि सभी भूतपूर्व सैनिक सेवारत सैनिक उनके आश्रित अधिक से अधिक संख्या में सैनिक बन्धु बैठक में उपस्थित हो अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत करायें। सभी भूतपूर्व सैनिक कलेक्ट्रेट सभागार में 12.15 बजे तक अपनी उपस्थिति दर्ज करवाये।

## महंत बजरंग मुनि को मिली जान से मारने की धमकी

सीतापुर। खैराबाद थाना क्षेत्र में उदासीन आश्रम बड़ी संगत के महंत बजरंगमुनि उदासीन ने पुलिस को एक प्रार्थना पत्र देकर अपनी जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। महंत ने आरोप लगाया है कि उन्हें इंस्टाग्राम अकाउंट से लगातार जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। सोशल मीडिया पर चल रहे इन संदेशों ने न सिर्फ आश्रम बल्कि पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस को दिए हुए प्रार्थना पत्र में बजरंग मुनि ने लिखा है कि उन्हें इंस्टाग्राम अकाउंट से गोली मारने और जान लेने की धमकी दी जा रही है। इस अकाउंट से भेजे गए मैसेज और वीडियो में साफ तौर पर धमकी भरे शब्द दर्ज हैं। महंत का कहना है कि इससे पहले भी उन पर कई बार जानलेवा हमले हो चुके हैं। जिनमें वह किसी तरह बचकर निकले थे। वर्तमान समय में लगातार मिल रही धमकियों से उनकी चिंता और बढ़ गई है। महंत बजरंगमुनि ने पुलिस को बताया कि धमकी देने वाले अकाउंट पर कई स्क्रिनशॉट मौजूद हैं। जिनमें उन्हें खुलेआम गोली से उड़ाने की बातें लिखी गई हैं। उनका कहना है कि इस तरह की गंभीर धमकियों से उनकी जान को वास्तविक खतरा है और किसी भी समय अप्रिय घटना घट सकती है। महंत ने एसएचओ खैराबाद को संबोधित पत्र में मांग की है कि इस मामले में तुरंत रिपोर्ट दर्ज कर दोषियों की पहचान कर कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले में अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा हादसा हो सकता है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि साइबर सेल की मदद से इंस्टाग्राम अकाउंट की लोकेशन और संचालक का पता लगाया जाएगा। धमकी देने वाले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## बाइक से गिरकर महिला की मौत

सीतापुर। जिले के तम्बौर इलाके में गुरुवार को हुए सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब महिला अपने पति के साथ दवा लेने जा रही थी। रास्ते में पुलिया के समीप बाइक से गिरने पर वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार तंबौर थाना क्षेत्र के ग्दवा लेने के लिए निकले थे। पति-पत्नी बाइक से सवार होकर जा रहे थे। बताया जाता है कि जैसे ही राजित राम रतनगंज मार्ग स्थित पुलिया से गुजर रहे थे तभी उनकी पत्नी अचानक असंतुलित होकर बाइक से उछलकर सड़क पर गिर पड़ी। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल महिला को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तंबौर पहुंचाया। लेकिन डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद रामगुनी को मृत घोषित कर दिया।

# महिला उत्पीड़न में केस दर्ज कर करें कार्यवाही: डॉ. बबीता




बाराबंकी। कलेक्ट्रेट स्थित डीआरडीए सभागार मे उ0प्र0राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा डॉ बबीता सिंह चौहान ने महिला की समस्याओ हेतु जनसुनवाई मे दौरान आई महिलाओ की समस्याओ को सुना। तथा सम्बधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जनसुनवाई मे महिला आयोग अध्यक्षा के समक्ष 13 महिलाओ द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किये गये। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि महिलाओं को न्याय दिलाने में किसी भी प्रकार की देरी न हो उनकी शिकायतों को सुनते ही उत्पीड़न के मामलों में मुकदमा दर्ज किया जाए।

उन्होने कहा कि आयोग का उद्देश्य यही है कि गांव-गांव और गली-गली तक महिलाओं की समस्या को सुना जाए और समाधान हो। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसी भी उत्पीड़ित महिला की फरियाद अनसुनी नहीं रहेगी और त्वरित कार्यवाही कराई जाएगी।

जनसुनवाई के दौरान महिला आयोग अध्यक्षा डा0 चैहान ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमिता योजना में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके लिए उन्हें सिलाई, कढ़ाई, ब्यूटी पार्लर, कंप्यूटर और अन्य हुनरमंद प्रशिक्षण से जोड़ा जाएगा। विशेष कौशल विकास केंद्र खोलने पर भी विचार चल रहा है। ई-रिक्शा में छेड़छाड़ की घटना के बारे मे उन्होंने कहा कि हर वाहन पर चालक का नाम और मोबाइल नंबर अंकित होना जरूरी है। उपस्थित अधिकारियों को उन्होंने तुरंत इस नियम का पालन कराने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में एडीएम न्यायिक इन्द्रसेन, एएसपी विकास चंद्र त्रिपाठी, सीओ गरिमा पंत, जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह, महिला थाना प्रभारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## जर्जर रास्ते को लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन



सीतापुर। परसेंडी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत कैमहरा वजीरपुर के नेवादा ग्राम में ग्रामीणों के द्वारा विरोध प्रदर्शन कर रास्ते को बनवाने की मांग की। प्राथमिक विद्यालय से राकेश के मकान से बुद्धि प्रकाश ओमकार के मकान तक रास्ता बहुत ही खराब है। जिससे ग्रामीण चोटिल हो रहे हैं।

जिससे ग्रामीणों में संबंधित जिम्मेदार लोगों के खिलाफ आक्रोश दिखाई पड़ा। ग्रामीणों ने बताया कि कई वर्षों से रास्ता खराब होने के कारण ग्रामीणों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कई बार हमारे द्वारा लिखित रूप से एवं मौखिक जिम्मेदार लोगों से कहा जा चुका है। लेकिन अभी तक रास्ते को बनाया नहीं गया। जनहित को ध्यान में रखते हुए रास्ते को शीघ्रबनाए जाने की मांग की ग्रामीणों ने बताया कि उक्त मार्ग से मंडी पूर्वा, चकपुरवा सहित अन्य गांव का रास्ता इसी मार्ग से मांग करने वालों में राकेश कुमार, अशोक कुमार, विनोद कुमार, पवनेश कुमार, सत्येंद्र, उदित कुमार, नीलू, वीरू, गोमता प्रसाद, अरुण कुमार, शिवपूजन, कमल किशोर, रामेश्वर सिंह, देवी शरण सिंह, देवमंदा, बृजेश कुमार, नंदकिशोर, प्रेम किशोर, प्रमोद कुमार, कमलेश कुमार, जागेश्वर, गिरी लाल, बहादुर गिरी, घसीटलाल, जगतपाल, ओमकार, बुद्धि प्रकाश सहित अन्य लोगों ने रास्ते को बनाने की मांग की।

## नाबालिग लड़के का फायरिंग करते वीडियो वायरल



सीतापुर। हरगांव थाना हरगांव के एक ग्राम पंचायत में एक नाबालिक द्वारा अवैध तमंचे से की जा रही फायरिंग का वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में पुलिस ने नाबालिक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जिले के थाना हरगांव एवं विकासखण्ड हरगांव के ग्राम लंघनिया मजरा खेदरापुर में फायरिंग करते एक नाबालिग लडके का वीडियो वायरल होने से हड़कंप मच गया। जिसकी

- पुलिस ने लिया नाबालिक को हिरासत में

जानकारी लगते ही हरगांव पुलिस ने फायरिंग करने वाले नाबालिग को पूछताछ के लिए तुरंत हिरासत में ले लिया। बताने के अनुसार अभय वर्मा पुत्र निर्मल वर्मा निवासी लंघनिया मजरा ग्राम पंचायत खेदरापुर थाना हरगांव का वीडियो वायरल हुआ। जिसमें वह फायर करते हुए दिखाई पड़ रहा है। इस संबंध में नाबालिक के पिता निर्मल वर्मा से जब जानकारी की गई तो उन्होंने बताया मेरा लड़का नाबालिग है। जिसे गांव के कुछ लोगों ने शरारतन अवैध पकड़ा दिया। जब थाना हरगांव के प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार पाण्डेय से इस संबंध में जब बात की गई तो उनका कहना है जांच चल रही है। जांच करने के बाद वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## खाद भंडार का प्रतिष्ठान बंद होने पर कारण बताओ नोटिस



सफीपुर, उन्नाव। जिला कृषि अधिकारी ने सफीपुर क्षेत्र की उर्वरक दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। जहां प्रतिष्ठानों पर स्टॉक बोर्ड, रेट बोर्ड वितरण रजिस्टर स्टॉक रजिस्टर कैश मेमो आदि की जांच की। जिसमें बाबा बफार्नी चकलवंशी, कुशवाहा कृषि सेवा केंद्र, गौड़ कृषि सेवा केंद्र आदि की जांच की गई। इस दौरान गोपाल खाद भंडार सफीपुर, गौड़ खाद भंडार सफीपुर, किसान सहकारी क्रय विक्रय समिति सफीपुर, द्विवेदी खाद भंडार का प्रतिष्ठान बिना सूचना के बंद होने के कारण सभी को कारण बताओ नोटिस निर्गत की गई साथ ही जिला कृषि अधिकारी शशांक चैधरी ने समस्त विक्रेताओं को निर्देशित किया गया समस्त उर्वरक नियमानुसार उर्वरक की बिक्री करें दुकान पर रेट बोर्ड स्टॉक बोर्ड कैश मेमो वितरण रजिस्टर स्टॉक रजिस्टर अनिवार्य रूप से बनाए व संस्तुत मात्रा का बैनर अपने प्रतिष्ठान पर लगवाए।दुकान कदापि न बंद करे, तथा उर्वरक का वितरण निर्धारित मूल्य पर ही कृषकों को करे। किसी प्रकार की अनियमितता पाए जाने की स्थिति में संबंधित विक्रेता के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## पुलिस की सक्रियता से वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

पुरवा, उन्नाव। पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी पुरवा के कुशल निर्देशन में वारंटी/वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु निरन्तर अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में धारा 137(2)/87/142 बी.एन.एस. में वांछित अभियुक्त नईम पुत्र स्व० शमीम उम्र 21 वर्ष निवासी मोहल्ला जिन्दवावाडी कस्बा व थाना पुरवा जनपद उन्नाव को दिनांक 28.08.2025 को पुरवा तिराहा दही चैकी उन्नाव से समय सुबह करीब 05.35 बजे गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। गिरफ्तार करनें वाले सदस्यों में उपनिरीक्षक सियाराम चौरसिया, कांस्टेबल संदीप सचान महिला कांस्टेबल समानता शामिल रहे।

## ..एसडीएम से मुर्गा काटने और गन्दगी फैलाने की शिकायत

पुरवा, उन्नाव। पुरवा घनी आबादी में मुर्गे की दुकान खोलकर मुर्गे को काटकर बेचने और उसके अवशेष घर के पीछे फेंकने से गंदगी बदबू के चलते बीमार होने और दुकान हटवाने की शिकायती पत्र ग्रामीण ने एसडीएम प्रमेश कुमार श्रीवास्तव को दिया। कस्बे के मोहल्ला बेगमगंज निवासी फैयाज ने एसडीएम प्रमेश कुमार श्रीवास्तव को शिकायती पत्र देकर बताया उसका घर बस स्टेशन और बेगमगंज के बीच घनी आबादी में है उसके मकान के पीछे वजीरगंज मोहल्ले के रहने वाले नियाजू मुर्गे की दुकान खोले हुए हैं। जहां प्रतिदिन वह सैकड़ो की संख्या में मुर्गी काटकर बेचता है और मुर्गी के अवशेष उसके घर के पीछे फेंक देता है जिससे वहां भारी गंदगी और बदबू होती है गंदगी और बदबू के चलते हैं उसके घर में कोई ना कोई बीमार बना रहता है। एसडीएम प्रमेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली प्रभारी और अधिशासी अधिकारी को विधिक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया है।

## महिला ने दबंगों पर मारपीट का आरोप लगाया

पाटन, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम न्योती मदारखेड़ा में महिला ने दबंगों पर मारपीट करने और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि स्थानीय पुलिस थाने में शिकायत करने के बावजूद अब तक कार्रवाई नहीं की गई। पीड़िता राजकुमारी पत्नी सुनील निवासी न्योती मदारखेड़ा ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 24 अगस्त को उसका 10 वर्षीय बेटा आदित गांव के अन्य बच्चों संग मंदिर के पास खेल रहा था। इसी दौरान गांव के ही विशाल सिंह पुत्र विमल सिंह और उसके रिश्तेदारों ने बच्चे को वहां खेलने से रोका और पीटा। जब बेटा रोते हुए घर पहुँचा और घटना बताई तो राजकुमारी मंदिर के पास पूछताछ करने गईं। आरोप है कि तभी विपक्षियों ने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उनके साथ मारपीट की, जिससे वह लहूलुहान होकर बेहोश हो गईं।

ग्रामीणों की मदद से किसी तरह बचाए जाने के बाद पीड़िता थाने पहुँची। जहाँ उन्हें इलाज के लिए सुमेरपुर सीएचसी भेजा गया, लेकिन रिपोर्ट दर्ज करने के नाम पर केवल आश्वासन दिया गया। महिला का कहना है कि लगातार कई दिनों से वह थाने का चक्कर लगा रही हैं, लेकिन रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय भगा दिया जाता है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से आरोपियों पर कार्यवाही और अपनी सुरक्षा की मांग की है। उनका कहना है कि दबंग प्रवृत्ति के आरोपी से उन्हें जान-माल का खतरा बना हुआ है।

# अच्छी फसल के लिए फसल चक्र अपनायें

उन्नाव। अपर जिला कृषि अधिकारी अनुराग कुमार ने बताया है कि वर्तमान समय में अधिक मात्रा में फसलों में प्रयोग किये जा रहे रासायनिक उर्वरकों के परिणामस्वरूप मिट्टी, हवा, पानी, मानव स्वास्थ्य, पौधों के स्वास्थ्य, जैव विविधता पर विपरीत प्रभाव पड रहा है। अत्याधिक मात्रा में रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से निम्नलिखित दुष्प्रभाव पड रहे हैं, नाइट्रोजन धारी उर्वरकों की फसल उत्पादन सीमित करने में अधिक भूमिका है। उपयोग की गयी 60 प्रतिशत नाइट्रोजन भूमि में जमा हो जाती है, जो लीचिंग या डीनाइट्रीफिकेशन द्वारा वातावरण में चली जाती है, जिसका पौधे उपयोग नही कर पाते है। अधिक मात्रा में यूरिया/नाइट्रोजन धारी उर्वरकों के प्रयोग से पानी और भोजन में नाइट्रेट आयॅन की अधिकता के कारण शिशुओं में मिथमोग्लोबिनीमियॉ होने की संभावना अधिक रहती है। अधिक मात्रा में नत्रजनधारी उर्वरकों के प्रयोग से मनुष्यों के साथ ही साथ पशुओं में भी कैंसर पैदा करने वाले पदार्थों का निर्माण करता है। अधिक मात्रा में नत्रजनधारी उर्वरकों के प्रयोग से फसलों में रोग एवं कीटों के लगने की संभावना अधिक बढ जाती है। अधिक मात्रा में फसलों में रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से भूजल एवं सतही जल दोनो प्रदूषित हो रहे हैं। पीने के पानी में नाइट्रेट एक स्वास्थ्य समस्या माना जाता है। नाइट्रेट शरीर में नाइट्राइट में परिवर्तित होकर हिमोग्लोबीन का आक्सीकरण करता है, जिससे रक्त आक्सीजन का परिवाहन करने में असमर्थ हो जाता है। नाइट्रोजनधारी उर्वरको के अधिक प्रयोग से नाईट्राइट द्वारा 6 महीनो तक के बच्चों मे ब्लू आयं सिंड्रोम हो जाता है। किसान भाइयों को सलाह दी जाती है कि मिट्टी की जॉच कराकर संस्तुत मात्रा के अनुसार रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग विभाजित खुराक (स्पिलिट डोज) के रूप में करें, साथ ही साथ फसल अवशेषों का पुनः चक्र करें, तथा हरी खाद के रूप में ढैंचा, सनई, उर्द, मूँग की फसलों का प्रयोग करें, तथा फसल चक्र को अवश्य अपनायें।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की बैठक सम्पन्न

सीतापुर। जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुलदीप सक्सेना के निदेर्शानुसार, अपर जिला जज सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी द्वारा गुरूवार को एक बैठक समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेटों के साथ आहूत की गयी। उक्त बैठक में अपर जिला जज सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत द्वारा 13 सितम्बर को आयोजित होने वाली लोक अदालत को अधिकाधिक सफल बनाये जाने हेतु उपस्थित समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेटों से वार्ता की गयी।

## 04 उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस हुए निरस्त

बहराइच। जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव ने बताया कि माह जुलाई 2025 में जनपद के 04 उर्वरक विक्रेताओं द्वारा कृषकों को 40-40 बोरी से अधिक यूरिया उर्वरक पी.ओ.एस. मशीन द्वारा खारिज की गई थी।

जबकि जांच के दौरान पाया गया कि दुकानदारों द्वारा कृषकों को खारिज की गई मात्रा से कम मात्रा में उर्वरक उपलब्ध करायी गयी थी। विक्रेताओं शुक्ला खाद बीज भंडार रनियापुर गोबराही, बर्मा बीज भंडार इटहा चैराहा, कमलेश कुमार यादव खाद बीज भंडार करमुल्लापुर एवं जायसवाल खाद भंडार राजापुर कला का लाइसेंस निलंबित करने के उपरांत निरस्त कर दिया गया है।जिला कृषि अधिकारी द्वारा समस्त कि यदि किसी भी विक्रेता द्वारा अनियमिता बरती जाएगी एवं सीमावर्ती राज्यों में उर्वरक की कालाबाजारी की जाएगी।

संक्षेप

## डीएम ने की चकबन्दी कार्यों की समीक्षा

बाँदा। चकबन्दी कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी जे0 रीभा ने चकबन्दी अधिकारियों एवं सहायक चकबन्दी अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन गॉवों में चकबन्दी का कार्य किया जा रहा है, उसमें धारा-9, पड़ताल का कार्य एवं कब्जा परिवर्तन की कार्यवाही को निर्धारित समय सीमा के तहत तेज गति से शीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने निर्देश दिये कि प्रतिदिन चकबन्दी लेखपालों एवं कर्मियों के कार्यों की समीक्षा करते हुए चकबन्दी कार्य में तेजी लायें। उन्होंने ग्रामवार चकबन्दी कार्यों की समीक्षा करते हुए ग्राम अलिहा में मालियत का कार्य अक्टूबर तक तथा सिंहपुर माफी पड़ताल का कार्य नवम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश दिये। ग्राम वहिंगा में धारा-52 व बन्दोबस्त का कार्य दिसम्बर तक पूर्ण किये जाने तथा ग्राम अलोना में पड़ताल का कार्य सितम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने पाया कि तहसील पैलानी में चकबन्दी का बेहतर कार्य किया गया है। ग्राम कुलसारी एवं माचा में मालियत का कार्य शीघ्र पूर्ण किये जाने तथा पतरा में अक्टूबर तक पड़ताल का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। ग्राम कल्याणपुर में सर्वे का कार्य शीघ्र पूर्ण किये जाने तथा चक निर्माण का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। ग्राम पुकारी में पड़ताल का कार्य 15 सितम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश किया। उन्होंने चकबन्दी अधिकारियों को वादों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिये।

# योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाये प्रशासन : राज्यपाल




- हमारा प्रयास है कि प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों तक आंगनबाड़ी किट पहुँचे, जिससे बच्चों को खेल-खेल में सीखने का उपयुक्त वातावरण सृजित हो
- प्रत्येक जनपद में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को चिन्हित कर उन्हें भी आवास, आयुष्मान व राशन कार्ड और सरकारी सभी योजनाओं से आच्छादित किया जाए
- देश को 2025 तक टीबी मुक्त करने का संकल्प लिया गया है, इसके लिए समाज के सक्षम व सभ्रान्त नागरिक रोगियों को पोषण पोटली उपलब्ध कराने में सहयोग करें
- राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ने जनपद ललितपुर में विभिन्न विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, किट, टेबलेट, ई-रिक्शा व अन्य सामग्री का वितरण किया

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज गुरुवार को जनपद ललितपुर के कल्याण सिंह सभागार में विभिन्न विकास एवं जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, प्रमाण पत्र, किट, टेबलेट व अन्य सामग्री का वितरण किया। उन्होंने मंच पर अपने हाथों से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को 200 प्री-स्कूल किट, पोषण अभियान के अंतर्गत 10 पोषण पोटली, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनान्तर्गत 100 आयुष्मान कार्ड, स्वामित्व योजनान्तर्गत 300 घरौनी, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 100 पात्र लाभार्थियों को चाबी वितरण एवं जीरो पावर्टी योजनान्तर्गत मुख्यमंत्री आवास योजना के एक लाभार्थी का स्वीकृत पत्र वितरण, प्रधानमंत्री सूक्ष्म उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत 120 लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत 100 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, पी०एम० सूर्य घर के लाभार्थियों को 150 प्रमाण पत्र, जीरो पावर्टी योजनान्तर्गत 100 नवीन अन्त्योदय राशनकार्ड का वितरण, श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के 225 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण, सीएम युवा उद्यमी अभियान के अन्तर्गत 05 ई-रिक्शा का वितरण, छात्राओं को 300 टेबलेट वितरण किये गए। इसके अलावा ललितपुर के बजाज पावर प्लाण्ट द्वारा 50 प्री स्कूल किट उपलब्ध कराने के लिए उनके प्रतिनिधियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी अमनदीप डुली ने राज्यपाल का पुष्पकली भेंट कर स्वागत किया, तत्पश्चात जनपद के आंगनबाड़ी केन्द्रों के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने सुंदर परिधानों में गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिस पर राज्यपाल ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागी रहे बच्चों को आशीर्वाद स्वरुप फलों की टोकरियां वितरित कीं। इस अवसर पर नेहरु महाविद्यालय की छात्रा महक राजा और प्रिंसी दुबे ने नारी सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण पर प्रभावी लघु व्याख्यान किया।

इस अवसर पर राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए जिला प्रशासन इसी प्रकार के आयोजन हर तीन माह के अंतराल पर कराकर केन्द्र व प्रदेश की सभी योजनाओं को समाज के अंतिम पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने का काम करें। उन्होंने कहा कि आज 200 आंगनबाड़ियों को किट उपलब्ध कराई गई हैं। प्रत्येक किट में कुर्सी, साइकिल सहित 22 से 23 प्रकार के उपकरण व खिलौने बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु दिए जाते हैं, ताकि गरीब परिवारों के बच्चे भी सुगमता से खेल खेल में पढ़ाई कर सकें और आगे बढ़ सकें। उन्होंने इच्छा व्यक्त की कि पूरे प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों तक इस प्रकार की सामग्री पहुँचनी चाहिए, जिससे बच्चों को बैठने, पढ़ने व सीखने के लिए उपयुक्त वातावरण मिल सके। राज्यपाल ने विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वच्छता पर विशेष बल देते हुए केन्द्रों को स्वच्छ व साफ-सुथरा बनाकर रखने के निर्देश दिये।

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाने का संकल्प लिया है। उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य है, जहाँ 25 करोड़ की आबादी के कारण सर्वाधिक टीबी मरीज भी हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे रोगियों को बेहतर देखभाल एवं पोषक आहार की आवश्यकता है, इसके लिए समाज के सभ्रान्त व सक्षम नागरिकों को अगे आकर टीबी के रोगियों को पोषण पोटली प्रदान करने में सहयोग करना चाहिए और ऐसे मरीजों को गोद लेकर मानवीय संवेदनाओं का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक डॉक्टर यह न घोषित करें कि रोगी पूर्णतः टीबी मुक्त हो गया है, तब तक पोषण पोटली निरंतर दी जानी चाहिए। टीबी रोगियों के साथ अछूत जैसा व्यवहार न किया जाय। पूरे प्रदेश में टीबी मुक्त अभियान व्यापक स्तर पर चल रहा है और 2025 के अंत तक प्रदेश को टीबी मुक्त किया जाएगा।

राज्यपाल ने प्रधानमंत्री द्वारा संचालित आयुष्मान कार्ड योजना की सराहना करते हुए कहा कि इसका लाभ जन-जन तक पहुंच रहा है। स्वामित्व कार्ड योजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि घर का मालिकाना हक पति और पत्नी दोनों के नाम पर होना चाहिए, क्योंकि आज महिला स्वतंत्र और सशक्त हो चुकी है। उन्होंने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजनाओं का उल्लेख करते हुए निर्देश दिया कि लाभार्थियों को नए एवं पूर्ण हो चुके आवास का प्रमाणपत्र दिया जाए और प्रत्येक जनपद में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को चिन्हित कर उन्हें भी आवास, आयुष्मान कार्ड और अन्य सभी सरकारी योजनाओं से आच्छादित किया जाए। ट्रांसजेंडर भी समाज का अभिन्न अंग हैं, उन्हें पीछे नहीं छोड़ा जा सकता। राज्यपाल ने मुख्यमंत्री सूर्य घर योजना को विशेष रूप से सराहा और कहा कि जनपद के प्रत्येक घर पर सोलर पैनल स्थापित कराए जाएं। उन्होंने जीरो पावर्टी योजना की भी प्रशंसा की और कहा कि इस योजना के अंतर्गत अच्छा कार्य हो रहा है। श्रम विभाग की योजनाओं से लाभार्थियों को मिली धनराशि का सदुपयोग शिक्षा एवं स्वास्थ्य में करने पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि एक भी रुपया व्यर्थ नहीं होना चाहिए।

राज्यपाल ने नशे के दुष्परिणामों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति की ही नहीं, उसके परिवार की जिंदगी भी बर्बाद कर देता है। नशे से पीड़ित व्यक्ति की वेदना सबसे अधिक पत्नी और परिवार को सहनी पड़ती है, इसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देशित किया कि वह अपने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में सभी वर्ग की महिलाएं सम्मिलित करते हुए 25-25 महिलाओं की टोली बनाकर ग्रामीण क्षेत्रों में भेजकर नशा मुक्ति अभियान चलाया जाए और सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी व्यक्ति या परिवार नशे की चपेट में न आए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी अमलदीप डुली ने राज्यपाल को एक जनपद एक उत्पाद योजना से संबंधित स्मृति चिन्ह एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पाद भेंट किये तथा जनपद के समग्र विकास की उपलब्धियों की जानकारी दी।

इस अवसर पर राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, जिलाध्यक्ष भाजपा हरीशचन्द्र रावत, एमएलसी श्रीमती रमा निरंजन, एमएलसी बाबूलाल तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने राज्यपाल के जनपद आगमन को गोरान्वित करने वाला क्षण बताते हुए धन्यवाद दिया और जनपद के विकास कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अंकुर श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त जिला स्तरीय अधिकारी व विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी उपस्थित रहे।

# राज्यपाल ने की जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा



- प्रशासनिक अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक कर ली जानकारियां
- आंगनबाड़ी केन्द्रों को सशक्त बनाकर कुपोषण मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने पर दिया जोर

**ललितपुर।** प्रदेश की महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनन्दी बेन पटेल ने जनपद के विकास कार्यों की हकीकत जानने के उद्देश्य से गुरुवार को कलैक्ट्रेट सभागार में जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। इस अवसर पर राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग, उ0प्र0 मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा की प्रमुख उपस्थिती रही।उन्होंने सभी अधिकारियों का एक-एक कर परिचय प्राप्त करते हुए स्पष्ट निर्देश दिये कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की मंशानुसार अन्त्योदय की भावना को ध्यान में रखते हुए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है, इसलिए बिना किसी भेदभाव के पूरी पारदर्शिता के साथ लाभार्थियों तक पहुंचकर उन्हें लाभान्वित किया जाए। उन्होंने जनपद में किये गए जीरो पॉवरटी सर्वे की प्रसंशा करते हुए कहा कि प्रत्येक ग्राम में जरुरतमंद व गरीब परिवार निवास करते हैं, उन्हें उनके ही स्थान पर पहुंचकर लाभान्वित किया जाए, लाभार्थियों को दफ्तरों के चक्कर लगाने न लगाने पड़े। उन्होंने जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि जनपद में चल रहे सभी प्रकार के सर्वेक्षणों की वे स्वयं निगरानी करें और उन्हें अपने लक्ष्य तक पहुंचायें।

उन्होंने जनप्रतिनिधियों को भी अपने-अपने क्षेत्रों में बाल विवाह, शराब बंदी व महिला शिक्षा के प्रति लोगों को जागरुक करने को कहा। राज्यपाल ने निर्देश दिये कि जनशिकायतों का निस्तारण तत्काल सुनिश्चित किया जाए, साथ ही इसका प्रत्येक विभाग में रिकॉर्ड भी रखा जाए, इसके अलावा जनपद में मतदाता पुनरीक्षण कार्य पूरी गंभीरता के साथ किया जाए, कहीं भी डुप्लीकेसी न हो। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक बड़ी समस्या है, इसकी रोकथाम के लिए अधिकारियों को व्यक्तिगत रुचि लेकर कार्य करना पड़ेगा, ऐसे मामलों में बाल विवाह के पूर्व ही कांउसलिंग की जाए और यदि फिर भी बाल विवाह कराया जाता है तो पुलिस कार्यवाही की जाए। साथ ही जनपद में प्रत्येक विवाह का पंजीयन अवश्यक कराया जाए। उन्होंने कहा कि हर गांव में महिलाओं की टोलियां बनायी जायें, जो शराब मुक्ति, बाल विवाह की रोकथाम व बच्चों एवं महिलाओं के अधिकारों की जानकारी दें, साथ ही विद्यालयों में शिक्षकों की टीम बनाकर नामांकन न कराने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों को समझायें।

राज्यपाल ने शिक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि अप्रैल माह में बच्चों का कम नामांकन होना चिंता का विषय है, इसके लिए प्रत्येक गांव में सर्वे कराकर बच्चों का नामांकन कराया जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि बच्चा 3 वर्ष की उम्र में आंगनबाड़ी केन्द्र और 6 वर्ष की उम्र में कक्षा 1 में प्रवेश अवश्य हो जाए।उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि आंगनबाड़ी केन्द्रों को और सशक्त बनाया जाए, ताकि हमारा देश कुपोषण मुक्त होकर विकास की इबारत लिख सके। यहां आने वाला कोई भी बच्चा कुपोषण से ग्रसित न हो, इसके लिए पोषाहार का वितरण निर्धारित समय पर किया जाए। राज्यपाल ने कहा कि खेल मैदानों की समीक्षा करते हुए कहा कि जनपद में खेल मैदानों पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करायी जायें। उन्होंने कहा कि जनपद में स्वयं सहायता समूहों की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है, सम्बंधित अधिकारी उनके स्वरोजगार के लिए साधनों में वृद्धि करें और उन्हें सशक्त बनायें।

राज्यपाल ने रेड क्रॉस सोसायटी के सदस्यों से वार्ता करते हुए उनके संगठन के कार्यों की जानकारी ली और प्रत्येक गांव में कम से कम 10 सदस्य बनाने को कहा।बैठक में जनपद में किये गए नवाचारों की जानकारी पीपीटी के माध्यम से राज्यपाल को दी गई, जिसमें जनसेवाओं के डिजीटाईजेशन हेतु आईसीसीसीध्वीआईसीसीसी, जनपद में नदियों का पुनरोद्धार, आईएसओ प्रमाणन, बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिसिस, बाल गृहों में निवासरत बच्चों को आधार की मदद से घर वापसी, कारी पहाड़ी गौशाला में बोबर गैस प्लाण्ड स्थापना एवं घरों में रसोई गैस की आपूर्ति, मातृ स्वास्थ्य देखभाल के प्रचार-प्रसार हेतु नवाचार, आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण व निष्प्रयोज्य सामग्री से खिलौनों का निर्माण, जनपद में 12 से 18 वर्ष की ड्रॉपआउट किशोरियों का विद्यालय में नामांकन हेतु सर्वे, विद्यालयों में बाल संसद के माध्यम से किये गए अभिनव प्रयोग, विद्यालयों में किचिन गार्डन का अभिवन प्रयोग, निपुण भारत मिशन के अंतर्गत अभिनव प्रयोग, ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत अभिनव प्रयोग, 112 खेल मैदानों, मिनी स्टेडियम का निर्माण, आकांक्षात्मक विकासखण्ड के विद्युत से अवेसित ग्रामों को सोलर पावर से ऊजीकृत किया जाना, ठोस एवं तरल अवशिष्ठ प्रबंधन, ग्रामीण पुस्तकालयों का निर्माण, जल जीवन मिशन (ग्रामीण) पेयजल योजनाओं का निर्माण, मेडिकल कॉलेज, स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति, बाल विकास योजना के तहत पोषाहार वितरण एवं कुपोषण की रोकथाम आदि परियोजनाओं की प्रगति को शामिल किया गया है।

बैठक में पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान, अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ मयंक शुक्ला, पीडीडीआरडीए दीपक यादव, डीसी मनरेगा रमेश कुमार यादव, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, जिला अर्थ संख्याधिकारी राजेश कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह, डीसी इण्डस्ट्रीज अतहर जमाल सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सैनिक बन्धुओं की शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय से निस्तारण करें: डीएम




**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार मे जिला सैनिक बन्धु की बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं के निदान के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है और उनकी सभी शिकायतों का प्रभावी ढंग से निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए सैनिक बंधु बैठक के रूप में जो प्लेटफार्म दिया है, जिला प्रशासन इसका भरपूर लाभ उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा गुरुवार को आयोजित जिला सैनिक बन्धु की बैठक में सभी प्रथार्ना पत्रों को बहुत ही ध्यान पूर्वक सुना गया और सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के लिए कहा गया। उन्होंने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी से कहा कि बैठक से नई एवं पुरानी निस्तारित एवं अनिस्तारित शिकायतों की विभागवार सूची के अनुसार प्रकरण विचार विमर्श के लिए बैठक में प्रस्तुत करें और जिन विभागों द्वारा शिकायतों के निस्तारण में कोई कार्रवाई नहीं की गई है, उनको संज्ञानित करें ताकि सक्षम स्तर से शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण सुनिश्चित कराया जा सके। बैठक में पूर्व सैनिकों द्वारा सड़क, भूमि विवाद, शस्त्र लाइसेंस, खेत तालाब में पानी की व्यवस्था, अवैध अतिक्रमण आदि के संबंध में शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की गईं। जिस पर उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन आपकी शिकायतों के समाधान के लिये गंभीर है और सभी समस्याओं का प्राथमिकता के साथ ससमय निस्तारण कराया जाएगा। बैठक के दौरान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन अनिल गुप्ता, एक्स आर्मी मेजर केशव सहित अन्य अधिकारी एवं पूर्व सैनिक बन्धु मौजूद थे।

## स्मार्ट व चेक मीटर की रीडिंग पायी गयी एक जैसी

ललितपुर। विद्युत वितरण खण्ड महरौनी के अधिशाषी अभियंता विशाल सिंह के नेतृत्व में उपखण्ड अधिकारी सेकेण्ड ललितपुर लोकेश कुमार, अवर अभियंता धर्मेंद्र प्रजापति द्वारा संयुक्त रूप से बाईपास विद्युत उपकेन्द्र के अंतर्गत ग्राम पनारी में उपभोक्ताओं के परिसरों पर स्थापित 10 नग स्मार्ट मीटर एवं उनके साथ लगे चेक मीटरों को चेक किया गया, जिसमें सभी स्मार्ट एवं चेक मीटर में रीडिंग सेम पाई गई, जिसमें उपभोक्ता सुशीला, रामेश्वर, उत्तम सिंह एवं अमित जैन ने बताया कि उनके स्मार्ट मीटर ठीक प्रकार से कार्य कर रहे है, उन्हें स्मार्ट मीटर से किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं है। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से आह्वान किया कि स्मार्ट मीटर के सम्बन्ध में जो भी भ्रांतिया आप लोगो तक पहुंच रही है। वह पूर्णतरू भ्रामक एवं गलत है। स्मार्ट मीटर आप सभी को ससमय एवं सही बिल देने इत्यादि कार्यो के उद्देश्य हेतु लगाए जा रहे है। अतएव फिर से आह्वान किया कि विद्युत विभाग की इस मुहिम में अधिक से अधिक सहयोग प्रदान करें।

## सानिध्य ने किया यूनिवर्सिटी टॉप, राज्यपाल ने की प्रशंसा



**बांदा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर लॉ कॉलेज गिरवां के मेधावी छात्र सानिध्य शर्मा ने कड़ी मेहनत और प्रतिभा से नया इतिहास रच दिया है। उन्होंने न केवल यूनिवर्सिटी में टॉप किया बल्कि कई पदक जीतकर जिले व कॉलेज दोनों का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर प्रदेश के राज्यपाल ने प्रशंसा करते हुए सानिध्य के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। सानिध्य शर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय कॉलेज के कुशल शिक्षकों और परिवार के निरंतर सहयोग व प्रेरणा को दिया। उनकी उपलब्धि पर विधायक व शिक्षक नेता डॉ. बाबूलाल तिवारी, जनप्रतिनिधियों और कॉलेज परिवार ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि सानिध्य की मेहनत ने पूरे बुंदेलखंड का मान बढ़ाया है। कॉलेज परिसर और जिले में इस उपलब्धि से गौरव और हर्ष का माहौल है। छात्र-छात्राओं ने इसे अपनी प्रेरणा बताते हुए कहा कि सानिध्य ने साबित कर दिया है कि दृढ़ निश्चय और मार्गदर्शन से हर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

## शव पेड़ पर लटका मिलने से हड़कंप

**स्योहारा, बिजनौर।** पिछले एक सप्ताह से लापता व्यक्ति का शव गांव के निकट पेड़ पर लटका हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनाम भर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। जानकारी के अनुसार स्योहारा थाना क्षेत्र के ग्राम सद्दों बेरखा खो में नदी के निकट जंगल में पेड़ पर लाश लटकती देखी दी जिसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस में शव पेड़ से उतरवाया। मृतक की पहचान सोम प्रकाश उर्फ सोनू (33 वर्ष) पुत्र शोनाथ सिंह निवासी ग्राम सद्दों बेरखा रुप में हुई। मृतक सोनू बीती 19 अगस्त घर से लापता था जिसकी गुमशुदगी की थाने में दर्ज कराई गई थी। ग्रामीणों का दबी आवाज में कहना है कि सोनू का अपनी पत्नी से काफी समय से विवाद चल रहा था और वह झगडा कर घर से चला गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि फिलहाल घटना आत्महत्या महसूस हो रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही किसी नतीजे पर पहुंचा जा सकता है। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## सिलेंडर में लगी आग, शिक्षक झुलसा



**धामपुर, बिजनौर।** प्राथमिक विद्यालय में मिड डे मील का खाना बनाते समय अचानक सिलेंडर में आग लग गई। आनन फानन में बच्चों को स्कूल परिसर से बाहर निकाला गया। इस दौरान आग बुझाने के प्रयास में एक शिक्षक झुलस गया। आग की चपेट में आकर झुलसे शिक्षक को सीएचसी में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर जब तक फायर बिग्रेड मौके पहुंची तब तक आग बुझा दी गई थी।

जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह तहसील धामपुर थाना नहटौर क्षेत्र के ग्राम इब्राहिमपुर साधो उर्फ अलीनगर के प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के लिए मिड-डे मील का खाना बनाया जा रहा था। इस दौरान दूसरे चूल्हे में रेग्युलेटर लगाते समय अचानक सिलेंडर में आग लग गई। घटना से स्कूल में अफरा तफरी मच गई शिक्षकों ने आनन फानन में बच्चों को विद्यालय परिसर से बाहर निकालकर फायर बिग्रेड को फोन कर सूचना दी। आग बुझााने के दौरान दौरान शिक्षक सुनील कुमार पुत्र निवासी ग्राम अल्हैदादपुर मुबारक उर्फ नवादा चैहान आग की चपेट में आकर झुलस गया। जबकि रसोइया ने किसी तरह भागकर अपने आपको बचाया। झुलसे शिक्षक को सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी। उधर शिक्षकों ने ग्रामीणों की मदद से फायर बिग्रेड की गाड़ी आने से पहले ही आग पर काबू पा लिया गया था।

# पुलिस ने किया 10 हजार के इनामिया को गिरफ्तार




**बांदा।** पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश पर अपराधियों पर नियंत्रण लगाए जाने तथा वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बिसण्डा पुलिस ने 10 हजार रुपयें के इनामिया को गिरफ्तार किया है। बताते चलें कि थाना बदौसा क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने बीते 15 नवम्बर 2024 को थाना बदौसा पर सूचना दी थी कि उसके लड़के सुरेश को किसी ने जान से मारकर खेत में फेंक दिया है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना बदौसा पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिसकी विवेचना थानाध्यक्ष बदौसा सुभाष चन्द्र वर्मा ने की थी। विवेचना में मिला कि मृतक सुरेश अपने 2 अन्य साथियों के साथ बिजली के तार चोरी करने गया था, उसी दौरान लाइट के खम्भे पर चढ़ने से करंट लगने से उसकी मृत्यु हुई थी। जांच में यह भी उजागर हुआ कि घटना के समय मृतक के साथ मौजूद दोनों व्यक्तियों ने मृतक को अकेला छोड़कर भागने एवं घटना की सूचना किसी को न देने जैसी गम्भीर लापरवाही की। उनके इस कृत्य ने परिजनों और पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया। प्रकरण में शामिल एक आरोपी रामकिशोर को पुलिस टीम ने पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था अन्य दूसरा आरोपी घनश्याम उर्फ बउवा पुत्र मोतीलाल निवासी देवीनगर थाना बिसण्डा काफी समय से फरार चल रहा था जिसकी शीघ्र गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक ने 10 हजार रुपए का पुरस्कार घोषित किया था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम अपराध निरीक्षक महेन्द्र प्रताप सिंह, उप निरीक्षक, लालाराम, हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार व कांस्टेबल चन्दन यादव रहे।

## "ऑपरेशन क्लीन" के तहत गोष्ठी

**बांदा।** पुलिस लाइन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज की अध्यक्षता में "ऑपरेशन क्लीन" से संबंधित महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन हुआ। गोष्ठी का उद्देश्य लावारिस एवं माल मुकदमाती वाहनों के त्वरित व पारदर्शी निस्तारण की प्रक्रिया को समझाना तथा संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश देना था।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने न्यायालय के आदेशों के अनुसार माल मुकदमाती वाहनों के लिए निस्तारण की प्रक्रिया, थानों में बरामद लावारिस वाहनों एवं अन्य वस्तुओं के निस्तारण के लिए निर्धारित प्रक्रिया, निस्तारण कार्य में न्यायालय व उपजिलाधिकारी से तालमेल बनाकर कार्यवाही करने, नीलामी के लिए वाहनों एवं अन्य वस्तुओं का मूल्यांकन कराने की विधि व नीलामी के दौरान अपनाई जाने वाली समस्त कानूनी एवं प्रशासनिक कार्यवाही पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऑपरेशन क्लीन के तहत न्यायालय, सरकारी दिशा-निदेशों का पालन करते हुए समयबद्ध ढंग से माल मुकदमाती एवं लावारिस माल का निस्तारण करें।

# गणेश महोत्सव के दूसरे दिन रही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम



**बाँदा।** शहर के गणेश भवन शास्त्री नगर में गणेश महोत्सव के दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। कलाकारों ने सुन्दर, मनमोहक नृत्य व गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। पूरे समय तालियों की गड़गडाहट से पंडाल गूँजता रहा। गुरुवार को महोत्सव की शुरूआत गणेश जी की प्रतिमा में आरती उतारकर की गयी। इसके बाद मेंहदी व रंगोली प्रतियोगिता शुरू हुई। ज्योत्सना पुरवार, शकुंतला गुप्ता व डॉक्टर कल्याणी गोरे के मार्गदर्शन, नेतृत्व में बालिकाओ ने अपने हांथो में मेहंदी लगाकर दिखाई और रंगबिरंगी रंगोली सजाई गई जिसमे गणेश जी की मूर्ति फूलपत्ती व राष्ट्रीय ध्वज आदिविभिन्न विधाओं को प्रदर्शित किया गया था जिसे सभी दर्शकों ने सराहा।

इसके बाद श्रद्धा निगम व निशा गुप्ता के मानदर्शन में स्थानीय कलाकारो ने सांस्तकृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति की। सभी कलाकार रंगबिरंगे परिवेश में नृत्य व गीत प्रस्तुत कर छटा बिखेर रहे थे। म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारो ने शानदार प्रस्तुति देकर वाहवाही लूटी।

जिले के मशहूर कलाकारो ने सुंदर गीत की प्रस्तुति दी साथ ही नाटक का सुंदर मंचन कर लोगों का मन मोह लिया। तिरंगे झंडे के साथ नन्हे मुँहे कलाकारों ने गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रमों को देखने व सुनने के लिए भारी भीड़ उमड़ी, पूरा पंडाल खचाखच भरा रहा। नूतन बाल समाज के संरक्षक अशोक त्रिपाठी जीतू ने सभी कलाकारों व दर्शकों का आभार जताया। इस दौरान जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद, अशोक कुमार अवस्थी, विद्यासागर द्विवेदी, सुशील कुमार तिवारी, निखिल सक्सेना, नीरज त्रिपाठी, उत्तम सक्सेना, सत्यदेव त्रिपाठी, सचिन चतुर्वेदी, संतोष कुमार करवरिया, रोहन सिंहा, रामलखन सिंह राजपूत, विजय ओमर, धनी राम वर्मा मौजूद रहे। संचालन संजय काकोनिया ने किया।

## राज्यपाल ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



ललितपुर। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने बजाज एनर्जी समूह के सीएसआर कार्यों की प्रसंशा की। वह कमल नयन जमनालाल बजाज फाउंडेशन द्वारा गोद लिए 50 ऑगनबाड़ी के लिए विशेष किटों का वितरण कर रहीं थीं।

इस मौके पर उन्होंने बजाज एनर्जी की ललितपुर पॉवर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट राजीव श्रीवास्तव, पी.के. सिंह व सीएसआर प्रभारी राजेंद्र सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# संप्रभुता को चुनौती

यह भारत की अर्थव्यवस्था और विदेश नीति के लिए चुनौती पूर्ण दौर है। अनैतिक हथकंडों के जरिए भारत की संप्रभुता के खिलाफ हो रही साजिशों को ध्वस्त करने के लिए देश को एकजुटता के साथ संकल्प लेना होगा। अमरीका जाने वाले भारतीय सामानों पर अब कुल फीसदी टैरिफ देना पड़ेगा। अमरीका ने भारत और ब्राजील पर सर्वाधिक 50 फीसदी टैरिफ थोपा गया है। जैसे ही अमरीका के गृह विभाग की अधिसूचना सामने आई, तैसे ही नुकसान और प्रभाव के आकलन और आंकड़े भी स्पष्ट होने लगे हैं। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में एक बैठक बुलाई गई, जिसमें राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफवाद का मुकाबला करने के विकल्पों और रास्तों पर विमर्श किया गया। पहले अमरीका में प्रवेश करने वाले भारतीय उत्पादों एवं सेवाओं पर औसतन 3 फीसदी आयात शुल्क का भुगतान करना पड़ता था। वह टैरिफ अब 50 फीसदी कर दिया गया है, लिहाजा फासला बहुत बड़ा है। सरकार समूचे प्रभावित क्षेत्रों को सबसिडी, कर्ज अथवा बेल पैकेज नहीं दे सकती। फिर भी कोरोना दौर जैसे बंदोबस्त करने होंगे। आम आदमी की क्रय-शक्ति कम न हो, बाजार में मांग बरकरार रहे, ताकि लघु, सूक्ष्म स्तर के




उद्योगों में भी उत्पादन निरंतर जारी रह सके। बेशक भारत की अर्थव्यवस्था के लिए यह चुनौती का दौर है। राष्ट्रपति ट्रंप की सोच समझ में नहीं आ रही कि वह भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी के संबंध चाहते हैं अथवा भारत को दबाव में झुकाना चाहते हैं। जर्मनी के एक बड़े अखबार ने खबर छापी है कि ट्रंप ने चार बार प्रधानमंत्री मोदी को फोन किया, लेकिन प्रधानमंत्री ने बात नहीं की। फिलहाल इसकी काई पुष्टि नहीं हुई है लेकिन भारत अभी आंख से आंख मिला कर बात करने की मुद्रा में है। सवाल है कि भारत पर 50 फीसदी टैरिफ क्यों थोपा गया है, जबकि चीन पर 30 फीसदी, वियतनाम पर 20 फीसदी, यूरोपीय संघ और जापान पर 15-15 फीसदी टैरिफ लगाए गये हैं? बहरहाल टैरिफ लागू होने के बाद नोएडा, सूरत, तिरुपुर के वस्त्र उद्योग चिंता की लहर फैल गयी। इससे उबरने के लिए भारतीय निर्यातक संघ ने तुरंत मदद करने का आग्रह मोदी सरकार से किया। शुरूआती आकलन यह है कि टैरिफ का करीब 55 फीसदी निर्यात पर बुरा असर पड़ेगा। निर्यात कम होने से डॉलर भी कम होगा, नतीजतन डॉलर-रुपये के समीकरण भी प्रभावित होंगे। विदेशी निवेश भी कम होगा। भारत और अमरीका के बीच 2024-25 में 131 अरब डॉलर से अधिक का कारोबार हुआ। उसमें करीब 87 अरब डॉलर का निर्यात भारत ने किया। वित्त-वर्ष 2025-26 में यह निर्यात घट कर 50 अरब डॉलर के करीब हो सकता है। यह बहुत गंभीर नुकसान होगा। करीब दो-तिहाई निर्यात, जो 60 अरब डॉलर का आंका गया है, 50 फीसदी टैरिफ के दायरे में आ जाएगा। यह श्रम-गहन वाले औद्योगिक क्षेत्रों- परिधान, वस्त्र, कालीन, झींगा मछली, रत्न-आभूषण और फर्नीचर आदि- पर हथौड़ा मारने जैसा होगा। सबसे अधिक गारमेंट सेक्टर और जेम्स-ज्वैलरी सेक्टर के प्रभावित होने की आशंका है। फार्मा की दवाइयां, स्मार्ट फोन, पेट्रोलियम पदार्थ, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स आदि का कुल 30 फीसदी निर्यात टैरिफ-मुक्त रखा गया है। करीब 4 फीसदी निर्यात (3.2 अरब डॉलर) में मुख्यतः ऑटो पार्ट्स हैं, जिन पर फिलहाल 25 फीसदी टैरिफ है। यदि ट्रंप के टैरिफवाद से उद्योगों पर बुरा असर पड़ता है, तो जाहिर है कि नौकरियां भी जाएंगी। नतीजतन रोजगार की समस्या कुछ विकट होगी। हालांकि कुछ औद्योगिक जानकारों का आकलन है कि भारत की जीडीपी पर इसका कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ेगा। ट्रंप ने चीन पर 200 फीसदी टैरिफ थोपने की धमकी जरूर दी है, लेकिन वह ऐसा करेंगे। क्योंकि वह जानते हैं कि चीन पलटवार करेगा और इससे अमरीका को नुकसान होगा। भारत को भी अपनी तैयारी चीन जैसी करनी होगी ताकि कोई देश ब्लैकमेल न कर सके।

# पत्रकारों के लिए बेहद बर्बर है आधुनिक दुनिया



लोकमित्र

इक्कीसवीं सदी को हम तकनीक, विकास और वैश्विकरण की सदी कहते हैं। कहा जा रहा है कि इस सदी में बड़े बड़े मसले बिजनेस की टेबल में बैठकर हल हो जाते हैं। कहने का मतलब 21वीं सदी का नाम लेने के बाद अगर कोई 18वीं और 19वीं सदी के बर्बर अतीत का जिक्र करे, तो बिल्कुल अटपटा लगेगा। लेकिन हकीकत क्या है, जरा हकीकत देखिए। भले इस सदी को वैश्विकरण और सहनशीलता की सदी कह रहे हों, लेकिन हाल के सालों में पत्रकारों की जिस बर्बर तरीके से हत्या की जा रही है, खुलेआम उन पर बम फेंक दिये जाते हैं, ऐसा इतिहास में शायद ही कभी पहले हुआ हो। महज 10 दिनों के अंदर गाजापट्टी के अंदर दो बार पत्रकारों पर वीभत्स हमला हुआ है। पहली बार 6 पत्रकारों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया और महज एक हफ्ते के बाद ही दूसरी बार यहीं पर हुए एक ऐसे हमले में 5 पत्रकारों ने फिर मौके पर दम तोड़ा। 25 अगस्त 2025 को गाजापट्टी के एक अस्पताल पर पूरी दुनिया ने देखा कि किस तरह अमेरिका ऑन कैमरा हवाई हमला कर रहा है। गाजापट्टी के इस नासिर अस्पताल पर इजरायल के हवाई हमले में 20 लोगों ने ऑन कैमरा दम तोड़ दिया, जिनमें 5 पत्रकार भी थे। पिछले एक हफ्ते के भीतर पत्रकारों पर यह दूसरा बर्बर हमला है।

इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि हाल के दिनों में पत्रकारिता कितना अपमानजनक और जोखिमभरा पेशा बन चुका है। ग्लोबल रिस्क रिपोर्ट 2025 के मुताबिक इस समय दुनिया में 60 सशस्त्र संघर्ष चल रहे हैं, जिनकी रिपोर्ट चाहे अनचाहे पत्रकारों को करनी ही पड़ती है और इस दौरान सरकारें और सेनाएं बेरहमी से कलम के इन सिपाहियों को मौत की नींद सुला रहे हैं। कमेटी टू प्रोटेक्ट जर्नलिस्ट (सीपीजे) के मुताबिक साल 2024 में दुनियाभर के 124 बेकसूर कलमकार सशस्त्र संघर्ष के शिकार हुए थे। तीन दशकों में संघर्ष के क्षेत्र में पत्रकारों की ये सबसे ज्यादा मौतें थीं। हैरान करने वाली बात यह थी कि इनमें से 70 फीसदी मौतें अकेले इजरायल द्वारा गाजा में की गई युद्ध की कार्यवाई के दौरान की गईं। 2024 में युद्ध क्षेत्र में मारे गये सभी पत्रकारों में से अकेले 85 पत्रकार गाजापट्टी में मारे गये थे। जबकि इसके

> ग्लोबल रिस्क रिपोर्ट 2025 के मुताबिक इस समय दुनिया में 60 सशस्त्र संघर्ष चल रहे हैं, जिनकी रिपोर्ट चाहे अनचाहे पत्रकारों को करनी ही पड़ती है और इस दौरान सरकारें और सेनाएं बेरहमी से कलम के इन सिपाहियों को मौत की नींद सुला रही हैं।




पहले 2023 में कुल 102 और 2022 में कुल 69 पत्रकारों की मौत संघर्ष वाले युद्ध क्षेत्रों में हुई थी। यूनेस्को ने भी 2024 के अपने आंकड़ों में बताया है कि 60 फीसदी से ज्यादा पत्रकार गाजापट्टी के युद्ध क्षेत्र में मारे गये थे।

सामयिक

हैरानी की बात यह है कि जब ज्यादातर युद्ध ड्रोन या गैर मानव सिपाहियों के बीच लड़े जा रहे हैं, उस दौरान सैनिकों से ज्यादा हताहत होने वालों में पत्रकारों की संख्या शामिल है। सन 2003 से 2022 के बीच रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (आरएसएफ) संस्था के मुताबिक युद्ध क्षेत्र में कुल 1668 पत्रकार हताहत हुए थे। इस तरह 80 पत्रकार हर साल संघष के क्षेत्रों में मारे गये। सबसे दयनीय बात यह है कि संघर्ष क्षेत्रों में जान गंवाने वाले ये पत्रकार किसी भी तरफ के नहीं होते। ये तो युद्ध क्षेत्र की हकीकत को बस लोगों तक पहुंचाना चाहते हैं कि देख लीजिए, इस विकास और वैश्विकता के पक्षधर दुनिया की हकीकत क्या है? ताकि दुनिया को संघर्षों के पीछे मौजूद अहम का पता चले और संघर्षों के खत्म होने के लिए संघर्षरत गुटों या देशों पर नैतिक दबाव बनें। लेकिन कितने दुर्भाग्य की बात है कि यहां अपनी जान की बाजी लगाकर बेमतलब के संघर्षों को आईना दिखाने वाले पत्रकारों को ही बेरहमी से निशाना बनाया जा रहा है।

दुनिया का परिदृश्य भयावह रुप से बदल रहा है। संयुक्त राष्ट्र संघ के मुताबिक ऑर्मकनफिलिक लोकेशन एंड इवेंट डाटा प्रोजेक्ट (एसीएलईडी) के आंकड़ों के मुताबिक पिछले पांच वर्षों में दुनियाभर में सशस्त्र संघर्षों की घटनाएं लगभग दोगुनी हो चुकी हैं। साल 2020 में जहां ऐसी कुल 1,04,371 सशस्त्र घटनाएं दर्ज की गई थी, वहीं 2024 में इनकी संख्या बढ़कर पूरे 2 लाख हो गई और आशंका है कि इस साल यानी 2025 में खूनी संघर्ष की इन वारदातों की संख्या बढ़कर ढाई से पौने तीन लाख तक पहुंच सकती है। इन खूनी संघर्षों में इस दौरान विभिन्न सरकारी आंकड़ो के मुताबिक ही 2,33,000 लोग मारे गये और 12 करोड़ से ज्यादा लोग इन खूनी संघर्षों के कारण विस्थापित हुए। मध्य पूर्व, उत्तरी अफ्रीका और पूर्वी यूरोप में संघर्ष सबसे तेज हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध, गाजापट्टी में इजरायल-हमास युद्ध और भारत के पड़ोस में स्थित म्यांमार में पिछले दो सालों में सबसे भयावह स्थिति रही है। एसीएलईडी के मुताबिक साल 2024 में राजनीतिक हिंसा में 25 फीसदी से ज्यादा की वृद्धि हुई और लगभग 1/8 लोग इन संघर्षों की वजह से किसी न किसी रूप में प्रभावित हुए। 1/8 का मतलब यह है कि दुनिया की कुल आबादी का 8वां हिस्सा इन संघर्षों के कारण प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौरपर प्रभावित रहा।

लेकिन हैरानी की बात यह है कि जहां इन संघर्षों में सैनिक और आमजन वहीं के मारे गये, जहां ये संघर्ष चल रहे हैं, जबकि इन संघर्षों में मारे जाने वाले पत्रकार पूरी दुनिया के रहे। ऐसे देशों के पत्रकारों ने भी इन खूनी कबिलाई संघर्षों में अपनी जान गंवा दी, जिनके अपने देशों में दूर दूर तक ऐसा कोई संघर्ष नहीं है। अगर गहराई से सोचें तो इन संघर्षों में अगर वैश्विक समुदाय ने साझे रूप से कहीं अपनी जान गंवाई है, तो वह पत्रकारों के समुदाय के रूप में गंवाई है। हैरानी की बात यह है कि इस सबसे किसी को, किसी तरह की कोई परवाह नहीं है। न किसी प्रभावशाली अंतर्राष्ट्रीय संगठन ही पत्रकारों की बढ़ रही बेतहाशा मौतों से चिंतित है और न ही किसी देश ने, विशेष इस बात पर कोई ध्यानाकर्षक कदम उठाया है। गाजा युद्ध दुनियाभर के पत्रकारों के लिए पत्रकारिता का दोजख बन चुका है। पत्रकारों के लिए गाजापट्टी का संघर्ष इतिहास का सबसे घातक संघर्ष है। महज तीन सालों के भीतर अभी तक संयुक्त राष्ट्र और कुछ दूसरे स्त्रोतों के मुताबिक गाजापट्टी में 242 से 274 पत्रकार मारे जा चुके हैं और ये सब स्थानीय नहीं थे बल्कि दुनिया के हर हिस्से से यहां रिपोर्टिंग करने आये पत्रकारों थे। अफसोस की बात यह है कि किसी भी संघर्ष विराम या संघर्ष विराम की कोशिशों में भी पत्रकारों की शहादतों पर कोई एक देश या नेता एक शब्द नहीं कहते। सच बात तो यह है कि पत्रकारों की निर्मम हत्या के प्रति किसी का कोई कंसर्न ही नहीं है। न तो संयुक्त राष्ट्र में इसके लिए कोई प्रस्ताव पास हुआ और न ही कतर से लेकर अमेरिका तक में संघर्ष विराम की अनगिनत कोशिशों में पत्रकारों की इन हत्याओं पर किसी ने कोई दो शब्द कहे। सिर्फ युद्ध क्षेत्र में ही इस दौरान बड़ी संख्या में पत्रकार नहीं मारे जा रहे बल्कि कई देश भी पत्रकारों के लिए बेहद खतरनाक हो चुके हैं। ऐसे चार सबसे खतरनाक देशों में पाकिस्तान, मैक्सिको, ईराक और म्यांमार शामिल हैं। जहां घोषित तौरपर दो देश नहीं लड़ रहे। महज आंतरिक तनाव और स्थानीय माफियाओं के संघर्ष में भी दर्जनों पत्रकार अपनी जान गंवा रहे हैं। हैरानी की बात यह भी है कि साल 1990 से 2000 के दशक से इस सबकी तुलना करें तो पता चलता है कि अब मीडिया स्टाफ पर भी हमले किये जा रहे हैं। पत्रकारों को मारना, उन्हें प्रताड़ित करना, उनके घरों को बम से उड़ा देना, इस तरह की हरकतें अपराधी संगठनों से लेकर शत्रु देश तक तो पहले से ही करते रहे हैं। अब पत्रकारों के सहायक स्टाफ को भी निशाना बनाया जा रहा है। ड्राइवरों, पत्रकारों के कैमरामैनों और उनका सामान लेकर चलने वाले मजदूरों को भी निशाना बनाया जा रहा है। इस तरह देखें तो पत्रकारों की सुरक्षा के मामले में आज दुनिया बेहद खतरनाक हो गई है।

## सोशल मीडिया

वोट चोरी बहुत संगीन मामला है। यह आरोप लगाने वाले, इसका जबाव देने वाले और इस पर चर्चा करने वाले सभी को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। योगेन्द्र यादव.



ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला जी ने अंतरिक्ष यात्रा और अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में बिताये अविस्मरणीय अनुभवों को साझा किया आप युवा पीढ़ी की प्रेरणा हैं। सीएम योगी.



प्रधानमंत्री मोदीजी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने कॉमन वेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी के लिए भारत की बोली प्रस्तुत करने को मंजूरी दे दी है। नितिन गडकरी.



# त्याग की महिमा

ईश्वर ने अपनी सर्वश्रेष्ठ कृति इंसान को कोई बुराई नहीं दी है, लेकिन फिर भी वह अपनी आदतों का शिकार हो जाता है। कई बार हमारी आदतें, हमारी प्रवृत्तियां जिसे हम खराब भाषा में लत भी कह सकते हैं, अगर उनका रचनात्मक उपयोग किया जाये, उनके पीछे भागने के बजाय उनका सदुपयोग कर सृजन में उपयोग किया जाये, तो वह दरअसल हमारी ताकत भी बन जाती हैं। हानिकारक आवेशों से मुक्त रहकर यदि मनोवृत्तियों का उपयोग किया जाये तो वे हानि पहुंचाने की बजाय हितकर ही सिद्ध होंगी। सर्वथा संसार त्यागियों की तो बात छोड़ दीजिए पर अधिकांश मनुष्यों को जो संसार में रहते हैं और जिनको भली बुरी सभी परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। सभी मनोवृत्तियों से काम लेना आवश्यक होता है। इसलिए हमारा कर्तव्य यही है कि अपनी मनोवृत्तियों और इन्द्रियों को ऐसी ही सधी हुई अवस्था में रखें। मनुष्य की जो मनोवृत्तियां जन्म से ही दी गयी हैं, वे सब उपयोगी एवं महत्वपूर्ण हैं। यदि उनको ठीक प्रकार से प्रयोग में लाया जाये तो प्रत्येक व्यक्ति अत्यंत सुख-शांतिपूर्वक जीवन व्यतीत कर सकता है। हम देखते हैं कि दुर्भाग्यवश लोग उनका सदुपयोग करना नहीं जानते और उन्हें बुरे मार्ग से खर्च करके अपने लिए तथा दूसरों के लिए दुखों की सृष्टि करते हैं। हम देखते हैं कि कई मनोवृत्तियों की संसार में निन्दा होती है। कहा जाता है कि यह बातें पाप और दुख की जड़ है। काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार आदि को जी भर कर कोसा जाता है और कहा जाता है कि इन्हीं के कारण संसार में अनर्थ हो रहे हैं। इस प्रकार का कथन किस हद तक सही हैं इसका विचारवान पाठक स्वयं निर्णय कर सकते हैं। यदि काम बुरी वस्तु है, त्याज्य है, पापमूलक है तो उसका उपयोग न तो सत्पुरुषों को ग्राह्य हो सकता था और न बुरी बात का अच्छा परिणाम निकल सकता था। परन्तु इतिहास दूसरी ही बात सिद्ध करता है। ब्रह्मा, विष्णु, महेश, विवाहित जीवन व्यतीत करते हैं। व्यास, अत्रि, गौतम, वशिष्ठ, विश्वामित्र, याज्ञवल्क्य, भारद्वाज, च्यवन आदि प्रायः सभी प्रधान ऋषि सपत्नीक रहते थे और संतानोत्पादन करते थे। दुनिया में असंख्य पैगम्बर, ऋषि, अवतार महात्मा, तपस्वी, विद्वान, महापुरुष हुए हैं, यह सब किसी न किसी माता पिता के संयोग से ही उत्पन्न हुए थे। यदि काम सेवन बुरी बात है तो उसके द्वारा उत्पन्न हुए बालक भी बुरे ही होने चाहिए। बुरे से अच्छे की सृष्टि कैसे हो सकती है? कालोंच से सफेदी कैसे निकल सकती है? इन बातों पर विचार करने से स्पष्ट हो जाता है कि काम स्वयं कोई बुरी वस्तु नहीं है। परमात्मा ने अपनी सर्वश्रेष्ठ कृति मनुष्य में कोई बुरी ब्ञात नहीं रखी।

अंतर्दृष्टि

# सब पर भारी मोहल्ले के कुत्ते

व्यंग्यलोक

अपहले पूरे मोहल्ले में एक कुत्ता था। सीधा-सादा और सरल सा। पास से निकलता तो वह पांवों में लोट जाता और दुम हिलाने लगता। पूरे मोहल्ले का ध्यान वही कुत्ता रखता था। हालांकि था तो वह कुत्ता ही, लेकिन उससे किसी को कोई परेशानी नहीं थी। उसी के भलेपन का फायदा उठाकर पता नहीं कहाँ से पांच-सात कुत्ते और मेरे मोहल्ले में आ गये हैं। इनमें एक-दो तो एकदम पिल्ले हैं। समझते-पहचानते नहीं, अपना-पराया नहीं देखते और लगते हैं भोंकने। नये कुत्तों का और भी बुरा हाल है, सारे दिन मोहल्ले में इधर से उधर घूमते रहते हैं और भले आदमी की पिण्डली पकड़ने को आतुर रहते हैं। मैं तो इनकी कार्य शैली से सदैव सहमा सा रहता हूँ। पता नहीं कब मिजाज बदल लें और काट लें। सही कहूं तो लगता है मोहल्ले में एक यूनियन सी बना ली है। जब भी घर से बाहर निकलता हूँ तो चारों तरफ कुत्ते ही कुत्ते घूमते नजर आते हैं। एकदम आवारा और हर ऊंच-नीच से बेखौफ। भार्गव साहब कुत्तों के शौकिन हैं। सारे दिन उनसे बतियाते और खेलते रहते हैं। उनके लिए रोटियां बनवाते हैं और अपने हाथों से खिलाते हैं। भार्गव साहब ने लगभग सभी कुत्तों को अपना पालतू बना लिया है। भार्गव साहब जब मौहल्ले का राउण्ड लेते हैं तो सारे कुत्ते उनके आगे-पीछे घूमते रहते हैं। एक दिन मैंने भार्गव साहब को अपने घर बुलाया और चाय पेश करते हुये कहा-भार्गव साहब अपने मोहल्ले में कुत्ते बहुत हो गये हैं। अच्छा हो इनमें से दो-चार को नगर-निगम में शिकायत लिखवाकर यहां से विदा कर दें? भार्गव साहब ने चाय का घूंट लिया और हैरानी से बोले- आप मोहल्ले के कुत्तों की शिकायत नगर निगम में करेंगे? थोड़ी गैरत रखो, इनको बड़ी मुश्किल से पाल-पोसकर बड़ा किया है और मोहल्ले की सुरक्षा के लिए खुला छोड़ रखा है। आपका इन बेचारों ने बिगाड़ा क्या है? मैं बोला-बुरा मत मानिये भार्गव साहब! माना आपने इन्हें स्नेह दिया है, पाला-पोसा है और इन्हें भोंकने के काबिल किया है। परन्तु मोहल्ले में हमारे-आपके बाल-बच्चे और महिलायें आती-जाती हैं। कभी उन पर इन्होंने उन पर हमला कर दिया तो लेने के देने पड़ जायेंगे। इसलिए कह रहा था, एक-दो कुत्ते तो फिर भी चल सकते हैं, लेकिन इस पूरी फौज ने तो मोहल्ले का चैन छीन रखा है। भार्गव साहब ने पूरी चाय हलक से उतारी और बोले-शर्मा जी, ये कुत्ते हैं और जानवर भी हैं। इनमें समझने-बूझने की तो तमीज होती नहीं, कल ये तैश में आकर ऑफेंसिव हो गये तो आपका जीना हराम कर देंगे। ये कुत्ते हैं, उन्हें इनके हाल पर छोड़ दीजिये। निश्चित मानिये इन्हें इस मोहल्ले की आदत हो गई है।



पूरन सरमा

# भारतीय महिलाएं कैसे बन सकती हैं चैंपियन



प्रतिबिंब

भारतीय महिला क्रिकेट टीम के लिए आईसीसी प्रतियोगिताओं की कहानी 'कितने पास फिर भी कितनी दूर' वाली रही है- शानदार प्रभावी खेल का प्रदर्शन, नॉकआउटस में नैय्या पार करना और अंत में दिल का टूट जाना। आईसीसी प्रतियोगिताओं के दोनों फोर्मेट्स में ऐसा 9 बार हुआ है। 2009 में आरंभ हुए टी-20 विश्व कप में भारत चार बार सेमीफाइनल में (2009, 2010, 2018 व 2023) और एक बार फाइनल (2020) में पहुंचा। इसी तरह 1978 में शुरू हुए ओडीआई विश्व कप में भारत दो बार सेमीफाइनल में (1997 व 2000) और दो ही बार फाइनल (2005 व 2017) में पहुंचा। लेकिन हर बार अंत में उसे निराशा ही हाथ लगी यानी वह कप न उठा सका।

अब 2025 ओडीआई विश्व कप 30 सितम्बर से 2 नवम्बर 2025 तक संयुक्त रूप से भारत व श्रीलंका में खेला जायेगा, जिसमें कुल 31 मैच होंगे। सवाल यह है कि क्या इस 13वें विश्व कप में भारत निराशा के बादलों को छांटते हुए आखिरकार आईसीसी खिताब प्रतीक्षा पर विराम लगा सकेगा? कप्तान हरमनप्रीत कौर का कहना है, 'मुझे उम्मीद है कि इस बार हम अपना 100 प्रतिशत प्रदर्शन करेंगे और उस बाधा को तोड़ने की कोशिश करेंगे जिसके लिए सभी भारतीय फैंस और हम इंतजार कर रहे हैं।' ऐसा प्रतीत होता है कि भारत को चैंपियन बनने से प्रतिभा या योजना नहीं रोके हुए है बल्कि बड़े मंच पर अपर्याप्त संयम ही कहानी का दुखद अंत कर देता है। जोस बटलर, बेन स्टोक्स और अनेक आईपीएल टीमों के साथ काम कर चुके मेंटल कंडीशनिंग कोच आनंद चुलानी का कहना है कि हमारे द्वारा प्रयोग किये गये शब्द तय करते हैं कि प्रेशर हमें सशक्त बनायेगा या कमजोर कर देगा। उनके अनुसार, भाषा अति महत्वपूर्ण है। वह जादू कर देती है। बार बार बाधा, चोकिंग जैसे शब्द प्रयोग करने से अक्सर मेंटल ब्लॉक बन जाते हैं। इसके विपरीत सशक्त करने वाले शब्द प्रयोग करने चाहियें जैसे समस्या की जगह चुनौती और ऐसे सवाल करने चाहियें जैसे 'मैं खुद को पूरी तरह से कैसे व्यक्त कर सकता हूं और हर पल का आनंद कैसे ले सकता हूं?' बजाय ऐसे प्रश्न कि क्या होगा अगर मैं परफॉर्म न कर सका? उम्मीदों के बढ़ने के साथ शब्दों में इस प्रकार के परिवर्तन आवश्यक हो जाते हैं। एक दशक पहले महिला टीम बाहर के शोर के बिना खेलती थी, अक्सर लोगों को मालूम ही नहीं होता था कि टीम कहीं खेल भी रही है। 2017 के बाद से स्थितियां बदल गईं। आज एक्सपोजर अधिक है, ब्रॉडकास्टिंग व सोशल मीडिया है और समीक्षा भी ज्यादा है। लेकिन इसके बावजूद दबाव को समर्थन में बदला जा सकता है। 2011 पुरुष ओडीआई विश्व कप के दौरान सचिन तेंदुलकर की सोच प्रक्रिया व मानसिकता का याद कीजिये। सचिन ने कहा था, हमारा मानना था कि सौ करोड़ लोग हमारे पीछे थे न कि हमारे सिर पर सवार। इससे हमें जबरदस्त आत्मविश्वास मिला।

अगर हरमनप्रीत कौर की टीम भी यही सकारात्मक मानसिक परिवर्तन अपने अंदर ले आये तो विश्व कप के दौरान यह बात निर्णायक साबित हो सकती है। लाखों लोगों की निगाहों को बोझ समझने की बजाये उन्हें इसे सामूहिक ऊर्जा समझना चाहिए, जो उन्हें आगे लेकर जायेगी। दरअसल, सफलता उस समय हाथ आती है जब नतीजा आधारित सोच से अलग हट लिया जाये। खिलाड़ी अगर मानसिकता को नतीजे से प्रक्रिया की ओर मोड़ लें तो असफलता के पैटर्न को तोड़ना आसान हो जाता है। हार व जीत पर बहुत अधिक फोकस करने से फाइनल की गर्मी में गलती करने का डर उत्पन्न हो जाता है। नतीजे की चिंता करने की बजाय खिलाड़ियों को उन चीजों पर फोकस करना चाहिए जिन्हें नियंत्रित किया जा सकता है जैसे गेंदबाज का गेंद फेंकने से पहले का रुटीन, बैटर का शॉट चयन या कप्तान व खिलाड़ी के बीच सामान्य बातचीत। इससे खिलाड़ी खेल में व्यस्त रहता है बजाय यह सोचने के कि दांव पर क्या लगा है। दबाव का मुकाबला करने की तैयारी फाइनल की रात में नहीं की जाती है बल्कि पूरे करियर के दौरान की जाती है- नेट्स में, मैच स्थिति में या घर के पिछवाड़े में। भारत की पूर्व कप्तान अंजुम चोपड़ा के अनुसार, प्रेशर के लिए ट्रेनिंग की शुरूआत आप केवल इसलिए नहीं करते कि आप विश्व कप खेल रहे हैं। आपको अपनी टीम को विजयी बनाने के लिए केवल एक ही अवसर मिलेगा, इसलिए जीत के वह रन अपने ड्राइंग रूम में लगाओ, यह उम्मीद करते हुए कि वह आपको विजयी बना देंगे। **सारिम अन्ना.**

## विचार

जिस कर्म में भोगने की कामना होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म है।
–गीता.

इस जगत में कोई संबंध नित्य नहीं है, अपनी देह का भी नहीं। तब स्त्री–पुरुष का साथ सदा नहीं रहेगा, यह क्या कहने की आवश्यकता है?
–महर्षि वेदव्यास.

अहिंसा में इतनी ताकत है कि वह विरोधियों को मित्र बना लेती है और उनका प्रेम प्राप्त कर लेती है।
–महात्मा गांधी.

जो मेरा धन चुराता है वो मेरी सबसे तुच्छ वस्तु ले जाता है।
– शेक्सपियर.

जो जीवों की हिंसा करता है, वह आर्य नहीं होता, सभी जीवों के प्रति अहिंसा का भाव रखने वाला ही आर्य कहलाता है।
–गौतम बुद्ध.

## आपकी बात

### आत्मनिर्भर भारत

यदि हम अपने देश भारत को आत्म निर्भर बनाना चाहते हैं तो हमें अपने देश भारत के सभी गांवों / शहरो को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आगे बढ़ाना होगा। हमारा देश भारत एक धर्म एवं संस्कृति प्रधान देश है जिसमें मंदिर एक बहुत अहम भूमिका निभाता है। मैं एक दृष्टांत के रूप में आपको यह बताना चाहता हूं कि जिला बाराबंकी के गढ़ी गांव में 2005 में हमने सर्वे किया तो पाया कि गांव की पर कैपिटा इनकम बहुत कम है और विश्लेषण करने पर पाया कि गांव के लोग अक्सर झगड़ों में उलझे रहते हैं जिसका कारण मुख्य रूप से यह है कि पहले बच्चे लड़ते हैं फिर उन बच्चों के कारण औरतें आपस में लड़ने लगती थी और फिर गांव के आदमी आपस में गुटबंदी कर लेते थे और झगड़ा करते थे। हमने सन 2007 में वहां एक मंदिर का निर्माण कराया, जिसके पश्चात गांव की औरतें मंदिर में भजन कीर्तन करने लगी, जो औरतें पहले लड़ती थी वह आपस में अब प्रेम और सद्भाव के साथ एक दूसरे से व्यवहार करने लगी जिससे उनके झगड़े समाप्त हो गए और उसके कारण गांव में जो गुटबन्दी थी वह भी कम हो गई और गांव के लोग अपना ध्यान अपनी खेती में देने लगे और उसका परिणाम यह निकला कि सब लोगों की कमाई बढ़ गई और परकैपिटा इनकम भी गांव वालों की बढ़ गई। इसका एक जवलन्त उदाहरण अयोध्या जी में श्री राम मंदिर का निर्माण भी है। मंदिर निर्माण के बाद पूरे इलाके की आर्थिक स्थिति बहुत मजबूत हो गई है क्योंकि वहां रोजगार के अवसर बहुत बढ़ गए हैं। महासमिति सरकार से वरिष्ठ नागरिकों के हितों हेतु समय-समय पर वार्ता करती है यदि सरकार द्वारा यह सुनिश्चित कर दिया जाए की राम मंदिर अथवा इस तरह के जो बड़े मंदिर है उनमें वरिष्ठ लोगों के लिए अलग से दर्शन की व्यवस्था हो और विशेष तौर पर इस तरह की व्यवस्था हो जैसे की वी आई पी दर्शन करने वालों के लिए होती है तो उससे ज्यादा वरिष्ठ नागरिक मंदिरों में दर्शन करने के लिए जा सकेंगे हैं और उससे निश्चित थी देश की अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। यदि हम वरिष्ठ लोग शहरों या गांव में बने मंदिरों में जाकर स्वयं अनुशासन में रहते हुए भगवान के दर्शन एवं प्रसाद लाइन में लगकर अनुशासित रूप में करें और दूसरे लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें तो यह भी देश और समाज के लिए बहुत बड़ी सेवा होगी जिससे समाज मे सकारात्मक प्रति स्पर्धा का उदय होगा और आत्मनिर्भरता की तरफ एक कदम आगे बढ़ जाएगे।

**भारत भूषण गोयल, अध्यक्ष, वि.पें. परिषद उप्र.**

### स्टार्टअप की मदद

तकनीकी प्रधान इस युग में स्टॉर्टअप कंपनियों ने लोगों के जीवन को आसान बनाने में महती भूमिका निभाई है। आज ये आम जनजीवन के लिए इतनी जरूरी हैं कि इनके विकास जीवन कठिन हो जायेगा। इसलिए सरकार को स्टाटॅअप कंपिनयों की मदद करनी चाहिए ताकि वे डूबने न पायें। अगर स्टॉर्टअप फेल होते हैं, तो इससे लोगों का भरोसा कमजोर होगा और देश तेजी से आगे बढ़ रहे स्टॉर्टअप के सामने चुनौतियों बढ़ेंगी। स्टॉर्टअप के महत्व और भारत की आर्थिक प्रगति में इनकी भूमिका को देखते हुए सरकार ने स्टॉर्टअप नीति लागू की है। आईआईटी और अन्य तकनीकी संस्थानों में स्टॉर्टअप को मदद के लिए, प्रौद्योगिकी एवं वित्तीय सहायता के लिए योजनाएं शुरू की गयी हैं। इसका परिणाम आज देश को एक बेहतर स्टॉर्टअप इको-सिस्टम के रूप में मिल रहा है। प्रौद्योगिकी के सहारे आइडिया के बाजीगरों ने तमाम स्टॉर्टअप खड़े किये। इनसे करोड़ों को लोगों को रोजगार मिला है और भारत की आर्थिक प्रगति की कहानी लिखने में आज स्टॉर्टअप सबसे आगे हैं। लेकिन हाल के वर्षों में स्टॉर्टअप को लेकर अनेक चिंताएं भी पैदा हुई हैं। अचानक स्टॉर्टअप के लुप्त हो जाने, लंबे समय तक घाटे में रहने और आक्रामक विस्तार के लिए अत्यधिक कर्ज लेने के कारण कई बार स्टॉर्टअप मुसीबत में आये हैं।

**वीरेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

# अयोध्या में 437 स्मार्ट क्लास, 72 आईसीटी लैब स्थापित

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** प्रदेश की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षा के क्षेत्र में तकनीकी विकास को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। अयोध्या जिले के परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की प्रतिभा को निखारने और आधुनिक शिक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए 437 स्मार्ट क्लास और 72 सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) लैब की स्थापना की गई है। यह पहल जिले के सभी विकास खंडों में लागू की गई है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी डिजिटल शिक्षा का लाभ मिल रहा है।



सरकार ने शिक्षा को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए स्मार्ट क्लास और आईसीटी लैब की स्थापना पर विशेष जोर दिया है। जिले में स्थापित 437 स्मार्ट क्लास में बड़ी एलईडी स्क्रीन के। माध्यम से पढ़ाई की व्यवस्था की गई है, जो बच्चों को ऑडियो-विजुअल माध्यम से शिक्षा प्रदान करती है। प्रत्येक स्मार्ट क्लास की स्थापना पर ढाई से तीन लाख रुपये की लागत आई है। वहीं, 72 आईसीटी लैब में पांच-पांच कंप्यूटर उपलब्ध हैं, जिनकी स्थापना लागत पांच से छह लाख रुपये प्रति लैब रही है। इन लैबों में बच्चों को कंप्यूटर और डिजिटल तकनीक से संबंधित शिक्षा दी जा रही है, जिससे वे आधुनिक युग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार हो सकें।पिछले वर्ष यानी 2024 में अयोध्या जिले में 225 स्मार्ट क्लास

**● जिले के परिषदीय स्कूलों में आईसीटी लैब का निर्माण**

और 12 आईसीटी लैब स्थापित किए गए थे। इस वर्ष 2025 में इस दिशा में और तेजी लाते हुए 212 नई स्मार्ट क्लास और 60 अतिरिक्त आईसीटी लैब की स्थापना की गई है। यह प्रयास ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच शिक्षा की खाई को पाटने में महत्वपूर्ण साबित हो रहा है। जिले के सभी विकास खंडों, जैसे रुदौली, मसौधा, और मया, में इन सुविधाओं का विस्तार किया गया है। विशेष रूप से रुदौली के कंपोजिट विद्यालय करीमपुर, शुक्लापुर, मया के जरही, और मसौधा के विट्ठलपुर जैसे विद्यालयों में इन सुविधाओं का लाभ बच्चों को मिल रहा है। सरकार का यह प्रयास न केवल शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए है, बल्कि बच्चों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए भी है। स्मार्ट क्लास के माध्यम से शिक्षक अब पारंपरिक ब्लैकबोर्ड शिक्षण के साथ-साथ डिजिटल सामग्री का उपयोग कर रहे हैं। इससे बच्चों का रुझान पढ़ाई की ओर बढ़ा है, और जटिल अवधारणाओं को समझना उनके लिए आसान हो गया है। आईसीटी लैब में कंप्यूटर प्रशिक्षण के साथ-साथ इंटरनेट और डिजिटल उपकरणों का उपयोग सिखाया जा रहा है, जो भविष्य में बच्चों के करियर निर्माण में सहायक होगा।ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का नया दौर अयोध्या जैसे धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के जिले में शिक्षा के क्षेत्र में यह तकनीकी क्रांति ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों के लिए वरदान साबित हो रही है। पहले जहां ग्रामीण विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव था, वहीं अब स्मार्ट क्लास और आईसीटी लैब के जरिए बच्चे आधुनिक शिक्षा का लाभ उठा रहे हैं। यह पहल न केवल शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठा रही है, बल्कि बच्चों में आत्मविश्वास और तकनीकी दक्षता भी विकसित कर रही है।शिक्षकों और अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना की है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अवनीश कुमार पाण्डेय ने बताया कि सरकार की इस पहल ने अयोध्या के परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा के क्षेत्र में एक नया युग शुरू किया है। 437 स्मार्ट क्लास और 72 आईसीटी लैब की स्थापना से जिले के हजारों बच्चे डिजिटल शिक्षा का लाभ उठा रहे हैं। यह प्रयास न केवल शिक्षा को आधुनिक बना रहा है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है।

# जमीनी विवाद में बेटे ने कुल्हाड़ी से किया पिता की हत्या



**अयोध्या।** गुरुवार सुबह जमीनी विवाद में बेटे ने कुल्हाड़ी से हमला कर अपने पिता की हत्या कर दी। मामला बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के सेतुतारा गांव का है। यहां 60 वर्षीय मेलादीन प्राथमिक विद्यालय में सफाई कर रहे थे। तभी उनके छोटे बेटे

**● बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के सेतुतारा गांव का मामला**

श्यामराज ने उन पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर दिया। सिर और पीठ पर गहरी चोट लगने से मेलादीन की मौके पर ही मौत हो गई। परिवार और ग्रामीणों ने बताया कि मेलादीन के दो बेटे हैं। बड़े बेटे रामऔतार के साथ वे रहते थे, जबकि छोटा बेटा श्यामराज अलग परिवार के साथ रहता है। मेलादीन के पास लगभग दो बीघा खेत और कुछ सड़क किनारे जमीन थी। एक साल पहले 5 बिस्वा जमीन बेचने पर पैसा बड़े बेटे के पास चला गया, इसी को लेकर छोटे बेटे से विवाद चल रहा था। बुधवार को भी पिता-पुत्र में विवाद हुआ था और श्यामराज ने धमकी दी थी। गुरुवार सुबह उसने प्राथमिक विद्यालय परिसर में ही पिता की हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों का कहना है कि छोटा बेटा पूरे खेत को अपने नाम कराना चाहता था। एसपी ग्रामीण ने बताया कि मेलादीन की अपने सगे बेटे से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी आवेश में आकर आज सुबह उसने कुल्हाड़ी से पिता पर हमला कर दिया। जिससे उनकी मौत हो गई है। कुल्हाड़ी को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# आमजन की सुविधा के लिए परिवहन विभाग ने जारी किया नया शार्ट कोड 149

**बाराबंकी।** आमजन को बेहतर सुविधा और त्वरित सहायता प्रदान करने को लेकर उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय पर स्थित हेल्पलाइन नम्बर को सरल बनाने के लिये नया शार्ट कोड़ 149 शुरू किया गया है। अब आमजन 149 या 1800-1800-151 पर कॉल कर विभिन्न सेवाओं से संबंधित जानकारी और शिकायत दर्ज करा सकेगे। इस सम्बन्ध मे जानकारी लेने पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने बताया कि उ0प्र0 परिवहन विभाग ने ड्राइविंग लाइसेंस से लेकर वाहन पंजीकरण, परमिट, फिटनेस, रोड टैक्स, और प्रदूषण प्रमाणपत्र जैसी सेवाओं की जानकारी व शिकायत निवारण के लिए छोटा और याद रखने में आसान नंबर 149 शुरू कर दिया गया है। यह नंबर सातों दिन और 24 घंटे सक्रिय रहेगा। अब कोई भी व्यक्ति परिवहन विभाग से संबंधित जानकारी, शिकायत या सहायता के लिए नये नंबर 149 व 1800-1800-151 पर आसानी से संपर्क कर सकता है। इसका उद्देश्य हर नागरिक को एक ही कॉल में त्वरित, विश्वसनीय और पारदर्शी सहायता दिलाना है। इसके अलावा परिवहन विभाग ने तकनीकी सुविधाओं को और सुलभ बनाने के लिए एक चैटबॉट सेवा भी शुरू की है।

# सड़क सुरक्षा और सुरक्षित ड्राइविंग को लेकर रहें सजग:बलवन्त सिंह यादव



**बाराबंकी।** मानव जीवन अनमोल है। सुरक्षित एवं सुगम यातायात के लिए प्रत्येक नागरिक को सड़क सुरक्षा नियमों की अधिक से अधिक जानकारी रखना आवश्यक है। जिससे सड़क होने वाली दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सके। उक्त उद्गार उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय पर डी0एल बनवाने आये युवा आवदेनकर्ताओ को सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक बलवन्त सिंह यादव ने नियमो का पालन एंव सुरक्षित यात्रा किये जाने के प्रति जागरुक करते हुये बताये। आर0आई श्री यादव ने युवाओ को दो पहिया वाहन चलाते समय आईएसआई मार्का का हेलमेट पहनने, दूसरी सवारी को भी हेलमेट पहनाने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाने, तेज रफ्तार से वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल उपयोग न करने, नशें की हालत में वाहन संचालित न करने समेत सदैव रोड़ सेफ्टी नियमो का पालन करने का संकल्प दिलाया। इस दौरान युवाओ द्वारा सवाल पूछने पर आर0आई श्री यादव ने जागरुक करते हुये कहा कि लापरवाही से वाहन चलाना न केवल चालक बल्कि दूसरो के जीवन को भी खतरे मे डाल सकता है।

# एएसपी पीस कमेटी मीटिंग में आवश्यक निर्देश दिये



**बहराइच।** आज पुलिस लाइन में अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) श्री रामानन्द कुशवाहा द्वारा क्षेत्राधिकारी नगर श्री पहुप सिंह के साथ नगर क्षेत्र के सभी थाना /चौकी प्रभारी की उपस्थिति में आगामी त्यौहार गणेश पूजा, गणेश प्रतिमा विसर्जन के सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत गणेश प्रतिमा स्थापित करने वाले व्यवस्थापक, समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, वालेंटियर और डीजे मालिको/ संचालकों के साथ वार्ता कर शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहार को संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। सभी को अवगत कराया गया कि किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए रोड से उचित दूरी बना के पंडाल को स्थापित किया जाए। आग लगने के स्थिति से बचने के लिए फायर एक्सटिंग्विशर का उपयोग, मूर्ति सुरक्षा और शांति व्यवस्था पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी लगाने हेतु बताया गया।

डीजे मालिकों और संचालकों को हिदायत दी गई कि शासन द्वारा मानक के अनुरूप ही आवाज में डीजे बजाए तथा कोई भी ऐसे गाने न बजाए जिससे किसी भी व्यक्ति/समुदाय के सम्मान को ठेस पहुंचे।

# अपर निदेशक ने चिकित्सालय का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता

मिल्कीपुर-अयोध्या। अपर निदेशक (चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण) बृजेश कुमार चैहान ने गुरुवार को दोपहर सौ शैय्या संयुक्त

**● व्यवस्थाएं पाई गईं संतोष जनक, स्वच्छता और मरीजों की सुविधा को प्राथमिकता देने पर दिया जोर**

चिकित्सालय, कुमारगंज का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया और मरीजों से उनकी स्थिति व स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं।बृजेश सिंह ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) रवि पांडे के साथ मिलकर अस्पताल के जनरल वार्ड, इमरजेंसी वार्ड, ऑपरेशन थिएटर (ओटी), रजिस्ट्रेशन काउंटर, दवा वितरण केंद्र, लैब, एक्स-रे कक्ष ,स्टेमी रुम और विभिन्न रजिस्टरों का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने बताया कि सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हो रही हैं और जांच के दौरान कोई कमी नहीं पाई गई।मरीजों से लिया हाल-चाल, सुनी समस्याएंनिरीक्षण के दौरान अपर निदेशक ने जनरल वार्ड में भर्ती मरीजों से मुलाकात की और उनका हाल-चाल जाना। उन्होंने मरीजों से स्वास्थ्य सेवाओं, दवाओं की उपलब्धता, और अस्पताल के कर्मचारियों के व्यवहार के बारे में विस्तार से बातचीत की। मरीजों ने अस्पताल की सेवाओं को संतोषजनक बताया और चिकित्सकों व स्टाफ के सहयोग की सराहना की। बृजेश सिंह ने मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए।




अपर निदेशक ने बताया कि सौ शैय्या चिकित्सालय में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं और दवाओं, उपकरणों, और अन्य संसाधनों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने सीएमएस रवि पांडे और अस्पताल के कर्मचारियों को मरीजों के प्रति संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य करने की सलाह दी। साथ ही, उन्होंने स्वच्छता और मरीजों की सुविधा को प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

# राज्य महिला आयोग अध्यक्षा ने 30 नवजात कन्याओं में बांटे बेबी किट, फल



**बाराबंकी।** उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा डॉ0 बबीता सिंह चैहान ने जिला महिला चिकित्सालय में जागो री जागो संस्था द्वारा आनंदी प्रकल्प सरकारी अस्पताल में प्रसव कराएं, बेटी होने पर खुशी मनाएं आयोजित कार्यक्रम में 30 नवजात कन्याओं को बेबी किट एवं भर्ती प्रसूताओं को 90 पैकेट फल वितरण किया। तथा शिशु को जब तक अपना दूध पिलाने तथा स्वयं भी घर जाकर पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी। इस मौके संस्था संयोजक चन्द्र प्रकाश, शालिनी, श्वेता पटेल, बबिता, राखी सैनी, पारुल, नेहा, काजल, कृष्णा चैधरी, सोनिया वर्मा, अधीक्षक डॉ0 प्रदीप कुमार, डॉ0रामा नंद, अनुपम बाथम, संतोष कश्यप, मनीष मेहरोत्रा, पी0एन0मेहरोत्रा, रमेश चन्द्र विश्वकर्मा, डॉ0पंकजा सिंह, विमला रस्तोगी मौजूद रहे।

# डीएम ने की जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक

**बाराबंकी।** कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार मे जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति (डीएचएस) की समीक्षा बैठक हुई। बैठक मे जिलाधिकारी ने कहा कि जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ऐसे में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।




जिलाधिकारी ने वीएचएनडी सत्रों में कई सीएचसी की रैंकिंग जिला मानक स्तर से कम पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश और सभी सीएचसी अधीक्षकों को वीएचएनडी सत्रों की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने रामनगर, बंकी व निन्दूरा क्षेत्र में टीकाकरण सत्रों में लापरवाही पर संबंधित सीडीपीओ का बेतन बाधित करने और कारण बताओ नोटिस व एब्डोमिनल जांच में मानक के अनुरूप प्रगति न मिलने पर जिले के 3 सीएचसी अधीक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया। बैठक मे जिलाधिकारी ने कहा कि रूटीन इम्यूनाइजेशन अभियान में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी। दरियाबाद व जाटा बरौली सीएचसी में लापरवाही सामने आने पर वहां के अधीक्षकों का बेतन बाधित करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्यकर्मी यह सुनिश्चित करें कि किसी भी स्थिति में जीरो सेशन न हो। साथ ही गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत पंजीकरण करने, संस्थागत प्रसव को प्राथमिकता देने और उपकेंद्रों पर डिलीवरी प्वाइंट्स को सक्रिय रखने पर विशेष बल दिया। बैठक मे जिलाधिकारी ने मातृ एवं शिशु मृत्यु की रिपोर्टिंग को पूर्ण एवं पारदर्शी बनाने और कहा मृत्यु के कारणों की गंभीरता से जांच करने, आभा आईडी और आयुष्मान कार्ड निर्माण की गति और तेज करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, प्रशिक्षु आई0ए0एस/सहायक कलेक्टर तेजस के0, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अवधेश कुमार यादव, एसीएमओ डॉ0डी0के0 श्रीवास्तव, डॉ0 राजीव सिंह सहित सभी सीएचसी अधीक्षक, बीपीएम, बीसीपीएम, आयुष्मान अधिकारी मौजूद रहे।

# पीड़ित ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर कब्जा हटवाने की मांग की

**बहराइच।** प्रार्थी के पिता स्वर्गीय कालिका प्रसाद पुत्र गंगाराम इमामगंज दाखिला बसंतपुर के मूल निवासी हैं जिन्होंने सन 22/10 /1980 में कुल जमीन खरीदी थी जिसका गाटा संख्या 382 है और जमीन एक बीघा साढ़े 6 बिस्वा खरीदा था प्रार्थी के पिता कालिका प्रसाद पुत्र गंगाराम के द्वारा उसमें कुछ जमीन बेच दिया था जो लगभग 11 बिस्वा जमीन थी और जमीन को खरीदने वाले रामखेलावन,पुत्र मेवालाल विनोद कुमार पुत्र अशरफी लाल श्रीमती विद्यावती पुत्री मल्ती प्रसाद पत्नी रमेश निवास सैयदनगर संजय कुमार पुत्र अशफीर्लाल के द्वारा जमीन खरीदी गई थी बाकी शेष जमीन लगभग 9 बिस्वा बाकी है जिसका गाटा संख्या 382 है प्रार्थी के पिता कालिका प्रसाद पुत्र गंगाराम के देहांत होने के बाद विरासत में उनके पुत्रों के नाम आ गई जो खतौनी में दर्ज है लेकिन अवैध कब्जा करने वाले मोहम्मद अशफाक पुत्र अंसारउल हक चुन्नू पुत्र अशरफुल हक मुन्नू पुत्र अंसारुल हक नसीर अहमद पुत्र अशरफुल हक उत्तम पुत्र छोटेलाल चंद्रसेन पुत्र केशव राम कोमल पुत्र केशव राम निवासी इमामगंज थाना खैरी घाट जनपद बहराइच के मूल निवासी हैं जो अवैध तरीके से कब्जा कर रखा है जिसके पास कोई दस्तावेज नहीं है मौके पर दूसरी जमीन का बैनामा हुआ दस्तावेज दिखता है अतः श्रीमान जी से निवेदन है कि जांच करवा कर उचित कार्रवाई करने की अति महान कृपा करें।



पीड़ित दर-दर भटक रहा है उत्तर प्रदेश सरकार में जहां एक तरफ बुलडोजर की कार्रवाई हो रही है।

वहीं दूसरी तरफ घूम माफिया जमीन पर अवैध कब्जा किए हुए हैं कब तक पीड़ित दर-दर भटकता रहेगा और कब मिलेगा इसको न्याय कई बार खबर चलने पर भी नहीं हुई कोई कार्रवाई।

# महिलाओ को दिया स्वच्छता का संदेश



**बाराबंकी।** स्वच्छता का संदेश को लेकर विप्रो संतूर कम्पनी ने बंकी, देवा शरीफ, मंजीठा धाम में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। नुक्कड़ नाटक मे कलाकारो ने लोगों को स्वच्छ रहने तथा अपने हाथो को साफ रखने के अनगिनत लाभ बताये। तथा ऐसा न करने से होने वाले अनेक प्रकार के दुष्प्रभाव के बारे में भी नाटक के माध्यम से जागरुक किया। कार्यक्रम मे विप्रो कंपनी के एसओ अनुराग श्रीवास्तव, डिस्टीब्यूटर श्याम ट्रेडर्स, धर्मेश वर्मा, प्रफुल मिश्रा, अमन, नरेन्द्र, अमित ने महिलाओं को संतूर साबुन वितरण करते हुये स्वच्छता के प्रति जागरुक किया।

# उर्दू कबीला के समाजसेवियो ने अधिवक्ता को भेंट की पुस्तक गुरुनानक



**बाराबंकी।** साहित्यिक विचारो को जन्म देकर ऐतिहासिक एंव सांस्कृतिक कार्यक्रमो के प्रति अपने विचारो को समाज तक पहुचाने की मुहिम छेड़ने वाली संस्था उर्दू कबीला के तालिब नजीब कोकब, फजल इनाम मदनी, एस0एम0हारिस, मो0 कदीर, शहनवाज अंसारी पदाधिकारियो ने संयुक्त रुप से एड़वोकेट सरदार भूपिन्दर पाल सिंह शैन्की को नवतेज सरना द्वारा अग्रेजी मे रचित पुस्तक गुरुनानक का हिन्दी रुपातरंण भेंट किया। यह पुस्तक सिक्खो के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव जी के जीवन परिचय पर आधारित है। उक्त पुस्तक को साल 1980 मे भारतीय विदेश सेवा के सदस्य रहे नवतेज सरना ने अग्रेजी मे लिखी थी। नवतेज सरना एक राजनायिक लेखक भी है।

इतना ही नही भारत के सबसे लम्बे समय तक आधिकारिक विदेश प्रवक्ता होने का उन्हे गौरव भी हासिल है।

इजरायल मे भारत के राजदूत, संयुक्त राज्य अमेरिका मे भारत के राजदूत बनने से पहले ब्रिटेन के हाई कमिश्नर रह चुके है। इनके द्वारा चर्चित उपन्यास वी आर नॉट लवर्स लाइक दैट और द्यद एक्साइलह्ण रचनाओ मे फोक टेल्स ऑफ पोलैण्ड एण्ड़ सेकेड़ थॉट, लघु कहानी संग्रह विन्टर इंवनिग्स और दो अनुवाद की किताबे जफरनामा (गुरु गोबिन्द सिंह) सेवेज हार्वेस्ट (मोहिंदर सिंह सरना) भी शामिल है।

# यूरिया की किल्लत, किसान परेशान

सिद्धार्थनगर- किसानों को यूरिया खाद के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। थाना मोहाना पुलिस, नायब तहसीलदार सदर और रइ ककरहवा की संयुक्त टीम ने ग्राम पतीला में छापेमारी की। टीम ने धर्मराज के घर से 30 बोरी यूरिया खाद बरामद की। धर्मराज श्याम चरण का पुत्र है। जिले के किसान खाद की एक-एक बोरी के लिए सहकारी समितियों और गोदामों पर लंबी कतारों में खड़े रहते हैं। कई किसानों को 12 घंटे तक लाइन में खड़े रहना पड़ता है। इतनी प्रतीक्षा के बाद भी मुश्किल से एक बोरी यूरिया मिल पाती है। बरामदगी के बाद सवाल उठ रहे हैं। किसानों को खाद नहीं मिल रही, लेकिन तस्करों तक इतनी मात्रा में यूरिया कैसे पहुंची? स्थानीय अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका पर भी शक जताया जा रहा है। जिला कृषि अधिकारी को कानूनी कार्रवाई की जिम्मेदारी सौंपी गई है। किसानों का आरोप है कि तस्करी रोकने के नाम पर केवल दिखावटी कार्रवाई होती है। सीमावर्ती क्षेत्र से यूरिया जैसी आवश्यक वस्तुएं लगातार नेपाल भेजी जाती हैं।किसानों का कहना है कि वे दिन-रात लाइन में खड़े रहकर भी एक बोरी यूरिया नहीं पा सकते। वहीं तस्करों के पास 30-30 बोरी यूरिया आसानी से पहुंच जाती है। यह प्रशासनिक व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार को दशार्ता है।



# दो दिन में 32 वांछित और वारंटी अपराधी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर- पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने 27 और 28 अगस्त की रात विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर 11 वांछित और 21 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। एडिशनल एसपी प्रशांत कुमार ने बताया कि सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। उन्होंने कहा कि अपराधियों पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। गिरफ्तार आरोपियों में भवानीगंज थाना क्षेत्र से मिठाईलाल, खेसरहा थाना क्षेत्र से फूलचंद उर्फ छांगुर और परमेश्वर शामिल हैं। कठेला थाना क्षेत्र से हरिवंश उर्फ हरवेश कुमार, दतरंगवा से प्रकाश साहनी और आजादनगर से शहीद को गिरफ्तार किया गया। त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र से कुनमुन और प्रदीप कुमार उर्फ अजोरे को पकड़ा गया। उसका बाजार थाना क्षेत्र से प्रकाश लोध उर्फ प्रभुदयाल लोध और संतोशी उर्फ संतोष गिरफ्तार हुए। बांसी थाना क्षेत्र से राकेश, संतराम, रामू गौड़, रामरूप, सुरेंद्र, रामदीन, रामशरण और धमालू को गिरफ्तार किया गया। सूत्रों के अनुसार ये सभी अभियुक्त लंबे समय से फरार चल रहे थे। कई अभियुक्तों के खिलाफ अदालत से गिरफ्तारी वारंट जारी था।

# जीएसटी चोरी प्रकरण में कंपनी निदेशक और चीनी महिला न्यायिक हिरासत में

मेरठ । ग्रेटर नोएडा से नौ करोड़ रुपये से अधिक की, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) चोरी के एक कथित मामले में गिरफ्तार एक कंपनी के प्रबंध निदेशक और उसकी चीनी सहयोगी को एक स्थानीय अदालत ने एक सितंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। विशेष लोक अभियोजक लक्ष्य कुमार सिंह ने बृहस्पतिवार को बताया कि केंद्रीय जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने मेसर्स टेन टेक एलईडी डिस्प्ले प्राइवेट लिमिटेड की जांच के दौरान कर चोरी का खुलासा किया। जांच में पता चला है कि कंपनी के निदेशक विनय कुमार और चीनी नागरिक एलिस ली उर्फ ली टेंगली ने कथित तौर पर गलत कर श्रेणियों के तहत रिटर्न दाखिल किया जिससे लगभग 9.19 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ। दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की गई और बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि दोनों को बुधवार को मेरठ में विशेष मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दुर्गेश नंदिनी की अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें एक सितंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। विशेष लोक अभियोजक ने बताया कि अदालत में पेशी के दौरान चीनी महिला ने अपना चेहरा ढका हुआ था। मीडिया के कैमरों से बचने की कोशिश कर रही महिला ने हंगामा किया और पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की भी की।

संक्षेप

## बुखार से किसान की हुई मौत

**महराजगंज, रायबरेली।** रुक रुक कर हो रही बारिश व गांव में मच्छरों के प्रकोप के चलते क्षेत्र में गंभीर बीमारियां पैर पसार रहीं हैं। जिसका पुरसाहाल जानने वाला कोई भी अधिकारी व कर्मचारी नहीं है। आज क्षेत्र के पूरे अहलादी मजरे मऊ गांव में 45 वर्षीय एक युवक की बुखार की चपेट में आने से मौत हो गई। बताते चलें कि क्षेत्र के पूरे अहलादी मजरे मऊ गांव निवासी 45 वर्षीय बुजुर्ग की तेज बुखार से मौत हो गई। आर्थिक रूप से कमजोर पूरे अहलादी निवासी सियाराम 45 वर्ष पत्नी के साथ मऊ स्थित जल निगम के कमरे में गुजर बसर करते हैं। बीते 15 दिनों से तेज बुखार से पीड़ित थे। बृहस्पतिवार दोपहर करीब 12 बजे उनकी हालत बिगड़ी तो उनकी पत्नी निर्मला ने उसे एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज ले गई। जहां उसकी मौत हो गई। चिकित्सक एस के राय ने बताया कि बुजुर्ग व्यक्ति जब अस्पताल पहुचा तो उसकी सांसें बंद हो चुकी थी। उसकी पत्नी के मुताबिक वह कई दिनों से बुखार से पीड़ित था।

## रामलीला के रावण की सड़क हादसे में मौत

**सलोन, रायबरेली।** रामलीला में दमदार अभिनय से मंच पर रावण के किरदार को जीवंत रखने वाले कलाकार अयोध्या प्रसाद की बीती रात एक सड़क हादसे में इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई ।वही परिवार में मातम छाया हुआ है। कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र के रेवली गांव निवासी अयोध्या प्रसाद मौर्या पुत्र छेदीलाल विगत पन्द्रह वर्षों से गांव के ही दुर्गा मंदिर श्रीराम लीला मंदिर कमेटी में रावण का किरदार निभाते थे ।इसके अलावा पिछवारा चैराहे पर त्रिपाठी ट्रेडर्स पर नौकरी भी करते थे ।बुधवार की शाम युवक दुकान बन्दकर बाइक लेकर घर के लिए निकला हुआ था ।गरीब का पुरवा गांव के निकट किसी अज्ञात वाहन ने युवक की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे युवक घायल हो गया ।परिजनों ने युवक को सीएचसी से रिफर कराकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। गुरुवार सुबह चार बजे युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। आकस्मिक हुई इस घटना से परिवार में मातम छाया है। मृतक अपने पीछे क्रमशः तीन और पांच वर्षीय मासूम बेटियों के साथ पत्नी को छोड़ गया है।

## करंट से सारस की मौत

**कूरेभार, सुलतानपुर।** हलियापुर-बेलवाई मार्ग पर स्थित इरुल नहर के पास गुरुवार को एक मार्मिक घटना ने पूरे गांव को भावुक कर दिया। आकाश में शान से उड़ता, प्राकृतिक संतुलन का प्रतीक और गांव की शान माने जाने वाला सारस पक्षी बिजली के करंट की चपेट में आकर असमय काल के गाल में समा गया। इस घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा नेता एवं निवर्तमान जिला महामंत्री शशिकांत पांडेय मौके पर पहुंचे और तत्काल वन विभाग को सूचना दी। वन दरोगा बृजेश यादव के नेतृत्व में वन विभाग की टीम और पशु चिकित्सकों का दल मौके पर पहुंचा। मृत सारस का पोस्टमार्टम कराया गया और वन विभाग की देखरेख में उसे विधिपूर्वक दफनाया गया। घटना से गांव का माहौल गमगीन हो गया। ग्रामीणों की आंखें नम थीं। लोगों ने बताया कि सारस केवल एक पक्षी नहीं था, बल्कि गांव की पहचान, पर्यावरण का प्रहरी और सौहार्द का प्रतीक था।

# सीएचसी में फैली गंदगी से मरीजों की बढ़ रही मुश्किल





जिला संवाददाता (vol)

**महराजगंज, रायबरेली।** महराजगंज ब्लॉक स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में साफ-सफाई की स्थिति बेहद चिंताजनक हो गई है। अस्पताल परिसर में गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिससे वहां इलाज के लिए आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे चिंताजनक स्थिति अस्पताल के ड्रेसिंग रूम की है, जहां से उपचार की अपेक्षा की जाती है, लेकिन वह अब शौचालय जैसा नजर आ रहा है। इसके अलावा अस्पताल परिसर और आस-पास के क्षेत्रों में भी गंदगी इस कदर फैली हुई है कि संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है। इलाज के लिए आने वाले मरीज पहले से ही बीमार होते हैं, लेकिन यहां की गंदगी और अव्यवस्था उन्हें और बीमार बना सकती है। जगह-जगह गंदे पानी

- अस्पताल का ड्रेसिंग रूम शौचालय जैसा नजर आ रहा है

का जमा होना, कूड़े के ढेर और सफाई की लापरवाही से मच्छर और मक्खियों की भरमार हो गई है।

सभी हालातों के बावजूद अस्पताल के अधीक्षक डॉ. गणनायक पांडेय पूरे मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं। स्थिति देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि वह जानबूझकर इस लापरवाही को नजरअंदाज कर रहे हैं।

स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन से मांग की है कि अस्पताल की सफाई व्यवस्था को तुरंत सुधारा जाए और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। मामले में सी एम ओ ने दूरभाष पर बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी हुई है जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी व कार्य में शिथिलता बरतने वाले कर्मचारी बख्सा नहीं जाएगा।

# आगामी त्यौहारों को लेकर प्रशासन सतर्क

**सुलतानपुर (वीओएल)।** आगामी त्योहारों को देखते हुए जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से प्रशासन ने नगर क्षेत्र में भव्य रूट मार्च निकाला गया। इस मार्च का नेतृत्व एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी नगर, तहसीलदार सदर, नायब तहसीलदार तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ने किया।

रूट मार्च शाहगंज चौराहा से आरंभ होकर अस्पताल रोड, चौक क्षेत्र समेत नगर के

- शांति बनाए रखने के लिए निकाला रूट मार्च



विभिन्न हिस्सों से होकर गुजरा। अधिकारियों ने रास्ते में दुकानदारों और आम नागरिकों से संवाद कर उन्हें शांति और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों और समुदायों के सहयोग से ही त्योहारों को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जा सकता है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि किसी भी प्रकार की अराजकता या माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा की दृष्टि से नगर के संवेदनशील क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। साथ ही पुलिस बल द्वारा लगातार गश्त और चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। जिला प्रशासन और पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे प्रशासन का सहयोग करें और किसी भी अफवाह या झगड़े से बचें, जिससे त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जा सके।

# अमित राय बने अध्यक्ष,पवन को मिली महासचिव की जिम्मेदारी



**मुसाफिरखाना, अमेठी।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक अधिकारी संगठन की जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन राष्ट्रीय सचिव धीरेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। जगदीशपुर में आयोजित बैठक की शुरूआत में पूर्व कार्यकारिणी को औपचारिक रूप से भंग कर नई कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया, जिसे उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकृति दी। नई कार्यकारिणी में अमित राय को अध्यक्ष, अनुतोष देव को उपाध्यक्ष, पवन कुमार मिश्रा को महासचिव, वैभव निरवाल को कोषाध्यक्ष, राहुल रंजन सिंह को संगठन मंत्री और प्रशांत यादव को संगठन सह मंत्री बनाया गया। बैठक में नव नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ दी गईं और संगठन की प्रगति के लिए सामूहिक संकल्प दोहराया गया।

## बस-बाइक भिड़ंत, चाचा-भतीजे की मौत

**जगदीशपुर, अमेठी।** थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक मे एक बार फिर दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया जहां गुरुवार सुबह तेज रफ्तार रोडवेज बस और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई हादसे में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में पहुँचाया गया जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया. दोनों मृतक बाराबंकी जिले के असन्द्रा के रहने वाले थे.फिलहाल पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है. हादसा करने वाली रोडवेज बस और चालक की तलाश में पुलिस जुटी हुई है. देशी पूरा मामला भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र के अयोध्या रायबरेली मार्ग स्थित रानीगंज कस्बे का है जहां सुबह तेज रफ्तार रोडवेज बस में बाइक को टक्कर मार दी हादसे में जिला बाराबंकी उम्र 60 वर्ष और अमीरुल हसन पुत्र जैनुल हसन57 वर्षीय हुसैन मुज्तबा पुत्र मुज्तबा हुसैन निवासी असन्द्रा जिला बाराबंकी गंभीर रूप से घायल हो गए और दोनों घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया ।पुलिस ने मृतकों के परिजनों को फोन कर मामले की जानकारी दी और दोनों शवको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी में जुड़ गई है पूरे मामले पर भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना प्रभारी तनुज पान ने कहा कि शवको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है परिजनों को सूचना दे दी गई है हादसे के बाद बस चालक गाड़ी लेकर मौके से भाग गया है जिसकी तलाश की जा रही है आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरा को भी चेक किया जा रहा है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला आयुष समिति की बैठक

**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में गुरुवार कोकलेक्ट्रेट सभागार में जिला आयुष समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम उपलब्ध धनराशि एवं व्यय धनराशि की समीक्षा की। इसके उपरांत उन्होंने निमार्णाधीन आयुष चिकित्सालयों, चिकित्सालयों के उच्चारण एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर की भौतिक प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अब्दुल बारी ने जानकारी दी कि जनपद में वर्तमान समय में 18 आयुर्वेदिक चिकित्सालय, 9 यूनानी चिकित्सालय और 22 होम्योपैथी चिकित्सालय संचालित हैं। इसके अतिरिक्त 12 आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर संचालित हैं तथा 6 आयुष सेंटरों में हर्बल गार्डन की स्थापना की गई है, जहाँ नियमित रूप से योग प्रशिक्षकों द्वारा योगाभ्यास भी कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी आयुष चिकित्सालयों में मरीजों को मूलभूत सुविधाएँ एवं आवश्यक दवाएँ समय पर उपलब्ध कराई जाएँ। साथ ही जिन चिकित्सालयों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, उन्हें समिति के समक्ष प्रस्तुत कर शीघ्र हैंडओवर लेने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सांसद प्रतिनिधि ने सुनीं जनसमस्याएं निस्तारण के दिये निर्देश



**सुलतानपुर (वीओएल)।** सांसद प्रतिनिधि प्रवीण निषाद ने सुलतानपुर संसदीय क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर जनता के सुख-दुख में सहभागिता निभाई। पयागीपुर स्थित 400 केवी गेस्ट हाउस में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में उन्होंने क्षेत्र से आए लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। इसके बाद करौंदिया देहात के ग्राम बलुआ में सांसद निधि से स्थापित हाई मास्ट लाइट का पूर्व विधायक अनूप संडा के साथ फीता काटकर उद्घाटन किया। यहां मौजूद ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी गईं और समाधान का भरोसा दिया गया। सांसद प्रतिनिधि ने करौंदिया वार्ड नं. 1 में दीपक निषाद के दादा के निधन पर शोक संवेदना प्रकट की और ग्राम सभा मैनेपरा व पांडेय बाबा बाजार में भी दिवंगत लोगों के परिजनों से मिलकर दुख साझा किया। साथ ही अज्जू यादव फौजी के भतीजे को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने उनके आवास भी पहुंचे। बरौंसा में विस अध्यक्ष अमित यादव से मुलाकात कर कुशलक्षेम जाना और राम मिलन चैरसिया के आवास पर शिष्टाचार भेंट की। प्रवीण निषाद ने कहा कि जनता का स्नेह ही हमारी असली पूंजी है, हम उनके हर सुख-दुख में हमेशा साथ हैं। जनता से जुड़े विषयों पर सार्थक संवाद कर उन्होंने सेवा भाव को प्राथमिकता देने की बात कही।

# श्री गणेश पूजा महोत्सव में भक्तों ने बड़े ही हर्षोल्लास से की गणेश जी की स्थापना

**लालगंज, रायबरेली।** ऐहार गांव की श्री सिद्धिविनायक सेवा समिति के सेवादारों ने शिव शिवालय तिवारी धर्मशाला परिसर में भगवान श्री गणेश की भव्य मूर्ति की स्थापना धार्मिक मंत्रोचार के बीच की है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सेवादार केडी तिवारी, अमृत बाजपेई ने बताया कि प्रत्येक दिन धार्मिक परंपराओं के अनुसार भगवान गणेश की पूजा अर्चना और आरती के साथ प्रसाद वितरण का कार्यक्रम चल रहा है। उन्होंने बताया कि 30 अगस्त को सुंदरकांड का पाठहोगा। 31 अगस्त को संगीत मय भजन संध्या का कार्यक्रम निश्चित हुआ है। 1 सितंबर को विशाल भंडारा और दिव्य आरती का आयोजन होगा। 2 सितंबर को भगवान श्री गणेश विसर्जन कार्यक्रम भक्त शोभायात्रा के माध्यम से करेंगे। श्री गणेश पूजा महोत्सव में भक्तों की भारी भीड़ इकट्ठा हो रही है। लोग बड़े ही मनोयोग से भगवान गणेश की पूजा



अर्चना कर रहे हैं। कार्यक्रम के अवसर पर विकास तिवारी, आर्यन शुक्ला, गोलू तिवारी, आशीष पांडे ,अवनीश पांडेय, चंदन त्रिवेदी, संतोष आचार्य ,रज्जन शुक्ला, मृदुलेस तिवारी ,धीरेंद्र मिश्रा, रत्नेश तिवारी सहित भारी संख्या में पुरुष और महिलाएं मौजूद रही।

### सपाइयों ने प्रदेश उपाध्यक्ष का किया स्वागत

**बछरावां, रयबरेली।** बछरावां नगर में रेलवे स्टेशन के सामने स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आज सैकड़ो सपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश उपाध्यक्ष सीरियल वर्मा का भव्य स्वागत किया। प्रदेश उपाध्यक्ष प्रतिनिधिमंडल में जा रहे थे। उसके बाद बछरावां से सैकड़ो समाजवादी पार्टी के कर्यकताओं ने उनके साथ प्रतिनिधिमडल में प्रतिभाग किया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष बृजेश कुमार, युवा सगठन अध्यक्ष ओमप्रकाश, सपा नेता मुस्ताक रायनी सहित सैकड़ो की सख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एएन एम सेंटर जलामा कई वर्षों पड़ा है बंद



**शाहगढ़, अमेठी।** अमेठी के विकास खण्ड शाहगढ़ के एकलौता एएन एम सेंटर का हाल बेहाल है इसकी शुद्धि लेने वाला कोई नहीं है। प्रदेश की भाजपा सरकार जहाँ गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति सजग है वही शाहगढ़ ब्लाक के तहत एएन एम सेंटर जलामा है जो कि केवल नाम का है कभी खुलता नहीं। सेटर परिसर में पेड़, बड़ी बड़ी झाड़ियां उगी है इस भवन की रंगाई पुताई जैसे सादियां बीत गयीं सरकार गर्भवती को नजदीक से नजदीक एएन एम सेंटर पर टीकाकरण जांच प्रसव की सुविधा कराती है जिससे एक जगह पर गर्भवती को सारी सुविधा मिल सके जिससे जनमानस को छोलाछाप के पास न जाना पड़े। इस एएन एम सेंटर पर दूसरा ही नियम कानून चलता है साथ ही साथ बताते चले पीएचसी अड़ारु में हेल्थ एवं बेलनेश सेंटर बन रहा है लेकिन एक वर्ष हो गया लेकिन अभी तक कुछ भी नही बन सका जिस कारण सभी गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य विभाग का कोई भी लाभ नही मिल पाता और समय से चेकप जांच प्रसव के लिए इधर उधर प्राइबेट हास्पिटल जाना पड़ता है। इस सम्बन्ध में सीएचसी शाहगढ़ अधीक्षक शिव दयाल दुबे ने बताया कि एएन सेंटर के जीर्णोद्धार के लिए शासन को कई बार पत्र भेजा गया है वजट जारी होने पर एएन एम सेंटर का निर्माण कराया जायेगा।

# शिक्षक संघ ने समस्याओं को लेकर सौंपा मांग पत्र, आंदोलन की चेतावनी



**सुलतानपुर (वीओएल)।** बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षकों की लंबित समस्याओं के समाधान के लिए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सक्रिय हो गया है। संघ का एक प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष एवं मंडल मंत्री अयोध्या दिलीप कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में वित्त एवं लेखाधिकारी रामबचन राम से मिला और 13 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा।

संघ के जनपदीय प्रवक्ता निजाम खान ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही समाप्ति की ओर है, लेकिन अब तक शिक्षकों से जुड़े कई नियमित कार्य लंबित पड़े हैं। इनमें शिक्षकों का वेतन, चयन वेतनमान का निर्धारण व भुगतान, सेवानिवृत्त शिक्षकों के देयक, अवशिष्ट वेतन भुगतान, निलंबित बोनस, अंतर्जनपदीय स्थानांतरित शिक्षकों का बकाया वेतन, डीए और बोनस भुगतान, एनपीएस में सरकार का अंश समय से जमा न होना तथा जीपीएफ की लेखापर्ची जारी न होना जैसी समस्याएं शामिल हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय की असंवेदनशील कार्यशैली से शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है, और यदि समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण नहीं हुआ तो किसी भी समय अप्रिय स्थिति उत्पन्न हो सकती है। संघ ने चेतावनी दी कि मांगों की अनदेखी होने पर आंदोलन का सहारा लिया जाएगा। इस मौके पर जिला मंत्री डॉ. हृषिकेष भानु सिंह, डॉ. रीतेश सिंह, विजय प्रताप यादव, धीरेंद्र राव, राजबख्श मौर्य, आशीष मिश्रा, रवि तिवारी आदि मौजूद रहे।

# गणपति बप्पा मोरया के जयघोष के साथ निकली विसर्जन यात्रा



**सुलतानपुर (वीओएल)।** गणेश चतुर्थी महोत्सव का समापन गुरुवार को बड़े ही धूमधाम से हुआ। डीएम आवास के सामने स्थित बीकेएनएस मॉल में स्थापित गणपति बप्पा की प्रतिमा का विसर्जन बैंड-बाजों और जयकारों के बीच भव्य शोभायात्रा निकालकर किया गया। विसर्जन यात्रा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा माहौल गणपति बप्पा मोरया के गगनभेदी नारों से गूंज उठा। यात्रा के दौरान भक्त नाचते-गाते गणपति बप्पा के साथ आगे बढ़ते रहे। आयोजन समिति के पीयूष श्रीवास्तव ने बताया कि विसर्जन यात्रा सीताकुंड पहुंचकर सम्पन्न हुई, जहां गोमती नदी में विधिविधानपूर्वक पूजन-अर्चन के बाद गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने आस्था और उल्लास के साथ बप्पा को विदाई दी और अगले वर्ष पुनः आगमन की मंगलकामनाएं कीं। सुलतानपुर में गणेशोत्सव का यह भव्य दृश्य भक्तिमय और अद्भुत रहा। जिसमें धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक समरसता की झलक भी देखने को मिली। विसर्जन यात्रा के दौरान अरविंद सिंह, परिमल सिंह, सुशील तिवारी, बिमल श्रीवास्तव, सोनेंद्र सिंह, गोवर्धन शर्मा, समर शर्मा सहित सैंकड़ों श्रद्धालु शामिल रहे।

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से गूंजा ढाबा परिसर, महिलाओं ने दिखाया हुनर

**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** चांदा हाइवे स्थित नन्दगांव ढाबा में तीज क्वीन उत्सव में महिलाओ ने विधिक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी लम्भुआ अब्दुस सलाम का पत्नी फराह खान रही। कार्यक्रम की शुरूवात बालिका हिमांशु यादव द्वारा गणेश वन्दना से किया गया। जिसके उपरांत गायन नृत्य सहित महिलाओ द्वारा कई प्रकार से

- नन्दगांव की शान बनीं तीज क्वीन अंजू तिवारी

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मनमोहक प्रस्तुति पूरा नन्दगाँव सांस्कृतिक वातावरण में डूबा रहा। कार्यक्रम में क्षेत्रीय महिलाओ ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में बतौर जज फराह खान ज्योति व जूही रही। उनके द्वारा तीज क्वीन के रूप में अंजू तिवारी पत्नी राजीव तिवारी को चुना गया। संचालिका डॉ पल्लवी के साथ जजो ने तीज क्वीन को ताज पहनाकर गिफ्ट देकर सम्मानित किया। बता दें कि नन्दगाँव ने समय समय पर महिलाओ के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। वहीं महिलाओ के स्वालम्बन के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण के तौर पर यहा महिलाये कार्य भी करती है। तीज उत्सव कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम युवतियों व महिलाओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। वहीं अच्छी प्रस्तुति पर नन्दगाँव की निदेशक डॉ. पल्लवी द्वारा मुख्य अतिथि फराह खान पत्नी अब्दुस सलाम खान सीओ लम्भुआ के हाथो से पुरस्कृत भी कराया गया। वहीं नृत्य में शिल्पा को प्रथम स्थान गायन में पंकज तिवारी सहित सभी को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में यादवेश, सुरेश, नेता उमेश शर्मा, दिनेश शुक्ला, संजय तिवारी, पवन यादव, चन्दन आदि मौजूद रहे।

# सरकार महिला सशक्तीकरण की दिशा में स्थापित कर रही नये आयाम

**रायबरेली।** योगी सरकार ने हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन के माध्यम से महिलाओं को राज्य और राष्ट्रीय स्तर की योजनाओं के बारे में जानकारी देने, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया को और सुदृढ़ किया है। गुरूवार को जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देश पर हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन के कार्मिक द्वारा मलिन बस्ती, नया पुरवा, छोटा घोसियाना आदि कई मोहल्लों में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी महिलाओं को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, एवं चाइल्ड हेल्पलाइन, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, वन स्टॉप सेंटर व महिला सुरक्षा की जानकारी देते हुए हेतु टोल फ्री नंबर १८१, ११२ सहित अन्य हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। सैनेट्री नैपकिन का वितरण भी किया गया। किशोरियों और महिलाओं को माहवारी में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने एवं अच्छा खान-पान लेने के लिए जागरूक किया गया। जिला मिशन



कोऑर्डिनेटर शेफाली सिंह ने कहा कि योगी सरकार महिला सशक्तीकरण की दिशा में लगातार नए आयाम स्थापित कर रही है। प्रदेश में महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेनको एक नई गति दी गई है। इन योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और आर्थिक सशक्तीकरण को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे प्रदेश में सामाजिक और आर्थिक बदलाव की नई राहें खुल रही हैं। जेंडर स्पेशलिस्ट पूजा तिवारी ने कहा कि ह्यहब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन के माध्यम से महिलाओं को राज्य और राष्ट्रीय स्तर की योजनाओं के बारे में जानकारी देने, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया को और सुदृढ़ किया है। महिलाओं को कौशल विकास, लैंगिक समानता और घरेलू हिंसा से बचाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों को लेकर जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पीएम एमवीवाई के माध्यम से महिलाओं को 5,००० रुपये की सहायता राशि तीन किस्तों में दी जाती है। इस योजना से लाखों महिलाओं को लाभ हुआ है, जिससे उनकी पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करने में मदद मिली है। इस योजना को लागू करने में पारदर्शिता और कुशलता का विशेष ध्यान रखा जाता है, ताकि हर लाभार्थी तक इसका लाभ पहुंचे। इस दौरान पायल, आयशा, महक, सफीना, जीनत, मुस्कान, अशफून, सोफिया, रूबी, शिफा आदि उपस्थित रहीं।

## स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार से आमजन को मिल रही हैं निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं

**अमेठी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ध्येय है कि नगरों से लेकर गाँव तक के सभी लोगों को निःशुल्क इलाज मिले। इसके लिए प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य सुविधाओं का काफी विस्तार किया है। प्रदेश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में, विशेष कर गरीब और कमजोर वर्गों के लिए सुलभ, सस्ती, प्रभावी और विश्वसनीय स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है। प्रदेश के मरीजों को निःशुल्क इलाज व मुफ्त दवायें दी जा रही हैं। प्रदेश में आयुष्मान भारत तथा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजनान्तर्गत प्रदेश के 1.80 करोड़ से अधिक परिवारों के लाभार्थियों को प्रतिवर्ष प्रति परिवार 05 लाख रुपए तक का चिकित्सा बीमा कवर देते हुए निःशुल्क इलाज किया जा रहा है। इस योजनान्तर्गत 5.32 करोड़ लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड जारी किये गये है। वरिष्ठ नागरिकों को भी आयुष्मान भारत योजना से कवर किया गया है। इस योजना के अन्तर्गत इलाज के लिए पूरे देश में सर्वाधिक 5,854 सरकारी व निजी अस्पतालों को सम्बद्ध किया गया है। इस योजनान्तर्गत अब तक 67.11 लाख से अधिक मरीजों का निःशुल्क उपचार किया जा चुका है। प्रदेश सरकार ने 11 जिलों में 50 बेड के एकीकृत चिकित्सालय स्थापित किये है, जिसमें जनता को सभी रोगों की चिकित्सा जाँच आदि का लाभ दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से युक्त 4890 विभिन्न एम्बुलेंस का संचालन किया जा रहा है। देश के मा0 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने गर्भवती, स्तनपान कराने वाली, काम करने वाली महिलाओं की मजदूरी के नुकसान की भरपाई करने के लिए उन्हें लाभान्वित करने और उनके उचित आराम और पोषण को सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना लागू की है। प्रदेश में इस योजना के अन्तर्गत लाखों कामकाजी ,मजदूरी करने वाली मातायें लाभान्वित हुई है।

संक्षेप

## खाद वितरण के लिए जांच कमेटी गठित

**फिरोजाबाद।** जनपद में किसानों को सही एवं उचित मात्रा में खाद उपलब्ध हो सके, इसके लिए जिलाधिकारी द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा है, इसी क्रम में एक कमेटी का गठन किया गया है, जो इस बात की जांच करेगी की जुलाई माह में 127 किसान जिनके द्वारा चार बार से अधिक एक मिट्रिक टन से अधिक उर्वरक क्रय किया गया है, वह नियम अनुसार है अथवा नहीं, साथ ही किसानों को बिक्री करने वाली समितियां और दुकानों में किसानों को खतौनी और संतुत मात्रा के अनुसार विक्रय किया है या नहीं है, अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। इन अधिकारियों को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है जिसमें उपनिदेशक कृषि सत्येंद्र प्रताप सिंह जिला कृषि अधिकारी सुमित कुमार चौहान सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंध सहकारिता सतीश कुमार भूमि संरक्षण अधिकारी फिरोजाबाद प्रथम प्रमोद कुमार भूमि संरक्षण अधिकारी फिरोजाबाद चतुर्थ शैलेंद्र कुमार, व0प्रा0सहा0 ग्रुप ए कृषि कार्यालय विष्णु कुमार, व0प्रा0सहा0 ग्रुप एक कृषि उप संभाग बृजेश कुमार जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## टीवीशृंखला प्रतिबद्ध की शूटिंग प्रारंभ

**मथुरा।** वृन्दावन विगत दिनों प्रसार भारती ब्रॉडकास्टिंग कारपोरेशन द्वारा आरम्भ किये गए ओ.टी.टी.चैनल वेव्स के लिए स्वीकृत टीवी श्रृंखलाओं का निर्माण कार्य अनुभवी निमार्ता, निर्देशकों, एवं लेखकों को सौंपा गया है। उसी क्रम में दूरदर्शन एवं फिल्म जगत के प्रख्यात लेखक, निमार्ता, निर्देशक सिद्धार्थ नागर को भी टी.वी. श्रृंखला प्रतिबद्ध का निर्माण करने हेतु अनुबंधित किया गया है ।आज उस सीरियल का उदघाटन शॉट वृन्दावन स्थित श्री बाँके बिहारी महाराज के श्रीचरणों में हुआ। इसके बाद वृन्दावन शोध संस्थान में कुछ महत्वपूर्ण शॉट का फिल्मांकन भी किया गया। इस अवसर पर सिद्धार्थ नागर ने बताया कि इस सीरियल में मुंबई फिल्म जगत की नायिका आस्था चैधरी, नायक यश सिन्हा, खलनायक बृजेंद्र काला के अलावा अयूब खान, अविनाश सजवानी, अभिनव चतुर्वेदी, देव चैहान, अनिता सहगल, दीप्ति मिश्रा, अमिता नागिया, पूर्णिमा के अलावा स्थानीय कलाकार साजन चतुर्वेदी, विनय गोस्वामी, मनमोहन, देवेंद्र पाल, आकाश चैधरी, रिशिता, विकास शर्मा, अपूर्वा गुप्ता की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इस अवसर पर श्रृंखला के सह निमार्ता आकाश वशिष्ठ, दिनेश सहगल, रचनात्मक प्रमुख अर्चना सेकिया, निर्माण प्रमुख प्रवीण सोरते, कला निर्देशक महेंद्र राऊत, छायाकार मुकेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## ऑटो पलटा, छह सवारी हुई घायल

**मथुरा।** राया कस्बा के हाथरस मार्ग से सवारी लेकर जा रहा ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। इस दौरान आधा दर्जन सवारी घायल हो गयी। बुधवार की सायं एक ऑटो राया से सवारियां भरकर मुरसान के लिए जा रहा था। अचानक हाथरस मार्ग पर अंबेडकर पार्क के समीप ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। ऑटो पलटने के दौरान सवारियों में चीख पुकार मच गयी। हादसे में लगभग आधा दर्जन सवारी घायल हो गयी। घटना की जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुच गयी और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

# क्यूआर कोड स्कैन करते ही दिखेगा राधाष्टमी मेला लाइव

### एक क्लिक पर होंगे लाइव दर्शन ,मंदिर समिति ने जारी किया क्यू आर कोड




**मथुरा।** ब्रज में कान्हा जी के जन्म के बाद उनकी आराध्या श्रीराधा जू के जन्म की धूम मची हुई है। बरसाना के साथ समूचे ब्रज मंडल में तैयारियां बड़ी जोर से चल रही हैं। इसी क्रम में विश्व विख्यात श्री लाडली जी मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा श्री राधाष्टमी जन्मोत्सव के अवसर पर जगतजननी श्री वृषभानु नंदनी के जन्मोत्सव का पहली बार क्यूआर कोड के माध्यम से मंदिर आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर प्रसारण किया जायेगा, जिसे देश - विदेश घर बैठे अपनी आराध्या के जन्म के लाइव दर्शन कर सकेंगे। मंदिर रिसीवर सुशील गोस्वामी और डॉ यज्ञ पुरुष गोस्वामी ने बताया कि मंदिर प्रशासन का उद्देश्य है कि बरसाना में लगभग 20 लाख श्रद्धालु राधारानी के जन्म अभिषेक दर्शन करने पहुंचेंगे लेकिन प्रातः 4 से 5 बजे के बीच में सभी श्रद्धालु तो दर्शन कर नही पाएंगे ऐसे में बाकी लोग निराश ना हो, इस बात को ध्यान में रखते हुए पहली बार रिसीवर समिति ने लाइव दर्शन कराने की व्यवस्था बनाई हैं। इसके लिए सेवायतों से अनुमति प्राप्त कर इस व्यवस्था को धरातल पर उतरने का प्रयास किया है। उन्होंने बताया कि मंदिर से लिंक प्रशासन को दिया जायेगा, जिससे समूचे बरसाना में जगह जगह भीड़ वाले स्थानों पर बड़ी एलईडी में माध्यम से प्रसारण कराया जायेगा। बाकी समूचे विश्व में सनातनी लोग घर बैठे राधा रानी मंदिर के यूट्यूब चैनल पर राधा अष्टमी महोत्सव के लाइव दर्शन कर सकेंगे।

## जिला जज ने किया डीएम-एसएसपी के साथ औचक निरीक्षण

**मथुरा।** जनपद न्यायाधीश विकास कुमार, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुरेंद्र प्रसाद एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के द्वारा जनपद में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) मथुरा का औचक निरीक्षण किया गया। माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की किशोर न्याय समिति के निर्देशानुसार किए गए इस निरीक्षण में जनपद न्यायाधीश एवं जिलाधिकारी मथुरा के द्वारा राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर की व्यवस्थाओं को देखा गया। इसमें रह रहे किशोरी से उनकी शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण, दैनिक दिनचर्या आदि के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर में मूल-भूत सुविधाओं का जायजा लिया। बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। वर्तमान में इस संस्था में इसकी क्षमता 50 के सापेक्ष 44 किशोर आवासित हैं। बच्चों की आउटडोर एक्टिविटीज के लिए परिसर में बाउंड्री वालों का निर्माण कराया जा रहा है।

## डीएम ने उत्सव भवन निर्माण योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक की

**फिरोजाबाद।** डीएम रमेश रंजन ने जिला पंचायत विभाग द्वारा पंचायत उत्सव भवन निर्माण की योजना के क्रियान्वयन हेतु समीक्षा बैठक की, बैठक में डीएम के साथ सीडीओ शत्रोहन वैश्य जिला पंचायत राज अधिकारी का कार्यभार देख रहे परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी, समस्त बीडीओ, एडीओ पंचायत डीसी मनरेगा आदि उपस्थित रहे, इस योजना के तहत जनपद की ग्रामीण विधानसभा में एक पंचायत उत्सव भवन का निर्माण किया जाना है, इसके तहत ग्रामीण आबादी को उचित दर पर मांगलिक कार्यक्रम यथा विवाह, मुंडन एवं अन्य कार्यक्रम के आयोजन हेतु ग्रामीण क्षेत्र में पड़ने वाली प्रत्येक विधानसभा में एक पंचायत उत्सव भवन का निर्माण कराया जाएगा, यह योजना ग्राम पंचायत के माध्यम से क्रियान्वित एवं संचालित की जाएगी, प्रथम चरण में प्रदेश की 71 ग्रामीण विधानसभा में एक पंचायत उत्सव भवन का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है, पंचायत उत्सव भवन हेतु विधानसभा तथा ग्राम पंचायत का चयन डीएम की अध्यक्षता में घटित समिति द्वारा किया जाएगा, जिन ग्राम पंचायत द्वारा स्वयं के स्त्रोत ओएसआर ऑन सर्विस रेवेन्यू सेवाओं की उपलब्धता अधिक की जा रही है तथा जिन ग्राम पंचायत में खाद एवं रसद विभाग द्वारा अन्नपूर्णा भवन का संचालन किया जा रहा है, उन ग्राम पंचायत को पंचायत उत्सव भवन में प्राथमिकता में दी जाएगी, पंचायत उत्सव भवन हेतु ऐसे स्थल का चयन किया जाएगा, जिसकी कनेक्टिविटी अच्छी हो यह पंचायत उत्सव भवन ग्राम पंचायत द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि पर अथवा जिला पंचायत के स्वामित्व की भूमि पर निर्मित होगा।

डीएम ने समीक्षा के दौरान इस बात पर खासी नाराजगी व्यक्त की जहां-जहां प्रधानों का पावर सीज हुआ है, वहां के सचिवों पर कार्रवाई करें, साथ ही साथ जिन पंचायत सचिवों की शिकायतें सबसे अधिक आ रही हैं, उन पंचायत सचिवों पर कार्रवाई कर उन्हें मुख्यालय पर सम्बद्ध करें, जन सुविधा केंद्र पर नागरिकों को प्रदान की गई सुविधा के एवज में जो धनराशि वसूली जाती है, उसमें पंचायत सहायकों द्वारा लगातार लापरवाही की जा रही है, जिस पर डीएम ने पंचायत सचिवों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश सीडीओ को दिए, बैठक में सीडीओ शत्रोहन वैश्य, परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष पांडे, खंड विकास अधिकारी वीडीओ पंचायत सहित आदि अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# आगरा-जलेसर टू-लेन रोड का 685.51 करोड़ का टेंडर निरस्त

**आगरा।** आगरा और एटा को जोड़ने के लिए बनने वाले टू-लेन रोड पर एक बार फिर ब्रेक लग गया है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएसएआई) ने आगरा-जलेसर राष्ट्रीय राजमार्ग का 685.51 करोड़ का टेंडर निरस्त कर दिया है। यह टेंडर वन संरक्षित भूमि घोषित होने में हो रही देरी के चलते निरस्त किया गया है। इस काम के लिए आगरा में शत प्रतिशत और एटा में 50% मुआवजे का वितरण हो चुका है। एनएसएआई ने कहा है-सुप्रीम कोर्ट से निर्माण कार्य की अनुमति मिलने के बाद टेंडर नये सिर से टेंडर प्रक्रिया होगी। आगरा के टेड़ी बगिया से एटा के नूहखास तक की रोड को एनएसएआई ने टू-लेन विद पैव्ड शॉल्डर निर्माण के लिए 14 सितंबर 2022 को 685.51 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की थी। आगरा और एटा की सीमा में बनने वाले 51.6 ड्ट के निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी। वहीं, ताज ट्रिपेजियम जोन (टीटीजेड) में होने वाले इस कार्य के दायरे में 3,874 पेड़ आ रहे थे। इनको काटने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के बाद निर्देश दिए कि पेड़ काटने से पहले 38,740 पौधे रोपने होंगे। इस पर तहसील खेरागढ़ के सरेंधी में 4.9960 हेक्टेयर, फतेहाबाद के मडायना में 10.500 हेक्टेयर, फतेहपुर सीकरी के उत्तू में 14.517 हेक्टेयर और एटा के सकतपुर में 10 हेक्टेयर भूमि पर पौधे रोपे गए। कोर्ट में पौधे रोपने का हलफनामा पेश कर दिया गया। कोर्ट ने शीर्ष समिति (सीईसी) से लगाए पौधों का धरातलीय सत्यापन कराया। सीईसी ने मौका मुआयना किया और रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी। कोर्ट ने रोपे गए पौधों की भूमि को वन संरक्षित करने के निर्देश दिए। इस कार्रवाई को पूरा करने में देरी हो गई। इधर, निर्माण का टेंडर जारी हुए भी 3 साल पूरे कर चुका था। इस पर प्राधिकरण ने टेंडर को निरस्त कर दिया।

- सुप्रीम कोर्ट की अनुमति के बाद शुरू होगा काम, 50% मुआवजा दिया जा चुका

## राज्य परियोजना टीम ने किया स्कूलों का निरीक्षण



**फिरोजाबाद/टूंडला।** निपुण भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन और विद्यालयों की व्यवस्थाओं की गुणवत्ता जांचने के उद्देश्य से राज्य परियोजना टीम ने गुरुवार को विकास खण्ड टूण्डला के प्राथमिक विद्यालय बसई एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय बसई का निरीक्षण किया। टीम में शामिल उप शिक्षा निदेशक राजकुमार यादव और राज्य परियोजना कार्यालय के विशेषज्ञ विपिन कुमार ने विद्यालय परिसर का गहन भ्रमण किया। उन्होंने कक्षाओं शौचालयों और खेल मैदान की साफ-सफाई व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण करते हुए इसे और बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने बच्चों से सवाल-जवाब कर उनकी सीखने-समझने की क्षमता परखी। विशेष रूप से गणित और भाषा विषय में बच्चों की दक्षता का मूल्यांकन करते हुए निपुण भारत अभियान की प्रगति का आकलन किया। बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिए जिस पर टीम ने प्रसन्नता व्यक्त की। टीम ने विद्यालय से जुड़े आंगनवाड़ी केन्द्र का भी निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध पोषण व्यवस्था, बच्चों की उपस्थिति तथा अभिलेखों की जाँच की।निरीक्षण के उपरांत अधिकारियों ने शिक्षकों की बैठक लेकर उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नियमित मूल्यांकन, विद्यार्थियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा विद्यालय परिसर को स्वच्छ और अनुशासित बनाए रखने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए, निरीक्षण के दौरान खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय उपेंद्र सिंह खंड शिक्षा अधिकारी टूण्डला ज्योति पाठक प्रधानाध्यापक और शिक्षक उपस्थित रहे। साथ ही जॉइन डायरेक्टर के साथ मंडल के सभी बीएसए के साथ बैठक कर विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई है।

## बिहारी कॉरिडोर के लिए 500 करोड़ दान का प्रस्ताव देने वाला बिल्डर पत्नी सहित गिरफ्तार

**मथुरा।** वृंदावन के बांके बिहारी कारिडोर के लिए 510 करोड़ रुपये देने का प्रस्ताव देकर सुर्खियों में आए बिल्डर प्रखर गर्ग और उनकी पत्नी राखी गर्ग को धोखाधड़ी के मामले में आगरा के हरीपर्वत थाना पुलिस ने जयपुर राजस्थान के पांच सितारा होटल से गिरफ्तार किया है। आरोपित के खिलाफ अलग-अलग थानों में 22 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस टीम ने आरोपित बिल्डर दंपती को दोपहर बाद न्यायालय में पेश किया। वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। धोखाधड़ी के मुकदमे में वांछित लंगड़े की चैकी द्वारिकापुरम में रहने वाले चर्चित बिल्डर प्रखर गर्ग व उनकी पत्नी राखी गर्ग को हरीपर्वत थाना पुलिस ने जयपुर के पास सितारा होटल से गिरफ्तार किया। बताया जाता है कि ट्रांसपोर्ट नगर के बैटरी कारोबारी अरुण सौंधी ने चेक बाउंस व दो करोड़ की धोखाधड़ी में हरीपर्वत थाने में प्रखर गर्ग उसकी पत्नी राखी गर्ग के अलावा सतीश गुप्ता, सुमित कुमार व मुकेश कुमार के विरुद्ध धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था।

## स्वामी हरिदास संगीत सम्मेलन 1 व 2 सितंबर को

**मथुरा।** वृंदावन ठाकुर श्री राधा सनेह बिहारी मंदिर में भाद्रपद शुक्ल नवमी एवं दशमी को ठाकुर श्री राधा सनेह बिहारी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा श्री हरिदास संगीत सम्मेलन का आयोजन 01 व 02 सितंबर को होगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं सम्मेलन के आयोजक गोस्वामी करन कृष्ण गोस्वामी के सानिध्य में अंतरराष्ट्रीय ध्रुपद गायन, नृत्य, वादन का आयोजन सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा अपनी प्रस्तुति के माध्यम से श्री स्वामी हरिदास आविर्भाव महोत्सव में अपनी श्रद्धांजलि प्रस्तुत करेंगे। सभी कलाकारों को हरिदास कला रत्न से सम्मानित किया जाएगा। पं. बिहारी लाल वशिष्ट ने बताया कि यह अभूतपूर्व आयोजन स्वामी श्री हरिदास एवं ठाकुर बांके बिहारी की कृपा से संपन्न होता रहा है। सभी सनातनी, बृज प्रेमी, संगीत प्रेमी, भक्तों से अनुरोध किया कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर हरिदास संगीत सम्मेलन को सफल बनाए। प्रेस वार्ता में पंडित कृष्ण मुरारी शर्मा, प्रदीप गोस्वामी, अनिल कृष्ण शास्त्री, गौरव रस्तोगी, अशोक गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

# एसएमडीसी का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू




**मथुरा।** राजकीय हाईस्कूल तूमौला छाता मथुरा में एसएमडीसी का दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ डॉ पूजा गौतम द्वारा मंगलाचरण के साथ किया गया। इसके साथ ही राजकीय हाई स्कूल तुमोला की प्रधानाचार्य डॉक्टर रचना सिंह के द्वारा समस्त अतिथियों का सामूहिक रूप से अभिवादन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण तथा प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर्स के रूप में कविता सक्सेना मैडम एवं डॉक्टर अखिलेश यादव सर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मास्टर ट्रेनर्स ने बहुत ही प्रभावशाली ढंग से इस प्रशिक्षण के मुख्य बिंदुओं पर और प्रयोजनों पर प्रकाश डाला। सभी राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं शिक्षक गणों ने प्रतिभागिता की। राजकीय विद्यालयों में राजकीय हाई स्कूल कोटवन ,राजकीय हाई स्कूल साचोली ,राजकीय हाई स्कूल तूमोला, राजकीय हाई स्कूल हुसैनी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय मॉडल इंटर कॉलेज कामर इन पांच विद्यालयों ने अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित की। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस में मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा विद्यालय की समस्त विकास योजनाओं पर और उनके मुख्य बिंदुओं पर प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। सभी विद्यालयों को प्रशिक्षण के तहत अपने-अपने विद्यालयों से विकास योजनाएं बनाने के लिए प्रेरित किया गया। सभी प्रतिभागियों ने अपने-अपने विद्यालय की विकास योजनाओं को प्रस्तुत किया। प्रशिक्षण के तर्हत विद्यालय में विकासात्मक कार्यों से जुड़ी हुई सभी पक्षों पर विचार करते हुए उनसे जुड़ी हुई समस्याओं पर समाधान प्रस्तुत किए गएय। विद्यालयों में विकासात्मक कार्यों के लिए किस प्रकार योजनाबद्ध ढंग से कार्य किया जाए इस पर उन्होंने महत्वपूर्ण प्रकाश डाला। अंत में राजकीय हाई स्कूल तूमौला की प्रधानाचार्य डॉक्टर रचना सिंह द्वारा प्रशिक्षण की समाप्ति पर उपस्थित हुए समस्त माननीय अतिथि गणों का और मास्टर ट्रेनर्स का तथा सभी अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापन किया किया गया।

## आगरा नकली दवा के मामले में 50 लोग संदिग्ध, एसटीएफ निकाल रही कॉल डिटेल

**आगरा।** नकली दवाओं के बड़े सिंडिकेट पर एसटीएफ ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। मोती कटरा स्थित हे मां मेडिको से बरामद 15 बोरे नकली दवाइयों के बाद जांच में कई चौंकाने वाले नाम सामने आए हैं। अब तक करीब 50 संदिग्ध एसटीएफ की रडार पर आ चुके हैं। इनकी संलिप्तता का पता लगाने के लिए एसटीएफ टीम सीडीआर (कॉल डिटेल रिकॉर्ड) और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। हिमांशु अग्रवाल व अन्य आरोपियों की दुकानों और गोदामों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। डीवीआर ली जा रही है, जिससे संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी हो सके। एसटीएफ ने आरोपित हिमांशु अग्रवाल के नेटवर्क से जुड़े लोगों पर फोकस किया है। जांच टीम का मानना है कि सिंडिकेट का नेटवर्क पूरे देश में फैला है, जिसमें सप्लायर से लेकर थोक डीलर तक शामिल हैं। नकली दवा कारोबार को बेनकाब करने के लिए एसटीएफ ने चार विशेष टीमों का गठन किया है। ये टीमें आगरा सहित आसपास के जिलों में सिंडिकेट के सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही हैं। अनुमान है कि इस गिरोह में कई मेडिकल स्टोर संचालक और एजेंट भी जुड़े हो सकते हैं। इस केस में उस समय नया मोड़ आया, जब जांच के दौरान आरोपित पक्ष ने एसटीएफ टीम को 1 करोड़ की रिश्वत देने की कोशिश की थी। इस पूरे मामले के सामने आने के बाद अब औषधि विभाग भी सक्रिय हो गया है और लाइसेंस की जांच शुरू कर दी है। नकली दवा सिंडिकेट में शामिल आरोपित एमएस लाजिस्टिक कंपनी संचालक सुल्तानपुरा निवासी यूनिस व वारिश पुत्रगण खलील व जगदीशपुरा के लड़ामदा के रहने वाले फरहान व हिमांशु की गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ और थाना कोतवाली की दो टीमें व सर्विलांस टीम लगी हुई हैं। एसटीएफ और कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तारी के लिए संभावित स्थानों पर दबिशें भी दीं। जो 50 लोग एसटीएफ की रडार पर हैं, ऐसे लोगों की कॉल डिटेल निकाली जा रही है। एसटीएफ उन लोगों का सुराग लगा रही है जो हिमांशु अग्रवाल के साथ ही नेटवर्क से जुड़े हुए हैं। एसटीएफ नकली दवाओं के पुराने मामलों की केस हिस्ट्री भी देख रही है।

# बेटी का मुंडन कराने आया था, परिवार ही उजड़ गया

आगरा। मेरी पत्नी की टांग काट दी है। मेरी मम्मी खत्म हो गई। मेरी साली खत्म हो गई। अभी चार लोगों का पता नहीं है। मेरा पूरा परिवार उजड़ गया। 11 महीने की बच्ची है वो भी खत्म हो गई। मैं टॉयलेट करने गया था, इसलिए मैं बच गया। दो से तीन मिनट में हादसा हो गया। कोई सूचना भी नहीं दी गई थी कि यात्रा बंद कर दो। मेरा पूरा परिवार उजड़ गया। मैं अपनी बेटी का मुंडन कराने आया था। ये कहना है कि आगरा के दीपक का, जो अपनी बेटी का मुंडन कराने वैष्णो देवी गए थे। हादसे में उनकी मां सुनीता देवी (50), बेटी सेजल (11 माह) और साली भावना (11) की मौत हो गई। उनकी पत्नी का पैर कट गया है। पिता अर्जुन लापता है। दीपक हॉस्पिटल में एडमिट हैं। हादसे की सूचना के बाद से कुम्हारपाड़ा में माहौल गमगीन है। वैष्णो देवी हादसे में अब तक आगरा के 9 लोगों की मौत हो चुकी है। कुम्हारापाड़ा निवासी अर्जुन कुमार जूता कारीगर हैं। उनका बेटा दीपक भी जूते बनाने का काम करता है। दीपक की दो बेटी ऐंजल और सेंजल हैं। दीपक के बहनोई प्रमोद कुमार ने बताया कि दीपक की तीन साल की बेटी एंजिल हैं। उन्होंने मन्नत मांगी थी। इसलिए बेटी का मुंडन कराने के लिए दीपक परिवार के साथ मां वैष्णो देवी मंदिर दर्शन के लिए गए थे। उनके साथ पत्नी मोना (26), बेटी ऐंजल, 11 महीने की बेटी सेजल, पिता अर्जुन सिंह, मां सुनीता देवी, कोटली बगीची निवासी बहन जैसमिन, बहनोई मोहित और साली भावना भी गए थे। बुधवार दोपहर को जैसमिन ने दिल्ली में रहने वाली बड़ी बहन नीलम को फोन किया। बताया कि वह लोग हादसे का शिकार हो गए हैं। अस्पताल में भर्ती हैं। पिता अर्जुन का पता नहीं चल रहा है। इस पर नीलम ने प्रमोद को फोन करके जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। दीपक के चाचा राजू जम्मू के लिए रवाना हो गए। मगर ट्रेन रद्द होने की वजह से दिल्ली से कार से गए। घटना का पता चलने पर दीपक के घर के बाहर पड़ोस के लोग जुट गए। दीपक के बहनोई ने बताया- दीपक के चोट लगी है, वो अस्पताल में भर्ती है। उसने बताया कि जब हादसा हुआ तो वो दर्शन करके अर्द्ध कुंवारी लौट रहे थे। उन्हें टॉयलेट लगा तो वो परिवार को बैठाकर भवन के रास्ते में बने शौचालय में गए। अचानक बहुत तेज आवाज हुई। मलवा आया, सब लोग मलबे में दब गए। चीख पुकार मच गई। वो उस जगह पर नहीं थे, इसलिए बच गए। दीपक ने बताया- मैंने मन्नत मांगी थी, बेटी के मुंडन के लिए काफी समय से मां वैष्णो देवी के दर्शन के लिए जाना चाहता था। कई बार योजना बनाई थी, पर नहीं जा सके। इस बार कार्यक्रम बन सका था। वहां हादसा हो गया है, मेरी पत्नी की टांग काट दी गई है। मेरी मम्मी खत्म हो गई। मेरी साली खत्म हो गई। अभी चार लोगों का पता नहीं है। 11 महीने की बच्ची भी खत्म हो गई। मैं टॉयलेट करने गया था, इसलिए मैं बच गया। दो से तीन मिनट में हादसा हो गया। कोई सूचना भी नहीं दी गई थी कि यात्रा बंद कर दो। पड़ोसियों ने बताया- अर्जुन के लापता होने की जानकारी मिली है। वहीं सुनीता और भावना की मौत के बारे में बताया गया है। दूसरी बेटी और अन्य लोग कहां भर्ती हैं? इसकी जानकारी नहीं मिल पा रही है। परिवार के लोगों के पहुंचने पर ही स्थिति साफ हो सकेगी। परिवार हंसी खुशी के साथ गया था। घर पर ताला लगा हुआ है। पड़ोसियों से कहा था कि जब तक बाहर रहेंगे, तब तक घर का ख्याल रखना। मगर किसी ने सोचा भी नहीं था कि परिवार हादसे का शिकार हो जाएगा। घटना की सूचना पर मोहल्ले के लोग गम डूब गए। दीपक ने अपने कई और रिश्तेदारों से जम्मू जाने के लिए बात की थी। इस पर 12 से 15 लोग तैयार हो गए थे। मगर जाने से कुछ दिन पहले ही रिश्तेदारों ने कार्यक्रम कैंसिल कर दिया।

- दीपक बोला-बच्ची की मौत; पिता लापता वैष्णो देवी में आगरा के 9 लोगों की मौत

## 2 किलो 489 ग्राम गांजे सहित 2 गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना सिरसागंज पुलिस टीम ने 2 किलो 489 ग्राम अवैध गांजे सहित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अवैध रूप से नशीले पदार्थो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर अभियुक्त पाण्डव पुत्र हरीकिशन यादव निवासी ग्राम संजोती थाना अलोली जिला खगरिया बिहार को गांजा बेचने के लिए ले जाते समय गांव रुधावली वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है, अभियुक्त के कब्जे से 1 किलो 340 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। वहीं एक अभियुक्त अरुण यादव पुत्र रामदेव यादव निवासी संजोती थाना अलोली जनपद खगरिया बिहार को गांजा बेचने के लिए ले जाते समय उखरेण्ड बम्बा पुलिया के पीछे पटरी से गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से 1 किलो 149 ग्राम गांजा बरामद किया गया।

## एफएलएन प्रशिक्षण आयोजित



**टूंडला।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र टूंडला में एफएलएन प्रशिक्षण के तृतीय दिवस में कमरा नंबर दो में सत्र का प्रारंभ प्रार्थना, सुविचार व प्रमुख समाचार से हुआ। एआरपी रणजीत सिह द्वारा संशोधित निपुण लक्ष्य में बदलाव के बारे में विस्तृत चर्चा की गई जिसके अंतर्गत कक्षा में 6 दिन के शिक्षण के दौरान अनुदेशात्मक कार्य 1-4 दिन समेकन एवं आकलन एवं पांचवें दिन और रेमेडियल एवं पुनरावृत्ति छठवें दिन करना बताया गया अनुदेशात्मक कार्य में संसाधनों के रूप में शिक्षण योजना अभ्यास कार्य पत्रक गणित खेल शिक्षक संदशिका का कार्य पुस्तिका शिक्षक संदशिका का प्रयोग किया जा सकता है एआरपी विज्ञान जितेंद्र दुबे ने कक्षा में चर्चा करते हुए बताया कि समायोजन समेकन एवं आकलन में स्वनिर्मित शिक्षण योजना तथा छठवें दिन रेमेडियल एवं पुनरावृति के दौरान रेमेडियल शिक्षण एवं स्व निर्मित टीएलएम के माध्यम से रेमेडियल शिक्षण योजना का प्रयोग किया जाना बताया गया। सत्र-3 में अध्यापकों को बताया गया कि शिक्षक संदर्शिका के साथ प्रिंट रिच सामग्री के प्रभावी उपयोग के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। सदन मे दोनों एआरपी द्वारा चार्ट पेपर पर गतिविधियों को भी कुशलता से संपादित कराया। उक्त प्रथम फेरा 30 सितंबर तक चलेगा इसके पशचात द्वितीय फेरा प्रारंभ होगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से बिना वर्मा बृजेश कुमार, भावना बबीता, अरुणा शमा, मंजूलता शर्मा, अर्चना सोनी अनुप्रिया भावना विनीता साहिबा आदि प्रतिभागी प्रशिक्षण में उपस्थित रहे।

## वर्दी में छाछ लेने आये दरोगा पर युवक ने जड़ा पीछे से थप्पड़ और फरार हो गया

**आगरा।** वर्दी में छाछ लेने आए दरोगा उस समय हैरान रह गए, जब उनके पीछे से जोरदार थप्पड़ पड़ा। दरोगा जब तक कुछ समझ पाते, आरोपी युवक तेजी से फरार हो गया। बाह क्षेत्र में एक दरोगा के उस समय होश उड़ गए, जब पीछे से उनके जोरदार थप्पड़ पड़ा। दरोगा वर्दी में थे और डेरी से छाछ लेने के लिए आए थे। थप्पड़ पड़ते ही दरोगा जोर से चिल्लाए। वे जब तक कुछ समझ पाते, उससे पहले ही जिस बाइक सवार ने उन्हें थप्पड़ जड़ा, वो तेजी से वहां से भाग निकला। ये घटना देखकर मौके पर भीड़ जुट गई। दरोगा गुस्से से आग बबूला होने लगे, लेकिन उस समय करते भी तो क्या। दरोगा ने आसपास लगे सीसीटीवी भी खंगाले, लेकिन उनके हाथ कुछ भी नहीं लग सका। दूध की दुकान पर मंगलवार की रात 9 बजे छाछ लेने गए एक बाइक सवार दरोगा को पीछे से थप्पड़ मारकर युवक के भाग जाने का मामला सामने आया है। घटना इटावा अड्डा की पुलिया के पास का है। बुलेट सवार बाह थाने में तैनात एक दरोगा मंगलवार रात 9 बजे दूध, पनीर की दुकान पर छाछ लेने गए थे। बताया गया है कि दुकान के सामने उन्होंने अपनी बाइक रोकी ही थी, तभी पीछे से आए दूसरे बाइक सवार ने दरोगा को पीछे से थप्पड़ मार दिया और भाग निकला। लोगों ने बताया कि थप्पड़ मारे जाने की घटना से आहत दरोगा पहले खुद ही आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। बाद में जानकारी होने पर बाह थाने की पुलिस भी छानबीन में जुट गई। बताया गया है कि पुलिस ने पूछताछ के लिए कुछ लोग उठाए भी हैं। इस संबंध में पूछे जाने पर बाह के प्रभारी निरीक्षक सत्यदेव शर्मा ने बताया कि दरोगा को थप्पड़ मारे जाने की घटना की जांच की जा रही है।

# मंदिर के बाहर से भी श्रद्धालु कर सकेंगे लाड़लीजी के दर्शन

- उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने स्वागत द्वार के साथ की है एलईडी के माध्यम से लाइव दर्शन कराने की व्यवस्था



**मथुरा।** श्रीराधा रानी के जन्मोत्सव की तैयारियां बरसाना में बहुत जोर शोर के साथ की जा रही है। जिला प्रशासन और नगर पंचायत 30-31 अगस्त को मनाए जाने वाले इस उत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे है। उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद इस दौरान बरसाना में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए छह स्थानों पर महोत्सव के सीधे प्रसारण के लिए एलईडी लगाने जा रहा है, जिससे राह चलते श्रद्धालु भी लाड़लीजी दर्शन कर सकेंगे। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के बाद तक ब्रज में श्री राधाष्टमी को लेकर उमंग उत्साह का वातावरण है।

इस बार राधाष्ट्रमी का उत्सव 30-31 अगस्त को मनाया जाएगा। उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद इस परम्परागत उत्सव में सास्कृतिक कार्यकर्मों का आयोजन भी कराने जा रहा है। इसके लिए लोक कलाकारों की छह टीम चयनित की गई हैं, जिसमें शामिल 10-10 कलाकार बरसाना में विभिन्न स्थानों पर स्ट्रीट परफॉर्मेंस के रूप में अपनी लोक कला का प्रदर्शन करेंगे। इसमें बीन, नगाड़ा, ढोल, बपंग, तबला बेला, बम नगाड़ा आदि शामिल हैं। सीईओ ने बताया कि मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह के दिशानिर्देश पर दो एंट्री प्वाइंट पर स्वागत द्वार भी बनाए जा रहे हैं। यह द्वार बरसाना छाता मार्गस्थित पेट्रोल पम्प के पास तथा गोवर्धन बरसाना मार्ग पर स्थित होंगे। सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया श्री राधा अष्टमी पर बरसाना में श्रद्धालुओं का दबाव अधिक रहता है। लाखों श्रद्धालु श्रीराधारानी के जन्मोत्सव पर बरसाना में दर्शन को पहुँचते हैं। ऐसे में लाड़लीजी मंदिर के बाहर रहने वाले श्रद्धालुओं के लिए सीधे दर्शन एलईडी के माध्यम से कराए जाने की व्यवस्था की गई है। इसके लिए बरसाना में श्रीजी गेट, कटारा चौक, सुदामा चैक, सफेद छतरी के सामने वाली दीवार पर नए गेट के ऊपर, नया बस स्टैंड, मेरो बरसाना गेट आदि स्थानों पर लगाई जाएगी।

### 16 घंटे खुला रहेगा मंदिर

जिलाधिकारी सीपी सिंह के प्रयासों के चलते श्री राधाष्टमी महोत्सव के दौरान अभिषेक के दर्शन करीब एक घंटे तक श्रद्धालुओं को कराए जाएंगे। करीब सोलह घंटे तक राधारानी मंदिर श्रद्धालुओं के लिए खुला रहेगा। जिला प्रशासन कि व्यवस्था के अनुरूप इस बार एकल मार्ग के चलते श्रद्धालुओं की भीड़ को राधारानी मंदिर की सुदामा चैक की सीढ़ीयों से प्रवेश कराया जाएगा। वहीं जयपुर मंदिर मार्ग से श्रद्धालुओं को उतारा जाएगा।

संक्षेप

## क्रॉम्पटन ने पेश किया सोलारियम ब्लेज

मुंबई। क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने नया सोलारियम ब्लेज पेश किया है, जिसमें शानदार गोल्ड मेटैलिक फिनिश और हार्ड वाटर की चुनौतियों से निपटने के लिए मजबूत एंटी-स्केल तकनीक शामिल है। स्लिम और कॉम्पैक्ट डिजाइन व और प्रीमियम लुक के साथ यह उत्पाद आधुनिक इंटीरियर्स में सहजता से फिट हो जाता है, जो ह्यप्रभावशाली डिजाइन व दीर्घकालीन मजबूतीह्न का प्रतीक है सौंदर्यपूर्ण आकर्षण और इंजीनियरिंग की मजबूती को जोड़ते हुए, यह आधुनिक भारतीय घरों की बदलती जरूरतों को पूरा करता है, विशेषकर मानसून के दौरान जब पानी की गुणवत्ता अस्थिर हो सकती है। आज के घरों में ऐसे उपकरणों की जरुरत होती हैं जो उनकी आंतरिक साज-सज्जा के साथ कार्यकुशलता भी बढ़ाएं।

## एब्रिल पेपर टेक की 13.42 करोड़ जुटाने की योजना

बंगलुरु। एब्रिल पेपर टेक लिमिटेड, एसएमई पब्लिक इश्यू के माध्यम से 13.42 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रहा है। कंपनी को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर अपना पब्लिक इश्यू लॉन्च करने की मंजूरी मिल गई है। यह पब्लिक इश्यू 29 अगस्त, 2025 को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा और 2 सितंबर, 2025 को बंद होगा। इंटरएक्टिव फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड इस इश्यू का बुक रनिंग लीड मैनेजर है। कंपनी 30, 65, 75 और 90 जीएसएम के विभिन्न जीएसएम विनिर्देशों में सब्लिमेशन हीट ट्रांसफर पेपर्स में विशेषज्ञता रखती है, जो प्रिंटिंग, गारमेंट्स, टेक्सटाइल, होजरी, पर्दे और फर्नीचर उद्योगों में विभिन्न एप्लिकेशन्स की पूर्ति करते हैं।

## फ्लिपकार्ट ने किया सप्लाई चेन इन्फ्रास्ट्रक्चर में विस्तार का एलान

बंगलुरु। भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने आज देशभर में अपने सप्लाई चेन इन्फ्रास्ट्रक्चर में व्यापक विस्तार का एलान किया। आगामी फेस्टिव इवेंट द बिग बिलियन डेज के पहले कंपनी ने विस्तार का यह कदम उठाया है उत्तर प्रदेश (वाराणसी, आगरा, गाजियाबाद), बिहार (पटना), हरियाणा (मानेसर) और त्रिपुरा (अगरतला) जैसे प्रमुख राज्यों में नए फुलफिलमेंट सेंटर और लास्ट माइल हब की स्थापना के साथ फ्लिपकार्ट स्थानीय स्तर पर अपनी पहुंच को बढ़ा रहा है।

## होंडा मोटरसाइकिल और स्कूटर ने विस्तार की रफ़्तार तेज की

कुशीनगर। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने उत्तर प्रदेश के कुशीनगर शहर के बीचों-बीच अपना नया सेल्स और सर्विस आउटलेट इम्पीरियल शाइन होंडा शुरू किया। होंडा के 4र कॉन्सेप्ट सेल्स, सर्विस, स्पेयर पार्ट्स और सेफ़्टी राइडिंग प्रमोशन झ्र पर आधारित यह नया ऑथराइज्ड मेन डीलरशिप ग्राहकों को एक कंप्लीट और कस्टमर-फ्रेंडली टू-व्हीलर एक्सपीरियंस देने का वादा करता है। कुशीनगर में रणनीतिक स्थान पर स्थित इम्पीरियल शाइन होंडा अब इस पूरे क्षेत्र के ग्राहकों की बदलती मोबिलिटी जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार है। एचएमएसआई के सभी स्कूटर और मोटरसाइकिल मॉडल उपलब्ध होंगे।

## बजाज फाइनेंस ने किया साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

अयोध्या। बजाज फाइनेंस लिमिटेड ने आज अयोध्या स्थित झुनझुनवाला पी जी कॉलेज परिसर में 'देशभर में साइबर धोखाधड़ी जागरूकता कार्यक्रम' आयोजित किया, जिसमें डिजिटल उपयोगकर्ताओं को विभिन्न प्रकार के खतरों और वित्त को सुरक्षित रखने के आसान, एवं ठोस तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम भारतीय रिजर्व बैंक की 2024 की नॉन-बैंकिंग वित्तीय कंपनी के लिए धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन दिशानिर्देशों के अनुरूप है, जो डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र को सभी के लिए सुरक्षित बनाने के लिए शीघ्र पहचान, कर्मचारी जवाबदेही और सार्वजनिक भागीदारी पर जोर देता है।

## लीगेसी ने लॉन्च किया परफेक्ट साथी

लखनऊ। लीगेसी अब अपने उपभोक्ताओं के और करीब आ गई है, द बडी पैक के लॉन्च के साथ। 180 मिली का यह सिंगल-सर्व पैक उन खास पलों के लिए डिजाइन किया गया है, जब ज़िंदगी अचानक जश्न मनाने का बहाना खोज लेती है। अपनी टैगलाइन योर परफेक्ट कॉम्पैनियन एनीटाइम, एनीव्हेयर पर खरा उतरते हुए, यह वीकेंड ट्रिप की तैयारी, या छोटे-से सेलिब्रेशन हर मौके पर आपका परफेक्ट साथी बन जाता है।

# सेंसेक्स में 706 अंकों की गिरावट



मुंबई। अमेरिका में भारतीय उत्पादों के आयात पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लागू हो जाने के अगले दिन बृहस्पतिवार को स्थानीय शेयर बाजारों में तगड़ी गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 706 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी में 211 अंकों की गिरावट रही।

विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिकी शुल्क वृद्धि के अलावा विदेशी पूंजी की लगातार निकासी ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित करने का काम किया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर लगाया गया अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क बुधवार को लागू हो गया। इसके साथ ही भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका में कुल शुल्क बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 705.97 अंक यानी 0.87 प्रतिशत गिरकर 80,080.57 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 773.52 अंक गिरकर 80,013.02 पर आ गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 211.15 अंक यानी 0.85 प्रतिशत गिरकर 24,500.90 अंक पर बंद हुआ। भारतीय वस्तुओं पर शुल्क लागू होने के बाद फैली निराशा के बीच घरेलू शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। कपास आयात शुल्क में छूट ने शुल्क प्रभावों का मुकाबला करने के लिए नीतिगत समर्थन की उम्मीदों को कुछ समय के लिए बढ़ा दिया लेकिन निवेशकों की मनोदशा नाजुक ही बनी रही। सरकार ने 50 प्रतिशत शुल्क का सामना कर रहे कपड़ा निर्यातकों की मदद के लिए कपास के शुल्क-मुक्त आयात को तीन महीने और बढ़ाकर 31 दिसंबर तक कर दिया है। भारतीय शेयर बाजारों में लगातार दूसरे सत्र में बड़ी गिरावट देखने को मिली। चौतरफा बिकवाली के दबाव में मानक सूचकांक गिरकर बंद हुए। इसकी मुख्य वजह अमेरिकी शुल्कों से भारतीय निर्यात पर पड़ने वाले असर की आशंका रही। इसके अलावा विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने से भी बाजार दबाव में रहा। मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सूचकांक 1.09 प्रतिशत गिर गया जबकि छोटी कंपनियों का स्मालकैप सूचकांक 0.96 प्रतिशत की गिरावट में रहा।

### निवेशकों को 9.69 लाख करोड़ रुपये का नुकसान

नयी दिल्ली। शेयर बाजार में पिछले दो कारोबारी सत्रों की गिरावट से निवेशकों को कुल 9.69 लाख करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। इन दो दिनों में ही सेंसेक्स 1,555 अंक टूट चुका है। अमेरिका द्वारा भारत पर लगाया गया 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क बुधवार से लागू हो गया। इससे कुल मिलाकर भारत पर अमेरिकी शुल्क बढ़कर 50 प्रतिशत हो चुका है।

# रुपया छह पैसे की बढ़त के साथ 87.63 प्रति डॉलर पर बंद



मुंबई। अमेरिकी मुद्रा के कमजोर रुख और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से रुपया बृहस्पतिवार को छह पैसे की बढ़त के साथ 87.63 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, भारतीय उत्पादों पर बुधवार से लागू अतिरिक्त अमेरिकी शुल्क को लेकर चिंता और घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट ने स्थानीय मुद्रा में बढ़त को सीमित कर दिया। अमेरिकी सरकार ने कुछ क्षेत्रों को छोड़कर भारतीय निर्यात पर कुल 50 प्रतिशत शुल्क लगाया है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 87.56 पर खुला। कारोबार के दौरान 87.53 से 87.68 प्रति डॉलर के बीच कारोबार करने के बाद अंत में 87.63 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से छह पैसे की तेजी है। रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.69 पर बंद हुआ। अमेरिकी आंकड़ों में कच्चे तेल के भंडार में अपेक्षा से कम गिरावट दिखाए जाने के बाद बृहस्पतिवार को एशियाई कारोबार में ब्रेंट तेल की कीमतों में गिरावट आई। हालांकि निवेशक भारत के खिलाफ अतिरिक्त अमेरिकी शुल्क के प्रभाव का अब भी आकलन कर रहे हैं। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.16 प्रतिशत फिसलकर 98.07 पर आ गया। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 705.97 अंक की गिरावट के साथ 80,080.57 अंक पर जबकि निफ्टी 211.15 अंक फिसलकर 24,500.90 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.72 प्रतिशत की गिरावट के साथ 67.56 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा।

## रूसी तेल की खरीद से भारत को महज 2.5 अरब डॉलर का शुद्ध वार्षिक लाभ

नयी दिल्ली। रूस से रियायती दर पर कच्चा तेल आयात करने से भारत को होने वाला वार्षिक शुद्ध लाभ महज 2.5 अरब डॉलर है, जो पहले जताए गए 10 से 25 अरब डॉलर के अनुमान से बहुत कम है। एक शोध रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया गया है।

ब्रोकरेज कंपनी सीएलएसए की बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, रूसी कच्चे तेल के आयात से भारत को होने वाला लाभ मीडिया में बढ़ा-चढ़ाकर बताया गया है। हमारे अनुमान के मुताबिक, यह लाभ भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का सिर्फ 0.06 प्रतिशत यानी करीब 2.5 अरब डॉलर है। फरवरी, 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद भारत ने रूस से तेल आयात तेजी से बढ़ाया है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत ने कुल 54 लाख बैरल प्रतिदिन तेल आयात में से 36 प्रतिशत यानी 18 लाख बैरल प्रतिदिन तेल को रूस से आयात किया। यूक्रेन युद्ध से पहले यह आंकड़ा एक प्रतिशत से भी कम था।

रूस ने पश्चिमी देशों द्वारा तेल बिक्री पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद अपने तेल पर भारी छूट देना शुरू कर दिया था, जिससे भारत को सस्ते दर पर ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित हुई। हालांकि अमेरिका सहित कुछ देशों ने भारत की आलोचना करते हुए इसे मुनाफाखोरी बताया।

## सीतारमण ने की कतर से द्विपक्षीय व्यापार पर चर्चा

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कतर के विदेश व्यापार मामलों के राज्य मंत्री अहमद बिन मोहम्मद अल-सईद से बृहस्पतिवार को मुलाकात की।



दोनों ने द्विपक्षीय व्यापार एवं निवेश समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा की। सीतारमण ने चर्चा के दौरान पिछले दशक में विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए भारत द्वारा उठाए गए परिवर्तनकारी कदमों का उल्लेख किया। वित्त मंत्रालय ने सोशलमीडिया मंच एक्स पर लिखा, दोनों मंत्रियों ने भारत और कतर के बीच रणनीतिक साझेदारी के तहत द्विपक्षीय व्यापार एवं निवेश संबंधों को बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई। कतर के प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि और प्रौद्योगिकी विकास को देखते हुए वे भारत में निवेश के अच्छे अवसर देखते हैं। इसके अलावा, वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कतर के विदेश व्यापार राज्य मंत्री अहमद बिन मोहम्मद अल-सईद और उनके साथ आए प्रतिनिधिमंडल के साथ द्विपक्षीय बैठक की। चौधरी ने एक्स पर लिखा, इस ऐतिहासिक द्विपक्षीय बैठक में भारत और कतर के बीच व्यापार, निवेश एवं रणनीतिक सहयोग के नए रास्ते खोलने के मकसद से गहन चर्चा हुई। द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूत करने, व्यावसायिक अवसरों का विस्तार करने और उभरते क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया।

## उच्च अमेरिकी शुल्क से निपटने की तैयारी में जुटी सरकार, निर्यातकों को राहत देने की योजना

नयी दिल्ली। अमेरिका में भारतीय वस्तुओं के आयात पर 50 प्रतिशत का भारी शुल्क लगाए जाने से परेशान निर्यातकों को राहत देने के लिए केंद्र सरकार कई उपायों पर काम कर रही है। इनमें निर्यात संवर्धन मिशन की शुरुआत, ऋण लौटाने को लेकर मोहलत और नकदी से जुड़ी मदद शामिल हैं। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि अमेरिका का भारतीय वस्तुओं पर लगाया गया ऊंचा शुल्क देश के लिए एक चेतावनी होने के साथ निर्यात में विविधता लाने का एक अवसर भी है।

इस संदर्भ में निर्यातकों की तरफ से की गई अपीलों पर उन्होंने कहा, सरकार निर्यातकों की समस्याओं से पूरी तरह अवगत है और उन्हें राहत देने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। अमेरिका ने 27 अगस्त से भारतीय उत्पादों पर कुल 50 प्रतिशत शुल्क लगाना शुरू कर दिया है। इसमें रूस से तेल खरीद जारी रखने के जुर्माने के तौर पर लगाया गया 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क भी शामिल है। यह फैसला भारत पर दबाव बनाने की अमेरिकी कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। इससे मशीनरी, वस्त्र, चमड़ा-फुटवियर और रत्न एवं आभूषण जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के निर्यात पर गहरा असर पड़ने की आशंका है।

# औद्योगिक उत्पादन चार महीनों के उच्च स्तर 3.5 प्रतिशत पर



नयी दिल्ली। विनिर्माण क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन के कारण इस साल जुलाई में देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर चार महीने के उच्चतम स्तर 3.5 प्रतिशत पर पहुंच गई। बृहस्पतिवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

देश के औद्योगिक उत्पादन ने इससे पहले मार्च 2025 में 3.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की थी। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के संदर्भ में मापा जाने वाला औद्योगिक उत्पादन जुलाई, 2024 में पांच प्रतिशत बढ़ा था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने जून के अपने संशोधित आंकड़ों में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर को पिछले महीने के अस्थायी अनुमानों की तरह 1.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा। नवीनतम आंकड़ों से पता चला है कि विनिर्माण क्षेत्र की उत्पादन वृद्धि दर जुलाई 2025 में बढ़कर 5.4 प्रतिशत हो गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 4.7 प्रतिशत थी। खनन उत्पादन में 7.2 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि एक साल पहले इसमें 3.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। पिछले महीने बिजली उत्पादन में मामूली 0.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 7.9 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जुलाई अवधि में देश का कुल औद्योगिक उत्पादन 2.3 प्रतिशत बढ़ा, जबकि एक साल पहले यह 5.4 प्रतिशत था। इन आंकड़ों पर टिप्पणी करते हुए रेटिंग एजेंसी इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, 'विनिर्माण उत्पादन में वृद्धि जून 2025 के 3.7 प्रतिशत से उत्साहजनक रूप से बढ़कर जुलाई 2025 में छह महीने के उच्चतम स्तर 5.4 प्रतिशत पर पहुंच गई।

# सोने में 300 रुपये की तेजी, चांदी स्थिर

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 300 रुपये बढ़कर 1,01,570 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। कारोबारियों ने कहा कि इसके अलावा, कमजोर डॉलर, फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कमी की उम्मीद और शुल्क घटनाक्रमों ने कीमतों में उतार-चढ़ाव को बढ़ावा दिया है।



अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,01,270 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। स्थानीय बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बृहस्पतिवार को 200 रुपये बढ़कर 1,01,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। बुधवार को यह 1,00,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। बृहस्पतिवार को चांदी की कीमत अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर 1,20,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर अपरिवर्तित रहीं। अमेरिकी डॉलर में गिरावट और सुरक्षित निवेश वाली संपत्तियों की निरंतर मांग के कारण बृहस्पतिवार को सोने की कीमतों में तेजी आई। बाजार प्रतिभागी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लिसा कुक को बर्खास्त करने की वैधता पर चर्चा कर रहे हैं। वैश्विक बाजारों में, न्यूयॉर्क में हाजिर सोना 8.09 डॉलर या 0.24 प्रतिशत बढ़कर 3,405.55 डॉलर प्रति औंस पर पहुँच गया। कोटक सिक्योरिटीज की एवीपी कमोडिटी रिसर्च, कायनात चैनवाला ने कहा, सोने की कीमतें 3,390 डॉलर प्रति औंस से ऊपर स्थिर बनी हुई हैं। व्यापारी दूसरी तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) और साप्ताहिक बेरोजगारी दावों सहित प्रमुख अमेरिकी वृहद आर्थिक आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं, जिससे आर्थिक परिदृश्य और संभावित मौद्रिक नीति दिशा के बारे में और जानकारी मिल सके।

## सैमसंग ने किया न्यूरोलॉजिका के सहयोग से अगली पीढ़ी का मोबाइल सीटी पोर्टफोलियो लॉन्च

नई दिल्ली। सैमसंग ने अपनी सहायक कंपनी न्यूरोलॉजिका के सहयोग से भारत में अपने नेक्स्ट-जनरेशन मोबाइल सीटी प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को लॉन्च किया है। भारत में डायग्नोस्टिक और इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किए गए ये नए सिस्टम न केवल आसानी से एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाए जा सकते हैं, बल्कि एआई -सक्षम तेज और सटीक इमेजिंग प्रदान करते हैं और रोगी-केंद्रित डिजाइन के साथ स्वास्थ्य सेवाओं को और भी सुविधाजनक बनाते हैं। यह पोर्टफोलियो स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को कभी भी, कहीं भी उच्च गुणवत्ता वाली देखभाल देने में सक्षम बनाता है। सैमसंग की कोशिश है कि सभी आकार के अस्पतालों, विशेष रूप से कम सेवा वाले क्षेत्रों में इन्हें अपनाया जाए। इस तरह, कंपनी भारत में उन्नत इमेजिंग तक सब की पहुंच बनाने के लिए तैयार है।

## प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने पर बच्चों को किया जागरूक

लखनऊ। मानसून के मौसम में जहां एक ओर लोगों को चिलचिलाती गर्मी से राहत देकर तरोताजा करती है, वहीं यह मौसम कई तरह की बीमारियां भी साथ लाता है, और रोग प्रतिरोधक क्षमता के कमजोर होने पर हम इनकी चपेट में आ सकते हैं, और खासकर बच्चे इससे प्रभावित होते हैं। इसी संक्रमण से बचने के लिये बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बनाये रखने के लिये डाबर च्यवनप्राश ने आज यहां बाल निकुंज इंग्लिश स्कूल, पल्टन छावनी शाखा, सेक्टर -ए सीतापुर रोड योजना (निकट राम राम बैंक चौराहा) में कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में आयुवेर्दाचार्य डा. वी अरोरा, डाबर इण्डिया लिमिटेड के कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस के मैनेजर दिनेश कुमार, प्रधानाचार्या श्रीमती रश्मि शुक्ला भी मौजूद थे।

पेज एक का शेष

## काशी-मथुरा में

तक कि अध्यक्ष का चयन भी, इस सवाल पर आरएसएस प्रमुख ने कहा यह पूरी तरह से गलत है। जे पी नड्डा वर्तमान में भाजपा के अध्यक्ष हैं। वह केंद्रीय मंत्री भी हैं। भागवत ने कहा हम फैसला नहीं करते। अगर हम फैसला कर रहे होते, तो क्या इसमें इतना समय लगता? हम फैसला नहीं करते। हमें फैसला करने की ज़रूरत नहीं है। अपना समय लीजिए। हमें इस बारे में कुछ कहने की जरूरत नहीं है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि संघ धार्मिक आधार पर किसी पर हमला करने में विश्वास नहीं रखता। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हिंदू दर्शन यह नहीं कहता कि इस्लाम नहीं रहेगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी समारोह के दौरान एक सवाल के जवाब में, भागवत ने कहा कि धर्म व्यक्तिगत पसंद का मामला है और इसमें किसी तरह का प्रलोभन या जोर-जबरदस्ती शामिल नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा हिंदू आत्मविश्वास की कमी के कारण असुरक्षित हैं। कोई भी हिंदू यह नहीं सोचता कि इस्लाम नहीं रहेगा। हम पहले एक राष्ट्र हैं, आरएसएस किसी पर भी हमला करने में विश्वास नहीं रखता, धार्मिक आधार पर भी। भागवत ने यह भी कहा कि सड़कों और जगहों का नाम आक्रांताओं के नाम पर नहीं रखा जाना चाहिए।

उन्होंने कहा मैं यह नहीं कह रहा कि उनका नाम मुसलमानों के नाम पर नहीं रखा जाना चाहिए, लेकिन उनका नाम आक्रांताओं के नाम पर नहीं रखा जाना चाहिए। भागवत ने कहा कि आरएसएस संविधान के तहत आरक्षण नीतियों का पूरा समर्थन करता है और जब तक जरूरत होगी, इस व्यवस्था का समर्थन करता रहेगा। जाति व्यवस्था पर, आरएसएस प्रमुख ने कहा कि जो भी पुराना हो गया है, वह खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा जाति व्यवस्था कभी थी, लेकिन आज उसकी कोई प्रासंगिकता नहीं है। जाति अब कोई व्यवस्था नहीं रहीअ यह पुरानी हो चुकी है और इसे खत्म होना ही होगा। भागवत ने कहा शोषण-मुक्त और समतावादी व्यवस्था के मूल्यांकन की आवश्यकता है। पुरानी व्यवस्था के खत्म होते ही यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि इसका समाज पर विनाशकारी प्रभाव न पड़े।

## यूपी में सुगम

था, वहां अब अधिक आर्थिक दंड व प्रशासनिक कार्रवाई को वरीयता देने की योजना है। नए प्रावधानों पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अनावश्यक दंडात्मक प्रावधानों को समाप्त कर, उनकी जगह पारदर्शी और न्यायसंगत व्यवस्था लागू करना समय की मांग है। बैठक में अवगत कराया गया कि इस विधेयक पर संबंधित 14 विभागों से राय ली गई है। अधिकांश विभाग सहमत हैं, जबकि कुछ ने आपत्तियाँ दर्ज कराई हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि आपत्तियों और सुझावों पर गंभीरता से विचार करते हुए विधेयक को ऐसा स्वरूप दिया जाए, जो उद्योग और श्रमिकों के हितों में संतुलित हो। बैठक में श्रम कानूनों के सरलीकरण पर भी चर्चा हुई। प्रस्तावों में फैक्ट्री लाइसेंस की अवधि बढ़ाने, दुकानों व प्रतिष्ठानों के नियमों में व्यावहारिक बदलाव करने और महिलाओं को अधिक अवसर उपलब्ध कराने जैसे कदम शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि निरीक्षण व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए स्व-सत्यापन और थर्ड पार्टी ऑडिट की प्रणाली अपनाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इन सुधारों से जहां उद्योगों का बोझ कम होगा, वहीं श्रमिकों का हित भी सुरक्षित होगा। सुधारों की श्रृंखला में निवेश मित्र 3.0 पर भी विचार-विमर्श हुआ। इसके तहत निवेशकों की आवेदन व अनुमोदन प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल और सुगम बनाया जाएगा। कॉमन एप्लिकेशन फॉर्म, पैन-आधारित पहचान, स्मार्ट डैशबोर्ड, बहुभाषी सहायता और एआई चैटबॉट जैसी सुविधाएँ जोड़ी जाएंगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सेवाओं की समयबद्ध डिलीवरी और निवेशकों की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि निवेश मित्र पोर्टल का नया संस्करण शीघ्र ही लॉन्च किया जाए, जिससे ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को नई मजबूती मिलेगी।

## कांग्रेस-आरजेडी

विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता के रूप में करोड़ों भारतीयों के हृदय में बसते हैं। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि बिहार की जनता इस तरह की 'घृणित राजनीति' का जवाब लोकतांत्रिक तरीके से देगी और भारतीय संस्कृति तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करेगी।

## यूपी के आठ

विक्रय सहित) एवं उपयोग हो रहा है, तो इसकी शिकायत यूपी 112 पर की जा सकती है। इसके अलावा इसकी शिकायत या सूचना उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की वेबसाइट पर भी दर्ज कराई जा सकती है।

## संभल हिंसा

बताया गया है कि कैसे क्षेत्र में हुए कई सांप्रदायिक दंगों में हिंदुओं को व्यवस्थित रूप से निशाना बनाया गया। भाजपा के प्रान्तीय प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा कि संभल में देखा गया ऐसा जनसांख्यिकीय परिवर्तन देश की सुरक्षा के लिए एक बड़ा ख़तरा है। संभल में बार-बार हुए सांप्रदायिक दंगों, जिनमें हिंदुओं को निशाना बनाया गया और उनकी हत्या की गई। इसकी वजह से समुदाय का उस जगह से पलायन हुआ। संभल हिंसा पर न्यायिक पैनल की रिपोर्ट भी यही संकेत दे रही है।

## अनुशासनहीन व

सेवा से बर्खास्त करने के निर्देश डिप्टी सीएम द्वारा जारी किए गए हैं। बरेली में सीएमओ के अधीन डॉ. पुनीत मेहरोत्रा, हाथरस में महौ सीएचसी के डॉ. आदित्य श्रीवास, बरेली में महिला चिकित्सालय की डॉ. अर्चना सिंह को बर्खास्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सिद्धार्थनगर में मुख्य चिकित्साधिकारी के अधीन तैनात डॉ. आजाद को नोटिस देकर बर्खास्त करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, चंदौली के जिला चिकित्सालय में तैनात डॉ. अशोक कुमार पर महिला कर्मियों से अभद्रता व मनमानी करने के आरोप लगे हैं। शिकायत पर डिप्टी सीएम ने डॉ. अशोक का तबादला बलिया में कर दिया। साथ ही विभागीय कार्रवाई के भी निर्देश दिए हैं। इन डॉक्टरों को कई बार नोटिस भी दी गई थी। लेकिन जवाब नहीं दिया।

**अत्याधुनिक उपकरणों से लैस होंगे 22 अस्पताल**

प्रदेश के 22 अस्पतालों को अत्याधुनिक उपकरणों से लैस किया जाएगा। पांच करोड़ 31 लाख रुपये से उपकरण स्थापित किए जाएंगे। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने उपकरणों की खरीद के लिए वित्तीय स्वीकृत प्रदान कर दी है। उन्होंने बताया कि मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए अस्पतालों को अपग्रेड किया जा रहा है। अल्ट्रासाउंड, सीआर्म, डिजिटल एक्सरे समेत दूसरे उपकरण स्थापित किए जाएंगे। जनरेटर भी क्रय किए जाएंगे। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि उन्नाव, अलीगढ़, लखनऊ, वाराणसी, कानपुर नगर, भदोही (2 चिकित्सालय), मुजफ्फर नगर, गाजियाबाद, फरुर्खाबाद (3 चिकित्सालय), आजमगढ़, बलिया, इटावा, संतकबीर नगर, मऊ, बाराबंकी (2 चिकित्सालय), महोबा, झांसी, गोरखपुर में अत्याधुनिक चिकित्सकीय उपकरण स्थापित होंगे।

## जन धन खातों की संख्या बढ़कर 56.16 करोड़ हुई, 2.68 लाख करोड़ रुपये जमा

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के तहत खोले गए खातों की संख्या 11 वर्ष में बढ़कर 56.16 करोड़ हो गई है। इन खातों में 2.68 लाख करोड़ रुपये जमा किए गए। वित्त मंत्रालय की ओर से सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, पीएमजेडीवाई के तहत खातों की संख्या मार्च 2015 के 14.72 करोड़ से बढ़कर 13 अगस्त 2025 तक 56.16 करोड़ हो गई है। पीएमजेडीवाई खाताधारकों में 56 प्रतिशत महिलाएं शामिल हैं। वहीं 67 प्रतिशत खाते ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से लाभार्थियों के खातों में सीधे 45 लाख करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गए। भारत की 94 प्रतिशत वयस्क आबादी का अब बैंक खाता है। प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) की शुरुआत 28 अगस्त 2014 को की गई थी। इस योजना के तहत खोले गए खातों में शून्य राशि (बैलेंस) सुविधा, मुफ्त रुपे कार्ड, दुर्घटना बीमा और ओवरड्राफ्ट सुविधा मिलती है। योजना ने लोगों को संगठित वित्तीय प्रणाली में शामिल होने और देश की अर्थव्यवस्था को बदलने में मदद की है।

## बीबीडी परिसर

गया। कल बी.बी.डी. शिक्षण समूह के छात्रों द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दी जायेंगी।

# अंतिम व्यक्ति के विकास से बढ़ता है देश

## प्रधानमंत्री जन-धन योजना ने लोगों को अपना भाग्य खुद लिखने की शक्ति दी :मोदी

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री जन-धन योजना के 11 साल पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि इस योजना ने लोगों को अपना भाग्य खुद लिखने की शक्ति दी है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जब अंतिम पर खड़ा व्यक्ति वित्तीय रूप से जुड़ जाता है तो पूरा देश एक साथ आगे बढ़ता है। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री जन-धन योजना आज ही के दिन शुरू की गई थी। यह एक राष्ट्रीय मिशन है जिसमें देश के सभी परिवारों के व्यापक वित्तीय समावेशन के लिए एक एकीकृत दृष्टिकोण शामिल है।

इस योजना में प्रत्येक परिवार के लिए कम से कम एक बुनियादी बैंकिंग खाता, वित्तीय साक्षरता, ऋण, बीमा और पेंशन सुविधा तक पहुंच के साथ बैंकिंग सुविधाओं तक सार्वभौमिक पहुंच की परिकल्पना की गई है। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा जब अंतिम व्यक्ति वित्तीय रूप से जुड़ा होता है, तो पूरा देश एक साथ आगे बढ़ता है। प्रधानमंत्री जन-धन योजना से यही हासिल हुआ। इसने सम्मान बढ़ाया और लोगों को अपना भाग्य खुद लिखने की शक्ति दी। प्रधानमंत्री ने एक अन्य पोस्ट में माइगोव द्वारा किया गया एक पोस्ट साझा किया जिसमें बताया गया कि कैसे प्रधानमंत्री जन-धन योजना ने पूरे भारत में जीवन बदल दिया। इस पोस्ट में कहा गया, गणित के सूत्र नहीं, बल्कि भारत के विकास के सूत्र। भारत की वित्तीय क्रांति एक विचार से प्रेरित है: नवाचार के माध्यम से समावेशन।

अंतिम छोर तक बैंकिंग से लेकर महिला-नेतृत्व वाले सशक्तीकरण तक, पारदर्शी डीबीटी हस्तांतरण से लेकर शासन में विश्वास तक, प्रधानमंत्री जन-धन योजना ने भारत में बैंकिंग, बचत और विकास के तरीके को बदल दिया है। माइगोव के एक अन्य पोस्ट में कहा गया, 11 साल पहले, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत से वादा किया था कि कोई भी गरीब परिवार बैंकिंग की दुनिया से बाहर नहीं रहेगा। जन-धन कभी भी केवल खातों के बारे में नहीं था, यह एक माँ के लिए सम्मान के साथ बचत करने, एक किसान को बिचौलियों के बिना सहायता प्राप्त करने और एक ग्रामीण को राष्ट्र के विकास का हिस्सा महसूस करने के लिए दरवाजे खोलने के बारे में था। इसमें कहा गया प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण ने वित्तीय समावेशन को वास्तविकता में बदल दिया, जिससे हर घर में आशा और हर जीवन में आत्मविश्वास आया।

# अमित शाह दो दिवसीय दौरे पर असम आयेंगे भाजपा संगठन की तैयारियों का लेंगे जायजा



गुवाहाटी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह असम के दो दिवसीय दौरे पर बृहस्पतिवार को यहां पहुंचेंगे। इस दौरान वह राज्य भाजपा की कोर कमेटी की बैठक में शामिल होंगे और अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करेंगे। शाह पहले 29 अगस्त को एक दिन के लिए राज्य का दौरा करने वाले थे। शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा दो दिवसीय दौरे पर असम के लिए रवाना हो रहा हूं। आज गुवाहाटी में भाजपा की कोर कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करूंगा। कल सुबह क्षेत्र में साइबर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए नेशनल साइबर फॉरेंसिक लैब और अन्य कई परियोजनाओं की शुरुआत करूंगा।

शाह ने कहा बाद में, मैं राजग पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन और पूर्व मुख्यमंत्री गोलाप बोरबोरा जी के जन्म शताब्दी समारोह को संबोधित करूंगा। असम के उत्साही लोगों से मिलने के लिए उत्सुक हूं। पोस्ट का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि असम उनका स्वागत करने के लिए उत्सुक है। शर्मा ने कहा आपके मार्गदर्शन से असम को शांति और विकास के नए आयाम स्थापित करने में मदद मिली है और हमें विश्वास है कि आपकी यह यात्रा लोगों की सेवा करने के हमारे संकल्प को और मजबूत करेगी। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने खानापाड़ा पशु चिकित्सा क्षेत्र में व्यवस्थाओं की समीक्षा की, जहां शुक्रवार को पंचायत सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। गृह मंत्री अपने आगमन के तुरंत बाद पार्टी मुख्यालय में कोर कमेटी की बैठक में भाग लेंगे, जहां बाद में वह भाजपा सदस्यों के साथ रात्रि भोज करेंगे। मुख्यमंत्री ने बुधवार को कहा था वह आगामी असम विधानसभा चुनावों की तैयारियों पर चर्चा करेंगे, जो पार्टी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। गृह मंत्री इस पर विशेष ध्यान देते हैं। शाह शुक्रवार को राजभवन की नव-निर्मित ब्रह्मपुत्र इकाई का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह नेशनल साइबर फॉरेंसिक लैब का उद्घाटन करेंगे और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस, सशस्त्र सीमा बल और असम राइफल्स की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे।

## संक्षेप

### वीजा की अवधि सीमित करने का प्रस्ताव : ट्रंप

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन। ट्रंप प्रशासन ने अमेरिका में विदेशी छात्रों और मीडियाकर्मियों के लिए वीजा की अवधि सीमित करने का प्रस्ताव रखा है। आंतरिक सुरक्षा विभाग (डीएचएस) ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि यदि प्रस्तावित नियम को अंतिम रूप दिया जाता है तो विदेशी छात्रों समेत कुछ वीजा धारकों के अमेरिका में रहने की अवधि सीमित हो जाएगी। साल 1978 से, विदेशी छात्रों को एफ वीजा के तहत अनिर्दिष्ट अवधि के लिए अमेरिका में प्रवेश दिया जाता रहा है। डीएचएस ने कहा कि अन्य वीजा के विपरीत एफ वीजा धारकों को बिना किसी अतिरिक्त जांच-पड़ताल के अनिश्चित समय तक अमेरिका में रहने की अनुमति होती है। डीएचएस प्रवक्ता ने कहा, लंबे समय से, पिछले प्रशासनों ने विदेशी छात्रों और अन्य वीजा धारकों को अमेरिका में लगभग अनिश्चितकाल तक रहने की अनुमति दी है, जिससे सुरक्षा जोखिम पैदा हुआ है, करदाताओं के पैसे की भारी हानि हुई है, और अमेरिकी नागरिकों को नुकसान हुआ है। प्रवक्ता ने कहा, ''यह नया प्रस्तावित नियम कुछ वीजा धारकों के अमेरिका में रहने की अवधि को सीमित कर इस दुरुपयोग को हमेशा के लिए समाप्त कर देगा। विदेशी मीडिया कर्मी पांच साल के लिए जारी किए गए।

# जब तक मैं जीवित हूं, मताधिकार छीनने नहीं दूंगी : ममता बनर्जी

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह किसी को भी लोगों का मताधिकार छीनने नहीं देंगी।

उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आरोप लगाया कि वह बंगालियों पर भाषाई आतंक फैला रही है। कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस की छात्र शाखा की एक रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने दावा किया कि भाजपा ने मतदाता सूचियों से मतदाताओं के नाम हटाने के उद्देश्य से सर्वेक्षण करने के लिए देश भर से 500 से अधिक टीम पश्चिम बंगाल में तैनात की हैं। उन्होंने रैली में कहा आपको खुद जांच करनी चाहिए कि आपका नाम अब भी मतदाता सूची में है या उसे मतदाता सूची से हटा दिया गया है। आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आपके पास आधार कार्ड हैं। मुख्यमंत्री ने कहा जब तक मैं जीवित हूं, मैं किसी को भी लोगों का मताधिकार छीनने नहीं दूंगी। बनर्जी ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग राज्य सरकार के अधिकारियों को धमका रहा है।

# मप्र में आरक्षण पर सभी राजनीतिक दल एकमत

एजेंसी



भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने को लेकर सभी राजनीतिक दल एकमत हैं और विधायिका, कार्यपालिका तथा न्यायपालिका तीनों मिलकर इसे लागू कराने के लिए संयुक्त प्रयास करेंगे।

कांग्रेस ने इसे अपनी जीत बताते हुए कहा कि ओबीसी आरक्षण को लेकर उसकी मांग पर आखिरकार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार को झुकना पड़ा। इससे पहले, मध्यप्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी कांग्रेस के बीच ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण के मुद्दे पर कई मौकों पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला, जिसके बाद यह मामला उच्चतम न्यायालय पहुंचा, जहां यह लंबित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मामला उच्चतम न्यायालय में लंबित है और 22 सितंबर से इसकी रोजाना सुनवाई होगी। उन्होंने कहा कि अदालत में अलग-अलग वकील बहस कर रहे हैं। यादव ने ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर उनकी अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए ये बातें कही। इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा), आम आदमी पार्टी (आप) और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के नेताओं ने हिस्सा लिया। यादव ने कहा, हम सभी की भावना है कि मध्यप्रदेश में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण मिले।

# सरकार मराठों व ओबीसी के हितों के लिए प्रतिवद्ध

एजेंसी



मुंबई। मराठा आरक्षण के लिए नए आंदोलन की आशंका का सामना कर रहे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी सरकार मराठा और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) दोनों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार का इरादा दोनों समुदायों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा करने का नहीं है। मराठा नेता मनोज जरांगे शुक्रवार से मुंबई में आरक्षण के लिए अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करने वाले हैं।

जरांगे सभी मराठों को कुनबी के रूप में मान्यता दिए जाने की मांग कर रहे हैं, जिससे वे सरकारी नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण के पात्र हो जाएंगे, लेकिन ओबीसी नेता इसका विरोध कर रहे हैं। कुनबी, ओबीसी श्रेणी में शामिल एक कृषि प्रधान जाति है। मुख्यमंत्री ने कहा हम ओबीसी के साथ अन्याय नहीं होने देंगे और मराठों को पता होगा कि मेरी सरकार ने समुदाय के कल्याण के लिए काम किया है। हमारी सरकार द्वारा (मराठों को) दिया गया आरक्षण अब भी कानूनी रूप से मान्य है। फडणवीस ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए अन्य राज्यों में आरक्षण के मुद्दे हल हो गए हैं, लेकिन महाराष्ट्र में ईडब्ल्यूएस आरक्षण को लेकर दृष्टिकोण अब भी सकारात्मक नहीं है। उन्होंने कहा कि मराठों को पहले से ही 10 प्रतिशत आरक्षण प्राप्त है और अब भी आरक्षण की मांग है। उन्होंने कहा कि ओबीसी में 350 से अधिक उपजातियां हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा, फिर भी हम यह समझने की कोशिश करेंगे कि प्रदर्शनकारियों का क्या कहना है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हर किसी को अपने विचार रखने और शांतिपूर्ण तरीके से विरोध करने का अधिकार है। मुख्यमंत्री ने कहा हम उच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार किए गए विरोध प्रदर्शन के खिलाफ नहीं हैं।

# राजस्थान उच्च न्यायालय ने एसआई भर्ती परीक्षा-2021 रद्द की

एजेंसी

जयपुर। राजस्थान उच्च न्यायालय ने पेपर लीक के मद्देनजर विवादास्पद पुलिस उपनिरीक्षक (एसआई) भर्ती परीक्षा-2021 बृहस्पतिवार को रद्द कर दी। न्यायमूर्ति समीर जैन की एकल पीठ ने विस्तृत फैसला सुनाते हुए 2021 की यह भर्ती परीक्षा रद्द कर दी। याचिकाकर्ताओं की ओर से अदालत में पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मेजर आर.पी. सिंह ने कहा भर्ती प्रक्रिया में धोखाधड़ी स्पष्ट थी।

उम्मीद है कि अदालत का यह फैसला युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले गिरोहों के लिए एक सबक के रूप में काम करेगा। भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने इस परीक्षा को रद्द नहीं करने का रुख अदालत के समक्ष अपनाया था, जबकि 2023 के विधानसभा चुनाव के दौरान यह उसके लिए बड़ा राजनीतिक मुद्दा था। याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले एक अन्य अधिवक्ता हरेंद्र नील ने कहा, राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) के लगभग पांच सदस्यों की संलिप्तता पाई गई है। न्यायालय ने आरपीएससी से संबंधित मामलों पर स्वतः संज्ञान लिया है।




न्यायालय ने कहा है कि पूरी भर्ती प्रक्रिया दूषित है और यदि भर्ती रद्द नहीं की गई तो राज्य की कानून-व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। यह न्यायालय का साहसिक और कठोर निर्णय है। इसके साथ ही एकल पीठ ने भर्ती परीक्षा घोटाले में आरपीएससी सदस्यों के आचरण, उनकी संलिप्तता और इसे आरपीएससी के कामकाज के खिलाफ जनहित याचिका के रूप में स्वीकार करने सहित सभी बिंदुओं को एक खंडपीठ के पास भेज दिया है। राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले अतिरिक्त महाधिवक्ता विज्ञान शाह ने कहा, ''एसआईटी रिपोर्ट और दर्ज की गई प्राथमिकी से पता चला है कि तत्कालीन आरपीएससी सदस्य बाबूलाल कटारा और रामू रायका की इसमें संलिप्तता थी और भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताएं थीं।

न्यायालय ने आरपीएससी की कार्यप्रणाली पर तीखी टिप्पणी की है और भर्ती परीक्षा रद्द कर दी है। न्यायालय ने स्वतः संज्ञान लेते हुए आरपीएससी के आचरण के खिलाफ दो सदस्यीय पीठ के समक्ष जनहित याचिका दायर करने का आदेश दिया है। आरपीएससी ने 2021 में पुलिस उपनिरीक्षक और प्लाटून कमांडर के 859 पदों के लिए विज्ञापन निकाला था। भर्ती परीक्षा के दौरान पेपर लीक होने के आरोप सामने आए जिसके बाद सरकार ने मामले की जांच राजस्थान पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) को सौंप दी। पेपर लीक में शामिल अन्य लोगों के अलावा 50 से ज्यादा प्रशिक्षु उपनिरीक्षकों को गिरफ्तार किया गया है। राज्य मंत्रिमंडल की एक उप-समिति ने उच्च न्यायालय में अपनी रिपोर्ट में एसआई भर्ती परीक्षा 2021 को रद्द नहीं करने की सिफारिश की थी।

## जरांगे के प्रदर्शन को देखते हुए आज़ाद मैदान में 1,500 से ज़्यादा पुलिसकर्मी तैनात

मुंबई। मुंबई पुलिस ने मराठा आरक्षण की मांग को लेकर कार्यकर्ता मनोज जरांगे के अनिश्चितकालीन अनशन के मद्देनजर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए बृहस्पतिवार को दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में 1,500 से अधिक कर्मियों को तैनात किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जरांगे (43) ने पहले घोषणा की थी कि वह 29 अगस्त से आजाद मैदान में अनिश्चितकालीन अनशन शुरू करेंगे। वह हजारों समर्थकों के साथ 26 अगस्त को जालना जिले में अपने पैतृक गांव अंतरवाली सराटी से रवाना हुए थे।




# भारत को अमेरिका से अधिक शुल्क लगाना चाहिए : अरविंद केजरीवाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को मांग की कि भारत को अमेरिका से आयात पर अधिक शुल्क लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूरा देश इस फैसले का समर्थन करेगा।

केजरीवाल ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने अमेरिका से आयातित कपास पर 11 प्रतिशत शुल्क माफ करने का फैसला किया है, जिससे यहां के स्थानीय किसानों का कारोबार प्रभावित हो सकता है। इस संबंध में केंद्र सरकार की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। आप प्रमुख ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह फैसला भारत के किसानों के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है। उन्होंने सरकार से अमेरिकी आयात पर अधिक शुल्क लगाने की मांग की।

उन्होंने कहा अन्य देश झुके नहीं। उन्होंने अधिक शुल्क लगाए। हमें भी अधिक शुल्क लगाने चाहिए। अगर अमेरिका 50 प्रतिशत शुल्क लगा रहा है, तो हमें इसे दोगुना करके 100 प्रतिशत कर देना चाहिए। पूरा देश इस फैसले का समर्थन करेगा। कोई भी देश भारत का विरोध नहीं कर सकता। हम 140 करोड़ लोगों की आबादी वाले देश हैं। सरकार ने बृहस्पतिवार को अमेरिका में 50 प्रतिशत के भारी शुल्क का सामना कर रहे कपड़ा निर्यातकों की मदद के लिए कपास के शुल्क-मुक्त आयात को तीन महीने और बढ़ाकर 31 दिसंबर तक कर दिया।

# रूस ने कीव में ड्रोन व मिसाइल से बड़ा हमला, 12 की मौत, 48 घायल

एजेंसी

कीव। रूस ने बृहस्पतिवार तड़के यूक्रेन की राजधानी कीव पर ड्रोन और मिसाइलों से बड़ा हमला किया, जिसमें कम से कम 12 लोगों की मौत हो गयी और 48 अन्य घायल हो गए। स्थानीय प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। तीन साल से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिका के नेतृत्व में शांति प्रयास सफल न होने के बीच पिछले कुछ सप्ताहों में यह कीव पर रूस का पहला बड़ा हमला है। यूक्रेन की वायु सेना के अनुसार, रूस ने पूरे देश में 598 ड्रोन और विभिन्न प्रकार की 31 मिसाइलें दागीं, जिससे यह युद्ध के सबसे बड़े हवाई हमलों में से एक बन गया। कीव शहर प्रशासन के प्रमुख तैमूर त्काचेंको ने बताया कि मृतकों में दो, 14 और 17 साल के तीन नाबालिग शामिल हैं। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि बचाव दल मलबे में दबे लोगों को निकालने की कोशिशों में जुटे हुए हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने हमले के बाद एक्स पर एक पोस्ट में कहा, रूस बातचीत की मेज के बजाय बैलिस्टिक हथियारों को चुनता है। हम दुनिया के उन सभी लोगों से प्रतिक्रिया की उम्मीद करते हैं जिन्होंने शांति की अपील की थी, लेकिन अब सैद्धांतिक रुख अपनाने के बजाय अक्सर चुप रहते हैं। रूस के रक्षा मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को बताया कि उसने रात भर में यूक्रेन के 102 ड्रोन मार गिराए।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com